RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 10 अंक 274
लखनऊ, शुक्रवार, 24 जुलाई, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



हमारा अटकलें लगाने का कोई हक नहीं बनता

विविध-12

# सुप्रीम कोर्ट से विधानसभा अध्यक्ष को राहत नहीं, नजरें आज हाईकोर्ट पर

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/जयपुर

## राजस्थान की सियासी जंग में कानूनी दांव-पेंच



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ सियासी लड़ाई में बागी कांग्रेसी नेता सचिन पायलट ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में बढ़त बना ली है। उन्हें राहत और गहलोत को झटका देती सर्वोच्च अदालत ने राजस्थान हाई कोर्ट की कार्रवाई में दखल देने से इनकार कर दिया।

अब, सबकी नजरें उच्च न्यायालय पर टिक गई हैं जो कि शुक्रवार को प्रदेश में कायम राजनीतिक गतिरोध पर अपना फैसला सुनाने वाला है। उसका यह फैसला मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का आधार बनेगा जहां सोमवार को इस पर सुनवाई होनी है। हाई कोर्ट को अनुमति देते सर्वोच्च अदालत ने स्पीकर के भेजे अयोग्यता नोटिसों के खिलाफ पायलट और अन्य 18 बागी विधायकों की याचिका पर निर्णय लेने से उच्च न्यायालय को रोकने से मना कर दिया। बागियों को पिछले सप्ताह अयोग्यता नोटिस भेजने वाले स्पीकर सीपी जोशी ने उनकी कार्रवाई पर रोक लगो के हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने दलील दी कि बागी प्रक्रिया के इस चरण में हाई कोर्ट में अर्जी नहीं लगा सकते हैं। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने गुरुवार को हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग पर स्पीकर से सवाल किया कि सिर्फ एक दिन की तो बात है, वे इंतजार क्यों नहीं कर सकते? जजों ने यह भी जानना चाहा कि स्पीकर जो एक तटस्थ व्यक्ति होता है, क्या उसे कोर्ट का रुख करना चाहिए। पीठ के सदस्य जस्टिस अरुण मिश्रा ने राजस्थान का नाम लिए बगैर कहा कि यह मानकर कि लोगों का एक नेता के प्रति भरोसा खत्म हो गया है, पार्टी में रहते हुए उन्हें अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता।

ऐसा करने पर यह एक हथियार बन जाएगा और कोई भी आवाज नहीं उठा सकेगा। लोकतंत्र में विरोध के स्वर को इस तरह दबाया नहीं जा सकता। जस्टिस मिश्रा स्पीकर की पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल की जिरह का जवाब दे रहे थे। अयोग्यता नोटिस जारी करने के स्पीकर के अधिकार पर जोर देते सिब्बल ने बागी कांग्रेसी विधायकों से पूछा कि उन लोगों ने पार्टी की बैठकों में हिस्सा क्यों नहीं लिया। साथ ही तर्क दिया कि हाई कोर्ट इस समय दूसरे कैंप को बचाने जैसा कोई आदेश नहीं दे सकता। जब स्पीकर मामले में अपना फैसला लेने वाले हैं तब कोई भी अदालत इसमें हस्तक्षेप नहीं कर (शेष पेज 9)

## घोटाले में केंद्रीय मंत्री के खिलाफ जांच के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**एक** स्थानीय अदालत ने गुरुवार को राजस्थान पुलिस को उस कथित घोटाले की जांच करने का निर्देश दिया जिसमें केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत को आरोपी बनाया गया है। पायलट खेमे की बगावत से जूझ रहे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बागी विधायकों से सौदेबाजी में केंद्रीय मंत्री शेखावत का नाम लेकर उन पर इसमें लिप्त होने का आरोप लगाया है।

## ऑडियो टेप की फोरेंसिक जांच के लिए उसे भेजेंगे अमेरिका : गहलोत

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर


**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर उनकी सरकार को गिराने की साजिश रचे जाने की शिकायत करने वाले गहलोत ने गुरुवार को जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत में जोर देकर कहा कि विधायकों से सौदेबाजी– रिश्वत की पेशकश में एक केंद्रीय मंत्री की कथित लिप्तता को सामने लाने वाला ऑडियो टेप फर्जी नहीं बल्कि असली है। प्रामाणिकता की जांच के लिए लिए इसे अमेरिका भेजा जाएगा। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत ने इसे उनकी छवि खराब करने की साजिश बताया था जबकि भाजपा ने फर्जी। इस बाबत गहलोत ने कहा कि उन्हें राजस्थान पुलिस के एसओजी पर विश्वास नहीं है और हमें उनकी सीबीआई पर। बेहतर होगा कि इसे जांच के लिए अमेरिका की फोरेंसिक लैब में भेज दिया जाए।

# सेना में महिला अफसरों को स्थायी कमीशन के लिए अधिसूचना जारी

● दस सैन्य सेवाओं की 300 से ज्यादा अधिकारियों को मिलेगा तुरंत लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## खुला बड़ी भूमिका निभाने का रास्ता



फाइल फोटो

**देश की** सर्वोच्च अदालत के फैसले का पालन करते हुए रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को सेना में कार्यरत महिलाओं को स्थायी कमीशन देने का आदेश जारी कर दिया। इस बड़े कदम से सेना की दस शाखाओं में काम कर रही 300 महिला अधिकारियों को लाभ मिलेगा। उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में एक ऐतिहासिक निर्णय में निर्देश दिया था कि शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) योजना के तहत भर्ती की गईं सभी सेवारत महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने पर विचार किया जाए। सेना के प्रवक्ता कर्नल अमन आनंद ने कहा कि सरकारी आदेश से सेना में बड़ी भूमिकाओं में महिला अधिकारियों की भागीदारी का रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा, 'यह आदेश भारतीय सेना के सभी 10 अंगों में शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने का निर्देश देता है।'

कर्नल आनंद ने कहा कि जिन दस अंगों में महिला अधिकारियों के लिए स्थायी कमीशन उपलब्ध रहेगा उनमें, सैन्य वायु रक्षा, सिग्नल, इंजीनियर, सैन्य विमानन, इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल इंजीनियर, सैन्य सेवा कोर और खुफिया कोर शामिल हैं। सेना के प्रवक्ता ने कहा, 'जैसे ही इस आदेश से प्रभावित सभी एसएससी महिला अधिकारी इस विकल्प का इस्तेमाल करते हुए जरूरी कागजी कामकाज पूरे कर लेंगी, उनके चयन बोर्ड का निर्धारण कर दिया जाएगा।' एसएससी के तहत, महिला अधिकारी पांच वर्ष की प्रारंभिक अवधि के लिये अपनी सेवाएं देती हैं, जिसे विस्तार देकर 14 वर्ष किया जा सकता है। स्थायी कमीशन के जरिये अब वे सेवानिवृत्ति की आयु तक अपनी सेवाएं दे सकेंगी।


फैसले के बाद सेना प्रमुख एमएम नरवणे ने कहा था कि इससे आगे कैसे बढ़ा जाए इस बात को लेकर काफी स्पष्टता हो गई है। उन्होंने कहा था कि पुरुष अधिकारियों के लिए शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) की जो प्रक्रिया अपनाई जाती है वही महिलाओं को स्थायी कमीशन देने के लिए अपनाई जाएगी।

## सूबे में कोरोना के 2,529 नए मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सूबे** में कोरोना के गुरुवार को 2529 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 21003 केस एक्टिव बताए गए हैं। वहीं अभी तक प्रदेश में 1298 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 56806 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 2303 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 35803 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज लखनऊ में 307, नोएडा में 66, गाजियाबाद में 115, कानपुर में 182, मेरठ में 58, वाराणसी में 49, झांसी में 185, आगरा, में 24, गोरखपुर में 67, प्रयागराज में 126, मुरादाबाद में 61, जौनपुर में 20, बुलंदशहर में 27, बरेली में 38, हापुड़ में 15, अलीगढ़ में 15, बलिया में 74, संभल में 29, बाराबंकी में 29, हरदोई में 82, देवरिया में 27, सहारनपुर में 28, अयोध्या में 23, मथुरा में 43, गाजीपुर में 32, मुजफ्फरनगर में 12 रामपुर में (शेष पेज 9)

## राजधानी में कोरोना के 307 नए केस, तीन लोगों की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** लखनऊ में जुलाई माह के दौरान कोरोना संक्रमित मरीजों का रिकॉर्ड टूट गया है। गुरुवार को फिर से 307 नए केस सामने आए हैं। इनमें एक केजीएमयू माइक्रोबायलॉजी डिपार्टमेंट का कर्मचारी भी शामिल है।

दूसरी ओर मध्य प्रदेश के राज्यपाल लालजी टंडन के अंतिम संस्कार में शिरकत करने वाले मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अरविंद भदौरिया कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। उनके संक्रमित होने की सूचना से भोपाल के साथ ही लखनऊ में भी सनसनी फैल गई है। वह प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ विशेष विमान से लखनऊ आए थे। जिला प्रशासन सम्पर्क में आये लोगों पर निगाह रखे है। लखनऊ में तीन मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो गई है। केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने बताया कि माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एक कर्मचारी में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि एक महिला कर्मचारी के पिता जौनपुर से संक्रमित होकर भर्ती हुए थे। इनकी मृत्यु हो गयी थी। दोनों ही रोगियों में संक्रमण केजीएमयू के रोगियों अथवा किसी अन्य कर्मचारी के संपर्क में आने से नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि गोसाईगंज के 60 वर्षीय पुरुष को 22 जुलाई को भर्ती किया गया था।

उसकी रेस्पिरेटरी फेल्योर के चलते मौत हो गई है। इसी तरह राजाजीपुरम निवासी 85 वर्षीय पुरुष को 13 जुलाई भर्ती किया गया था। रोगी को मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप की समस्या भी थी। रोगी का दिल का वॉल्व भी पूर्व में बदला गया था। इलाज के दौरान आज मौत हो गई। जगन्नाथपुरम गोंडा निवासी 52 वर्षीय पुरुष को 15 जुलाई भर्ती किया गया था। रोगी को मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप की समस्या भी थी। रेस्पिरेटरी फेल्योर के चलते आज उसकी भी मौत हो गई।

## डॉ. डीएस नेगी बने स्वास्थ्य महानिदेशक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** लखनऊ में कोरोना वायरस की बढ़ती गतिविधियों को लेकर मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव को जल्द से जल्द स्वास्थ्य महानिदेशक की नियुक्ति के निर्देश के बाद गुरुवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के निदेशक डॉ. डीएस नेगी को प्रदेश के महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पद पर तैनाती दी गई है। वैश्विक महामारी के बढ़ते कहर से बीच भी लम्बे समय से महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य का पद खाली चल रहा था। इसके कारण विभागीय कार्य सुचारु रूप से नहीं चल पार रहे थे। गत 30 जून को इस पद से डॉ. रुकुम केश कुमार के रिटायर होने के बाद निदेशक संचारी रोग व डीजी परिवार कल्याण डॉ. मिथिलेश चतुर्वेदी को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

## कोरोना जांच की संख्या बढ़ाने की जरूरतः योगी

● नोडल अधिकारी प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट मुख्य सचिव को प्रस्तुत करें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कोरोना** के लगातार बढ़ते मामलों के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के अफसरों को कोरोना जांच तथा रैपिड एन्टीजन टेस्ट बढाने का नया टास्क दिया है। सीएम योगी ने कहा कि वर्तमान में 55 हजार टेस्ट प्रतिदिन किये जा रहे हैं जिसे और बढ़ाने की जरूरत है।

इसके अलावा रैपिड एन्टीजन टेस्ट के माध्यम से प्रतिदिन किए जा रहे 20 हजार टेस्ट को चरणबद्ध ढंग से बढ़ाकर 50 हजार टेस्ट प्रतिदिन किए जाने के सीएम ने निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर अनलाक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने डोर–टू–डोर सर्वे कार्य में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके माध्यम से अधिक से अधिक लोगों की मेडिकल स्क्रीनिंग की जाए। मेडिकल स्क्रीनिंग में कोविड–19 के संक्रमण की दृष्टि से संदिग्ध पाए जाने वाले लोगों की रैपिड एन्टीजन टेस्ट के माध्यम से जांच की जाए। मेडिकल जांच में संक्रमण की पुष्टि होने पर ऐसे लोगों के उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक शनिवार तथा रविवार को संचालित विशेष स्वच्छता एवं सैनिटाइजेशन अभियान के अच्छे नतीजे मिल रहे हैं। कोविड.19 तथा संचारी रोगों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता एवं सैनिटाइजेशन कार्य को सफल बनाने के लिए शनिवार तथा रविवार को सभी बाजारों की साप्ताहिक बन्दी निर्धारित की गई हैं। उन्होंने प्रत्येक स्तर पर स्वच्छता और सैनिटाइजेशन की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिलों के नोडल अधिकारी प्रतिदिन अपने अपने जनपद की रिपोर्ट मुख्य सचिव को प्रस्तुत करें। मुख्य सचिव इस रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री को पूरी जानकारी उपलब्ध कराएंगे। मुख्यमंत्री ने शासन के अधिकारियों को फील्ड में तैनात अधिकारियों से नियमित संवाद बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात के मौसम में पशुओं में होने वाले रोगों के नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाए। समस्त गौ आश्रय स्थल के गौवंश के नियमित चिकित्सीय परीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। गौवंश के लिए हरे चारे का प्रबन्ध किया जाए। उन्होंने प्रमुख सचिव पशुपालन को इन समस्त कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। बाढ़ प्रभावित लोगों को समय से सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुये उन्होंने कहा कि सभी जनपदों में बाढ़ कण्ट्रोल रूम स्थापित किए जाएं और इन्हें निरन्तर एक्टिव रखा जाए। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव (शेष पेज 9)

## जाधव के सभी कानूनी रास्तों को बंद कर रहा है पाकिस्तान : भारत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि मौत की सजा का सामना कर रहे भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी कुलभूषण जाधव के सभी कानूनी रास्तों को पाकिस्तान बंद कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने यह भी कहा कि पाकिस्तान ने इस मामले से निपटने में उचित रुख नही अपनाया है। भारत इस विषय में सभी उपलब्ध विकल्प तलाश रहा है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से किए गए संवाददाता सम्मेलन में कहा, निर्बाध एवं बेरोक–टोक राजनयिक संपर्क और संबद्ध दस्तावेजों के अभाव में, एक अंतिम उपाय के तहत, भारत ने 18 जुलाई को एक याचिका दायर करने की कोशिश की। श्रीवास्तव ने कहा, हालांकि, हमारे पाकिस्तानी वकील ने सूचना दी कि पावर ऑफ अटॉर्नी और जाधव के मामले से (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,140 | ↑ 268 | |
| निफ्टी | 11,215 | ↑ 82 | |
| सोना | 51,443 | ↑ 502 | /10g |
| चांदी | 62,760 | ↓ 69 | /kg |

## क्विक न्यूज

### उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में 26 से 29 के बीच तेज बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** उत्तर और पूर्वोत्तर भारत में मानसून के चलते 26 से 29 जुलाई के बीच तेज बारिश होने के आसार नजर आ रहे है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मॉनसून का रुख 26 जुलाई से हिमालई तलहटी की ओर बढ़ना शुरु हो जाएगा। मौसम विभाग ने कहा, 26 से 28 जुलाई के बीच उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार और 27 से 29 जुलाई के बीच पंजाब तथा हरियाणा में भारी से बहुत भारी बारिश होने की बहुत अधिक संभावना है। विभाग ने कहा कि 26 से 29 जुलाई के बीच पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश में भी भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने कहा, इस दौरान नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में भी भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है।

# राम मंदिर भूमि पूजन का मुहूर्त शुभ या अशुभ-छिड़ी बहस

**पायनियर समाचार सेवा।** अयोध्या

● शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती ने बताया अशुभ तो अयोध्या के साधु संत बोले-भगवान राम का हर काम होता है शुभ

● श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य ने कहा-मुहूर्त शुभ, हर पहलू पर गहन मंत्रणा के बाद तय की गई तिथि



महंत दिनेंद्र दास



परमहंस आचार्य



स्वरूपानंद सरस्वती

**राम** मंदिर निर्माण को भूमि पूजन की जिस ऐतिहासिक घड़ी का इंतजार पूरा देश कर रहा है, उसके आने से पहले ही शुभ–अशुभ की बहस छिड़ गई है। भूमि पूजन, भाद्र कृष्ण पक्ष की द्वितीय तिथि 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना है जिसे भव्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर तैयारी की जा रही है।

अयोध्या के साधु संतों ने भूमि पूजन के मुहूर्त को शुभ बताते हुए विवाद को सिरे से खारिज कर दिया है। उनका तर्क है कि भगवान राम का हर काम शुभ ही होता है। वहीं दूसरी ओर, शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती समेत कई संतों और ज्योतिषियों ने इसे अशुभ मुहूर्त करार दिया है। शकंराचार्य स्वरूपानंद का कहना है कि 5 अगस्त का मुहूर्त अशुभ है। यह भाद्र कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि है और शास्त्रों के मुताबिक, इसमें गृह अथवा मंदिर का शिलान्यास करना सही नहीं होता। शंकराचार्य ने कहा कि वे राम भक्त हैं और अयोध्या में भव्य मंदिर के निर्माण के पक्षधर हैं लेकिन, मंदिर के निर्माण में आम लोगों की इच्छाओं का ध्यान भी रखना चाहिए। इस दौरान, उनका दर्द भी सामने आया जब उन्होंने कहा कि उन्हें मंदिर का ट्रस्टी या अन्य किसी पद की इच्छा नहीं है। शंकराचार्य की दलीलों को काटते जगदगुरू परमहंस आचार्य महाराज ने कहा कि स्वरूपानंद सरस्वती कह रहे हैं कि मुहूर्त शुभ नहीं है, वे उन्हें यह बताना चाहते हैं कि 5 अगस्त को प्रधानमंत्री जब राम मंदिर का भूमि पूजन करेंगे उस समय अभिजीत मुहूर्त सर्वार्थ सिद्धि योग होगा। जगदगुरू ने शंकराचार्य पर यह कहकर निशाना साधा कि वे कांग्रेस से प्रभावित होकर ऐसा बयान दे रहे हैं। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य और निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास ने मंदिर निर्माण की शुभ घड़ी को लेकर कहा कि भगवान राम के नाम पर जो भी काम होता है वह शुभ ही होता है। इसमें किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने आपसी सहमति से यह निर्णय लिया है और जो तिथि तय की गई है वह बिल्कुल सही है। महंत दिनेंद्र दास ने कहा कि ट्रस्ट की बैठक में हर पहलु पर गहन मंत्रणा के बाद ही भूमि पूजन के लिए 5 अगस्त की तारीख तय की गई। इसे लेकर छिड़ी बहस पर विराम लगाते महंत ने सवाल किया कि जब सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर के पक्ष में इतना बड़ा फैसला सुनाया, उस समय क्या किसी मुहूर्त या शुभ घड़ी को तय किया गया था। प्रभु राम का काम जब भी होता है उसे शुभ ही मानना चाहिए।

पीएम नरेंद्र मोदी 5 अगस्त को 12:15 पर जब राम मंदिर की आधारशिला रखेंगे तो वह सबसे शुभ घड़ी ही होगी। उन्होंने बताया कि राम मंदिर के बारे में कोई भी निर्णय ट्रस्ट की बैठक में सभी सदस्यों की आपसी सहमति से लिया जाता है। ट्रस्ट के सदस्यों में न तो कोई मतभेद है और न ही विवाद। यही कारण है कि राम मंदिर निर्माण में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने वाली है। महंत के अनुसार, राम मंदिर की डिजाइन में बदलाव कर उसका आकार बढ़ाने पर भी सभी सदस्य एकमत थे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की तरफ से सभी सदस्यों को 5 अगस्त के कार्यक्रम के लिए आमंत्रण पत्र भेजे गए हैं। उम्मीद है कि एक–दो दिन में वे सभी को मिल जाएंगे।

# मुझे राजनीतिक द्वेष के चलते फंसाया गयाः जोशी

● विवादित ढांचा ढहाए जाने के मामले में बयान दर्ज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**अयोध्या** के विवादित ढांचा को ढहाए जाने के आपराधिक मामले में गुरुवार को सीबीआई की विशेष अदालत में पूर्व केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी का सीआरपीसी की धारा 313 का बयान दर्ज हुआ।

उन्होंने नई दिल्ली से जरिए वीडियो कांफ्रेंसिंग अपना बयान दर्ज कराया। उनका कहना था कि उन्हें इस मामले में राजनीतिक द्वेष के चलते गलत व झूठे साक्ष्य संकलित कर आरोपित किया गया। उन्होंने एक हजार 50 सवालों के जवाब में बताया कि उनके खिलाफ दबाव में झूठी गवाही दी गई है। इनमें कोई सच्चाई नहीं है। इस मामले की पूरी विवेचना राजनीतिक दुराग्रह से प्रेरित होकर की गई है। उनके खिलाफ झूठा मुकदमा चलाया गया। वो पूरी तरह निर्दोष हैं। वो अदालत में अपना सफाई साक्ष्य पेश करेंगे। विशेष जज सुरेंद्र कुमार यादव ने इसके बाद बयान की पीडीएफ फाइल बनाकर अदालत के ईमेल आईडी से नई दिल्ली में सीबीआई के ईमेल पर भेजने का निर्देश दिया। ताकि सीबीआई अपने माध्यम से (शेष पेज 9)

# गरीबों के घर तक पहुंचा उजाला: योगी

## मुख्यमंत्री की केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री के साथ बैठक

● केन्द्र सरकार की नीति प्रत्येक घर को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की: आरके सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आजादी के बाद पहला मौका है जब प्रदेश में बड़े पैमाने पर अभियान चलाकर गरीबों के घर तक बिजली का उजाला पहुंचाने का काम सरकार ने किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेशवासियों को 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति करने की दिशा में काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री आरके सिंह के साथ बैठक करते हुये कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में व्यापक स्तर पर विद्युतीकरण कराया गया है। अभियान चलाकर जनता को विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। देश की आजादी के पश्चात आमजन को बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में यह अब तक का सबसे बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घण्टे तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। प्रदेश में ऊर्जा विभाग द्वारा विद्युत उत्पादन, पारेषण तथा वितरण के क्षेत्रों में किये गये महत्वपूर्ण कार्यों का लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। बैठक के दौरान केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री आरके सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार के निरन्तर प्रयास से देश अब ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के साथ, विद्युत के निर्यात की स्थिति में है। उन्होंने कहा कि पूरे देश को एक ग्रिड में कनेक्ट किया गया है। विद्युत पारेषण व्यवस्था को मजबूत किया गया है।

वर्तमान में एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में एक लाख मेगावाट बिजली के पारेषण की क्षमता अर्जित कर ली गयी है। केन्द्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीति प्रत्येक घर को 24 घण्टे बिजली उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि हानियों को कम करने के लिए स्मार्ट और प्रीपेड मीटर लगाये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि वितरण इकाइयों को इनर्जी एकाउण्ट बनाने चाहिए। सभी वितरण इकाइयां में किसी वरिष्ठ अधिकारी के नियंत्रण में इनर्जी एकाउण्ट डिवीजन बनाया जाए तथा सर्किल एवं डिवीजन के अनुसार इनर्जी एकाउण्ट पब्लिश किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी ट्रांसफार्मर की मीटरिंग की व्यवस्था बनाने पर बल दिया। बैठक में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा अरविन्द कुमार तथा केन्द्रीय संयुक्त सचिव ऊर्जा मृत्युंजय कुमार नारायण द्वारा प्रस्तुतिकरण भी किया गया। श्री नारायण ने अपने प्रस्तुतिकरण में प्रदेश की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा विगत तीन वर्ष में 1.21 लाख मजरों का विद्युतीकरण कराया गया है। साथ हीए 1.24 करोड़ विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। अपर मुख्य सचिव ऊर्जा ने अपने प्रस्तुतिकरण में बताया कि मार्च 2024 तक वितरण हानियों को कम करने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं। छापों और वसूली की प्रभावी निगरानी के लिए ऑनलाइन आरएमएस पोर्टल स्थापित किया गया है। शत-प्रतिशत डाउनलोडेड बिलिंग सुनिश्चित करने के लिए बिलिंग एजेन्सीज नियुक्त की गयी हैं। साथ ही शत प्रतिशत फीडर मीटरिंग तथा फीडरों की इनर्जी आडिट करायी जा रही है।

इस अवसर पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा, ऊर्जा राज्य मंत्री रमा शंकर सिंह पटेल, मुख्य सचिव आरके तिवारी, केन्द्रीय ऊर्जा सचिव संजीव नन्दन सहाय, केन्द्रीय अपर सचिव ऊर्जा संजय मल्होत्रा अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## कंटेनमेंट जोन के बाहर वीकेंड लॉकडाउन में भी खुलेंगी शराब की दुकानें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रदेश सरकार की ओर से लागू की गई शनिवार और रविवार के वीकेंड लॉकडाउन के दिन भी कंटेनमेंट जोन के बाहर स्थित शराब की दुकानें खुलेंगी। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आरण् भूसरेड्डी की ओर से इस संबंध में सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को बृहस्पतिवार को निर्देश जारी किए गए हैं। आबकारी आयुक्त पी. गुरुप्रसाद की ओर से शासन को एक प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें कंटेनमेंट जोंस के बाहर स्थित शराब, बीयर व भांग की दुकानों को शनिवार व रविवार के वीकेंड लॉकडाउन के दिन भी खोलने की अनुमति प्रदान किए जाने की सिफारिश की गई थी। अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि इस प्रस्ताव पर विचार करने के बाद शासन ने शराब की दुकानों को प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार रात्रि 10 बजे से सोमवार प्रात: 5 बजे तक बन्दी की व्यवस्था से मुक्त कर दिया है । देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग की फुटकर दुकानों और माडल शाप्स जो कन्टेनमेंट जोन्स के बाहर संचालित हैं की संचालन अवधि प्रात: 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक निर्धारित की है। आबकारी आयुक्त ने जारी आदेश में कहा है कि शासन स्तर से निर्धारित संचालन अवधि से इतर अगर किसी जिले में संचालन अवधि का निर्धारण आवश्यक है तो संबंधित जिलाधिकारी द्वारा शासन से अनुमति प्राप्त की जाएगी। दैवी आपदा, सर्वव्यापी महामारी, महामारी एवं कानून व्यवस्था की स्थितियों में यदि कहीं स्थानीय कारणों से देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग की फुटकर दुकानों और माडल शाप्स के संचालन अवधि में परिवर्तन की आवश्यकता उत्पन्न होती है तब प्रत्येक दिवस 12 घंटे की सीमा के अंतर्गत संपूर्ण प्रदेश अथवा इसके आंशिक भाग में संचालन अवधि निर्धारित करने हेतु आबकारी आयुक्त को अधिकृत किया गया है।


### ग्रा.पं.रामपुर कुंवर, वि.खं.अछल्दा, जिला-औरैया

**निविदा सूचना**

ग्रा0पं0–रामपुर कुंवर, वि0खं0–अछल्दा, जिला–औरैया में ग्राम पंचायत विकास योजना 14वें वित्त आयोग/15वें वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना हेतु निविदा सूचना।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रा0वि0 रामपुर कुंवर में टाइल्स निर्माण कार्य (ऑपरेशन कायाकल्प) | 2,55,625.00 | 5 दिन |
| 2 | प्रा0वि0 पुर्वा फकीरे में टाइल्स निर्माण कार्य (ऑपरेशन कायाकल्प) | 2,54,460.00 | 5 दिन |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा0पं0–रामपुर कुंवर
वि0खं0–अछल्दा
जिला–औरैया

(सुमन देवी) ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0–रामपुर कुंवर
वि0खं0–अछल्दा
जिला–औरैया


## निरस्त होंगे विकास दुबे के सहयोगियों के 28 शस्त्र लाइसेंस

● पुलिस ने डीएम को भेजी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कानपुर** के बिकरू कांड के मुख्य अभियुक्त और एनकाउंटर में मारे जा चुके शातिर हिस्ट्रीशीटर विकास दुबे के परिजनों व सहयोगियों के 28 शस्त्र लाइसेंस निरस्त होंगे। इस संबंध में पुलिस ने जिलाधिकारी को निरस्तीकरण की आख्या भेज दी है। पुलिस का कहना है कि 11 डीबीबीएल, 8 रायफल, 6 पिस्टल, 3 एसबीबीएल गन के लाइसेंस निरस्त होंगे। जांच में सामने आया है कि विकास दुबे, पत्नी ऋचा, पिता रामकुमार, भाई दीपू दुबे, अंजलि दुबे और नौकर दयाशंकर के नाम से शस्त्र लाइसेंस जारी हुए हैं। इनमें से ऋचा, दीपू और अंजलि का लखनऊ से शस्त्र लाइसेंस बना है।

विकास दुबे ने करीब ढाई दशक पहले रायफल का लाइसेंस लिया था। विकास दुबे, राम कुमार और दयाशंकर के लाइसेंस कानपुर से बने थे। इन सभी शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की रिपोर्ट भेजी गई है। इसके साथ ही यह भी जांच की जा रही कि अपराधिक बैकग्राउंड होने के बाद भी परिवार में छह शस्त्र लाइसेंस कैसे बन गए थे। बिकरू गांव और आसपास के कुल 24 ऐसे लोग चिह्नित किए गए हैं जिनके लाइसेंस विकास ने बनवाए थे। इनमें कुछ के खिलाफतो मुकदमे भी थे। इन सभी हथियारों का इस्तेमाल विकास दुबे खुद करता था। विकास दुबे के घर से मिले असलहों का लाइसेंस जिन लोगों के नाम पर हैं उनमें विष्णुपाल (रिवाल्वर और डबल बैरल बंदूक, केस में नामजद), जहान यादव (डबल बैरल बंदूक, गिरफ्तार), दयाशंकर (सिंगल बैरल बंदूक, गिरफ्तार), आलोक (डबल बैरल बंदूक) शामिल हैं। इसके अलावा राम सिंह (डबल बैरल बंदूक, केस में नामजद), श्रीकांत शुक्ला (डबल बैरल बंदूक), यादवेंद्र पुत्र (राइफल), राजन जिल्लेदार (डबल बैरल बंदूक), दीपक (राइफल) और अंजली दुबे पत्नी दीपक दुबे (रिवाल्वर का लाइसेंस) शामिल हैं।

### नामजद अभियुक्त शिवम दुबे गिरफ्तार



**लखनऊ।** एसटीएफ ने बृहस्पतिवार को कानपुर के बिकरू कांड के नामजद अभियुक्त शिवम दुबे को गिरफ्तार किया। शिवम घटना के बाद से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। आईजी एसटीएफअमिताभ यश ने बताया कि अपराधी शिवम दुबे पुत्र राजेन्द्र दुबे निवासी बिकरु थाना चौबेपुर कानपुर नगर को घड़ी साबुन फैक्टरी मोड़ चौबेपुर कानपुर नगर से एसटीएफटीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। बीती 2 जुलाई की मध्यरात्रि को थाना चौबेपुर में हुए 8 पुलिसकर्मियों के जघन्य हत्या कांड के संबंध में थाना चौबेपुर में दर्ज मुकदमे में शिवम दुबे वांछित था।

## किसानों के खेत छीन कर कारपोरेट घरानों को देने की साजिश कर रही है भाजपा: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की कुनीतियों से कृषि क्षेत्र पर गम्भीर संकट के बादल छाए हैं। अभी गत जून माह में आर्थिक सुधार के नाम पर भाजपा की केन्द्र सरकार जो तीन अध्यादेश लाई है उससे किसानों की दशा के दुर्दशा में बदलने में देर नहीं लगेगी। किसान अभी घाटे में रहकर भी अपने खेत में श्रम करने से नहीं चूकता है। भाजपा उसके खेत को ही छीन कर कारपोरेट घरानों को देने की साजिश कर रही है। वह इस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा पूंजीनिवेश का भी रास्ता खोल रही है, देश का किसान तब विदेशी कम्पनियों का बन्धक बन जाएगा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने पहले किसानों की आय दुगनी करने का और फसल का दाम डयोढ़ा करने का जो वादा किया उसकी अब चर्चा भी नहीं होती है। उसकी जगह कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग की वकालत की जाने लगी है। इसमें किसान का मालिकाना हक भी चला जाएगा। किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना चाहिए पर सरकार इसे दिलाने में पूरी तरह विफल रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की किसान विरोधी नीतियों का ही नतीजा है कि समाजवादी सरकार ने किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए चार लेन सड़कों और मंडियों की स्थापना की दिशा में जो पहल की थी, उसे रोक दिया गया है। मंडियों में किसान अपना उत्पाद ले जाकर मोलभाव से ज्यादा लाभ ले सकते थे। भाजपा सरकार ने उस व्यवस्था को ही समाप्त करने की योजना बना ली है। भाजपा सरकार की किसानों के प्रति बदनीयती इसी से जाहिर होती है कि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया ने पिछले 8 वर्षों में 1.23 लाख करोड़ रूपए के कारपोरेट बुरे ऋण को बट्टे खाते में डाल दिया है। 50 बड़े कर्जदार भारी ऋण लेकर विदेश भाग गए। जबकि किसानों को छोट छोटे कर्ज के लिए भी वसूली की नोटिस, तहसील में गिरफ्तारी आदि से अपमानित किया जाता है। किसान की माली हालत बिगाड़ने के लिए भाजपा सरकार ने डेढ़ गुना ज्यादा बिजली के बिल जारी कर दिए हैं। कृषि फीडर बन जाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में 10 घंटे भी बिजली नहीं दी जाती है, जबकि समाजवादी सरकार के समय किसानों को 18 घंटे विद्युत आपूर्ति मिलती थी। ट्यूबवेल पर बिजली बिल बढ़ा दिया गया है।


### कार्यालय ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद, विकास खण्ड सफीपुर, उन्नाव

पत्रांक–मेमो/आंकिक/ग्राम पंचायत/रा0वि0/चौ0वि0/2020–21 दिनांक–22.07.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड सफीपुर जनपद उन्नाव में समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सफीपुर की ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद में राज्य वित्त/चौदहवां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिये मोहर बन्द निविदायें दिनांक 29.07.20 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। ग्राम पंचायत के पंचायत भवन / ग्रामीण सचिवालय भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का प्रकार | प्राक्कन की लागत (लाख रु.में) | निविदा मूल्य/टी.टी. | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी प्रथम श्रेणी 20 एम0एम0 ईंटा गिट्टी आदि। | 5.71 | 100.00 | 7 दिन |

**नियम व शर्तें :-**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्रतिशत में अंकित दरें मान्य न होंगी।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें, एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।
3. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
4. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
5. सबसे कम दरों वाली फर्म का टेण्डर स्वीकार होगा।
6. आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात तीन दिनों के अन्दर सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी।

पिंकी यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद
विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव

तेजपाल
ग्रा0 वि0 अ0
ग्राम पंचायत सराय सकहन
विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव


## प्रो. जेपी पांडेय एमएमएमटीयू के कुलपति बनाए गए

**लखनऊ।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रो. जय प्रकाश पाण्डेय, निदेशक कमला नेहरू प्रौद्योगिकी संस्थान, सुलतानपुर को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर का कुलपति नियुक्त किया है। प्रो. पाण्डेय की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 3 वर्ष की अवधि के लिए की गयी है। इसके साथ ही दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, के कुलपति प्रो. विजय कृष्ण सिंह तथा महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के कुलपति प्रो अनिल कुमार शुक्ला का कार्यकाल भी विस्तारित कर दिया है।

## निवेश मित्र पर 46 नई सेवाओं को अक्टूबर तक जोड़ने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**निवेश** आकर्षित करने, रोजगार सृजित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के सभी 75 जिलों में 46 जिला स्तरीय व्यापक सुधारों को लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इन सुधारों के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में 10 नए विभागों की 46 सेवाओं को 31 अक्टूबर 2020 तक राज्य के सिंगल विण्डो पोर्टल निवेश मित्र में एकीकृत किया जाना है। यह सेवाएं ऑनलाइन, आवेदन, शुल्क जमा करने और अंतिम स्वीकृतियां डाउनलोड करने की सुविधा से युक्त होंगी।

नए विभागों की सूची में कृषि, चिकित्सा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, गृह, प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, सहकारी समितियां, भूजल, भूतत्व एवं खनिकर्म, परिवहन तथा खाद्य एवं रसद आदि शामिल हैं। एकीकरण के बाद उर्वरक, कीटनाशक और कीटनाशक के विनिर्माण, बिक्री, भण्डारण, क्लीनिकल अधिष्ठानों का पंजीकरण तथा जल दोहन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि जैसी सेवाएं निवेश मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रदान की जाएंगी। वर्तमान में 20 विभागों की 146 सेवाएं निवेश मित्र के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं। फरवरी 2018 में आयोजित उप्र इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री द्वारा निवेश मित्र सिंगल विण्डो पोर्टल के उन्नत संस्करण का शुभारम्भ किया गया था। तब निवेश मित्र के माध्यम से 20 विभागों की 69 सेवाएं प्रदान की जा रही थीं जबकि अब 20 विभिन्न विभागों की 146 सेवाएं इस पोर्टल के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं। कोविड–19 लॉकडाउन अवधि के दौरान भी 20 अप्रैल को भूमि सुधार से संबंधित 21 सेवाओं को निवेश मित्र पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया था।

## प्रियंका ने यूपी की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर उठाए सवाल



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सवाल उठाए हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने बृहस्पतिवार को ट्वीट करके कहा कि कोरोना काल में स्वास्थ्य सुविधाएं चाकचौबंद होनी चाहिए। मगर महोबा के महिला अस्पताल का बुरा हाल है। बरेली, गोरखपुर के अस्पतालों में भी अव्यवस्थाओं की दशा लोगों ने देखी है। दरअसल महोबा में बारिश के कारण जिला अस्पताल में पानी भर गया था, जिसकी वजह से मरीजों का काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी मामले को लेकर प्रियंका ने योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में स्वास्थ्य सुविधाओं के ऊपर बयान देने वाले सीएम की रुचि इन हालातों को सुधारने में नहीं, इन्हें छिपाने में है।

## प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत में बेहतर काम करने वालों को मिलेगा प्रधानमंत्री पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रशासनिक** सुधार और लोक शिकायतों के निस्तारण के क्षेत्र में बेहतर काम करने वालों को इस वर्ष 31 अक्तूबर को पुरस्कृत किया जाएगा। केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग द्वारा बेहतर काम करने वालों को प्रधानमंत्री पुरस्कार योजना–2020 से सम्मानित किया जाएगा। इसके लिए 31 जुलाई तक केंद्र सरकार की वेबसाइट पर पंजीकरण कराया जा सकेगा।

मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने इस संबंध में गुरुवार को सभी जिलों को निर्देश भेज दिया है। उन्होंने कहा है कि चार श्रेणियों में कुल 15 पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक पंजीकरण कराया जा सकेगा। पुरस्कार के लिए 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि में किए गए कामों का मूल्यांकन किया जाएगा। प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सम्मिलित विकास को बढ़ावा देना, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन में जन सहभागिता के माध्यम से बढ़ावा देना और जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना।

नवाचार सामान्य श्रेणी के तहत केंद्र व राज्य सरकार के संगठनों, जिलाधिकारियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला और बाल विकास, प्रशासन में सुधार आदि क्षेत्रों में किए गए नवाचार के लिए छह पुरस्कार दिए जाएंगे। दो पुरस्कार केंद्र, दो पुरस्कार राज्य और दो पुरस्कार जिलों के लिए दिए जाएंगे। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त व संरक्षित किए जाने के लिए जून 2014 में नमामि गंगे कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस योजना में आने वाले जिलों द्वारा उत्कृष्ट काम करने पर एक पुरस्कार दिया जाएगा।


### कार्यालय ग्राम पंचायत दौलतयारपुर, विकास खण्ड सफीपुर, उन्नाव

पत्रांक–मेमो/आंकिक/ग्राम पंचायत/रा0वि0/चौ0वि0/2020–21 दिनांक–22.07.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड सफीपुर जनपद उन्नाव में समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सफीपुर की ग्राम पंचायत दौलतयारपुर में राज्य वित्त/चौदहवां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिये मोहर बन्द निविदायें दिनांक 29.07.20 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। ग्राम पंचायत के पंचायत भवन / ग्रामीण सचिवालय भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का प्रकार | प्राक्कन की लागत (लाख रु.में) | निविदा मूल्य/टी.टी. | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी प्रथम श्रेणी 20 एम0एम0 ईंटा गिट्टी आदि। | 5.71 | 100.00 | 7 दिन |

**नियम व शर्तें :-**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्रतिशत में अंकित दरें मान्य न होंगी।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें, एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।
3. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
4. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
5. सबसे कम दरों वाली फर्म का टेण्डर स्वीकार होगा।
6. आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात तीन दिनों के अन्दर सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी।

शैलेश यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत दौलतयारपुर
विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव

तेजपाल
ग्रा0 वि0 अ0
ग्राम पंचायत दौलतयारपुर
विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव



पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मेरे मकान 1/29 विकासखण्ड गोमतीनगर लखनऊ LDA द्वारा जारी एलाटमेन्ट लेटर वास्तव में कहीं खो गया है। भावना पाण्डेय पत्नी स्व0 सुभाषचन्द्र पाण्डेय, गौतमपल्ली लखनऊ।

**सूचना**

मैंने दिनांक 23.07.2018 को अपना नाम विवाहोपरान्त अफसार खातून पुत्री बशीर अहमद से बदल कर आरोही व मुस्लिम धर्म बदलकर हिन्दु धर्म अपना लिया है। भविष्य में मुझे आरोही व हिन्दु धर्म से जाना व पहचाना जाये। आरोही पत्नी आदित्य कुमार, निवासी – जवाहर नगर सतारी, घाटमपुर, कानपुर नगर।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र हनीफ व उसकी पत्नी श्रीमती जन्नतुन को उनका चाल–चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उक्त दोनों के किसी भी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। हबीब पुत्र नबी निवासी–ग्राम मस्जिद, मजरा–घर का तारा परगना व तहसील–महोली, जिला–सीतापुर


## फर्जी शिक्षकों से वेतन रिकवरी को लेकर सरकार सख्त

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**फर्जी** शिक्षकों से वेतन रिकवरी के मामले में जनपद स्तर पर बरती जा रही लापरवाही को देखते हुए राज्य सरकार ने सख्त रुख अपनाने का निर्णय लिया है। वेतन रिकवरी को लेकर अब निदेशक बेसिक शिक्षा डॉ सर्वेंद्र विक्रम सिंह वित्त अधिकारियों के साथ बैठक कर रिकवरी की रकम का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। फर्जी शिक्षकों के प्रकरण में अभी तक सिर्फ डेढ़ दर्जन शिक्षकों के खिलाफही वेतन रिकवरी के आदेश जारी हो पाए हैं जबकि विभिन्न जांचों में दो हजार से ज्यादा फर्जी शिक्षक चिह्नित किए जा चुके हैं। शासन स्तर पर वेतन रिकवरी के आंकलन का कार्य बीएसए के स्थान पर निदेशक को दिया गया है। 27 जुलाई से 19 अगस्त तक रोज 5 जिलों के लेखाधिकारियों को तलब किया गया है।

## दक्षिण कोरिया के निवेशकों की सुविधा के लिए बनाई गई स्पेशल हेल्प डेस्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने निवेश लाने के लिए किये जा रहे वर्चुअल संवाद की श्रृखंला को आगे बढ़ाते हुए आज साउथ कोरिया में भारत की राजदूत श्रीप्रिया रंगनाथन से ऑनलाइन चर्चा की और साउथ कोरिया के साथ व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने में सहयोग देने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया के निवेशकों की सुविधा के लिए प्रदेश में स्पेशल हेल्प डेस्क स्थापित कराई गई है। इसके साथ ही उद्यमियों की सहूलियत के लिए कोरियन लैग्वेज के एक्सपर्ट को नियुक्त किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर से कोरियन कंपनियों को हर प्रकार का सहयोग दिया जायेगा। सिंह ने कहा कि साउथ कोरिया 50 बिलियिन डालर का प्रतिवर्ष इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिक्स गुड्स का विश्व भर से क्रय है। इसमें से 50 प्रतिशत अकेले चीन से आयात होता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश से साउथ कोरिया में निर्यात की बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने एम्बेसडर से साउथ कोरिया में उत्तर प्रदेश से आयात को बढ़ाने में विशेष सहयोग देने का अवाहन किया। राजदूत ने कहा कि अयोध्या के साथ साउथ कोरिया का बहुत पुराना रिश्ता है। अयोध्या जिले की बेटी की शादी साउथ कोरिया के राजा से हुई थी। उन्होंने उत्तर प्रदेश के साथ व्यापारिक रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए ऑनलाइन प्रोग्राम आयोजित करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि यूपी में आयोजित डिफेंस एक्सपो में दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्री शामिल हुए थे। वे राज्य रक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम से काफी प्रभावित थे। इसके देखते हुए दक्षिण कोरिया से यूपी में निवेश आने की बहुत बड़ी सम्भावना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे दक्षिण कोरिया और उत्तर प्रदेश के बीच व्यापार को बढ़ाने में हर प्रकार का सहयोग देंगे।

## यूपी में बिजली दरों में पांच से आठ फीसदी बढ़ोत्तरी की तैयारी

**लखनऊ।** प्रदेश में इस माह के अंत तक बिजल उपभोक्ताओं पर नई दरों का बोझ लादने की तैयारी की जा रही है। पावर कारपोरेशन गुपचुप तरीके से पांच से आठ फीसदी बिजली दरों में बढ़ोत्तरी की तैयारी कर रहा है। पावर कारपोरेशन सूत्रों की मानें तो जुलाई के अंत तक या फिर अगस्त में यह प्रस्ताव नियामक आयोग में दाखिल कर दिया जाएगा। इस प्रस्ताव को लेकर अधिकारियों का ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा पर दबाव बढ़ गया है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष चुनावी साल होने के कारण बिजली दरों में बढ़ोत्तार का रिस्क सरकार नहीं उठाएगी। प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों ने पहले ही अपना वार्षिक राजस्व आवश्यकता जोकि करीब 72 हजार करोड़ का है दाखिल कर रखा है।


### ग्रा.पं.चन्दपुरा, वि.खं.अछल्दा, जिला-औरैया

**निविदा सूचना**

ग्रा0पं0–चन्दपुरा के वि0खं0–अछल्दा, जिला–औरैया में ग्राम पंचायत में मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों को कार्ययोजना हेतु।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रा0पंचायत चन्दपुरा के ग्राम लक्ष्मनपुर में जबर सिंह के घर से मन्नीलाल के घर तक सी0सी0/इं0लाकिंग निर्माण कार्य। | 3,25,000/- | 7 दिन |
| 2 | चन्दपुरा में बड़ेलाल के घर से तालाब तक इं0 लाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य। | 3,50,000/- | 7 दिन |
| 3 | ग्रा0पं0 चन्दपुरा के ग्रा0–लक्ष्मनपुर में गंगाराम के खेत में तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य। | 4,15,000/- | 7 दिन |
| 4 | ग्रा0पं0 चन्दपुरा के ग्रा0–लक्ष्मनपुर में दिव्यस्वरूप के घर से अंशुल के घर तक सी.सी./इं.लाकिंग निर्माण कार्य। | 1,80,000/- | 7 दिन |

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम–चन्दपुरा
वि0खं0–अछल्दा
जिला–औरैया

(नेकराम) प्रधान
ग्राम–चन्दपुरा
वि0खं0–अछल्दा
जिला–औरैया


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

## डीएम ने कंटेनमेंट जोन इंदिरानगर व गाजीपुर क्षेत्र का किया निरीक्षण

# खुली दुकानों पर लगाया गया जुर्माना, पंजीकरण होगा निरस्त

### कंटेनमेंट जोन में नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश



पायनियर समाचार सेवा । लखनऊ

**कन्टेनमेंट** जोन इंदिरा नगर व गाजीपुर का डीएम ने गुरुवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण में बड़ी लापरवाही मिली । जिलाधिकारी ने लेखराज मेट्रो स्टेशन सहित कई जगहों पर कन्टेनमेंट जोन में लोगों की बिना कार्य के घूमते पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई और गाड़ियों का चालान करने का आदेश दिया । भूतनाथ मार्केट में चार जनरल स्टोर सहित दुकानदारों पर कंटेनमेंट जोन का उल्लंघन करने पर दस हजार का जुर्माना किया। साथ ही दुकानों का पंजीकरण निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने गुरुवार को अचानक कन्टेनमेंट जोन इंदिरा नगर व गाजीपुर का निरीक्षण करने पहुंचे। कई जगहों पर कन्टेनमेंट जोन में लोगों की अनावश्यक आवाजाही देखी गई। लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास बैरीकेडिंग से लोगों का मूवमेंट अनावश्यक तौर पर पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की । पुलिस अधिकारियों को मौके पर ही लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले लोगों की गाड़ियों को रुकवाकर चालान करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी भूतनाथ पुलिस चौकी पहुंचे। चौकी के सामने भूतनाथ मार्केट में हरियाणा स्टोर, दिल्ली स्टोर, बाबा किराना स्टोर, चन्द्रा स्टोर पर न ही आने वाले व्यक्तियों के विवरण के लिए रजिस्टर रखा गया था और न ही लोगों की स्क्रीनिंग के लिए इन्फ्रारेड थर्मल स्कैनर व ऑक्सीमीटर की व्यवस्था थी। नाराज जिलाधिकारी ने स्टोर्स पर दस दस हजार रूपये का जुर्माना किया । साथ ही दुकानों को नोटिस देते हुए दुकानों का पंजीकरण निरस्त करने का भी निर्देश दिया। दोबारा मिलने पर एपेडेमिक एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश अपर जिलाधिकारी नगर टीजी व पुलिस अधिकारियों को दिए। जबकि आम्रपाली मार्केट में यश मेडिकल स्टोर के निरीक्षण में स्क्रीनिंग व आने जाने वाले लोगों का विवरण रखने के लिए कोई व्यवस्था नहीं मिली। इस लापरवाही पर 10000 रपुए का जुर्माना करने के साथ ही नोटिस देते हुए मेडिकल स्टोर का पंजीयन निरस्त करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अरावली मार्ग, आम्रपाली मार्केट, लेखराज मार्केट, ए ब्लॉक, बी ब्लॉक, इंदिरा नगर, सबौली आदि क्षेत्रों का भी मुआयना किया । सख्ती करने के साथ ही डोर-टू-डोर सर्वे करते हुए स्क्रीनिंग तेज करने के निर्देश भी दिए। वहीं जिलाधिकारी ने नवल किशोर रोड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने आने वाले लोगों की टेस्टिंग के साथ ही सुबह से ही पूरे क्षेत्र में डोर-टू-डोर सर्वे व स्क्रीनिंग के लिए लगायी टीम को क्षेत्र में सक्रिय करके तेजी के साथ स्क्रीनिंग कराने के निर्देश भी दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आस पास खड़े कबाड़ वाहनों को हटवाते हुए स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिए।

# अब सरोजनीनगर खंड विकास कार्यालय पहुंचा कोरोना संक्रमण

### एक कर्मचारी और तीन अधिकारी हुए संक्रमित



**सरोजनीनगर ।** सरोजनीनगर तहसील के एक लेखपाल के बाद अब कोरोना संक्रमण ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय को भी अपने चपेट में ले लिया है। इस जानलेवा बीमारी का संक्रमण यहां एक कर्मचारी और तीन अधिकारियों को अपना शिकार बना चुका है। कोरोना पॉजिटिव इन अधिकारियों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। ब्लाक कार्यालय में संक्रमण रोकने के लिए गुरुवार को यहां के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को छुट्टी देकर पूरे दफ्तर का सेनेटाइजेशन कराया गया है।

खंड विकास अधिकारी कार्यालय में जेई एमआई के पद तैनात धीरेन्द्र बहादुर को कोरोना संक्रमण के चलते बीते शुक्रवार को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इसके बाद बुधवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा तीन दर्जन से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सैम्पल लिये गये। जांच में नटकुर गांव के ग्राम पंचायत अधिकारी अरविन्द चौधरी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) वीरेन्द्र कुमार वर्मा व यहां तैनात सफाईकर्मी मनोज भारती की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है। इसके बाद ब्लाक कार्यालय को सील कर गुरूवार को सेनेटाईजेशन कराया गया। यहां के एक कर्मचारी व तीन अधिकारियों में कोरोना बीमारी के फैलने से सभी परिवारों में दहशत का महौल है।

वहीं सरोजनीनगर ब्लाक प्रधान संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने खंड विकास अधिकारी निशान्त राय को पत्र लिखकर कार्यालय तीन दिन बंद रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि खंड विकास कार्यालय को बंद न किया गया तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह बीमारी रफ्तार पकड़ लेगी।

**आधा-अधूरा सामान देकर किया रवाना:**सरोजनीनगर। कोविड-19 सर्वे और सैम्पलिंग के लिए गुरुवार सुबह सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुलाई गई आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू और एएनएम को दोपहर तक सामान नहीं उपलब्ध कराया गया। इतना ही नहीं सामान ना उपलब्ध होने के कारण उन्हें सर्वे के लिए समय से कंटेनमेंट जोन भी नहीं भेजा जा सका। जिसको लेकर सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, आशा और एएनएम काफी नाराज हो गई। इसके बाद उन्हें अस्पताल प्रशासन द्वारा थोड़ा बहुत सामान देते हुए टीम के साथ उन्हें काम पर रवाना किया गया।

उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए लगभग हर ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से भी सर्वे और सैम्पलिग का कार्य कराया जा रहा है। पिछले तीन दिनों से चल रहे इस कार्य के चलते गुरुवार को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू और एवं सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को सुबह ही बुला लिया गया लेकिन 11 बजे तक ना तो उन्हें सामान उपलब्ध कराया गया और ना ही टीम बनाकर कार्य क्षेत्र में भेजा गया। स्वास्थ्य कर्मियों की नाराजगी को देख कर आनन फानन सीएचसी प्रशासन ने आधा अधूरा सामान उपलब्ध कराते हुए उनकी टीम बनाकर काम पर भेज दिया।

**स्टाफ सर्वे में जुटा, ओपीडी हो रही प्रभावित:**सरोजनीनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकतर स्टाफ को कोविड-19 सर्वे में लगाए जाने से अस्पताल की ओपीडी सुविधा बाधित होने लगी है। यही वजह है कि गुरुवार को जहां टीबी विभाग में ताला पड़ा रहा। वहीं कई चिकित्सक भी अपने कमरों में नहीं नजर आए। इसके कारण दवा लेने पहुंचे कई टीबी मरीज वापस लौट गए। साथ ही अन्य बीमारियों से ग्रस्त मरीजों को भी तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई चिकित्सक अपने कक्ष में ना मिलने के कारण तमाम अन्य मरीज भी बिना दवा लिए ही वापस घर लौट गए।

## मिड डे मील के वितरण में उड़ीं सोशल डिस्टेंसिंग की धज्जियां



**सरोजनीनगर।** कोरोना संक्रमण रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। लेकिन कोटेदार व विद्यालय के शिक्षक स्वास्थ्य विभाग की इस गाइडलाइन का कितना पालन कर रहे है। इसका नमूना गुरूवार को सरोजनीनगर क्षेत्र में मीड डे मील का राशन वितरण के दौरान देखने को मिला।


परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को पढ़ाई के दौरान पका पकाया भोजन (मिड डे मील) दिया जाता है। लेकिन लाकडाउन के दौरान तकरीबन 76 दिन वह इस मिड डे मील से वंचित रहे। इन दिनों का बकाया राशन बच्चों को उपलब्ध कराया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को सरकार द्वारा सात किलो 600 ग्राम व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को 11 किलो चार सौ ग्राम राशन उपलबध कराया जा रहा है। सरकार के निर्देश पर गुरूवार को सरोजनीनगर की औरावां ग्राम पंचायत के कोटेदार द्वारा यहां शिक्षको की मौजूदगी में मिड डे मील के राशन का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों के परिजन, शिक्षक एवं कोटेदार द्वारा खुलेआम सोशल डिस्टेसिंग की धज्जियां उड़ाई गई।

# केजीएमयू: संक्रमण को लेकर सात सुरक्षा एजेंसियों को जारी की गई नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमित मरीजों के इलाज को लेकर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी को नोडल सेंटर बनाए जाने के साथ ही परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मियों द्वारा बरती जा रही लापरवाही को देखते हुए संस्थान प्रशासन ने 7 सुरक्षा एजेंसियों को जारी किया नोटिस जारी किया है। इन एजेंसियों को सुनवाई के लिए शुक्रवार को कुलपति कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रोफेसर आर ए एस कुशवाहा की तरफ से जिन एजेंसियों को नोटिस जारी किया गया है। उनमें मिश्रा एजेंसी सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस, केके मैन पावर लिमिटेड, एक्स सर्विसमैन एंड सिक्योरिटी, पैंथर सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज, सिक्योरिटी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, मैक्स सिक्योरिटी सर्विसेज शामिल हैं। विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रोफेसर कुशवाहा ने बताया कि को देखते हुए और सोशल डिस्टेंसिंग के अनुपालन को लेकर सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से तैनात सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए थे। लेकिन निरीक्षण के दौरान इनके द्वारा दायित्वों का पालन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि गत सोमवार को न्यूरोलॉजी विभाग एवं आई डी एस के मध्य लगभग 150 मरीजों एवं उनके तीमारदारों की भीड़ एकत्र थी निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सुरक्षा गार्ड सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन नहीं करा पा रहे थे और मूकदर्शक की भूमिका में खड़े थे। इसी तरह बुधवार को वृद्धावस्था मानसिक विभाग में बनाए गए होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान देखा गया कि वहां पर तैनात गार्ड मौके पर नहीं मिले ऐसी स्थितियां अनुशासनहीनता कर्तव्य का उल्लंघन तथा लापरवाही की श्रेणी में पाई जाती हैं। जिस पर कुलपति नाराजगी जताई है उन्होंने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों को कल स्पष्टीकरण के लिए बुलाया गया है।



## कंटेनमेंट जोन के डीएल आवेदकों को मिलेगी राहत

**लखनऊ।** कंटेनमेंट जोन में रहने वाले आवेदकों को लाइसेन्स के लिए दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिन इलाकों में अभी लॉक डाउन लगा है वहां के आवेदकों को अपने तय टाइम स्लाट पर आरटीओ कार्यालय नहीं पहुंचने वाले आवेदकों को बुलावे की तारीख को रिशिड्यूलिंग करने की तैयारी है। ऐसी स्थिति में आवेदकों को विभाग की ओर से दूसरी तारीख का मैसेज भेजकर डीएल आवेदन की औपचारिकता पूरी करने के लिए बुलाया जाएगा। अपर परिवहन आयुक्त आईटी विनय कुमार सिंह की ओर से सभी प्रकार के डीएल आवेदकों के लाइसेंस संबंधी टाइम स्लाट को रिशिड्यूल किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल ये निर्देश अभी कानपुर नगर और बलिया आरटीओ के प्रार्थना पत्र पर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि लखनऊ के ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय कंटेनमेंट जोन में आता है। यहां काफी संख्या में आवेदक बुलावे के बाद भी डीएल बनवाने नहीं पहुंच रहे है। ऐसे आवेदकों को राहत देने के लिए बुलावे की तारीख को रिशिड्यूल किया जाएगा। इस संबंध में आवेदक के मोबाइल नंबर पर मैसेज भेजकर अगली तारीख के बारे में सूचना दी जाएगी।

## दस शिक्षक राष्ट्रीय पुरस्कार की लाइन में

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2020 की लाइन में इस बार राजधानी से 10 शिक्षक सामने आए हैं। इन सभी शिक्षकों द्वारा पुरस्कार के दावे को लेकर ऑनलाइन सौंपे गए दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है। आवेदन करने वाले 10 शिक्षकों में से 3 शिक्षकों के नाम पर डीएम की अध्यक्षता में गठित समिति शिक्षकों का चयन कर शासन को उनके नाम भेजेगी। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2020 के लिए चयन समिति में जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश, डीआइओएस डॉ. मुकेश कुमार और शासन से नियुक्त किए गए एक अधिकारी हैं। आवेदन करने वाले शिक्षकों में वसुंधरा सक्सेना राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज, केके शुक्ला बख्सी का तालाब इंटर कॉलेज, राघवेंद्र सिंह रामाधीन सिंह इंटर कॉलेज, राकेश कुमार बिसारिया हुसैनाबाद इंटर कॉलेज, सुलतान आलम हुसैनाबाद इंटर कॉलेज हैं। वहीं बेसिक से आवेदन करने वाले शिक्षकों में अर्चना मिश्रा अपर प्राइमरी स्कूल गणेशपुर, लक्ष्मी मिश्रा प्राइमरी स्कूल पहाड़पुर, रीमा वर्मा मंडी यूपीएस स्कूल, रीता शर्मा प्राइमरी स्कूल सरहियां, सुरेश जायसवाल अपर प्राइमरी स्कूल गोइला का नाम शामिल है।



मनकामेश्वर मंदिर में हरियाली तीज मनातीं महंत देव्या गिरि

# बांग्लादेशी जमाती को मिली अंतरिम जमानत

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एक** बांग्लादेशी जमाती को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश देते हुए हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने उस पर सख्त पाबंदियां भी लगाई हैं। पीठ ने बिना इजाजत उसके देश छोड़ने पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई पांच अगस्त को होगी। पीठ ने इस दौरान भारत सरकार के गृह मंत्रालय से बांग्लादेश के साथ प्रत्यर्पण संधि की जानकारी मांगी है।

जस्टिस एआर मसूदी की एकल पीठ ने यह आदेश अकाली नाहर उर्फ अक्लिमुन नाहर की ओर से दाखिल अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र को मंजूर करते हुए दिया है। इस मामले में उसके छह साथियों की अंतरिम जमानत पहले ही मंजूर हो गई थी। लेकिन अकाली नाहर का वीजा 10 अप्रैल, 2020 में ही एक्सपायर होने के कारण उसकी जमानत मंजूर नहीं हुई थी। पीठ ने उसे जेल अथॉरिटी के द्वारा वीजा बढाने की अर्जी देने की छूट प्रदान की थी। उसकी जमानत अर्जी पर बहस करते हुए वकील प्रांशु अग्रवाल ने बताया कि उसकी वीजा की अवधि 10 अक्टूबर तक के लिए बढा दी गई है। एकल पीठ ने इस पर उसे वीजा अवधि तक अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

बीते 18 अप्रैल, को इसे व उसके साथियों को मड़ियांव थानांतर्गत ग्राम मुतक्किपुर के तकवा मस्जिद से गिरफ्तार किया गया था। इन सभी पर आपदा प्रबंधन अधिनियम व वीजा नियमों का उल्लंघन कर दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके में जमात की मजलिस में भाग लेने का आरोप है।

# अब मिलेगी लंबी दूरी की बसों में गंदगी से निजात

### हर 200 किमी पर दस मिनट में बसों की होगी सफाई व धुलाई, बोर्ड बैठक की बैठक में कई प्रस्तावों पर लगी मुहर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**रोडवेज** बसों मे यात्री अब साफ सुथरी और चमचमाती बसों में सफर करेंगे। परिवहन निगम लंबी दूरी की बसों को बीच रास्ते में सफाई-धुलाई कराने की प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जहां हर 200 किमी पर दस मिनट में बसों की सफाई धुलाई होगी। ये काम प्राइवेट वेंडर के जरिए होगा। जिसकी निगरानी के लिए कमेटी गठित होगी।

परिवहन निगम मुख्यालय पर गुरुवार को निदेशक बोर्ड की बैठक बुलाई गई। जिसमें यात्री सुविधाओं और कर्मचारियों के मामलों से जुड़े सात प्रस्ताव मंजूर किए गए। एमडी डॉ राजशेखर ने बताया कि प्रमुख सचिव परिवहन राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में 229 वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई। जिसमें परिवहन निगम बीते छह वर्षो के लाभ की स्थिति में होने की बात कहीं गई।

**इन सात प्रस्तावों को मिली मंजूरी:** लंबी दूरी की बसों को हर 200 किलोमीटर पर रोककर सफाई धुलाई होगी, नियमित व संविदा चालक, परिचालकों को हर साल सीजनल वर्दी मिलेगी, बसों में यात्री डेबिड क्रेडिट कार्ड से टिकट के पैसों का भुगतान कर सकेंगे,बस दुर्घटना में ड्राइवर, कंडक्टर के मौत पर यात्री राहत योजना से मदद होगी,बसों की चेकिंग करने वाले बस चालकों को दुर्घटना रोकने के टिप्स देंगे, सिटी बस में तैनात रोडवेज अफसरों को वेतन भत्ता नगरीय परिवहन विभाग देगा।

# आलमबाग में मुठभेड़, गोली लगने से एक बदमाश घायल

### तीन साथियों सहित पकड़ा गया विशाल शर्मा

**लखनऊ।** राजधानी के आलमबाग थाने के पीछे फिगो फोर्ट गाड़ी से लूट की योजना बना रहे बदमाशों की पुलिस व क्राइम ब्रांच के साथ मुठभेड़ हो गयी। पुलिस को देखते ही बदमाशो ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी बचाव में की गई फायरिग में एक बदमाश विशाल शर्मा घायल हो गया। जिसके पास से 32 बोर की पिस्टल पुलिस ने बरामद की। वहीं पुलिस ने उसके तीन साथियों मुन्ना, मोहित व पवन को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से तीन सौ पंद्रह बोर का एक एक तमंचा बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि हरियाणा अम्बाला का रहने वाला विशाल शर्मा जो वर्तमान में आईआईएम रोड पर रहता है अपने तीन अन्य साथियों के साथ नट खेड़ा रोड से चारबाग जाने वाला है और किसी को लूटने की योजना में है इस पर क्राइम ब्रांच व आलमबाग पुलिस ने आलमबाग थाने के पीछे घेरेबंदी की और बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली बदमाश विशाल शर्मा के पैर में जा धंसी और वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस कमिश्नर ने टीम को पच्चीस हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

## विभूतिखंड पुलिस ने ईनामी बदमाश दबोचा

**लखनऊ।** विभूतिखंड पुलिस ने देर रात कई अपराधिक मामलों में फरार चल रहे शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त पर 15 हजार का इनाम था। इंसपेक्टर विभूतिखंड संजय शुक्ल ने बताया कि में अभियुक्त ने अपना नाम गुफरान पुत्र वारिश निवासी सराय थाना विश्वा सीतापुर बताया है।

**पहली अगस्त से 15 सितंबर के बीच परीक्षाएं सम्पन्न कराने के मूड में बीबीएयू:**
**लखनऊ।** डॉ भीमराव अम्बेडकर सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रशासन पहली अगस्त से 15 सितंबर के बीच फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स की परीक्षा कराने के मूड में है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागों से फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स की परीक्षा कराने का प्लान बुधवार तक मांगा था।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रायपुर-।।, विकास खण्ड सफीपुर, उन्नाव

पत्रांक–मेमो/आंकिक/ग्राम पंचायत/रा0वि0/चौ0वि0/2020–21 दिनांक–22.07.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड सफीपुर जनपद उन्नाव में समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सफीपुर की ग्राम पंचायत रायपुर–।। में राज्य वित्त/चौदहवां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिये मोहर बन्द निविदायें दिनांक 29.07.20 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। ग्राम पंचायत के पंचायत भवन / ग्रामीण सचिवालय भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का प्रकार | प्राक्कन की लागत (लाख रु.मे) | निविदा मूल्य/ टी.टी. | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी प्रथम श्रेणी 20 एम0एम0 ईटा गिट्टी आदि। | 5.71 | 100.00 | 7 दिन |

**नियम व शर्ते :-**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्रतिशत में अंकित दरें मान्य न होंगी।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें, एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।
3. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
4. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
5. सबसे कम दरों वाली फर्म का टेण्डर स्वीकार होगा।
6. आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात तीन दिनों के अन्दर सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी।

**हरिपाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रायपुर**
**विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव**

**तेजपाल**
**ग्रा0 वि0 अ0**
**ग्राम पंचायत रायपुर**
**विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सकहन मुसलमानान, विकास खण्ड सफीपुर, उन्नाव

पत्रांक–मेमो/आंकिक/ग्राम पंचायत/रा0वि0/चौ0वि0/2020–21 दिनांक–22.07.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड सफीपुर जनपद उन्नाव में समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सफीपुर की ग्राम पंचायत सकहन मुसलमानान में राज्य वित्त/चौदहवां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिये मोहर बन्द निविदायें दिनांक 29.07.20 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। ग्राम पंचायत के पंचायत भवन / ग्रामीण सचिवालय भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का प्रकार | प्राक्कन की लागत (लाख रु.मे) | निविदा मूल्य/ टी.टी. | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी प्रथम श्रेणी 20 एम0एम0 ईटा गिट्टी आदि। | 5.71 | 100.00 | 7 दिन |

**नियम व शर्ते :-**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्रतिशत में अंकित दरें मान्य न होंगी।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें, एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।
3. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
4. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
5. सबसे कम दरों वाली फर्म का टेण्डर स्वीकार होगा।
6. आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात तीन दिनों के अन्दर सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी।

**रामसेवालाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सकहन मुसलमानान**
**विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव**

**तेजपाल**
**ग्रा0 वि0 अ0**
**ग्राम पंचायत सकहन मुसलमानान**
**विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सराय सकहन, विकास खण्ड सफीपुर, उन्नाव

पत्रांक–मेमो/आंकिक/ग्राम पंचायत/रा0वि0/चौ0वि0/2020–21 दिनांक–22.07.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड सफीपुर जनपद उन्नाव में समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सफीपुर की ग्राम पंचायत सराय सकहन में राज्य वित्त/चौदहवां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिये मोहर बन्द निविदायें दिनांक 29.07.20 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। ग्राम पंचायत के पंचायत भवन / ग्रामीण सचिवालय भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का प्रकार | प्राक्कन की लागत (लाख रु.मे) | निविदा मूल्य/ टी.टी. | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी प्रथम श्रेणी 20 एम0एम0 ईटा गिट्टी आदि। | 5.71 | 100.00 | 7 दिन |

**नियम व शर्ते :-**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्रतिशत में अंकित दरें मान्य न होंगी।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें, एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।
3. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
4. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
5. सबसे कम दरों वाली फर्म का टेण्डर स्वीकार होगा।
6. आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात तीन दिनों के अन्दर सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी।

**विपिन तिवारी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सराय सकहन**
**विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव**

**तेजपाल**
**ग्रा0 वि0 अ0**
**ग्राम पंचायत सराय सकहन**
**विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत महपरापुर, विकास खण्ड सफीपुर, उन्नाव

पत्रांक–मेमो/आंकिक/ग्राम पंचायत/रा0वि0/चौ0वि0/2020–21 दिनांक–22.07.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड सफीपुर जनपद उन्नाव में समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सफीपुर की ग्राम पंचायत महपरापुर में राज्य वित्त/चौदहवां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिये मोहर बन्द निविदायें दिनांक 29.07.20 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। ग्राम पंचायत के पंचायत भवन / ग्रामीण सचिवालय भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का प्रकार | प्राक्कन की लागत (लाख रु.मे) | निविदा मूल्य/ टी.टी. | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी प्रथम श्रेणी 20 एम0एम0 ईटा गिट्टी आदि। | 5.71 | 100.00 | 7 दिन |

**नियम व शर्ते :-**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्रतिशत में अंकित दरें मान्य न होंगी।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें, एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।
3. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
4. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
5. सबसे कम दरों वाली फर्म का टेण्डर स्वीकार होगा।
6. आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात तीन दिनों के अन्दर सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी।

**राजू सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत महपरापुर**
**विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव**

**तेजपाल**
**ग्रा0 वि0 अ0**
**ग्राम पंचायत महपरापुर**
**विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत देवगनमऊ, विकास खण्ड सफीपुर, उन्नाव

पत्रांक–मेमो/आंकिक/ग्राम पंचायत/रा0वि0/चौ0वि0/2020–21 दिनांक–22.07.2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड सफीपुर जनपद उन्नाव में समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सफीपुर की ग्राम पंचायत देवगनमऊ में राज्य वित्त/चौदहवां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु सामग्री आपूर्ति के लिये मोहर बन्द निविदायें दिनांक 29.07.20 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। ग्राम पंचायत के पंचायत भवन / ग्रामीण सचिवालय भवन में निविदा पेटी में डाली जायेगी तथा उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का प्रकार | प्राक्कन की लागत (लाख रु.मे) | निविदा मूल्य/ टी.टी. | सामग्री आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेण्ट, मौरंग, बालू, सरिया, पत्थर गिट्टी प्रथम श्रेणी 20 एम0एम0 ईटा गिट्टी आदि। | 5.71 | 100.00 | 7 दिन |

**नियम व शर्ते :-**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्रतिशत में अंकित दरें मान्य न होंगी।
2. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर लें, एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा।
3. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
4. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर पर अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
5. सबसे कम दरों वाली फर्म का टेण्डर स्वीकार होगा।
6. आपूर्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात तीन दिनों के अन्दर सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर करनी होगी।

**भईयालाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत देवगनमऊ**
**विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव**

**तेजपाल**
**ग्रा0 वि0 अ0**
**ग्राम पंचायत देवगनमऊ**
**विकास खण्ड-सफीपुर, उन्नाव**

# जेलों में आधुनिक उपकरणों की स्थापना करें: मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ, आजमगढ़ गौतमबुद्धनगर, बरेली, चित्रकूट के कारागारों को उच्च सुरक्षा कारागार के रूप में विकसित करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही उन्होंने राज्य के अन्य कारागारों में अत्यधुनिक उपकरणों और मशीनों का इंतजाम करने के निर्देश दिये है। इसके लिये प्रस्ताव प्रस्तुत करने को अधिकारियों से कहा है। मुख्यमंत्री ने अपने आवास पर कारागारों में उपकरणों मशीनों के क्रय हेतु कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कारागार प्रशासन एवं प्रबन्ध व्यवस्था के उन्नयन हेतु सुरक्षा, तलाशी, संचार तथा बंदी सुविधाओं से विभिन्न उपकरणों एवं मशीनों की



व्यवस्थाएं की जाएं। कारागारों की पाकशालाओं में सफाई एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने एवं स्वच्छ पर्यावरण हेतु पाकशालाओं का आधुनिकीकरण किया जाए। ई-प्रिजन कार्ययोजना हेतु मैनपावर तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कारागारों में हेवी ड्यूटी वाशिंग मशीन की व्यवस्था में प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजमगढ़, लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, बरेली, चित्रकूट के कारागारों को उच्च सुरक्षा कारागार के रूप में विकसित किया जाना है। इन कारागारों में नान लिनियर जंक्शन डिटेक्टर, ड्यूल स्कैनर बैगेज, फुल ह्यूमन बाडी स्कैनर, मुलाकात घर हेतु कान्टेक्ट लेस ग्लास, ड्रोन कैमरा, बाडी वार्न कैमरे, नाइट विजन बाइनाकुलर, उच्च क्षमता के हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, कन्सरटीना फेन्सिंग, हैवी ड्यूटी स्टेब्लाइजर सिस्टम, जिका लखनऊ में सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्थाएं आवश्यकतानुसार की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कारागारों में हर हाल में कोविड.19 संक्रमण को फैलने से रोका जाए।

## जल निगम में मृतक आश्रितों की भर्ती पर रोक

**लखनऊ।** आर्थिक संकट के चलते जल निगम में मृतक आश्रितों की भर्ती पर अनिश्चितकाल के लिये रोक लगा दी गई है। इस बारे में जल निगम प्रशासन की तरफ से बोर्ड बैठक के फैसले का हवाला देते हुये आदेश जारी कर दिये गये हैं। जानकारों के मुताबिक जल निगम में किसी कर्मचारी या अधिकारी के सेवाकाल में मौत होने के दशा में अनुकंपा के आधार पर नौकरी दिये जाने का प्रावधान है। वर्ष 2018-19 से जल निगम में अघोषित रूप से किसी मृत कर्मचारी के आश्रित को नियुक्ति नहीं दी जा रही थी। सूत्रों का कहना है कि जल निगम की ओर से शासन को एक प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुये कहा गया कि किसी कर्मचारी या अधिकारी की मृत्यु होने पर उसके परिवार को मुआवजा के रूप में एक निश्चित धनराशि दिये जाने का प्रावधान किया गया था। निगम के इस प्रस्ताव को शासन के निरस्त कर दिया था।

# काशी विश्वनाथ मन्दिर के विस्तारीकरण के काम में तेजी लाएं

● **मुख्य सचिव ने की वाराणसी की विकास परियोजनाओं की समीक्षा**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने वाराणसी की समस्त विभागों की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए हैं कि समस्त निर्माणाधीन परियोजनाओं के कार्यों में और अधिक गति लाकर निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वाराणसी में लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय रामनगर के उच्चीकरण के कार्य को अक्टूबर तक पूर्ण कराया जाए। उन्होंने पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय पाण्डेयपुर के निर्माण कार्य में अनावश्यक विलम्ब होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सम्बन्धित अधिकारी की जिम्मेदारी नियत कर उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बीएचयू में निर्माणाधीन सर सुन्दर लाल अस्पताल में 100 शैय्यायुक्त एमसीएच विंग के निर्माण कार्य को आगामी दिसम्बर तक पूर्ण कराकर संचालित कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाराणसी की समस्त विभागों की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर के विस्तारीकरण के कार्यों में गति लाकर निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराया जाए। उन्होंने समस्त निर्माणाधीन इकाईयों को निर्देश दिए कि कोविड-19 के दृष्टिगत सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन कराते हुए निर्माण कार्यों को तय समय में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने दशाश्वामेध घाट पर पर्यटक सुविधा और मार्केट काम्पलेक्स का विकास कराये जाने के भी निर्देश दिए।

## तीन दिन में पकड़ी गई 13 हजार लीटर अवैध शराब

**लखनऊ।** आबकारी विभाग ने पिछले तीन दिनो में 13 हजार 169 लीटर शराब बरामद की है। आबकारी आयुक्त पी गुरुप्रसाद ने गुरुवार को बताया कि आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रदेश में निरन्तर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त 23 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा 10 वाहनों को जब्त किया गया। आबकारी आयुक्त ने बताया कि पिछले तीन दिनों में प्रदेश भर में कुल 401 मुकदमे दर्ज किए गए, जिसमें 13 हजार 169 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। इसके अलावा शराब बनाने के लिए तैयार किये गए 60 हजार 798 किलो ग्राम लहन को मौके पर नष्ट किया गया। आबकारी आयुक्त ने बताया कि अपर मुख्य सचिव आबकारी विभाग संजय आर भूसरेड्डी के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण एवं इसकी बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार दबिश कराई जा रही है।

**मध्यॉंचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, ई–निविदा अवधि विस्तारण**

**सूचना** एतदद्वारा इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालिक ई–निविदा सं0 21,22/वि0न0वि0मं0 (अष्टम)/2020–21 के आन–लाईन अपलोड होने तथा खुलने की तिथि को दिनांक 28.07.2020 तक के लिये विस्तारित किया जाता है। निविदा की शेष नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगी। **अधीक्षण अभियन्ता (वितरण–अष्टम) लखनऊ।** पत्रांक – 2211, दिनांक – 23.07.2020 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, उ0प्र0 पावर ट्रान्समीशन कारपोरेशन लि0, पो0 डी0एल0डब्लू0, वाराणसी**
**निविदा सूचना संख्या – 01-ET&CD.Vns/2020-21** पंजीकृत सेवाप्रदाता/टूर आपरेटर्स / ट्रैवेल एजेंसियो से विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु उनके अपने लेटर पैड पर निम्न कार्य हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं0–01/2020–21**, विभिन्न विद्युत उपकेन्दों के उपकेन्द्रों के परीक्षण एवं परिचालन व कार्यालय आदि के कार्यों हेतु विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता के प्रयोगार्थ एक नग नया हल्का डीजल वाहन चालक सहित मासिक किराये पर दस माह के लिए। निविदा प्रपत्र बिक्री हेतु इस कार्यालय में 25.07.2020 से 24.08.2020 तक प्रत्येक कार्य दिवस में 12 बजे अपरान्ह तक रू0 200.00 + GST अतिरिक्त पर प्रतिप्रपत्र उपलब्ध है, निविदा प्रपत्र, विभागीय खातें (SBI) में शुल्क जमा करने के पश्चात प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दो भागों में एक साथ प्रस्तुत की जायेंगी। प्रथम भागे में धरोहर धनराशि रू0 2000.00 (रूपये दो हजार) एवं निविदा शुल्क 224 (दो सौ चौबिस) मात्र जी0एस0टी0 सहित अलग–अलग 'Executive Engineer, Electricity Test & Commissioning Division, Varanasi, A/C No.-10852134156, Brach-SBI, DLW Varanasi, IFS CODE - SBIN0001868' के पक्ष में केवल RTGS/NEFT के रूप में देय होगा, एवं GST Declaration Certificate, फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, पैन कार्ड व नियम एवं शर्ते होंगी। दूसरे भाग में दरों का उल्लेख होगा। दोनों भागों के ऊपर निविदा संख्या, दिनांक एवं खोले जाने की तिथि व समय का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए। निविदा खोलने की प्रक्रिया में प्रथम भाग पहले खोला जायेगा। इसे सही पाये जाने पर ही दूसरा भाग खोला जायेगा। निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 24.08.2020 को 14:00 बजे तक स्वीकार की जायेगी जो उसी दिन 15:00 बजे उन्हीं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। जो उपस्थित रहना चाहे। अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। सफल निविदादाता को उपरोक्त कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी के साथ एक अनुबन्ध करना होगा, अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदायें निरस्त कर देने का पूर्ण अधिकार होगा। अन्य नियम एवं शर्ते निविदा फॉर्म में उपलब्ध हैं, जो कि निविदादाता पर लागू होगी। **(ऐनुल होदा) अधिशासी अभियन्ता विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड उ.प्र.पा.का.लि., हाईडिल कालोनी, पो0 डी.एल.डब्लू, वाराणसी–221004.** संख्या – 300, दिनांक – 22.07.2020 **"राष्ट्रहित में बिजली बचायें।**

# सूदखोर से परेशान होकर खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सूदखोरों का आतंक लगातार जारी है। इनके आतंक से परेशान होकर आए दिन कोई न कोई आत्महत्या करने जैसा को अपना कदम उठा रहा है। ताजा मामला हुसैनगंज थाना क्षेत्र का है। यहां एक कबूतरबाज एवं सूदखोर के आतंक से परेशान होकर एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश की। हालांकि युवक ने जहरीला पदार्थ खाने से पहले सुसाइड नोट भी लिखा। हालत बिगड़ने पर घरवाले उसे गंभीर हालत में बलरामपुर अस्पताल ले गए और उसे यहां भर्ती कराया। यहां पीड़ित आईसीयू में जिंदगी मौत की जंग लड़ रहा है। पुलिस ने इस पूरे मामले में पत्नी की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर पूरे मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक हुसैनगंज दिनेश सिंह बीस्ट ने बताया कि दोनों आपस में दोस्त है। दोनों का साथ उठाना बैठना है। प्रारंभिक जाँच में पता चला है कि पीड़ित ने कारोबार शुरू करने के लिए पैसे लिए थे उसी का कुछ मामला है। पीड़ित के बयान लेकर उन्ही के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को दी गई तहरीर में कैंट रोड पुराना किला में रहने वाले पीड़ित की पत्नी आसमा खातून ने कहा है कि उनके पति का कुछ पैसों का लेनदेन मोहम्मद शाहनवाज उर्फ मुन्ना जापानी पुत्र स्वर्गीय महफूज खान निवासी शुतुरखना उदयगंज से चल रहा है। शाहनवाज और उसके पांच छह अज्ञात गुंडे अक्सर उनके पति मोहम्मद अनीस अंसारी को हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी देते थे।

## रक्षाबंधन पर यात्रियों का सहारा बनेंगी रोडवेज बसें

**लखनऊ।** ट्रेन में यात्रियों की भीड़ बढ़ने से सीटों की मारामारी शुरू हो गई हैं। ऐसी स्थिति में यात्रियों के लिए रोडवेज बसें सहारा बनेंगी। लंबी दूरी की रोडवेज बसों सीटें खाली हैं। यात्रियों को इन बसों से लखनऊ से दिल्ली बार्डर समेत यूपी के विभिन्न जनपदों के बीच आवागमन करना आसान होगा। यात्रियों को इसके लिए एडवांस अथवा तत्काल में सीटों की बुकिंग शुरू कर दी गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस बताते है कि अभी एसी बसों में काफी सीटें खाली है। इस बार 29 जुलाई से छह अगस्त तक आठ दिनों के लिए रक्षाबंधन पर अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी।

## बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के भगवानदीन लोधी ने बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना लखनऊ के थाना काकोरी के बड़ा गांव मजरा की है जहां 65 वर्षीय भगवानदीन लोधी ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से सुसाइड नोट बरामद नही हुआ है। ज्ञात हो कि मृतक भगवानदीन लोधी खेती के साथ मंदिर में पूजा पाठ करता था। पुलिस के सामने परिजनों ने ग्राम प्रधान महिला के पति और उसके बेटे पर प्रताड़ित करने का आरोप लगया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इटौंजा इलाके में एक तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि बाइक सवार युवक उछलकर एक दूसरे के ऊपर गिर गए। हेलमेट लगाए होने के बावजूद एक युवक अतुल 18 पुत्र संतोष गौतम निवासी कमोलिया थाना अटरिया की अधिक रक्तस्राव होने से मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दूसरे घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। यहाँ उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने बाइक कब्जे में लेकर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## एकेटीयू ने जारी किया परीक्षा शेड्यूल

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम यूनिवर्सिटी की तरफसे कई ब्रांचों के टेंटेटिव परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर गुरुवार को अपलोड कर दिये गए है। परीक्षाएं 2 सितम्बर से 12 सितंबर के बीच प्रस्तावित हैं। इसमें सम सेमेस्टर के अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स की कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं और एमटेक, एम फॉर्मा व एम आर्कीटेक्ट के स्टूडेंटस की द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम अपलोड किया गया है।

## लूट व दोहरे हत्याकांड में मुल्जिम की जमानत खारिज

**लखनऊ (विसं)।** लूट व दोहरे हत्या के एक मामले में निरुद्ध मुल्जिम आकिब महमूद की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। एडीजे दुर्ग नरायन सिंह ने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। 13 दिसंबर, 2019 को इस मामले की एफआईआर मृतक के भाई मंसूर अहमद ने थाना सआदतगंज में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील एमके सिंह के मुताबिक विवेचना में सीसीटीवी फुटेज से मुल्जिम का नाम भी सामने आया।

## रोडवेज के 137 कमियों को मिला कर्मयोद्धा सम्मान

**लखनऊ।** लॉकडाउन के दौरान श्रमिकों को और अनलॉक में यात्रियों को बेहतर बसों की सुविधा मुहैया कराने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले रोडवेज के 137 कर्मियों को कर्मयोद्धा के प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया। इस दौरान आलमबाग बस अड्डे पर तैनात बुकिंग क्लर्क वेदरत्न वर्मा को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक डीके गर्ग ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके कार्यो की प्रशंसा की। इस बीच उत्कृट सेवाएं देने पर हरिशंकर विश्वकर्मा, महेश कुमार, पंकज मौर्या, राधा प्रधान, भागचंद पाठक को भी सम्मानित किया गया। वहीं चारबाग डिपो के एआरएम अमरनाथ सहाय की ओर से वरिष्ठ संविदा परिचालक मो.जमाल समेत डिपो के अन्य कर्मचारियों को कर्मयोद्धा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।


## पुलिस के हत्थे चढ़े साइबर जालसाज

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर व हजरतगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से बुधवार की देररात मुखबिर की सूचना पर तीन साइबर जालसाजों को दबोच लिया। जालसाजों के कब्जे से तकरीबन दो दर्जन एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन एवं कार बरामद करने का दावा किया है। पकड़े गये जालसाज प्रतापगढ़ का मोहम्मद सद्दाम, इलाहाबाद का विजय द्विवेदी व रायबरेली का देशराज यादव हैं।

## संयुक्त टीम की छापेमारी में खुली मनमानी की पोल

**मोहनलालगंज।** खाद बीज और कीटनाशक की बिक्री में किसानों से मनमाने दाम वसूलने की शिकायत पर गुरुवार को उपनिदेशक कृषि सीपी श्रीवास्तव और उप जिलाधिकारी किंशुक श्रीवास्तव की संयुक्त टीम ने मोहनलालगंज तहसील की दर्जनभर से अधिक दुकानों में छापेमारी की। उपनिदेशक ने बताया कई दुकानदार कीटनाशक बिक्री का लाइसेन्स लेकर खाद और बीज की भी बिक्री करते मिले। नगराम में किसान ने खाद के साथ अन्य पोषक तत्व लगाकर बिक्री में अधिक दाम वसूलने की शिकायत दर्ज कराई जिस पर दुकानदार को सख्त हिदायत देने के साथ नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। मोहनलालगंज के निकट और खुझौली में कीटनाशक और बीज बिक्री कर रहे दुकानदार लाइसेन्स नही दिखा पाए।

## सीएमएस छात्र को साठ हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के मेधावी छात्र अयांश सिंह को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ सिनसिनाटी द्वारा 60,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। अयांश को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। इस प्रकार, सीएमएस के एक और होनहार छात्र ने अपनी लगन, प्रतिभा व शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर उच्चशिक्षा हेतु विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र की सफ्लता पर हार्दिक बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कांग्रेस मुख्यालय में मनी शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**स्वाधीनता** आन्दोलन के अप्रतिम योद्धा अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। इस अवसर पर मौजूद वरिष्ठ नेताओं ने अमर शहीद चन्द्रशेखर के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि इस मौके पर वरिष्ठ नेताओं ने अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के प्रति प्रेम की इससे बड़ी कोई भी मिसाल नहीं हो सकती। चन्द्रशेखर आजाद ने देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुए अपने प्राणों को उत्सर्ग कर दिया। उनका जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। आने वाले युगों युगों तक उनका देश प्रेम और बलिदान याद किया जायेगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, महासचिव मनोज यादव, शाहनवाज आलम आदि तमाम कांग्रेसजनों ने अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## सुरेश निर्विरोध प्रांतीय अध्यक्ष व पुनीत बने महामंत्री



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश फेडरेशन आफ मिनिस्टीरियल सर्विस एसोसिएसन्स का 37वां द्विवार्षिक अधिवेशन बृहस्पतिवार को लखनऊ में संपन्न हुआ। अधिवेशन के दूसरे दिन अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी सरकारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसपी सिंह के देखरेख में विधिवत् निर्वाचन किया गया, जिसमें कृषि विभाग के कर्मचारी नेता सुरेश कुमार सिंह को निर्विरोध प्रान्तीय अध्यक्ष व पुनीत कुमार त्रिपाठी को प्रान्तीय महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामलाल यादव, दिनेश सिंह, हेमंत कुमार गुजर, ऋषि भटट्, संजीव कुमार सक्सेना, पीके पाण्डेय, महेन्द्र प्रताप सिंह, राजकुमार चौहान, प्रान्तीय संगठन मंत्री पद पर रामसिंह यादव, पियूष कुमार श्रीवास्तव, प्रान्तीय मंत्री पद पर राजीव कुमार जायसवाल, सौरभ श्रीवास्तव, भूपेन्द्र निगम, प्रचार मंत्री पद पर सुशील कुमार, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष पद पर राजीव कुमार श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी पद पर प्रदीप कुमार शुक्ला सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी महोली, सीतापुर

पत्रांक – 297/मनरेगा/लेखा0/सामग्री/नि०सू0/2020–21 दिनांक –22 जुलाई, 2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना में स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यो को करवाने हेतु क्षेत्र के ईंट भट्ठा/इण्टरलाकिंग ईंट विक्रेताओं तथा निर्माण सामग्री विकताओं एंव क्षेत्र पंचायत महोली के पंजीकृत सामग्री आपूर्तिकर्ता से निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आपूर्ति हेतु दिनांक 14.08.2020 को सायं 02 बजे अपरान्ह तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा फार्म दिनांक 25.07.2020 से दिनांक 10.08.2020 तक कार्यालय कार्य दिवस में विक्रय किये जायेंगे। टेन्डर फार्म का मूल्य 500/– रू0 प्रति फार्म होगा, तथा दिनांक 14.08.2020 को पूर्वान्ह 12 बजे से अपरान्त 03 बजे तक विक्रित निविदायें निविदा बाक्स में डाली जायेंगी। तदोपरान्त उसी दिन खण्ड विकास अधिकारी कक्ष में उपस्थित ठेकेदारों/निविदादाताओं के समक्ष अपरान्ह 03 बजे गठित समिति की उपस्थिति में खोली जायेंगी। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। सामान्य घरोहर के रूप में कार्य की लागत का 02 प्रतिशत की धनराशि को जमा करना होगा, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एफ0डी0आर0 अथवा डाकघर से निर्गत बचत पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो खण्ड विकास अधिकारी महोली के पक्ष में बन्धक होगा। निविदादाता के द्वारा प्रस्तुत बिल से 2 प्रतिशत आय कर व सरजार्च, 02 प्रतिशत जी0एस0टी0 की कटौती की जायेगी, तथा अवशेष जमानत राशि 08 प्रतिशत निविदा स्वीकृति पश्चात एफ0डी0 के रूप प्रस्तुत करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति निर्दिष्टि सम्पर्क मार्ग/कार्यस्थल पर सम्बन्धित कार्यप्रभारी के निर्देशन पर करना होगा। सामग्री की दरों में लदाई/उतराई, दुलाई भाड़ा आयकर एंव व्यापार कर शामिल होगा। सामग्री की मात्रा अनुमानित से कम या अधिक हो सकती है, भुगतान वास्तविक आपूर्ति के आधार पर किया जायेगा। अघोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि किसी या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त कर दे। अन्य शर्तो की जानकारी किसी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से की जा सकती है।

| क्र0 | निर्माण कार्य का नाम | सामग्री की लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 02 प्रतिशत लाख में | टेण्डर फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पाल्हापुर पेन्टेड रोड से लालता के मकान तक इण्टरलांकिग कार्य | 8.500 | 0.17 | 500/- |
| 2 | चिरागअली पेन्टेड रोड से गांव के पश्चिम तक सी०सी० कार्य | 7.860 | 0.157 | 500/- |
| 3 | कुसैला पेंटेंड रोड से दक्षिण विद्यालय इण्टरलांकिंग कार्य | 8.461 | 0.17 | 500/- |
| 4 | अमिलिया टेढ़ी पुलिया से पिपरझला रोड तक खड़जा कार्य | 7.953 | 0.16 | 500/- |
| 5 | हरदासपुर पेन्टेड रोड से गांव के पश्चिम तक इण्टरलांकिंग कार्य | 8.116 | 0.162 | 500/- |
| 6 | जलालपुर कुसैला पेन्टेड रोड से सढ़ियामऊ रेलवे तक खड़जा कार्य | 4.173 | 0.083 | 500/- |
| 7 | बसारा में पेन्टेड रोड से गांव तक इण्टरलांकिंग कार्य | 8.113 | 0.162 | 500/- |
| 8 | प्रीतमपुर प्राथमिक विद्यालय से रघुनाथपुर पेन्टेड रोड तक खड़ण्जा | 2.936 | 0.059 | 500/- |
| 9 | खेरवा पुलिया बसवै पेन्टेड रोड तक पुलिया, खड़जा, मिट्टी कार्य | 7.687 | 0.153 | 500/- |
| 10 | मूड़ा बगचन सम्पर्क मार्ग ड्रेन पर बड़ी पुलिया अप्रोच व खड़जा कार्य | 7.417 | 0.148 | 500/- |
| 11 | भगवानपुरग्रण्ट से शील्हापुर तक खड़जा कार्य | 8.022 | 0.16 | 500/- |

**खण्ड विकास अधिकारी,**
**महोली, सीतापुर।**

# कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरीगंज, जनपद-अमेठी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् गौरीगंज जनपद अमेठी ने अपनी सीमा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश शासन के आदेश सं0 408/9–10–63ए/95–टी0सी0 दिनांक 22 फरवरी, 2010 के अनुपालन में उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों प्रयोग करके समस्त प्रकार के आवासीय एवं व्यवसायिक भवनों एवं भूमि/भूखण्ड पर स्वकर प्रणाली के अंतर्गत सम्पत्ति कर निर्धारण एवं नामान्तरण उपविधि प्रस्तावित करती है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस उपनियमावली के संबंध में कोई भी दावा/आपत्ति अथवा सुझाव देना है तो वह नियमावली के प्रकाशन की तिथि से एक माह के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद् गौरीगंज , अमेठी में लिखित में दे सकता है। निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति अथवा सुझाव पर विचार नहीं किया जाएगा। उपनियमावली का विवरण निम्नलिखित हैं।

## उपविधि

1. नाम– यह उपविधि नगर पालिका परिषद् गौरीगंज सम्पत्ति कर निर्धारण एवं नामान्तरण उपविधि, 2020 कहलायेगी, जो नगर पालिका परिषद् की सीमा के अदंर राजकीय गजट में प्रकाशित तिथि से लागू होगी। लेकिन यदि कोई भी व्यक्ति इस उपनियमावली के प्रकाशन की तिथि से ही प्रकाशित उपनियमावली के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न कर एवं शुल्क का निर्धारण कराकर उसे जमा कर सकता है।

2. अर्थ– स्वकर प्रणाली के अंतर्गत भवन/भूमि स्वामी स्वयं ही अपने भवन की माप कर इस उपविधि के खण्ड 'ख' में उल्लिखित दरों के आधार पर आंगणन कर भवन/भूमि पर संपत्ति कर निर्धारण कर सकेगी।

3. परिभाषाएं– **इस नियमावली के विषय या प्रसंग में कोई बात प्रतिकूल न होने पर –**

1. नगर पालिका क्षेत्र से तात्पर्य नगर पालिका परिषद् गौरीगंज की सीमा के अंतर्गत आने वाले उसके अधिसूचित क्षेत्र से है।
2. नगर पालिका परिषद् गौरीगंज से तात्पर्य संविधान के अनुच्छेद 243–घ के खण्ड के उपखण्ड 'क' के अधीन व उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 के अधीन गठित नगर पालिका से है।
3. अध्यक्ष नगर पालिका से तात्पर्य नगर पालिका परिषद् गौरीगंज की जनता द्वारा चुना गया अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से है।
4. अधिशासी अधिकारी से तात्पर्य नगर पालिका परिषद् गौरीगंज में इन पद पर नियुक्त/कार्यरत अधिकारी से है।
5. कर समाहर्ता या राजस्व लिपिक से तात्पर्य नगर पालिका परिषद् गौरीगंज में इन पदों पर कार्यारत कर समाहर्ता अधिकारी से है।
6. भवन/भूमि से तात्पर्य नगर पालिका परिषद् गौरीगंज की सीमान्तर्गत स्थित भवन/भूमि से है।
7. स्वकर निर्धारण प्रणाली से तात्पर्य उस व्यवस्था से है जिसे उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश संख्या 408/9–10–63ए/95–टी0सी0 दिनांक 22 फरवरी, 2010 एवं उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश संख्या 135/9–9–11–190द्वि0रा0वि0आ0/04, दिनांक 18 मार्च, 2011 द्वारा उत्तर प्रदेश की समस्त निकायों में लागू किया गया है एवं आदेश संख्या 344/79–वि–1–11–1'क' 15–2011, लखनऊ दिनांक 11 मार्च, 2011 द्वारा राजपत्र में प्रकाशित किया गया है।
8. आवासीय भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसका प्रयोग उसके स्वामी/अध्यासी द्वारा निवास के रुप में किया जा रहा है।
9. व्यवसायिक भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसका प्रयोग व्यवसायिक गतिविधियों के रुप में किया जा रहा है।
10. मिश्रित भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसका प्रयोग आवासीय के साथ–साथ व्यवसायिक गतिविधियों के रुप में भी किया जा रहा है।
11. पक्का भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसका छत आर0सी0सी0 पद्धति से निर्मित हो, तथा आधुनिक भवन निर्माण साम्रगी का प्रयोग किया गया है।
12. अन्य पक्का भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसकी छत कड़ी पटिया से निर्मित हो।
13. कच्चा भवन से तात्पर्य उस भवन से है जिसकी छत अस्थाई साधनों यथा छप्पर, लोहा/सीमेन्ट की चादर आदि से निर्मित है।
14. मासिक किराया दर से तात्पर्य इस उपविधि में भवनों/भूमि हेतु कारपेट आच्छादित क्षेत्रफल के लिए अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारण प्रति वर्ग फुट किराये से है।
15. वार्षिक मूल्य से तात्पर्य पालिका अधिनियम की धारा 140 में उल्लिखित वार्षिक मूल्य से है।
16. कारपेट एरिया से तात्पर्य उस क्षेत्र से है जैसे कि इस प्रयोजन के लिए दिनांक 11 मार्च, 2011 को उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रकाशित किया है।
17. आच्छादित क्षेत्र का तात्पर्य नींव क्षेत्र पर जिस पर भवन का सनिर्माण किया जाता है, प्रत्येक तल के आच्छादित क्षेत्र है।
18. मौहल्ले की श्रेणी से तात्पर्य मौहल्ले में विकास की स्थिति, भवनों की स्थिति, नाली, सड़क, स्थानीय लोगों के रहन–सहन एवं भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के प्रयोजनों के लिए कलक्टर द्वारा नियत सर्किल दर के अधार पर अधिशासी अधिकारी द्वारा नियत की गयी से है।
19. मार्ग की चौड़ाई से तात्पर्य सार्वजनिक मार्ग के दानों ओर स्थित सरकारी नाला/नाली के मध्य की दूरी से है।

4. **कारपेट क्षेत्रफल की गणना विधि–प्रत्येक तल के लिए कारपेट क्षेत्र की गणना निम्न प्रकार से की जाएगी –**

1. कक्ष–आंतरिक आयात की पूर्ण माप वर्ग फुट में
2. आच्छादित बरामदा–आंतरिक आयात की पूर्ण माप वर्ग फुट में
3. बाल्कनी, गलियारा, रसोईघर और भण्डार गृह–आंतरिक आयाम की 50 प्रतिशत माप 'वर्ग फुट में
4. गैराज–आंतरिक आयात की 25 प्रतिशत माप 'वर्ग फुट में 5–स्नानागर, शौचालय, द्वारमण्डप और जीना से आच्छादित क्षेत्रफल कारपेट क्षेत्रफल का अंग नहीं होगा। स्पष्टीकरण–उत्तर प्रदेश शहरी भवन श्किराये पर देने, किराये तथा बेदखली का विनियमनश अधिनियम 1972 के प्रयोजनो के लिए किसी भवन का मानक किराया, अनुबंधित किराया या युक्तियुक्त वार्षिक किराये को भवन के वार्षिक किराये को भवन के वार्षिक मूल्य की गणना करते समय हिसाब में नहीं लिया जाएगा।

5. **वार्षिक मूल्य की गणना विधि**

1. आवासीय भवनध्भूमि का वार्षिक मूल्य 12 X क्षेत्रवार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर X भवन के आच्छादित क्षेत्र का 80 प्रतिशत।
2. व्यवसायिक भवन का वार्षिक मूल्य 12 X 3 X क्षेत्रवार प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दर X भवन का कारपेट एरिया। स्पष्टीकरण–मिश्रित भवनों के लिए वार्षिक मूल्य, आवासीय एवं व्यवसायिक दोनों के वार्षिक मूल्य की अलग–अलग गणना के योग के बराबर होगा।

6. **वार्षिक मूल्य के आधार पर आंगणिक कर से संबंधित आधार भूत तथ्य**

1. मासिक किराया प्रति वर्ग फुट की दर से देय होगा। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार भवन एवं भूमि की स्थिति, भवन निर्माण की प्रकृति, भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के प्रयोजन के लिए कलेक्टर/जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सर्किल दर के आधार पर नियत किया जाएगा। 2 वर्षो के उपरान्त प्रति वर्ग फुट मासिक किराया दरों का परिवर्तन किया जा सकेगा।
3. अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र या उसके भाग में उपविधि में विहित प्रावधानों के अनुसार समय–समय पर किराया दर का निर्धारण एवं कर निर्धारण किया जाएगा।
4. वार्षिक कर निर्धारण के प्रयोजनों के लिए प्रत्येक भवन एवं भूमि स्वामी या अध्यासी प्रत्येक वित्तीय वर्ष के प्रथम माह में नगर पालिका द्वारा निर्धारित प्रारूप में भरकर नगर पालिका परिषद गौरीगंज के कार्यालय में प्रस्तुत करेगा। यदि भवन नवनिर्मित है तो निर्माण पूर्ण होने के 15 दिवस के भीतर पूर्ण विवरण–पत्र/प्रारूप नगर पालिका कार्यालय में जमा करे। अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रारूप में दर्ज सूचनाओं की शुद्धता का परिक्षण कराने हेतु प्रधिकृत कार्मिक/कर समाहर्ता/राजस्व लिपिक/कर निरीक्षक से भवन की जांच कराई जा सकती है।
5. बिना समुचित कारण के उपधारा 4' में विनिर्दिष्ट विवरणी की प्रस्तुत करने में विफल रहने या भवन से संबंधित किसी प्रकार का तथ्त छिपाने पर, कोई व्यक्ति रु0 1,000.00 से 10,000.00 तक शास्ति भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होगा।
6. उपधारा '5' एवं अधिनियम में विनिर्दिष्ट शास्ति का प्रशामन एवं अधिनियम की धारा 140, 141, 142, 143, 144, व 149 का प्रवर्तन अधिशासी अधिकारी के द्वारा किया जाएगा।
7. सम्पत्ति कर की स्वकर प्रणाली लागू करने से पूर्व अधिशासी अधिकारी द्वारा भवन/भूमि के स्वामी/अध्यासी के संबंध में सर्वे कराया जाएगा। यदि किसी एक भवन में आवासीय एवं व्यवसायिक दोनों गतिविधियों पायी जाती है तो भवन आवासीय एवं व्यवसायिक माना जाएगा। यदि भवन बहु मंजिला है जिसमें कुछ तल पर व्यवसायिक गतिविधिया एवं उसके अन्य शेष तल में आवासीय के रूप में प्रयोग किया जा रहा हो तो इसमें कर का निर्धारण पृथक पृथक किया जाएगा। जिन भवनों/भूमियों के संबंध में स्वमित्व संबंधी विवाद हैं अथवा सर्वे में जिनके स्वामियों का पता नहीं चलता है तो सम्पत्ति कर के भुगतान का दायित्व ऐसे भवनों में रहने वाले किरायेदार /अध्यासी का ही होगा।

7. **सम्पत्ति कर एवं अन्य कर की दर**

भवन एवं भूमि के सापेक्ष आंगणिक वार्षिक मूल्यांकन का 10 प्रतिशत संपत्ति कर निर्धारित होगा। इसके अतिरिक्त नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं समय–समय पर शासनादेशों द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार भवनों पर जल कर भी अधिरोपित किया जाएगा। लेकिन जब तक जलकर निर्धारित नहीं किया जाता है तब तक निकाय में जल मूल्य प्रभावी होगा। जिसकी दर निम्नलिखित प्रकार से होगी। आवासीय भवनों पर रु0 50.00, तथा वाणिज्यिक भवनों पर रु0 100.00 प्रतिमाह की दर से जल मूल्य देय होगा। शासनादेशों में दिये गये प्रविधानों के अनुसार जल मूल्य की दरों में वृद्धि/परिवर्तन किया जा सकता

8. **कर निर्धारण सूची का अधिप्रमाणन और उसकी अभिरक्षा**

1. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका क्षेत्र या उसके किसी भाग के क्षेत्रवार किराया दरों और निर्धारण सूची को अपने हस्ताक्षर से अधिप्रमाणित करेगा। 2– इस प्रकार अधिप्रमाणित प्रत्येक सूची को नगर पालिका के कार्यालय में जमा किया जाएगा।

9. **संपत्ति कर जमा करने के संबंध में प्रावधन**

1. भवन एवं भूमि के स्वामियों द्वारा 30 सितम्बर तक चालू मांग का सम्पत्ति कर जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगा।
2. भवन एवं भूमि के स्वामियों द्वारा 30 नवंबर तक चालू मांग का सम्पत्ति कर जमा करने पर 05 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।
3. भवन एवं भूमि के स्वामियों द्वारा 30 नवंबर के बाद 31 मार्च तक चालू मांग का सम्पत्ति कर जमा करने पर न तो कोई छूट दी जाएगी और न ही ब्याज आरोपित किया जाएगा। परन्तु 31 मार्च के पश्चात सम्पत्ति कर जमा करने पर अर्थ दण्ड के रुप में 2 प्रतिशत मासिक चक्रवृद्धि ब्याज देय होगा। ब्याज की गणना करों को जमा करने की तिथि से संबंधित माह की अंतिम तिथि तक की जाएगी।
4. करों से संबंधित धनराशि सीधे निकाय के बैंक खाते में जमा करने के संबंध में परिस्थितिजन्य निर्णय लेने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।
5. नगर पालिका की अन्य उपविधियों/अधिनियम/शासनादेशों आदि का उल्लंघन करने पर आरोपित शास्तियों को उल्लंघनकर्ता के सम्पत्ति कर खाते में अवशेष देनदारी के रुप में दर्ज किया जा सकता है एवं अवशेष करों/शास्तियों/देयताओं के संबंध में अधिशासी अधिकारी को यह विश्वास होने पर कि पर्याप्त समय के उपरान्त भी करदाता द्वारा देनदारियां नहीं चुकायी गयी हैं, समस्त देनदारियों को भूराजस्व के बकाये के रुप में वसूले जाने हेतु कार्यवाही प्रारम्भ की जा सकती है।

10. **कर मुक्ति प्रावधान– भवन एवं भूमि दोनों के वार्षिक मूल्य पर संपत्ति कर का उद्ग्रहण, नगर पालिका सीमा में स्थित निम्नलिखित को छोड़कर, समस्त भवनों और भूमि के संबंध में किया जाएगा।**

1. मृतकों के निस्तारण से संबंधित प्रयोजनों के लिए अनन्य रुप से प्रयुक्त भवन या भूमि।
2. भवनों और भूमि या उसके भाग, जिसका अधिभाग और उपयोग अनन्य रुप से सार्वजनिक पूजा या धर्मार्थ प्रयोजनों/अनुसंधान सरकारी सहायता प्राप्त या गैर सहायता प्राप्त संस्थाओं के मैदान, कृषि क्षेत्र, उद्यान, और खेल के मैदान या क्रीड़ा स्टेडियम के लिए किया जाता हो।
3. राज्य सरकार व केन्द्र सरकार से मान्यता प्राप्त सरकारी भवन, जिनका उपयोग अनन्य रूप से विद्यालय या इण्टरमीडिएट कालेज एवं अन्य शैक्षणिक संस्थान के रूप में प्रयोग किया जाता है। शैक्षणिक गतिविधियों से इतर परिसर कर मुक्ति दायरे से बाहर होंगे।
4. ऐसे भवन,जिनका उपयोग केन्द्र व राज्य सरकार के कार्यालय के लिए होता हो कर मुक्ति के दायरे में आयेंगें। परन्तु वाणिज्यिक बैंक/वाणिज्यिक भवन कार्यालय कर के परिधि में होंगें।
5. प्राचीन स्मारक परिरक्षण अधिनियम, 1904 में यथा परिभाषित प्राचीन स्मारक, जो किसी ऐसे स्मारक के संबंध में राज्य सरकार के किसी निर्देश के अध्यधीन हो।
6. केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा स्थापित एवं संचालित चिकित्सालय कर के दायरे से बाहर होंगे।

11. **सम्पत्ति के हस्तानांतरण सम्बन्धी नियम/सम्पत्ति रजिस्टर में नाम परिवर्तन संबंध नियम।**

1. यदि किसी भवन अथवा भूमि जिस पर कर आरोपित है, स्वामित्व हस्तानांतरित होता है, तो स्वत्व पाने वाला व्यक्ति या संस्था, ऐसे हस्तानांतरण के 3 माह के अंदर उसकी सूचना, बैनामे की प्रमाणित छायाप्रति व अन्य अपेक्षित दस्तावेजों के साथ क्रय धनराशि या वर्तमान प्रचलित सर्किल दर के अनुसार संपत्ति की कीमत 'जो अधिक हो का एक प्रतिशत की धनराशि नामान्तरण शुल्क के रुप में नगर पालिका में जमा करते हुए अधिशासी अधिकारी को आवेदन प्रेषित करना होगा। अन्यथा स्थिति में रु0 250.00 प्रतिवर्ष की दर से विलम्ब शुल्क भी देय होगा। नामान्तरण शुल्क जमा करने का दायित्व स्वत्व पाने वाला व्यक्ति या संस्था का होगा।
2. यदि किसी करदाता अथवा भवन / भूमि के स्वामी की मृत्यु हो जाती है तो उसके वारिस / उत्तराधिकारी द्वारा मृत्यु की दिनांक से 3 माह के अंदर इसकी लिखित सूचना नामान्तरण शुल्क रू0 1000.00 के साथ नगर पालिका में जमा करते हुए अधिशासी अधिकारी को प्रेषित करना होगा। अन्यथा रु0 250.00 प्रतिवर्ष की दर से विलंब शुल्क भी देय होगा।
3. नामान्तरण के आवेदन का निस्तारण अधिकतम 3 माह के अंदर कर दिया जाएगा।

12. **शास्ति एवं अर्थदण्ड**

इस उपविधि के किसी भी उपबन्ध का उल्लघन करने अथवा भवन से संबंधित किसी भी प्रकार की तथ्य/जानकारी छिपाने पर भवन स्वामी / भूमि स्वामी पर रु. 1000.00 से 10,000.00 तक का अर्थदण्ड आरोपित किया जा सकता।

13. **उपसंहार**

इस उपविधि के प्रचलन में आते ही नगर पालिका परिषद् गौरीगंज की पूर्व में प्रचालित गृहकर उपविधि / सम्पत्ति कर उपविधि स्वतः ही खण्डित मानी जाएगी। यद्यपि कि पूर्व में प्रचलित उपविधि के अंतर्गत सभी अवशेष देयताओं की वसूली की जाएगी।

1. **नगर में स्थित आवासीय भवनों/भूमि हेतु मार्ग की चौड़ाई के आधार पर स्वकर निर्धारण हेतु प्रस्तावित मासिक किराया दर 'रु. प्रति वर्ग फुट में'।**

| 1 | सड़क की चौ0 0–07–मी0 पर अवस्थित | | | सड़क की चौ0 07–12 मी0 पर अवस्थित | | | सड़क की चौ0 12 मी0 से अधिक पर अवस्थित | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | आर0सी0सी0 / आर0बी0सी0 / पक्का (रू0) | अर्ध पक्का (रु0) | कच्चा (रु0) | आर0सी0सी0 / आर0बी0सी0 / पक्का (रू0) | अर्ध पक्का (रु0) | कच्चा (रु0) | आर0सी0सी0 / आर0बी0सी0 / पक्का (रू0) | अर्ध पक्का (रु0) | कच्चा (रु0) |
| 3 | 1.00 | 0.75 | 0.50 | 1.10 | 0.80 | 0.55 | 1.20 | 0.85 | 0.60 |

नोट–उपरोक्त दरों का प्रकाशन पृथक से भी किया जा सकेगा।

**(निशान्त तिवारी)**
**लिपिक**
**नगर पालिका परिषद**
**गौरीगंज अमेठी**

**(सुरजीत कुमार सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गौरीगंज अमेठी**

**(राजपती)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**गौरीगंज अमेठी**

## दिल्ली में घटे कोरोना मामले

### सीरो सर्वेक्षण के महत्वपूर्ण नतीजे

**कोविड**-19 के खिलाफ संघर्ष में डिजीज़-मैपिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि इससे संक्रमण रोकने की रणनीतियां बनाने में सहायता मिलती है। दिल्ली में पहले सीरो या नागरिकों में बनी एंटीबाडीज़ के सर्वेक्षण से पता चलता है कि शहर में बीमारी किस स्तर तक फैली है। स्वयं कोविड-19 से मुक्ति पा चुके दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येन्द्र जैन ने घोषणा की है कि ऐसा सर्वेक्षण हर महीने कराया जाएगा क्योंकि इससे बीमारी से लड़ने की तैयारी की स्थिति का पता चलता है। दिल्ली में हर चार में से एक व्यक्ति संक्रमित हुआ था क्योंकि कुल नमूनों में से 23.5 में एंटीबाडी पाई गई हैं। इसका अर्थ है कि दिल्ली में लगभग 47 लाख लोग संक्रमित हुए थे और वे अपने आप ठीक हो गए। हालांकि, यह हर्ड से बहुत दूर है, पर एक प्रकार की इम्यूनिटी विकसित हुई है। यह दर उत्तरी दिल्ली में सबसे अधिक तथा दक्षिणी दिल्ली में सबसे कम है। मृत्यु दर अप्रैल अंत की तरह 0.07 प्रतिशत बनी हुई है। इससे स्पष्ट है कि दिल्ली की घनी बस्ती वाले क्षेत्रों में मामले उतने अधिक नहीं होंगे जितनी आशंका थी। लेकिन इसके लिए हमें कठोर निगरानी तथा कोविड-19 से बचने के व्यवहार पर गंभीरता से अमल करना होगा। अब तक नियम लागू करने का तरीका ऊपर से नीचे वाला रहा है, लेकिन अनलाक की स्थिति में यह संभव नहीं है। ऐसे में जनता तथा समुदाय को आत्मानुशासन विकसित करना होगा। इस सर्वेक्षण के बाद सीलिंग की योजनाओं में संभावित संक्रमण के अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है। उच्च जोखिम वाले समूहों के अधिकांश लोग-वृद्ध, बच्चे व अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोग ज्यादातर घरों में कैद रहे हैं और अब उनमें बेचैनी बढ़ रही है। इसलिए ग्रीन क्षेत्रों में टेस्टिंग बढ़ा कर नए मामलों पर गहरी नजर रखना ठीक होगा। दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-एनसीआर में सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से सीरो निगरानी की जानी चाहिए। संक्रमण पर लगाम लगाने के



लिए यह जरूरी है।

हालांकि, एंटीबाडीज़ के बनने तथा इम्यूनिटी पर अनेक सवाल हैं। दुनिया भर में हुए शोध से स्पष्ट है कि ठीक हुए रोगियों में पुन: संक्रमण हो सकता है। कुछ अध्ययनों में लगभग 2 महीने में एंटीबाडीज़ में तेज गिरावट देखी गई है, जबकि कुछ में अनुमान लगाया गया है कि 6 महीने बाद विरले ही पुन: संक्रमण हो सकता है। अत: अभी और वैज्ञानिक प्रमाणों की आवश्यकता है। इसलिए कोविड के भारतीय स्ट्रेन के कमजोर होने के अनुमानों के बावजूद कुछ समय बाद वैक्सीन आने तक हमें सोशल डिस्टेंसिंग, हाथों की सफाई तथा मास्क पहनना जारी रखना होगा। हमें अपनी तैयारी में ढिलाई से बचना होगा। अनुमान है कि दिल्ली में जुलाई अंत तक मामले पांच लाख से अधिक हो जाएंगे। ऐसे में स्वास्थ्यरक्षा ढांचा लगातार मजबूत करने तथा टेस्टिंग व जल्दी इलाज को बढ़ावा देना जरूरी है। दिल्ली में अब कोविड केयर अस्पतालों में 15,000 से अधिक बिस्तर हैं तथा क्रिटिकल केयर ढांचे में भी सुधार हुआ है। चूंकि 80 प्रतिशत से अधिक कोविड रोगियों को अस्पतालों में भर्ती करने की आवश्यकता नहीं होती है, इसलिए होम क्वारंटीन को बढ़ावा देकर यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि लोग संस्थागत सुविधाओं में क्वारंटीन के भय से लक्षण छिपाने के बजाय जांच के लिए सामने आएं। हमारी विशाल जनसंख्या को देखते हुए टेस्टिंग पर और जोर देना होगा। निजी क्षेत्र की और ज्यादा प्रयोगशालाओं को परीक्षण प्रमाणन देने की आवश्यकता है। रैपिड एंटीजेन टेस्ट जल्दी होते हैं, पर ये सटीक नहीं होते हैं, जबकि स्वैब टेस्ट से संक्रमण का स्पष्ट रूप से पता लगता है। इसलिए आगे बढ़ने का रास्ता ज्यादा स्वैब टेस्ट करना है। हालांकि, एंटीजेन परीक्षित हर रोगी की निगरानी संभव नहीं है, पर इनमें से कुछ का स्वैब परीक्षण भी होना चाहिए। दिल्ली में अधिकांश मामले बिना लक्षणों वाले हैं, इसलिए स्थिति कभी भी विस्फोटक हो सकती है। ऐसे में शहर को कम से कम एक साल की योजना बनानी चाहिए।

# बलूच स्वतंत्रता का समर्थन करे भारत

**बलूचिस्तान की रणनीतिक स्थिति को देखते हुए भारत को बलूच आंदोलन का समर्थन कर इसे आजाद होने में सहायता करनी चाहिए। यह पाकिस्तान व चीन के खिलाफ भारत को महत्वपूर्ण रूप से शक्तिशाली बनाएगा।**



**निशिकांत दुबे**
(लेखक लोकसभा सांसद हैं)




जम्मू कश्मीर भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक रूप से भारत का अभिन्न अंग है। भाजपा सरकार द्वारा पिछले साल अनुच्छेद 370 समाप्त करने के निर्णय ने इस राज्य को बाकी भारत के साथ मजबूती से जोड़ा है। देश की स्वतंत्रता के पहले जम्मू कश्मीर एक मुस्लिम बहुत देशी रियासत थी जिस पर हरि सिंह का शासन था। राजा व प्रजा के बीच अच्छे संबंधों के कारण राज्य में शांति थी। लेकिन कांग्रेस की चार नीतियों के कारण राज्य की स्थिति बदली। पहला, कांग्रेस ने 1919 के खिलाफ़त आंदोलन का समर्थन किया जिससे मुस्लिम लीग प्रकाश में आई और एम.ए. जिन्ना महत्वपूर्ण राजनेता बन गए। उन्होंने भारत के विभाजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे 'कश्मीर समस्या' शुरू हुई।

दूसरा, खिलाफ़त आंदोलन के बाद कश्मीर राजनीतिक रूप से गतिशील हो गया। अनेक समूह सामने आए जो मुसलमानों के समर्थन का दावा करते थे। इनमें महाराजा हरि सिंह के समर्थक, जिन्ना के नेतृत्व वाली मुस्लिम लीग, धार्मिक नेता मीरवैज़ शाह के नेतृत्व वाली आजाद कान्फ्रेंस तथा शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली जम्मू कश्मीर नेशनल कांग्रेस शामिल थीं। इन चार समूहों ने मुसलमानों का समर्थन पाने के लिए संघर्ष किया तथा अशांत राज्य के सामाजिक-राजनीतिक ढांचे में गहरे विभाजन पैदा किए। 1940 के दशक में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 'कश्मीरियत' की भावना पैदा की तथा राज्य की सहायता पर जोर दिया। समस्या समाधान के प्रयास में नेहरू ने शेख अब्दुल्ला का समर्थन कर अन्य तीन समूहों को अलग कर दिया, जबकि उनको भी कश्मीरी जनता का समान समर्थन प्राप्त था। इससे विभाजन और गहरा हुआ।

तीसरा, महात्मा गांधी ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ 'भारत छोड़ो' आंदोलन शुरू किया जो 1945 में जम्मू कश्मीर पहुंच गया। जहां देश के अन्य भागों में यह आंदोलन अंग्रेजों के खिलाफ था, वहीं कश्मीर में शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व तथा नेहरू के समर्थन में यह महाराजा हरि सिंह के शासन के खिलाफ था। जिन्ना ने उथलपुथल भरे समय में हरि सिंह का समर्थन किया। इस प्रकार नेहरू के प्रति हरि सिंह का अविश्वास विलय दस्तावेज पर हस्ताक्षर में उनकी हिचक का प्रमुख कारण था। हरि सिंह की इस हिचक से पाकिस्तान को अवसर मिल गया और उसने बलपूर्वक कश्मीर पर कब्जा करने के लिए घुसपैठ की। नेहरू व हरि सिंह के बीच खराब संबंध पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर-पीओके के रूप में सामने आए। अंतत: नेहरू अनुच्छेद 370 व 35ए पास करने की अपने 'मित्र' शेख अब्दुल्ला की मांग से सहमत हुए जिनसे कश्मीर को अलग संविधान, झंडा व राज्य प्रमुख रखने का अधिकार मिला। इससे एक समय शांत रहा यह राज्य भारत से और दूर हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने राज्य को भारत में समाहित करने में सफलता प्राप्त की तथा इससे उग्रवाद-प्रभावित राज्य में शांति और विकास का युग शुरू हुआ।

पिछले सात दशक से पाकिस्तान ने सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर व संगठनों में अपने दो अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों-पीओके व बलूचिस्तान पर दावों को उचित ठहराया है। हाल ही में उसने अपने खर्च पर कुछ ब्रिटिश व यूरोपीय संसद सदस्यों का दौरा पीओके में करवा कर इस क्षेत्र में धोखाधड़ी वाले चुनावों को वैध ठहराने का प्रयास किया। भारत की स्वतंत्रता के पहले बलूचिस्तान पर कलत के खान का शासन था जिनको जबरन बंदूक की नोक पर कराची ला कर विलय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर कराए गए। लेकिन खान के निर्णय की पुष्टि नेशनल असेंबली के दोनों सदनों द्वारा की जानी थी जो पाकिस्तान में बलूचिस्तान के विलय को मान्यता देती। 12 अगस्त, 1947 को पाकिस्तान की स्वतंत्रता के दो दिन पहले सदनों ने इस देश के विलय को अस्वीकार कर दिया और इसे स्वतंत्र राज्य बनाने का फैसला किया।

इस प्रकार बलूचिस्तान पर पाकिस्तान का कब्जा अवैध है। इस अवैध कब्जे के कारण बलूच जनता पाकिस्तान से पूरी तरह जुड़ नहीं सकी तथा बलूचों व पाकिस्तानियों की संस्कृति, सामाजिक व्यवहार व मूल्य एकदम अलग हैं। इस कारण दोनों के बीच एकजुटता नहीं हो सकती है। बलूचिस्तान ने अनेक अवसरों पर पाकिस्तान का यह अवैध कब्जा समाप्त करने का प्रयास किया है। इसका परिणाम 1958, 1962 तथा 1973-1977 तक चले युद्ध हैं। एक युद्ध अब भी जारी है। इन युद्धों का कारण केवल सांस्कृतिक व सामाजिक अंतर ही नहीं हैं। हालांकि, बलूचिस्तान खनिजों से समृद्ध राज्य है, पर इसके संसाधन पाकिस्तान की आर्थिक प्रगति में काम आते हैं। बलूचिस्तान की जनता निरक्षर है तथा पाकिस्तान में इसकी बेरोजगारी दर सबसे अधिक, लगभग 40 प्रतिशत है।

बलूचिस्तान देश की भूमि का आधा हिस्सा है, जबकि बलूच पाकिस्तानी जनसंख्या में केवल चार प्रतिशत हैं। अब समय आ गया है कि बलूचिस्तान के राष्ट्रवादी समूहों का समर्थन किया जाए जो व्यापक असमानताओं तथा जीवन की चौतरफा बदहाली के खिलाफसंघर्ष कर रहे हैं। बलूचिस्तान नेशनल पार्टी, नेशनल पार्टी, जम्हूरी वतन पार्टी, बलूच हक तलवार, पख्तून खावा मिल्ली अवामी पार्टी तथा बलूचिस्तान स्टूडेंट आर्गेनाइजेशन स्वतंत्रता के लिए बलूचिस्तान की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं। इस प्रांत की रणनीतिक स्थिति है और इसकी स्वतंत्रता से दक्षिण एशिया क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन होंगे। इससे चीनी आक्रमण पर लगाम लगेगी, पाकिस्तान कमजोर होगा, तालिबानों का प्रभावी रूप से मुकाबला संभव होगा तथा ईरान व भारत के बीच तेल पाइपलाइन को जल्दी पूरा करना संभव होगा।

बलूचिस्तान की स्वतंत्रता का समर्थन करने वाले बहुत से देश उसकी सहायता के लिए सामने नहीं आए हैं क्योंकि वे पाकिस्तान की संप्रभुता का सम्मन करते हैं तथा इसे उसका आंतरिक मामला बताते हैं। बलूचिस्तान ने भारत की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है, इसलिए हमारा दायित्व है कि उसे स्वतंत्रता दिलाएं। एक स्वतंत्र बलूचिस्तान न केवल बलूच राष्ट्र को लाभान्वित करेगा, बल्कि वह भारत के लिए भी भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा। बलूचिस्तान के विशाल ऊर्जा संसाधन भारत की उभरती अर्थव्यवस्था में असाधारण योगदान दे सकते हैं।

वर्तमान समय में चीन बलूचिस्तान की तटीय पट्टी का सैन्यीकरण कर रहा है ताकि वह भारत पर शिकंजा मजबूत कर सके। बलूचिस्तान के नेता ने कांग्रेस नीत संप्रग-2 सरकार से पाकिस्तानी कब्जे के खिलाफ रणनीतिक सहायता मांगी थी। लेकिन उनको अधिकांशत: अनदेखा किया गया। बलूच नेताओं ने हमेशा भारत का समर्थन किया है और उन्होंने अनुच्छेद 370 व 35ए समाप्त करने के भारतीय निर्णय की भी प्रशंसा की थी। सांस्कृतिक रूप से बलूचिस्तान हिंदूवाद व उसके आदर्शों का सम्मान करने के कारण भारत जैसा है। बलूचिस्तान के कलात क्षेत्र में 2,000 साल पुराना कालीजी का मंदिर है जो दक्षिण एशिया में ऊंचाई के दृष्टिकोण से दूसरे स्थान पर है। स्वतंत्रता के बाद बलूचिस्तान विदेशी आक्रमण से भारतीय हितों की रक्षा करेगा।

दूसरी ओर पाकिस्तान जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां प्रोत्साहित करतारहता है, पाक अधिकृत कश्मीर में चुनाव करवाता है, अनुच्छेद 370 व 35ए समाप्त करने के भारतीय निर्णय के विरोध में बोलता है तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों व संगठनों में हमारे खिलाफमाहौल बनाने का प्रयास करता है। इस भिन्नता के बीच यदि भारत बलूचिस्तान की स्वतंत्रता का समर्थन करता है तो यह निर्णय नैतिक रूप से सही होगा। भारत को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों व संगठनों में यूरोप के बड़े देशों, रूस व अमेरिका की सहायता से बलूचिस्तान को पाकिस्तान के अवैध कब्जे से आजाद करने का समर्थन करना चाहिए।

# व्यक्तिगत बैंकिंग का बढ़ता महत्व

**सोनम चांदवानी**
(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



अन्य उद्योगों के बंद हो जाने के विरुद्ध सहयोग करने वाले बैंकिंग क्षेत्र को कोरोना महामारी के चलते पैदा हुई आर्थिक मंदी के परिप्रेक्ष्य में अवशेषों को नोचने के लिए छोड़ दिया गया है। बैंकों ने वित्त वर्ष 2020 के पहले अर्धांश में 80,000 करोड़ के ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया। लेकिन प्रमुख भारतीय बैंकों ने निर्बाध सेवाओं के द्वारा, ईएमआई पर शुल्क स्थगन अथवा कर्ज लेने वालों को शुल्क माफी की पेशकश के माध्यम से प्रतिरोध प्रदर्शित किया है। दुर्भाग्य से, ऐतिहासिक रुझान निराशाजनक तस्वीर की ओर संकेत करते हैं जहां वित्तीय संस्थाओं ने कर्ज न चुकाने वालों को अनदेखा करके संतोष कर लिया, जिसके कारण आर्थिक लाभ संबंधी गंभीर चिंताएं पैदा हो गईं तथा महामारी के कारण उनसे क्रेडिट जोखिम भी जुड़ गए। क्योंकि इस क्षेत्र को पैसे के लिए संघर्ष करने को छोड़ दिया गया है, और अधिक वित्तीय संस्थाएं उत्तरजीविता, वृद्धि, विस्तार अथवा अन्य ध्येयों को हासिल करने के लिए तकनीक को अपना रही हैं।

अमेजॉन, फेसबुक एवं गूगल सरीखी विशालकाय कम्पनियों ने और अधिक प्रथाकृत अंतरक्रियाओं को बढ़ावा दिया है तथा बेहतर अनुभव के लिए आंकड़ों के व्यापार को की इच्छा को बल प्रदान किया है। परिणाम स्वरूप निजीकृत अथवा व्यक्तिगत बैंकिंग की अवधारणा अब ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। ग्राहक लघु-घटकों को लक्ष्य बनाकर एवं उनके लिए अवसरों की पेशकश के द्वारा बैंको में स्वयं को पृथक करने, ग्राहक संलिप्तता बनाने एवं प्रतिस्पर्धी लाभ पाने की क्षमता निर्मित होगी।

पहला कदम होगा इस बात की पहचान करना कि वैयक्तीकरण क्या होता है। उसके पश्चात, बैंक और वित्तीय संस्थाएं सार्थक एवं सशक्त वैयक्तिक अनुभव प्रदान करने के लिए ग्राहक आंकड़ों के भंडार, ग्राहक स्पर्श बिंदुओं एवं डिजिटल मंचों के विशाल भंडार का लाभ उठा सकते हैं। निश्चित रूप से, निजीकृत बैंकिंग का प्राथमिक रूप से अर्थ विक्रय नहीं है। यह सेवा, सूचना एवं सलाह देने से संबंधित है, प्राय: दैनिक आधार पर अथवा दिन में कई बार। ऐसी अंतरक्रियाएं, यदा-कदा होने वाले विक्रय संप्रेषण के विपरीत, ग्राहक के बैंकिंग अनुभव का सार निर्मित करती हैं। फिर भी बहुत से बैंक अभी भी विक्रय के क्षेत्र में अपने वैयक्तीकरण के प्रयासों को केंद्रित करने की प्रवृत्ति रखते हैं। आज मशीन लर्निंग एवं आंकड़ा विश्लेषण का उपयोग ग्राहकों को ओमनी-चैनल डिजिटल अनुभव मुहैया कराने में किया जा सकता है। बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के लिए जिनके पास आंकड़ों की संपदा होती है, अति-वैयक्तीकरण उस वक्र के आगे रहने के अवसर की खिड़की प्रस्तुत करता है, मूल्य उपलब्ध कराने के वादे के साथ, जो ग्राहकों को समझ प्रदान करता है। साथ ही साथ, यह महत्वपूर्ण प्राप्तियां सुनिश्चित कराने का वादा भी करता है, बोस्टन काउंसेलिंग समूह के आंकलन के साथ कि पैमाने का सफल वैयक्तीकरण बैंक के वार्षिक राजस्व में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है।

किसी भी बैंक के लिए सबसे बड़ा सबक वक्र से आगे खड़ा होना है जैसा कि आप अपने ग्राहक को बेहतर जान सकते हैं और ऐसे डिजिटल अनुभव सृजित करने के लिए वह अंतरदृष्टियां एवं रुझान प्रस्तुत करता है जिनकी मदद से राजस्व बढ़ता है। दूसरी ओर, क्योंकि ग्राहक ग्राहकीकरण के मूलभूत स्तर की अपेक्षा रखते हैं, अति-वैयक्तीकरण अनुभव जिनी वित्त में संतुष्टि बढ़ने एवं संलिप्तता, फर्जीवाड़े की रोकथाम, बेहतर निर्णय और साथ में उनके बैंकों में मानवीयकृत समझ की भावना के रूप में परिणित होता है। बैंकों द्वारा इस मानवीकृत समझ को कई तरीकों से प्रदर्शित किया जा सकता है।

व्यवहार वैयक्तीकरण एक ऐसी अवधारणा है जो आगंतुकों की रुचि को उनके कृत्यों के आधार पर निर्धारित करता है, जिसमें आगमन की संख्या, खोज के चरण, देखी गई सामग्री, किए गए कार्य एवं वेबसाइटों के संदर्भ शामिल होते हैं। इसके बाद आता है आईपी आधारित वैयक्तीकरण जो आईपी एड्रेस एवं डीएनएस रिकार्ड ये अनाम आगंतुक के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। इस तरह का वैयक्तीकरण भू-लोकेशन ट्रैकिंग एवं कम्पनी की विशेषताओं का इस्तेमाल अनुभव को ग्राहकीकृत करने में करता है। आनलाइन बैंकिंग, सीआरएम अथवा जमा प्रयुक्तीकरण वैयक्तकीकरण को चलाने के लिए बैंकिंग मंचों का इस्तेमाल करते हैं। यह देखने में भले ही जटिल लगता हो, क्रियान्वयन कहीं ज्यादा आसान होता है। हालाकि, ग्राहकीकरण हमें इस बड़े सवाल पर लाता है कि क्या तक तकनीकी उच्चीकरण एव निजता कैसे एक साथ रखे जा सकते हैं?

वर्तमान समय में सूचना तकनीक कानून, 200 एवं सूचना तकनीकी नियम, 2011 के द्वारा भारत की आंकड़ा संरक्षण व्यवस्था प्रशासित की जाती है। हालाकि, वे वैयक्तित हित की रक्षा करने में विफल हो जाते हैं। भू-स्थिति का पता लगाना, बायोमेट्रिक आंकड़े एवं चेहरा पहचान एप्स निजता के अधिकार का उल्लंघन करते हैं, लेकिन ऐसा कोई विधि कार्यतंत्र नहीं है जो निजता के मूल अधिकार का उल्लंघन किए बगैर ऐसी प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का विनियमन करता हो। यहां तक कि निजी आंकड़ा संरक्षण विधेयक, 2019 को जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है, जो आंकड़ा अतिक्रमणों में लिप्त सभी साझीदारों को ध्यान में रखता हो। उदाहरण के लिए, विधेयक में उल्लंघनों के लिए भारी अर्थदंड लगाने की व्यवस्था है लेकिन वह कुछ परिस्थितियों में आवश्यक अनुमति से छूट देता है जहां राज्य को कानूनी कार्यवाहियों के लिए आंकड़े की आवश्यकता होती है, अथवा जब चिकित्सा आपात में प्रतिक्रियाशील होने की जरूरत होती है। दुनिया में भारत के बढ़ते डिजिटल पदचिन्हों को ध्यान में रखते हुए ये विनियामक बदलाव आवश्यक हैं। वैयक्तीकरण निस्संदेह एक ऐसा क्षेत्र है जो उन सवालों का जवाब देने में सक्षम हो सकता है जिनसे इंटरनेट बैंकिंग को आज और भविष्य में निबटना पड़ेगा। वैयक्तीकरण की संभावनाओं का अभी तक पूरा उपयोग नहीं किया गया है, न ही इस विषय पर अत्यधिक उन्नत विचारों के बारे में पर्याप्त अनुभव अथवा शोध आधारित ज्ञान उपलब्ध है कि इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं को कैसे वैयक्तीकृत किया जाए। निजीकृत होने योग्य चीजों एवं उन्हें प्रस्तुत करने के तरीकों को चुनने में सही निशाना लगाने की महत्व होता है।

यदि सही नहीं हुआ तो उस स्थिति में सर्वाधिक महत्वपूर्ण ग्राहक मूल्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इस प्रकार जिस तरह रोगाणु का प्रभाव उससे होने वाले नुकसान की गंभराता, अंश एवं प्रसार पर निर्भर करता है, जो आज अनिश्चिततापूर्ण है, बैंकों को नगदी के अभाव से ग्रसित अर्थव्यवस्था में राजस्व बढ़ाने के लिए इस पहलू का लाभ उठाना होगा और इस क्षेत्र को खाक से उबारने के लिए इसकी मदद करनी होगी।

## आप की बात

### कानूनी कार्रवाई हो!

**बिहार** के गोपालगंज जिले की गंडक नदी का 264 करोड़ रुपए की लागत से 8 साल में पुल बनकर तैयार हुआ। सुशासन बाबू के नाम से ख्यात मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक माह पहले पुल का लोकार्पण किया। लोकार्पण के एक माह बाद भारी बाढ़ में पूल भरभरा कर टूट गया। सुशासन बाबू का यह पुल सुशासन की पोल खोल गया कि सुशासन बाबू के राज में कितने मजबूत काम होते हैं! हमारे देश प्रदेश में यह कोई नया नवेला या पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी कई पानी की टंकियां, पुल, सरकारी इमारतों, भवनों, सड़कें व अन्य निर्माण कार्य तैयार होने के कुछ महीनों बाद ही जमीदोंज हो गए यानी देश का पैसा प्रत्यक्ष आंखों के सामने देखते ही देखते धूल व पानी में समा गया, जो अप्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार, घपले बाजी का जीता जागता सबूत है, जब पूरा राष्ट्र खुली हुई नंगी आंखों से यह घटिया निर्माण के पोल खोलने वाले दृश्य देखते हैं। उसके बाद भी जवाबदेही निश्चित नहीं की जाती। जबकि चाहे पुल पुलिया हो, टंकियों, बांधों, तालाबों, सड़कों का निर्माण किया जाता है,चंद दिनों बाद ही वह साथ छोड़ दे तो उनके निर्माण कार्य में सहभागी रहे एजेंसी या संबंधित पर क्यों न कानूनी कार्रवाई की जाती?

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

### कोरोना हब बनता उत्तराखंड

**रिकॉर्ड** 451 नए मरीजों मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग और सरकार की चिंता इसीलिए बढ़ गई क्योंकि जिस राज्य में पहले संक्रमण की स्थिति बहुत ही कम थी अब वहां इतनी तेजी से संक्रमण के मामले कैसे बढ़ गए। अकेले हरिद्वार में 204 मरीजों में वायरस की पुष्टि और रिकॉर्ड 451 नए मरीजों के साथ उत्तराखंड में अब कोरोना मरीजों की संख्या 5300 पहुंच गई है। धीरे-धीरे हम देख रहे हैं कि तराई के इलाकों में संक्रमित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालांकि उत्तराखंड में एक्टिव केस कम है। जब लॉकडाउन में हुआ था तो हमने देखा था कि उत्तराखंड में मामले बहुत ही कम थे। परंतु जैसे-जैसे हम अनलॉक प्रथम की प्रक्रिया की ओर बढ़े तो संक्रमण के मामलों में तेजी आई और हद पार तब हो गई जब हम अनलॉक द्वितीय के खत्म होने की कगार में है। हालांकि संक्रमण के मामले केवल कुछ निश्चित जगहों पर ही मिल रहे हैं परंतु यह हमारे लिए चिंता का सबब भी है। यह कहीं ना कहीं हमारी ही लापरवाही से हो रहा है। एक सावधान जागरूक व मौत से सतर्क समाज बनाने के लिए यह एक निश्चित मूल मंत्र है कि जब तक महामारी का दौर है तब तक स्वयं ही नहीं बल्कि दूसरों को भी इस महामारी के प्रति जागरूक बनाएं।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### उत्तर-पूर्व को सौगात

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने उपेक्षा के शिकार रहे नॉर्थ ईस्ट के सेवन सिस्टर्स के नाम से प्रख्यात राज्यों को कई सौगातें दी। यह प्रसन्नता की बात है। प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि दोहरी मार से झेल रही नॉर्थ ईस्ट के राज्यों के साथ देश हर परिस्थिति में खड़ा है। उन्होंने कहा कि मणिपुर व अन्य राज्यों को गैस की सुविधाएं, देश से पूर्वी उत्तर को जोड़ने व लाइफ लाइन का कार्य करने वाली रोड व हाईवेज को भी बनाया जा रहा। हवाई व रेल माध्यम से पूरे देश को कनेक्ट करने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा। उन्होंने सभी पुर्विउत्तर को धन्यवाद भी दिया व समस्त देशवासियों से पूर्विउत्तर के लोगों से पर्यावरण के प्रति जागरूकता को सीखने की राय भी दी। प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण व हर घर पेय जल मिले,उसका भी शुभारंभ किया। हर घर व गांव में बिजली पहुंचे, इसका भी बीड़ा भारत सरकार ने उठाया है। बम्बू प्लांटिंग को भी विशेष जोर देते हुए,वहां के किसानों को प्रेरित किया। अंतत: उन्होंने महामारी के खिलाफ मूल मंत्र को दोहराते हुए, देशवासियों को जागरूक किया।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**दिल्ली** में बैठे लोग सोचते हैं कि वे लोकतंत्र को कुचल सकते हैं और जब ऐसा नहीं कर पाते तो वे ईडी का इस्तेमाल करते हैं।

– **रणदीप सुरजेवाला**
कांग्रेस नेता



**चीन** उन समुद्री क्षेत्रों पर दावा नहीं कर सकता जिन पर उसका कानूनन दावा नहीं बनता है। आप अन्य देशों को धमका नहीं सकते।

– **माइक पोम्पियो**
अमेरिकी विदेश सचिव



**हम** आशा करते हैं कि वैश्विक बहुध्रुवीकरण में एक महत्वपूर्ण शक्ति होने के नाते भारत अपनी स्वतंत्र राजनय नीति पर कायम रहेगा तथा क्षेत्रीय स्थिरता एवं शांति बनाए रखेगा।

– **वागं वेबियान**
चीनी पदाधिकारी

# खुले में शौच को जा रही चार महिलाओं को ट्रक ने रौंदा, मां-बेटी समेत तीन की मौत

## ● एक की हालत गंभीर, उतरांव के महरूपुर के सामने हाईवे पर हुआ हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**प्रयागराज** जनपद के गंगापार क्षेत्र के उतरांव थाना क्षेत्र के महरूपुर गांव के सामने हाईवे पर गुरुवार को सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने चार महिलाओं को रौंद दिया। चारों महिलाएं खुले में शौच करने जा रही थीं। वह जैसे ही सड़क पार कर रहीं थीं कि हादसे का शिकार हो गईं। हादसे में मां बेटी समेत तीन की मौके पर ही मौत हो गई। एक युवती को गंभीर अवस्था में पहले नजदीक के अस्पताल ले जाया गया जहां से फिर उसे स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती करा दिया गया। पुलिस ने मौके से ट्रक को बरामद कर लिया जबकि चालक भागने में कामयाब हो गया।

गंगापार में उतरांव थाना अंतर्गत महरूपुर गांव के सामने हाइवे पर गुरुवार को सुबह चार लोग तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से इलाके में हड़कंप मच गया। हादसे में संगीता देवी 35 साल पत्नी विजय बहादुर, उसकी 17 साल की बेटी काजल और 8 साल की भतीजी संजना पुत्री रामेश्वर की मौके पर मौत हो गई। हादसे में एक युवती गुड़िया देवी 20 साल गंभीर रूप से घायल है। उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल भेजा गया है। घर वालों ने बताया कि चारों लोग सुबह घर से शौंच के लिए हाईवे की तरफगए थे। हाईवे पर करते समय चारों महिलाएं हादसे का शिकार हो गईं। उनकी मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है। उधर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी के शव का पंचनामा कर शव को चीरघर भेज दिया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**संवाददाता।** अयोध्या

**पूराकलन्दर** थाना क्षेत्र के डाभासेमर गांव के मजरे गोपालपुर के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी की हालत में एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के पातूपुर गांव के मजरे कोइलसा निवासी नान्हू 28 वर्षीय पुत्र कामदार बाइक से शहर की तरफ से लौट रहा था जैसे गोपालपुर के पास पहुंचा वैसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया और गिर कर बेहोश हो गया सूचना पर थाना के एसएसआई दिनेश कुमार पांडेय मौके पर पहुंचे जहां घायल युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया जहां उसका इलाज चल रहा है। पूराकलंदर थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद शुक्ला ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी।

## बनारस में बीस दिनों में 1,056 संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**स्वास्थ्य विभाग** ने कोरोना के तेज प्रसार को देखते हुए सैंपलिंग बढ़ा दी है। विभाग ने पिछले बीस दिनों में 60 फीसदी सैंपलिंग की। इसके चलते 69 फीसदी संक्रमित मरीज सिर्फबीस दिन में मिले हैं। मरीजों के बढ़ने से कोविड अस्पतालों में बेड की कमी हो गई है।

जिले में इस समय हर रोज औसतन 50 मरीज मिल रहे हैं। पहला कोरोना संक्रमित मरीज 21 मार्च को मिला था। 30 जून तक 11269 सैंपल लिए गये थे। इसमें 474 संक्रमित मरीज थे। वहीं जुलाई कोरोना संक्रमितों में रिकार्ड बढ़ोत्तरी हुई है। जुलाई के 20 दिन में 17283 सैंपल लिए गये थे। इसमें 1056 मरीज मिले हैं। यानि साढ़े तीन महीने में जितने संक्रमित मिले हैं उससे तीन गुना ज्यादा मरीज सिर्फ जुलाई में मिले हैं। बनारस में शुरूआत में जमातियों, फिर प्रवासियों के कारण मरीज बढ़ गये हैं। अब हालात यह है कि क्षेत्रीय लोग ज्यादा से ज्यादा संक्रमित हो रहे हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं बढ़ गई हैं।

### देहात की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में ज्यादा बढ़ा संक्रमण

**वाराणसी**–मुम्बई, दिल्ली सहित अन्य शहरों से जब प्रवासी आ रहे थे तब ग्रामीण क्षेत्रों में संक्रमित मरीज तेजी से बढ़ रहे थे। अब ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी संख्या कम हो गई हैं। वहीं, शहरी क्षेत्रों में संक्रमित मरीज बढ़ गये हैं। हालात यह है कि एक ही परिवार के पांच से छह लोग संक्रमित हो रहे हैं। कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है और लोग भी लापरवाह होते जा रहे हैं। सोशल डिस्टेसिंग का पालन नहीं किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### पत्रकार विक्रम जोशी हत्याकांड की हो न्यायिक जांच

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में 20 जुलाई को पत्रकार विक्रम जोशी की हुई हत्या को लेकर प्रयागराज के पत्रकार समूह में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। पत्रकार की हत्या के विरोध में गुरुवार को प्रयागराज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया वेलफेयर क्लब ने प्रदेश की राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम के जरिए सौंपकर न्यायिक जांच की मांग की है। इसी विषय को लेकर आज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी नगर अशोक कनौजिया को सौंपा। क्लब के अध्यक्ष आलोक सिंह की अगुवाई में तमाम पत्रकार डीएम दफ्तर पहुंचे। क्लब ने पत्रकार विक्रम जोशी की हत्या की न्यायिक जांच कराए जाने तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफकठोर कार्यवाही की मांग की है। बारह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष आलोक सिंह सचिव नितिन गुप्ता धीरेन्द्र द्विवेदी मोहम्मद मोईन अकीब रज़ा बीरेंद्र राज पंकज चौधरी आनंद राज रोहित श्रीवास्तव अंकित उपाध्याय अशोक कुमार अवस्थी मोहम्मद गुफरान रहे। पत्रकार की हत्या को लेकर प्रेस क्लब ने चार दिन बाद भी कोई कदम नही उठाया।

### शांति व सद्भाव से त्योहार मनाने की एएसपी ने की अपील

**उन्नाव।** शहर कोतवाली परिसर में गुरूवार की शाम एएसपी विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। एएसपी ने बकरीद, रक्षाबंधन त्योहार को शांति व सद्भाव तथा लॉकडाउन के नियमों के पालन के अनुसार मनाने की अपील की है। सिटी मजिस्ट्रेट चंदन पटेल ने कहा कि किसी भी धर्म का कोई भी पर्व धार्मिक मान्यताओं के साथ शांति, सद्भाव एवं भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। सीओ सिटी यादुवेन्द ने बताया ईद उल-अजहा के नमाज के वक्त सुरक्षा को लेकर क्षेत्र के सभी मस्जिदों एवं ईदगाहों पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगी। इस मौके पर शहर कोतवाल दिनेश चंद्र मिश्र समेत कोतवाली के पुलिसकर्मी व विभिन्न समुदाय के लोग मौजद रहे।

### फटकार के बाद जागी पुलिस, केस किया दर्ज

**सफीपुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के मवईभान निवासी कामता प्रसाद ने बताया कि गांव के पृथ्वी पाल को एक वर्ष पूर्व उनतालिस हजार रुपए उधार दिए थे। कई बार रूपए मांगने के बाद ना मिलने पर 16 मार्च को पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी। 18 मार्च को गांव के ही दबंग व्यक्ति गणेश शंकर सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने पीड़ित कामता को अपने घर बुलाकर समझौता करने का दबाव बनाया। पीड़ित के ना मानने पर गणेश शंकर सिंह व उनके पुत्र सोनू सिंह ने पीड़ित को जाति सूचक गालिया देते हुए जमकर मारापीटा और कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने हल्का दरोगा लल्लू सिंह भदौरिया से शिकायत की तो उन्होने उल्टा पीड़ित पर ही केस दर्ज कर जेल भेजने की धमकी दे डाली। स्थानीय पुलिस से न्याय ना मिलने पर पीड़ित ने एसडीएम व सीओ से न्याय की गुहार लगाई। उच्चधिकारियो से मिली फटकार के बाद कोतवाली पुलिस ने आनन फानन पीड़ित कामता प्रसाद को कोतवाली बुलाकर केस दर्ज किया है।

### जलभराव से लोग परेशान, प्रशासन से लगाई गुहार

**पुरवा,उन्नाव।** ब्लाक की ग्राम पंचायत कांथा में असोहा-कांथा मार्ग से जवाहर लाल इंटर कालेज रोड पर बरसात मे सड़क नीचे होने व जल निकासी की कोई व्यवस्था ना होने होने से जलभराव हो रहा है। बरसात में नालियों का गंदा पानी मुख्य मार्ग में भरा रहता है। मोहल्ले की लगभग तीन सैकड़ा आबादी जलभराव होने के चलते नालियों के गन्दे पानी से होकर निकलने पर मजबूर है। जलभराव के समस्या से निदान के लिए मोहल्ले के शरद ने आईजीआरएस पर शिकायत का लोक निर्माण विभाग से मार्ग के निर्माण की मांग उठाई है।

### प्रधान पर रुपए मांगने का आरोप, एसडीएम से हुई शिकायत

**पुरवा,उन्नाव।** पंचायत चुनाव करीब आते ही ग्रामीण क्षेत्रो में राजनीति को लेकर माहौल गर्म हो रहा है। पुरवा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत तल्हौरी से गुरूवार को एसडीएम की चौखट पर फरियाद लेकर पहुंचे एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीणो ने बताया कि ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार कृषि आवंटन के नाम पर पचास हजार रुपए बीघा रिश्वत मांग रहे हैं। वसूली में प्रधान के भाई भी पूरा सहयोग कर रहें हैं। ग्रामीणों की मानें तो मनमाना रुपए लेकर गुपचुप तरीके से अपात्रों को पात्र बनाकर आवंटन प्रक्रिया पूर्ण करने के आसार बन रहें हैं। यदि ऐसा हुआ तो तमाम लोग वाजिब हक पाने से वंचित रह जाएंगे। एसडीएम राजेश चौरसिया का कहना है कि ग्रामीणों की ओर से शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पात्रों का चयन खुली बैठक में किया जाएगा।

## बीएचयू के चिकित्सकों ने पाई सफलता

### ● दूरबीन विधि से किया आंत फटने का इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**बीएचयू** के चिकित्सकों ने पूर्वांचल में पहली बार आंत फ्टने का अलाज दूरबीन विधि से करने में सफ्लता हासिल की है। डा. अनुराग तिवारी के मुताबिक आम तौर पर आंत फ्टने का इलाज पेट खोलकर आपरेशन से किया जाता है। इसमें गंभीर रोगियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, इलीज भी मुश्किल होता है। गत दिवस आत फटने (परपोरेशन) की समस्या को लेकर 35 वर्षीय महिला ने बीएचयू सर सुन्दरलाल चिकित्सालय के गैस्ट्रो विभाग के चिकित्सकों से समपर्क किया। पेट की समस्या से ग्रस्त महिला की जांच में पता चला कि आपरेशन के बाद पित्त स्त्राव हो रहा था। हालांकि इलाज के लिए पेट में नली डाली गयी थी। बीएचयू सरसुंदर लाल अस्पताल के गैस्ट्रो विभाग में इंडोस्कोपी के दौरान पाया गया कि उसकी छोटी आत में करीब दो से तीन सेण्टी मीटर का छोद है। चिकित्सक बाताते हैं कि आंत फटने का इलाज अमूमन आपरेशन से किया जाता है, लेकिन मरीज के परिजनों से बात करने के बाद विभाग के चिकित्सकों ने दूरबीन विधि से महिला को आपरेट करने का फैसला किया गया। इसके बाद चिकित्सकों की टीम ने मात्र 10 मीनट में दूरबीन विधि से छोटी आंत के दूसरे भाग में उपस्थित छेद को ओवेस्को विधि से क्लिप लगाकर बंद करने में सफलता हासिल कर लिया। इस प्रक्रिया के दौरान प्रो. वीके दीक्षित, डा. एसके शुक्ला, डा. देवेश प्रकाश यादव, डा. अनुराग तिवारी आदि चिकित्सकों की टीम मौजूद रही। डा. देवेश यादव ने बताया कि दूरबीन विधि से आंत फ्टने का यह नीवनतम इलाज है जिसको बिना चिरफाड हल्की बेहोशी से किया जाता है। डा. अनुराग तिवारी ने बताया कि यह प्रक्रिया पूर्वांचल में पहली बार इस्तेमाल की गयी है। अनुराग तिवारी के मुताबिक इस प्रकार की समस्या में रोगी पेट फुलना, अपचय आदि हो सकती है।

## एनडीआरएफ की टीम ने घाटों के साथ संगम का किया दौरा

**प्रयागराज।** बाढ़ के मद्देनजर एनडीआरएफ की टीम ने गुरुवार को तमाम घाटों के साथ संगम क्षेत्र का सघन दौरा किया। जिलाधिकारी भानुचंद्र गोस्वामी के निर्देशन में ज़िले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा एनडीआरएफकी टीम ने किया। टीम ने सुरक्षा और बचाव के इंतजामों का स्थलीय जायजा लिया। एनडीआरएफके सहायक सेनानायक एस एस साजवान निरीक्षक जगदीश राणा और उनकी टीम ने आज घाटों और संगम क्षेत्र का दौरा किया है। हालांकि अभी मां गंगा का जलस्तर 78ण्05 मीटर पर ही पहुंचा है। जो कि खतरे के निशान 84ण्73 मीटर से नीचे है। इस दौरान टीम ने बाढ़ बचाव एजेंसियों से भी मुलाक़ात की। सुरक्षा एवं बचाव की तैयारी को लेकर टीम ने जल पुलिस प्रभारी कड़ेदीन से मुलाकात की और बाढ़ को लेकर तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने पीएसी जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीमों और प्रशिक्षित गोताखोरों तथा बोटों के साथ तैयारी किस हालत में है उसके बारे में जानकारी ली।

## चिरईगांव में सिलेंडर फटने से आधा दर्जन लोग घायल, मकान के परखच्चे उड़े

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**सारनाथ** में गुरुवार सुबह एक गैस सिलिंडर में ब्लास्ट हो गया। इस दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर है। जोरदार धमाके से मकान मालिक के साथ पड़ोसी के घर की दीवार में दरार आ गई। घायल को स्थानीय लोगों ने कबीरचौरा स्थित शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया है। इस हादसे में हजारों रुपये की क्षति बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार खालिसपुर के राजभर बस्ती में लक्ष्मण राजभर परिवार के साथ रहते हैं। सिलिंडर के नीचे से गैस लीक हो रही था। सुबह बहु पूजा ने खाना बनाने के लिए जैसे ही माचिस जलाई सिलिंडर के पैंदी ने आग पकड़ ली। पूजा ने बताया कि जब वह टीन शेड के बने किचन में गईं, तब गैस की गंध आ रही थी। चेक करने के लिए रेगुलेटर बंद कर माचिस जलाई, तो सिलिंडर के पैंदी में आग लग गई। उसने तुरंत अपनी सास कलावती को घटना की जानकारी दी। शोर मचाने के बाद सिलिंडर में आग लगी देख स्थानीय लोग बुझाने का प्रयास करने लगे। इसी बीच सिलिंडर में ब्लास्ट गया। सिलंडर के धमाके से किचिन की ध्वस्त हो गई। किचन में रखा सामान और कपड़े जल गए। पड़ोसी सूरज राजभर के घर की दीवार में भी दरार आ गई है। सिलिंडर फटने से पूर्व प्रधान लाल बहादुर राजभर 55, गंभीर रूप से घायल हो गए।

वहीं काशी राजभर (48), दीपक राजभर(30), नंदू राजभर (66), प्रकाश राजभर (28), संजय राजभर (23) को हल्की चोटें आई। पूजा ने बताया कि सिलिंडर में आग लगने के बाद 112 नंबर पर फोन किया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। घटना के दो घंटे बाद स्थानीय पुलिस पहुंची।

## स्वामी करपात्रीजी धर्म के साक्षात विग्रहः स्वामी विद्याभास्कर

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**सनातन** धर्म में प्रचलित द्वैत और अद्वैत दो परस्पर विरोधी दर्शन में समन्वय स्थापित करने का श्रेय स्वामी करपात्रीजी को जाता है। उक्त विचार अयोध्या के प्रख्यात संत एवं जगद्गुरू वासुदेवाचार्य स्वामी विद्याभास्कर ने धर्मसंघ शिक्षा मण्डल के प्रांगण में आयोजित करपात्र प्राकट्योत्सव के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। अयोध्या से ऑनलाइन जुड़े संत प्रवर ने कहा कि स्वामी करपात्री धर्म के साक्षात विग्रह थे। वे हमेशा जीवन में शुचिता, पवित्रता के हिमायती थे, जिसे वे अपने आचरण में उतारते भी रहे। विशिष्ट अतिथि सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजाराम शुक्ल ने कहा कि स्वामी करपात्रीजी वेद, शास्त्र और पुराणों के सबसे अच्छे व्याख्याता थे। काशी की विद्वत परम्परा का सम्मान करना स्वामी करपात्रीजी की सोच रही है। आज भी धर्मसंघ उसी मार्ग पर अग्रसर है। अध्यक्षता करते हुए स्वामी शंकरदेव चैतन्य ब्रम्हचारी जी महाराज ने कहा कि विद्वानों का सम्मान, शास्त्र सम्मत विचार और गौ संर्वद्धन का पालन आज भी धर्मसंघ परम्परानुसार कर रहा है।

## पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल ने बांटा सपा का आह्वान पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पटेल ने सपा के आहवान पत्र का वितरण किया। सपा नेता व पूर्व मंत्री ने बृहस्पतिवार अपराहन सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के हरपुर स्थित कन्हैया राजभर के आवास तथा जंसा स्थित जितेंद्र यादव के आवास पर समाजवादी पार्टी का आहवान पत्रों का वितरण किया। पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल तथा सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ पहलवान ने संयुक्त रूप से समाजवादी पार्टी का आवाहन पत्र वितरण कर लोंगों के सपा की नीतियों के बारे में जानकारी दी। सुरेंद्र सिंह पटेल ने सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, के साथ-साथ सभी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र में घर घर जाकर समाजवादी पार्टी के आहवान पत्र को बांटने तथा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक लोगों को समझाने का अपील किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव उर्फ लक्कड़ पहलवान, उपाध्यक्ष राजेश यादव उर्फ नत्थू, पूर्व रोहनिया विधायक महेंद्र सिंह पटेल, जिला महासचिव आनंद मौर्य, जितेंद्र यादव, शीतला यादव पप्पू, कन्हैयालाल राजभर, रामप्रकाश, मास्टर संजय यादव, पखंडी राम बिंद, सुदामा यादव, राजकुमार पटेल, बलिराम राजभर, करीमुल्ला, हरिशंकर पटेल, सीताराम यादव, बबलू मोदनवाल आदि उपस्थित रहे।

## कोविड-19 की इलाज के लिए मायलन ने डेसरेम ब्रांड नाम से रेमडेसिममिर दवा लांच की

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**वैश्विक** दवा कम्पनी मायलन ने आज भारतीय बाजार में डेसरेम ब्रांड नाम से रेमडेसिविर उतारने की घोषणा की ताकि कोविड-19 महामारी का अत्यंत आवश्यक इलाज आसान हो और इलाज की कमी पूरी की जा सके। अस्पताल में भर्ती ऐसे वयस्कों और बच्चों के इलाज के लिए इसे मंजूरी दी गई है जो कोविड-19 के संदिग्ध या लैबोरोटरी से प्रमाणित मरीज हैं और जिनमें बीमारी के गंभीर लक्षण हैं। इसके साथ कम्पनी ने 24/7 हेल्पलाइन भी शुरू की है ताकि मरीज और स्वास्थ्य सेवा कर्मी रेमडेसिविर और उसकी उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। मायलन ने अपनी जेनेरिक दवा रेमडेसिविर डेसरेम का पहला बैच बाजार में उतार दिया है और दवा की बढ़ती मांग देखते हुए पूरे देश में इसकी आपूर्ति बढ़ाएगी।

## मलदहिया से लेकर गोदौलिया तक एसएसपी ने किया पैदल निरीक्षण



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मुरादाबाद** में एसएसपी रहते हुए यातायात व्यवस्था दुरूस्त कराने वाले अमित पाठक ने अब यहॉ भी यातायात व्यवस्था को दुरूस्त कराने की कवायद शुरू कर दी है। एसएसपी अमित पाठक ने गुरूवार को मलदहिया से लेकर लहुराबार फिर उसके बाद लहुराबीर से बेनियाबाग, नईसड़क के बीच लगने वाले जाम से निजात दिलाने को निकले। इस दौरान उन्होंने बेनियबाग त्रिमुहानी एवं नईसड़क व दालमंडी क्षेत्र के दुकानदारों को सड़क बढ़कर दुकान लगाने देखा तो इस पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लोगों को हिदायत देते चेतावनी दी कि अगले बार सड़क पर किसी व्यापारी का सामान रखा दिखाई दिया तो कार्यवाही होना तय है। इधर लगातार लॉकडाउन के बीच मिल रही छूट में बेनियाबाग, नईसड़क, दालमंडी व गोदौलिया भीड़भाड़ के साथ जाम की स्थिति मिलने के कारण इस क्षेत्र को जाम से मुक्ति दिलाने को दौरा किया। उन्होंने मलदहिया से लेकर गोदौलिया तक पैदल निरीक्षण किया और इस दौरान मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसएसपी निरीक्षण के बाद कहा कि काफी हद तक लोगों की लापरवाही से कारकर जाम लग रहा है।

## बायोटेक सिस्टम से निर्मल होगी गंगाः गोदावरी

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान बीएचयू भारत-यूरोपीय वित्त पोषित परियोजना के तहत गंगा और गोदावरी नदी में आने वाले सीवेज जल के शुद्धिकरण के लिए बायोटेक सिस्टम आधारित जल उपचार प्रणाली विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। परियोजना को भारत सरकार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा यूरोपीय संघ से वित्त पोषित है। परियोजना को जून 2020 से 3 वर्षों के लिए वित्त पोषित किया गया है। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर पीके जैन ने कहा कि परियोजना का प्रमुख लक्ष्य प्रदूषित पानी के लिए नवीन कम लागत वाले उन्नत जैव-ऑक्सीकरण उपचार प्रणाली का एक प्रोटोटाइप विकसित करना है। इस परियोजना में आईआईटी (बीएचयू) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर प्रभात कुमार सिंह, डॉ शिशिर गौड़ और डॉ अनुराग ओहरी अग्रणी भूमिका निभाएंगे। परियोजना के अन्य भागीदारों में आईआईटी गुवाहाटी, आईआईटी खड़गपुर और अन्य शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थान शामिल हैं। आईआईटी गुवाहाटी से प्रो संजुक्ता पात्रा परियोजना के लिए भारतीय समन्वयक हैं। संस्थान वाराणसी में गंगा नदी के निर्मलीकरण के लिए एकीकृत रिमोट सेंसिंग का उपयोग करेगा। बायोटेक सिस्टम का उपयोग गोदावरी डेल्टा और गंगा नदी के चयनित स्थलों पर किया जाएगा। इन स्थानों पर जल निकायों के प्रदूषण के बिंदु और गैर-बिंदु स्त्रोतों की पहचान कर क्षेत्र परीक्षण और प्रोटोटाइप का परीक्षण किया जाएगा। विकसित प्रणाली का उपयोग नगर पालिका, गैर सरकारी संगठन या राज्य जल बोर्ड द्वारा होगा। परियोजना में शामिल विदेशी भागीदार यूनिवर्सिटी ऑफ ट्रोम्स, नॉर्वे (यूआईटी), यूनिवर्सिटी ऑफ पीईसीएस (यूपी), हंगरी, नॉर्दर्न रिसर्च इंस्टीट्यूट, नार्विक एएस (नॉरूट नरविक) एवं पुर्तगाल और हंगरी के शैक्षणिक संस्थान हैं। विदेशी साझेदार भारतीय पर्यावरणीय स्थिति और गंगा और गोदावरी नदी में आने वाले सीवेज से संबंधित प्रोटोटाइप विकसित करने के लिए जैव प्रौद्योगिकी आधारित उपचार प्रणालियों और सेंसर प्रणालियों से संबंधित अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे।

## दिवंगत पत्रकार की चौथी पुण्य तिथि पर शामिल होने पहुंचे जनप्रतिनिधि और पत्रकार



**उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के छोटाखेडा गांव में तीन वर्ष पूर्व दिवंगत हुए पत्रकार आशुतोष मिश्र की चौथी पुण्य तिथि झलोतर स्थित उनके आवास पर मनाई गयी। जिसमें मोहान विधान सभा के विधायक ब्रजेश रावत ने पहुंचकर दिवंगत पत्रकार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्यांजलि दी। साथ ही विधायक ने कहा कि पत्रकार आशुतोष की याद में वह कुछ जरूर करेंगे। पुण्यतिथि के अवसर पर बडी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही समाजसेवी एकत्र हुये। सभी ने दिवंगत पत्रकार को याद कर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस अवसर पर एकत्र हुए पत्रकारों ने विधायक ब्रजेश रावत से दिवंगत पत्रकार की मौत मामले पर जांच और कार्यवाह की मांग की है। जिसपर विधायक ने कहा कि जिले से पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल को वह सीएम से मिलाकर कार्यवाही में तेजी लाने का प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम में हिंदू जागरण मंच के विमल द्विवेदी, ललित द्विवेदी अजय त्रिवेदी, नयोतनी नगर पंचायत के अध्यक्ष मनीष राठौर, मोहान के हयात रसूल, पत्रकारों में राघवेन्द्र सिंह, अजय सिंह, अंकुर सिंह, सर्वेश, दिवाकर, मसूद, कुलदीप, अमन दीक्षित मौजूद रहे।

## 19 की रिपोर्ट आई पॉजिटिव संख्या बढ़कर हुई 546

**उन्नाव।** जनपद में कोराना के बढ़ते मामलो से दहशत पसरने लगी है। गुरुवार को आई जांच रिपोर्ट में शहर के 19 लोग संक्रमित पाए गए है। उधर, संक्रमितों की संख्या बढ़कर अब 546 हो गई है। मर्दनपुर निवासी युवक को कोरोना संक्रमित पाया गया। शहर के दुपरापुर निवासी युवक की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसी तरह भूरी देवी निवासी वृद्ध, पुरानी बाजार निवासी 31 वर्षीय युवक, शहर के कृष्णानगर निवासी वृद्ध उनकी पत्नी व बेटे को कोरोना से संक्रमित पाया गया है। इसी मोहल्ले में रहने वाले एक अन्य युवक को भी कोरोना से संक्रमित पाया गया है। शहर के पुरानी बाजार निवासी 40 वर्षीय युवक, शहर के बड़ा चौराहा निवासी 15 वर्षीय किशोर व 30 वर्षीय युवक, काशीराम कॉलोनी निवासी दो युवक व एक महिला की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। केसरगंज निवासी 35 वर्षीय युवक, सिविल लाइन्स निवासी दो वृद्ध भी कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। बुधवारी निवासी वृद्ध, सैफ्पुर निवासी युवक की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उधर, सदर विधायक के सहयोगी की भी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बांद हडकंप मचा हुआ है। जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक के काउंसलर को कोरोना से संक्रमित पाया गया है। जिसके बाद 24 घंटे के लिए ब्लड बैंक को सील कर दिया गया।

### संक्रमित कपड़ा व्यवसायी की मौत से हड़कंप

शहर के प्रमुख कपड़ा व्यवसायी की कोरोना से बुधवार की देरात मौत हो गई थी। कपड़ा व्यवसायी के नौ परिजन भी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। जिनका कोविड हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

## अचलगंज पुलिस ने दो चेन लुटेरों को किया गिरफ्तार

### ● गुरुवार को एएसपी व सीओ ने पुलिस लाइन सभागार में किया खुलासा

**संवाददाता।** उन्नाव



**अचलगंज** थाना क्षेत्र के कोरारी मोड़ के निकट रविवार की देरशाम महिला के साथ हुई चेन लूट की घटना का गुरूवार को एएसपी व सीओ ने पुलिस लाइन सभागार में खुलासा किया है। एएसपी उत्तरी विनोद कुमार पाण्डेय व सीओ बीघापुर अंजनी कुमार राय ने बताया कि रविवार की देरशाम बीघापुर थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव निवासी अनिल तिवारी अपनी पत्नी के साथ बाइक से शहर से गांव जा रहा थे। तभी अचलगंज थाना क्षेत्र के कोरारी मोड़ के निकट काले रंग की पल्सर सवार दो अज्ञात लुटेरे महिला के गले से चेन छीनकर भाग निकले थे। जांच पड़ताल में जुटे एसआई संजीव कुमार शाक्य, दीपक कुमार व पारसनाथ पांडेय ने सर्विलांस की मदद से गुरूवार की सुबह मनोकामना मंदिर के निकट से आकाश यादव पुत्र नन्हा निवासी बाबाखेड़ा, अजय यादव पुत्र टेनी यादव निवासी शेरअलीखेड़ा शहर कोतवाली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो आरोपितो से जब पूछताछ की उन्होनें बीस जून को शहर कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर स्थित पैथालाजी के निकट व तीन जुलाई को पचोड्डा गांव के निकट, तथा उन्नीस जुलाई को कोरारी मोड़ के निकट महिला से लूटी गई चेन की घटनाओ को स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपितो के पास से लूटी गई तीन चेन, दो बाइक व एक तंमचा, दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपितो को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### खुलासा कर कुर्सी बचाने में हुए सफल

लॉकडाउन से लेकर अपराध रोकन में फिसड्डी साबित हो रहे अचलगंज इंस्पेक्टर अतुल कुमार तिवारी ने एसपी की फटकार के बाद खुद की कुर्सी बचाने के लिए रविवार की देरशाम महिला के साथ हुई चेन का खुलासा कर हाल-फिलहाल अपनी कुर्सी बचाने में सफ्ल हो गए है।

### ज्वैलर्स कारोबारी को रुपए लेकर छोड़ा!

पकड़े गए लुटेरों ने लूट का सामान शहर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले एक ज्वैलर्स कारोबारी के हाथ बेचने की बात कही तो अचलगंज पुलिस ने ज्वैलर्स कारोबारी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। सूत्रो की मानें कारोबारी को छोड़ने के नाम इंस्पेक्टर ने मोटी रकम देकर छोड़ दिया है। इस पूरे मामले की शहर से लेकर अचलगंज तक पूरे दिन चर्चा होती रही।

### लेनदेन के मामले में इंस्पेक्टर हो चुके निलंबित

एसपी रोहन पी कनय ने जिले का चार्ज संभालते ही रिश्वत मामले में अचलगंज थाना प्रभारी रहे अजय त्रिपाठी समेत दो पुलिसकर्मियों को निलबिंत कर दिया था। वाबजूद इसके थानेदार सुधरने का नाम नही ले रहे हैं।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 24 जुलाई, 2020



# 'तीन लाख से अधिक श्रमिकों को दिया जा रहा रोजगार'

संवाददाता। अयोध्या

**भारत सरकार** के महत्वकांक्षी योजना गरीब कल्याण रोजगार अभियानश् के तहत कोविड.19 संक्रमण काल में बड़े पैमाने पर रोजगार प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन दृढ़ संकल्प हैस जिला प्रशासन का प्रयास है कि स्थानीय श्रमिकों के साथ.साथ बाहर से आए हुए हर श्रमिकों के हाथों को नियमित रूप से काम मिलता रहे और वह अपने परिवार के सदस्यों सहित माता.पिता की देखभाल उचित तरीके से कर सके इसी के तहत पंचायत राज विभाग के योजना अंतर्गत जनपद में एक साथ 386 पंचायत भवन व 804 सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। पंचायत भवन के निर्माण में 26620 मानव दिवस तथा सामुदायिक शौचालय के निर्माण में 3 लाख 61 हजार 800 दिनों का मानव दिवस सृजित कर कुल 3 लाख 88 हजार 420 दिनों का रोजगार श्रमिकों को उनके गांव के निकट उपलब्ध कराया जा रहा है! उच्चाधिकारियों द्वारा समय.समय पर उनके पारिश्रमिक का भुगतान हो रहा है या नहीं इसकी समीक्षा नियमित रूप से की जा रही है। उक्त जानकारी देते हुए जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा ने बताया कि जनपद के ग्राम पंचायतो में ग्राम निधि की धनराशि अवशेष पड़ी थीए जिसका सदुपयोग समय से नहीं हो पा रहा था कोविड.19 संक्रमण काल में हर हाथों को काम मिले को ध्यान में रखते हुए ग्राम निधि में पड़ी धनराशि से पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय का निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिला अधिकारी ने आगे बताया कि जनपद में 386 ग्राम पंचायतों के भवन के निर्माण की स्वीकृति शासन से प्राप्त हो गई है साइड सिलेक्शन किया जा चुका हैए साथ ही तकनीकी स्वीकृतिया भी प्राप्त हो गई हैं और चूना डाल कर ले आउट कराया जा रहा है 11 पंचायत भवनों का फाउन्डेशन तक का कार्य पूर्ण हो चुका है अब तक 897 दिन का रोजगार प्रदान किया जा चुका है उन्होंने आगे बताया कि 50 करोड़ 79 लाख की लागत से 386 पंचायत भवनों का निर्माण होगा जिससे 26620 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा इसी प्रकार.804 सामुदायिक शौचालय का का निर्माण ग्राम सभाओं में कराया जा रहा है। जिसकी लागत 7 करोड़ 27 लाख 21 हजार 800 रुपए होगी, और इससे प्रति सामुदायिक शौचालय के निर्माण से 450 दिनों का मानव दिवस की दर से कुल 3 लाख 61 हजार 800 रोजगार दिवस सृजित होगा।

## केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी गई विकास योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा



**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रथमेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 घनश्याम सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गोरेलाल शुक्ला, अपर जिला अधिकारी नगर डॉ.वैभव शर्मा सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों के साथ जनपद में कोविड.19 के संक्रमण के प्रसार की रोकथाम व बचाव हेतु किए जा रहे कार्यों व उपलब्ध कराई जा रहे चिकित्सीय सुविधाओं व भविष्य की तैयारियां आदि के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई विभिन्न रोजगार परक विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों से क्षेत्रवार व कलस्टरवार एक-एक पेशेंट की कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग व उनके सीधे संपर्क में आए व्यक्तियों को क्वारंटाइन करने व उनकी सेंम्पलिंग करानेए नियंत्रण क्षेत्र को सील करने, डिस्इन्फेक्ट कराने संबंधी कार्यो आदि की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने नियंत्रण क्षेत्र में मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारियों को सौपे गये दायित्व को सही से निर्वाहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रो में अनुपस्थित मजिस्ट्रेट को कारण बताओ नोटिस जारी करने व उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में रोजाना 1000 एंटीजन टेस्ट के लक्ष्य के अनुसार सभी खंड विकास अधिकारियों को निगरानी समितियो द्वारा किए गए हाउस टू हाउस सर्वे में चिन्हित लगभग 29 सौ सिंप्टोमेटिक व को.मॉर्विड व्यक्तियों में से 80-80 लोगों की सैंपलिंग कराना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एंटीजेन टेस्ट पॉजटिव आने वाले व्यक्तियों की आरटीपीसीआर टेस्ट कराया जाए। उन्होंने एंटीजेन टेस्ट में तेजी लाने तथा रोस्टर बनाकर नगर निगम में भी स्थानों को चिन्हित करनेए हाउस टू हाउस सर्वे में चिन्हित लोगों को प्रेरित करके चिन्हित स्थान पर बुलाकर सैम्पलिंग कराया जाए।

# श्रद्धा के साथ मनाई गई रसिकाचार्य जानकी शरण झुनझुनिया बाबा व महंत परमहंस की पुण्यतिथि



**अयोध्या।** संतो की नगरी कही जाने वाली रामनगरी में अनेक भजनानंदी संत हुए है। ऐसे संत जो भगवद भजन में ही अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दियाए उन संतों में एक थे परम पूज्य रसिकाचार्य जानकी शरण जी महाराज झुनझुनियां बाबा। मां सरयू के पावन तट पर सुशोभित सिद्ध पीठ श्री सियाराम किला उनके तपोस्थली का जीता जागता प्रमाण है। जो झुनकी घाट झुनझुनियां बाबा के नाम से मशहूर है। सियाराम किला आज भी अपने वैभव को समेटे हुए आध्यात्मिकता को चार चांद लगा रहा है। झुनझुनियां बाबा जी ने 25 वर्ष पूर्व श्रावण शुक्लपक्ष तृतीया शरीर त्याग दिया था और साकेत धाम पधार गए थे। आज भी उनके शिष्य परिकर अपने गुरु के पावन स्मृति में पूरे श्रद्धा से अपनी भावांजलि उनके श्रीचरणों में निवेदित करते है। श्रावण शुक्लपक्ष तृतीया तिथि को पूज्य आचार्य श्री का 25वीं पुण्यतिथि समारोह को बड़े ही हषोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें रामनगरी समेत पूरे भारत से आचार्य श्री के शिष्य परिकर मंदिर में पहुंच कर झुनझुनियां बाबा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। यह सारा कार्यक्रम मंदिर के वर्तमान महंत करुणानिधान शरण जी महाराज के पावन सानिध्य व मंदिर के अधिकारी प्रख्यात कथावाचक स्वामी प्रभंजनानन्द शरण जी महाराज के देखरेख में सम्पादित हुआ। कार्यक्रम में आज प्रात:काल पूज्य महाराज इसके बाद मंदिर प्रांगण में गोष्ठी के माध्यम से आचार्य श्री के व्यक्तित्व पर संत धर्मचार्यो अपने अपने शब्दों से पुष्पांजलि अर्पित कर आचार्य श्री को अपनी श्रद्धा निवेदित कर नमन किया। कार्यक्रम का समापन वृहद भंडारे के साथ हुआ। वही दिगंबर अखाड़ा में महंत सुरेश दास के नेतृत्व राम जन्मभू आंदोलन के अगुवाई करने वाले महंत परमहंस दास की 17 वीं पुण्यतिथि बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। दोनों संतो प्रमुख रूप से श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, जगद्गुरु रामानन्दाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य, महंत मैथिली रमण शरण, महंत सियाकिशोरी शरण, महंत कमलनयन दास, अधिकारी राजकुमार दास, महंत रामकुमार दास, महंत मनमोहन दास, महंत रामनरेश दास, निर्मोही अखाड़ा के राम दास, अयोध्या संत समिति अध्यक्ष कन्हैया दास, नगर विधायक वेद गुप्ता भाजपा महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा सहित सैकड़ों साधु बड़ी संख्या में संत साधक मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### आप के जिलाध्यक्ष हरेंद्र और महानगर अध्यक्ष मोहम्मद कलीम मनोनीत

**गोरखपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने आम आदमी पार्टी जिला गोरखपुर की नई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए हरेंद्र यादव को जिलाध्यक्ष व अजय सहनी को जिला महासचिव की नई जिम्मेदारी दी। साथ ही महानगर के लिए महानगर अध्यक्ष मो. कलीम, एवं महानगर सचिव धीरेंद्र जायसवाल को मनोनीत किया। नवनियुक्त पदाधिकारी प्रदेश प्रवक्ता वैभव जायसवाल के घर उनसे मिलने पहुंचे, जहां उन्होंने सभी पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर उनके नई जिम्मेदारियों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव तारिक अनवर, जिला उपाध्यक्ष फूलबदन यादव, शिव शंकर जायसवाल, एडवोकेट अनिल कुमार गुप्ता आदि उपस्थित रहें।

### शहीदों को किया गया याद

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी संघर्ष मोर्चा एवं गुरुकृपा संस्थान द्वारा संचालित पंडित राम प्रसाद बिस्मिल बलिदानी मेला व खेल महोत्सव के संयुक्त तत्वावधान में बाल गंगाधर तिलक एवं चंद्रशेखर आजाद की 114वीं जयंती आजाद चौक स्थित उनके मूर्ति पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण करके गगनभेदी नारों के बीच बड़े ही शिद्दत से वीर सपूत को यादकर मनाया गया। इस बीच कोरोना संकट के बचाव व सुरक्षा का इंतजाम एवं सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखा गया। राष्ट्रभक्तों ने उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला संघचालक पूर्व प्रधानाचार्य रवि प्रकाश मणि त्रिपाठी, श्री गोरक्षनाथ संस्कृत पीजी कॉलेज के प्रवक्ता बृजेश मणि मिश्र, समिति सदस्य अजय श्रीवास्तव, आशुतोष राय, महानगर महामंत्री अच्युतानंद शाही, प्राण तिवारी, प्रदीप त्रिपाठी, आशीष पांडेय एडवोकेट आदि उपस्थित थे।

### पेड़ से गिरकर वृद्ध की मौत

**अंबेडकरनगर।** आम के पेड़ से गिरकर 60 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है । मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के मरहरा गांव का है म गांव निवासी मुन्नीलाल 60 पुत्र स्वर्गीय राम सहाय कनौजिया गुरुवार प्रातः आम के पेड़ पर आम तोड़ने के लिए चढे थे । आम तोड़ते समय वह अचानक पेड़ से गिर गये जिससे उनको गंभीर चोट आई। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### अनिल सोनकर जिला महामंत्री नियुक्त

**गोरखपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय लल्लू के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पासवान ने अनिल सोनकर को जिला महामंत्री बनाया। इनके मनोनयन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री विश्व विजय सिंह, जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान, पूर्व मेयर पवन बाथवाल पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मधुसूदन त्रिपाठी एडवोकेट, डा. विजाहत करीम, निवर्तमान महानगर अध्यक्ष अरुण अग्रहरी, पूर्व जिलाध्यक्ष रामजन्म यादव, पूर्व युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अर्जुन उपाध्याय, दिलीप निषाद, नवीन कुमार सिन्हा, अनुराग पांडेय, शरदिंदु कुमार पांडेय, डा. पी एन भट्ट, महेंद्र मोहन, गुड्डू तिवारी, उमेश खन्ना एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष सुमित पांडेय, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अजीत पाठक, प्रेमलता चतुर्वेदी, निर्मला वर्मा, रोहन पांडेय आदि ने बधाई दी है।

### बोर्ड का सदस्य बनाये जाने पर की प्रसन्नता व्यक्त

**गोरखपुर।** नेशनल फेडरेशन आफइंडियन रेलवे में राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार, समालोचक, लेखक, और कई बड़े समाचारों के लम्बे समय तक सम्पादक रहे शैलेंद्र मणि त्रिपाठी को सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिल्ली लाइब्रेरी बोर्ड का सदस्य नामित करने पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। ए. के. सिंह ने बताया कि शैलेंद्र मणि ने बहुत कम उम्र मे पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी इच्छाशक्ति और सर्मपण के बल पर बड़ा मुकाम और पहचान बनाया,उन्होंने अपने कलम की धार से पत्रकारिता के तेवर और कलेवर को भी जनपक्षधरता का बड़ा हथियार बनाया, एक पत्रकार के रूप में वे खबर लेते भी थे और खबर देते भी थे। श्री मणि ने अपने व्यापक दृष्टिकोण के चलते पूर्वांचल में पत्रकारों की एक लम्बी श्रृंखला तैयार किया जिसकी बदौलत आज तमाम नौजवान पत्रकारिता क्षेत्र मे अपनी बड़ी पहचान बना रहे हैं। शैलेंद्र मणि के नामांकन से पूर्वांचल के पत्रकारों के काबिलियत को नई पहचान मिली है।

### देशी शराब की दुकान से लूट करने वाले चार लुटेरे गिरफ्तार

**गोरखपुर।** गुलरिया थाना क्षेत्र के सरहरी चौकी अंतर्गत 28 जून को देर रात सरकारी देशी लाइसेंसी शराब की दुकान से 5000 रुपये व 3 पेटी शराब लूट की घटना को अंजाम देने वाले चार लुटेरों को गुलहरिया पुलिस ने गिरफ्तार किया। लूट की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. सुनील गुप्ता ने घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। जिसके अनुपालन में पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविंद कुमार पांडेय, क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा रचना मिश्रा घटना के अनावरण हेतु थाना प्रभारी गुलरिया, चौकी प्रभारी सरहरी को लगाया था। थाना प्रभारी गुलरिहा मनोज कुमार राय व चौकी प्रभारी धनंजय कुमार राय त्वरित कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों अजय कुमार यादव पुत्र लालजी यादव निवासी मंगलपुर टोला बौडीहवा गुलहरिया, कमरुद्दीन उर्फपमपम पुत्र जावेद अली निवासी महराजगंज चौराहा गुलहरिया, आशीष निषाद पुत्र ध्रुप निषाद निवासी मंगलपुर टोला कोइलहिया गुलहरिया, सुजीत यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव निवासी मंगलपुर टोला बौडीहवा गुलहरिया गोरखपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से एक तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस 315 बोर व एक तमंचा 12 बोर एक जिंदा कारतूस 12 बोर व दो अदद मोबाइल, दो मोटरसाइकिल तथा 1090 रुपये नकद एक पेटी देसी शराब बरामद किया। पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक उत्तरी अरविंद कुमार पांडेय ने प्रेस वार्ता पर उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त लुटेरे गुलरिया थाना अंतर्गत अन्य लूट की घटना में भी सम्मिलित रहें।

### बेकाबू हुआ कोरोना, आज जनपद में मिले 74 मरीज

**गोरखपुर।** कोरोना वायरस का संक्रमण अब तेजी से फैलना शुरू हो गया है। यूं कहें कि कोरोना अब बेकाबू हो गया है तो इसमें कोई अति श्योक्ति नहीं होगी। गुरूवार को गोरखपुर जनपद में कुल 74 नये मरीज पाये गए। अब जनपद में कुल मरीजों की संख्या 1349 हो गई। जानकारी के अनुसार 690 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। अब तक 30 की मौत हो चुकी है। जबकि जनपद के विभिन्न अस्पतालों में अभी भी 629 का इलाज चल रहा है। जो मरीज आज पाये गए हैं उसमें सदर क्षेत्र के रसूलपुर में एक, हुमायूपुर में तीन, जगन्नाथपुर, मदन मोहन मालवीय कैंपस में तीन-तीन, रायगंज, जटेपुर, लच्छीपुर, राप्तीनगर, विशुनपुरा, कोतवाली, जाफरा बाजार, तहसील सदर, बिछिया, माया बाजार, खूनीपुर में एक-एक, मियाबाजार, रूस्तमपुर, रामगढ़ ताल, गोरखनाथ, मोहद्दीपुर में दो-दो, इंडसइण्ड बैंक में तीन मरीज पाये गए। ग्रामीण क्षेत्र में पाये गए मरीजों में बांसगांव में एक, भटहट के सोनराइच बड़ेगांव में चार, ब्रहमपुर के नई बाजार में एक, कैंपियरगंज के पीपीगंज में दो, रबेलिया, आलम चक में एक-एक, बीआरडी में एक, चरगांवां के पादरी बाजार, फातिमा, चिउटहा में एक-एक, गगहा के डेमुसा में एक, टाड़ा, हाटा बाजार में दो-दो, गोला के नरहर टोला, गोपालपुर में एक-एक, खैरपार में तीन, खजनी के बसियाखोर में एक, खोराबार में एक, पिपराइच के महुअवा, चिलबिलवा, उनौला, नरकटिया में एक-एक, सरदार नगर के रामपुर में एक, बेलवा के कल्यानपुर में दो मरीज पाये गए हैं।

## आंधी में पेड़ गिरने से पिता की मौत, पुत्र घायल

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** बुधवार देर शाम आई तेज रफ्तार आंधी ने खंडासा थाना क्षेत्र के रामनगर अमावा सूफी गांव में खूब कहर बरपाया । तेज आंधी में सैकड़ों पेड़ धराशाई हो गए । जहां पर गूलर का पेड़ गिरने से एक अधेड़ किसान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया । इसके अलावा पेड़ व छप्पर गिरने की घटनाओं में गाँव के कई और लोग भी मामूली रुप से घायल हुए हैं। ज्ञात हो कि अमावा सूफी गांव निवासी मोहनलाल पुत्र बब्बन (50) घर के बाहर पेड़ के नीचे मवेशी बांध रहे थे इतने में ही तेज रफ्तार चक्रवाती आंधी आ गई और गूलर का पेड़ उखड़ कर उन्हीं के ऊपर गिर गया जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई । तथा उनका लडका हनुमान (30) पेड़ की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। मृतक मोहनलाल के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सभी बैंक शाखाओं में अनिवार्य रूप से स्थापित हो कोविड हेल्प डेस्कः अनुज झा

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने जिला सलाहकार समिति की बैठक में सभी बैंकर्स को अपने सभी शाखाओं में अनिवार्य रूप से कोविड हेल्प डेस्क संचालित कराने के लिए निर्देश उन्होंने कहा कि सभी शाखाओं में स्थापित कोविड हेल्प डेस्क पर अनिवार्य रूप से इंफ्रारेड थर्मोमीटर पल्स ऑक्सीमीटर फुट सेंसर ऑपरेटर सैनिटाइजर उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा हेल्प डेस्क पर एक व्यक्ति की ड्यूटी भी लगाएं। क्या करें क्या ना करें का पोस्टर भी लगाएं। बैंक के सभी कर्मचारी अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं बिना मास्क लगाए व बिना हाथों को सैनिटाइज कराए किसी भी कर्मचारी व ग्राहक को बैंक में प्रवेश न दिया जाए। जिलाधिकारी ने बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु जारी सभी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए ही बैंकों का संचालन किया जाए। उन्होंने कहा कि दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर बैंक शाखाओं को सील किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने इस महामारी के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रवासी श्रमिकों एवं आम जनता को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने वह उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु चलाई जा रही विभिन्न रोजगार परक योजनाओं यथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार, एक जनपद एक उत्पाद तथा किसान क्रेडिट कार्ड आदि की समीक्षा की तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बैंकों में पेंडिंग एप्लीकेशंस को प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्किल डेवलपमेंट प्लान तैयार करने हेतु विगत वित्तीय वर्ष में 10 लाख रुपए या उससे अधिक की धनराशि के फाइनेंस वाले उद्यमी का नाम पता व उद्योग का नाम उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

## इनामी दो गैंगेस्टर गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंट की पुलिस टीम ने दो गैंगेस्टर, टाप-10, इनामिया अपराधी को गिरफ्तार किया। पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत अभियुक्त राजकुमार उर्फबग्गड पुत्र भोला निषाद निवासी हुबलाल के मकान के बगल महादेव झारखण्डी कूड़ाघाट थाना कैण्ट, के गैगेंस्टर में काफी समय से वाँछित होने के कारण गिरफ्तारी हेतु 20000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने रवि मेडिकल स्टोर आवास विकास कालोनी के पास से मय एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारसूत 315 बोर व अभियुक्त विजय साहनी पुत्र सुरेश साहनी निवासी महादेव झारखण्डी कूड़ाघाट थाना कैण्ट को रायल फिटनेस सेंटर के पास इन्जीनियरिंग कालेज क्षेत्र से मय 7 ग्राम स्मैक के गिरफ्तार कर अभियोग पंजीकृत किया गया। दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध कैंट थाने में विभिन्न गंभीर धाराओं में कई मुकदमा पहले से ही दर्ज है।

## पत्रकार के ऊपर जानलेवा हमला गंभीर हालत में जिला अस्पताल भर्ती

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** जमीन की पैमाइस के दौरान मिल्कीपुर तहसील के पत्रकार नरसिंह पर दबंग लोगों ने महिलाओ समेत लाठी डंडो से जानलेवा हमला कर दिया जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए हालत नाजुक देख पत्रकार को सीएचसी मिल्कीपुर से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया । कुमारगंज थाना क्षेत्र के मसेढ़ा गांव में चकरोड की पैमाइश करने के लिए दोपहर बाद हल्का लेखपाल सुमित ठाकुर टीम के साथ चक रोड की नाप के लिए गए हुए थे उक्त चकरोड़ के दक्षिण दिशा में चारागाह की जमीन है जिस पर नरसिंह के पूर्वजों का लगाया हुआ आम एमहुआए जामुन सहित अन्य पेड़ मौजूद हैं उसके उत्तर दिशा में गांव निवासी अमरनाथ की जमीन है उसी चारागाह के बीच से होकर चक मार्ग निकला हुआ है जिसकी पटाई मनरेगा से होनी थी इसी चकरोड की पैमाइश के समय नरसिंह भी मौके पर पहुंचे जहां अमरनाथ की घर की आधा दर्जन महिलाएं लाठी.डंडा लेकर पहले से ही मुस्तैद थी जैसे ही लेखपाल ने पैमाइश शुरू किया वैसे ही वे महिलाएं तथा उनके साथ आए घर के पुरूष पत्रकार नरसिंह से उलझ गए और पैमाइश का विरोध करने लगे देखते ही देखते महिलाओं ने नरसिंह को लाठी.डंडों व लात घुसा से मार.मार कर लहूलुहान कर दिया घटना की सूचना मौजूद लोगों ने कुमारगंज पुलिस को दी मौके पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने घायल पत्रकार को सीएससी इनायतनगर ले गई जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है । दूसरी ओर घटना का जायजा लेने पहुंचे उप जिला अधिकारी मिल्कीपुर अशोक कुमार शर्मा सीओ मिल्कीपुर जयप्रकाश सिंह भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर मौजूद लोगों से घटना की जानकारी ली।

**गाजियाबाद में पत्रकार विक्रम जोशी हत्याकांड**

## शोकसभा कर पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन



**अंबेडकरनगर।** गाजियाबाद में पत्रकार साथी विक्रम जोशी की हत्या के विरोध में प्रेस क्लब सभागार में एक बैठक आयोजित की गई बैठक के उपरांत मृतक विक्रम जोशी की आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया । उसके बाद सभी पत्रकार साथी एक साथ कलेक्ट्रेट पहुचे और प्रेस क्लब अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में पत्रकार के परिजनों को 25 लाख रूपये का मुवाबजा व पत्रकार सुरक्षा कानून बनाये जाने की मांग की गयी।.प्रेसक्लब में बैठक के दौरान ही सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि मृतक के परिजनों को जनपद के पत्रकार साथियों के स्वैच्छिक सहयोग से कुछ राशि प्रेस क्लब अम्बेडकरनगर की तरफसे भेजा जाए जिस पर सभी ने सहयोग की बात कही और तत्काल कई पत्रकारों ने सहयोग राशि के रूप में अपना सहयोग भी प्रदान किया। इस दौरान अन्य साथियों से अपील की गयी कि जो भी सहयोग हो सके वे उसे सोमवार तक महासचिव अथवा उपाध्यक्ष के पास जमा कर सकते हैं। इस दौरान महासचिव कार्तिकेय द्विवेदी, उपाध्यक्ष पंकज शुक्ल, वेद पाठक, सोनू सिंह,पवन सारस्वत, प्रवीण कुमार, अविचल सिंह,के के पांडेय, अनन्त आदि पत्रकार मौजूद रहे।

● 25 लाख मुआबजा व पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग

## परिवहन विभाग के लाइसेंस के बिना ट्रेवेल एजेंसियों का कार्य अवैध

**अंबेडकरनगर।** जनपद में विभिन्न ट्रेवेल एजेन्सियों द्वारा वाहनों को बुक किए जाने तथा टिकट बिक्री का कार्य बिना परिवहन विभाग के लाइसेंस प्राप्त किए ही किया जा रहा है जो कि गलत है। नियमत: उनका लाइसेंस सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण से प्राप्त होना आवश्यक होता है जिसके लिए ट्रेवेल एजेन्सियों को सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय अयोध्या में ट्रेवल एजेन्सी/फर्म के नाम टिकट बिक्री अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) प्राप्त करने के उपरान्त ही बुकिंग का कार्य कर सकते हैं परन्तु यह देखने में आया है कि ट्रेवेल एजेन्सियों के द्वारा सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय अयोध्या में ट्रेवेल एजेन्सी/फर्म के नाम टिकट बिक्री अनुज्ञप्ति प्राप्त किये बिना ही वाहन बुकिंग का कार्य किया जा रहा है। अतएव जनपद के समस्त ट्रेवेल एजेन्सियों के स्वामियों/संचालकों को सूचित किया जाता है कि जिस भी ट्रेवेल एजेन्सी के द्वारा सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण अयोध्या में पंजीयन के बगैर टिकट बिक्री एवं वाहनों को बुकिंग करने का कार्य किया जा रहा है।

# शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों के शैक्षणिक अभिलेखों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू

● ईमानदारी से हुई जांच तो खुल सकते हैं बड़े राज

संवाददाता। अंबेडकरनगर



बीआरसी अकबरपुर में अभिलेखों की फीडिंग करते शिक्षक

**प्रदेश** सरकार के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत रहे शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों के अभिलेखों का सत्यापन कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। विकास खण्डों पर स्थित ब्लाक संसाधन केन्द्रों पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों की देख रेख में सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों के शैक्षणिक अभिलेखों का कभी भी सत्यापन नही कराया गया है लेकिन इसी बीच बड़ी संख्या में शिक्षा मित्र अध्यापक बन चुके हैं। ऐसी स्थिति में इनके अभिलेखों के सत्यापन से फर्जीवाड़े का खुलासा हो सकता है। सूत्रों की मानें तो जिस समय मेरिट के आधार पर शिक्षा मित्रों को शिक्षक पद पर तैनात किया गया था उस दौरान ग्राम शिक्षा समितियों में चयन के समय की मेरिट के अंको व अंक पत्रों में भारी हेर-फेर की गयी थी। बीएसए कार्यालय के कुछ मठाधीशों की देख-रेख में यह पूरा रैकेट संचालित हुआ था। इस रैकेट नें नम्बरों में हेर-फेर करके कई शिक्षा मित्रों को मेरिट में पंहुचा दिया था। हालांकि उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद शिक्षा मित्रों को शिक्षक पद से हटा दिया गया था लेकिन न्यायालय के ही आदेश पर उन्हें भारांक प्रदान किया गया था। बाद में टेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद यह शिक्षा मित्र उसी पुरानी मेरिट के आधार पुन: शिक्षक बन चुके हैं। इसके अलावां विकलांगता प्रमाण पत्रों में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़झाले की बात सामने आ रही है। ऐसे में यदि समस्त अभिलेखों की ईमानदारी से जांच करायी गयी तो बड़ा खुलासा हो सकता है। खण्ड शिक्षा अधिकारी अकबरपुर वीरेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि समस्त शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों से उनके अभिलेखों की हस्ताक्षरित प्रति जमा करायी जा रही है जिसका सत्यापन कराया जायेगा। गौरतलब है कि इसके पूर्व शिक्षकों के अभिलेखों के सत्यापन की फीडिंग प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

# कोरोना के कारण त्रेता युग की टूटी परंपरा नहीं लगा मणि पर्वत पर झूलनोत्सव मेला

● अयोध्या के संतों महंतों ने कोरोनावायरस को देखते हुए इस बार मणि पर्वत झूलनोत्सव महोत्सव किया स्थगित



**अयोध्या।** त्रेता युग से चली आ रही परंपरा पर लगा करोना का ग्रहण। श्रीराम नगरी में हर वर्ष सावण शुक्ल तृतीया को अयोध्या में मणि पर्वत मेले के साथ ही झूलन उत्सव का शुभारंभ होता थाए लेकिन इस वर्ष प्रशासन ने कोरोना महामारी के कारण मणि पर्वत पर होने वाले मेले पर रोक लगा दी है और इस वर्ष मणि पर्वत पर भीड़ एकत्र नहीं होने दी जाएगी। प्रशासन ने संतों से भी रथयात्रा न निकालने की अपील की है। हालांकि मंदिरों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए झूलन उत्सव का आयोजन होगा। अयोध्या में सावन झूलन उत्सव इस वर्ष कोरोना वायरस की भेंट चल गया और अयोध्या में सावन मास के शुभारंभ के प्रथम दिन से ही बाहरी श्रद्धालुओं के प्रवेश पर पहले से ही प्रतिबंध लगा दिया गया था और मणि पर्वत मेले के साथ शुरू हो रहे सावन झूलन उत्सव पर भी ग्रहण लग गया है। प्रशासन ने मणि पर्वत मेले पर रोक लगाते हुए किसी भी प्रकार की भीड़ न एकत्रित करने का आदेश जारी किया है। साथ ही साथ मंदिरों से निकलने वाली रथ यात्राओं पर भी रोक लगाई गई है। इसके लिए प्रशासन संत महंतों से सहयोग मांग रहा है। एसपी सिटी विजय पाल सिंह ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए किसी भी प्रकार से भीड़ एकत्रित किया जाना उचित नहीं है। मणि पर्वत मेले पर रोक लगाई गई है और मंदिरों से रथ यात्रा भी न निकलेए इसके लिए संतों से सहयोग मांगा गया है। कहा कि प्रशासन की सभी भक्तों से अपील है कि महामारी से जारी जंग में सहयोग करते हुए अपने.अपने घरों पर रहकर ही पूजा.पाठ करें और झूलन उत्सव मनाए।

### संतों ने की अपील घर पर रहकर मनाए झूलनोत्सव

**अयोध्या।** रामनगरी के संतों ने भी प्रशासन का सहयोग करते हुए भक्तों से अपील किया है कि वे अपने घरों पर रहकर ही सावन झूला उत्सव मनाए और इस बार मणि पर्वत पर लगने वाला झूला उत्सव महोत्सव को भी संतो ने अपील के साथ स्थगित कर दिया। क्योंकि मणि पर्वत मेले में हजारों की संख्या में लोग इकट्ठा होते थे जिससे कि कोरोनावायरस का संक्रमण बढ़ सकता है। इसलिए संतों ने श्रद्धालुओं से अपील की किस बात घर पर ही झूलन उत्सव का कार्यक्रम करें। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए देश हित में है। मणिराम दास की छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने भक्तों से अपील किया है कि वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए कोरोना से जारी जंग में सहयोग करें।

## रेल कर्मचारी 14 तक भेंजे प्रवृष्टियां

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**रेल कर्मचारियों** की साहित्यिक प्रतिभा एवं अभिरूचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय की हिन्दी में कहानी, उपन्यास, नाटक एवं अन्य गद्य साहित्य के लिए ' प्रेमचंद पुरस्कार' तथा काव्य/गजल संग्रह के लिए 'मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार' योजनायें संचालित की जाती है। आधार वर्ष 2019 के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित हैं। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि इस योजना के अन्तर्गत केवल सेवारत रेलकर्मी ही भाग लेने के पात्र हैं। पुस्तक लेखक अथवा कवि की मौलिक कृति होनी चाहिए। पुस्तक सामान्यत: 100 पृष्ठ से कम की नहीं होनी चाहिए। आधार वर्ष 2019 के अन्तर्गत पुस्तक का लेखन अथवा प्रकाशन कार्य 01 जनवरी, 2017 से 31 दिसम्बर, 2019 तक पूरा होना चाहिए। राजभाषा विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के पास प्रविष्टियाँ भेजने की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। किसी अन्य जानकारी के लिए राजभाषा विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

## संपादित किया जा रहा है दोहरीकरण का कार्य

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**पूर्वोत्तर** रेलवे प्रशासन द्वारा सुगम रेल संचलन हेतु परिचालनिक सुविधाओं के लिए मूलभूत ढाँचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को विकसित करने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। इसी क्रम में डोमिनगढ़-गोरखपुर-गोरखपुर कैण्ट-कुसुम्ही के बीच तीसरी लाइन एवं गोरखपुर-नकहा जंगल के दोहरीकरण की परियोजना का कार्य सम्पादित किया जा रहा है। 21.15 किमी. लम्बी इस परियोजना को वर्ष 2016-17 में रू. 186.85 करोड़ की अनुमानित लागत से स्वीकृति मिली थी। इसके अन्तर्गत 5.5 किमी. लम्बे गोरखपुर-नकहा जंगल रेल खण्ड के दोहरीकरण का कार्य प्रगति पर है। इस दोहरीकरण परियोजना के पूर्ण हो जाने पर रेल संचलन बहुत ही सुविधाजनक हो जायेगा। इस दोहरीकरण के फलस्वरूप नकहा जंगल गुड्स शेड से माल परिवहन को नया आयाम मिलेगा। इसके साथ ही गोरखपुर जंक्शन स्टेशन पर बढ़ते हुये यातायात के दबाव में भी कमी आयेगी। गोरखपुर से प्रारम्भ एवं समाप्त होने वाली ट्रेनों के रेकों को भी नकहा जंगल में प्लेस करने में आसानी होगी। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया है कि गोरखपुर-नकहा जंगल रेल खण्ड के दोहरीकरण का कार्य माह अक्टूबर, 2018 में प्रारम्भ कर दिया गया। इस परियोजना के अन्तर्गत समपार संख्या-3 एवं 4 के बीच तीन स्टैब्लिंग लाइन सहित एक लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी का कार्य, एक छोटा पुल तथा गेट लॉज का निर्माण किया जाना है। इसके साथ ही नकहा जंगल के प्लेटफार्म संख्या-1 का मानीराम की तरफ 100 मीटर तक विस्तार एवं मिडियम लेवल से हाई लेवल में उच्चीकरण, मानीराम की तरफ प्लेटफार्म संख्या-2 एवं 3 के बीच 305 मीटर लम्बी नई लाइन, एक एफओ.बी. तथा पी.पी. शेल्टर, विद्युतीकरण, स्टैब्लिंग लाइन का कार्य आदि सम्मिलित है। अभी तक 60,000 क्यूबिक मीटर मिट्टी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। छोटा पुल संख्या-1 पर कार्य प्रगति पर हैं। बाटम स्लैब एवं वाल बना लिया गया है। समपार संख्या-1 पर गेट लॉज का निर्माण कार्य प्रगति पर है।



कोलकाता में कोरोना वायरस बीमारी पर अंकुश लगाने के लिए जारी लॉकडाउन के बीच सड़क पर चलते यात्री

# 'पूर्वोत्तर में देश के विकास का इंजन बनने की क्षमता'

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्वोत्तर में भारत के विकास का इंजन बनने की क्षमता है और उनके इस विश्वास का कारण यह है कि इस क्षेत्र में शांति की स्थापना हो रही है। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मणिपुर जल आपूर्ति परियोजना की आधारशिला रखते हुए यह बात कही।

मणिपुर जल आपूर्ति परियोजना का मकसद ग्रेटर इंफाल योजना क्षेत्र में शेष घरों में पाइप के जरिए स्वच्छ जलापूर्ति कराना और मणिपुर के सभी 16 जिलों में 2,80,756 घरों के साथ 1,731 ग्रामीण बस्तियों में जलापूर्ति करना है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज का ए कार्यक्रम, इस बात का उदाहरण है कि कोरोना के इस संकट काल में भी देश रुका नहीं है, देश थमा नहीं है। हमें कोरोना के खिलाफ मजबूती से लड़ते रहना है और साथ ही विकास के कार्यों को भी पूरी ताकत से आगे बढ़ाना है। उनकी



सरकार द्वारा पूर्वोत्तर में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया, पूर्वोत्तर में देश का ग्रोथ इंजन बनने की क्षमता है। दिनों-दिन मेरा ए विश्वास इसलिए गहरा हो रहा है क्योंकि अब पूरे नॉर्थ ईस्ट में शांति की स्थापना हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, एक तरफ जहां मणिपुर में ब्लॉकेड इतिहास का हिस्सा बन चुके हैं, वहीं असम में दशकों से चला आ रहा हिंसा का दौर थम गया है। त्रिपुरा और मिज़ोरम में भी युवाओं ने हिंसा के रास्ते का त्याग किया है। अब ब्रू-रियांग शरणार्थी एक बेहतर जीवन की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, इस बार तो पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत को एक तरह से दोहरी चुनौतियों से निपटना पड़ रहा है। पूर्वोत्तर में फिर इस साल भारी बारिश से बहुत नुकसान हो रहा है। अनेक लोगों की मृत्यु हुई है, अनेक लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है। प्रधानमंत्री के मुताबिक, मणिपुर में कोरोना संक्रमण की गति और दायरे को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार दिन रात जुटी हुई है।

लॉकडाउन के दौरान मणिपुर के लोगों के लिए ज़रूरी इंतज़ाम हों, या फिर उनको वापस लाने के लिए विशेष प्रबंध, राज्य सरकार ने हर जरूरी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मणिपुर के करीब 25 लाख गरीब भाई-बहनों को मुफ्त अनाज मिला है। इसी तरह डेढ़ लाख से अधिक बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस सिलेंडर की सुविधा दी गई है।

## 'जलवायु परिवर्तन का समाधान हरियाली'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन का दुनिया पर असर पड़ा है और केवल हरियाली ही इस संकट का समाधान कर सकती है। कोयला मंत्रालय के वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में इस बात पर जोर दिया गया है कि किसी को भी प्रकृति का दोहन नहीं करना चाहिए बल्कि इसके साथ सहयोग करना चाहिए। गृह मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, शाह ने छह ईको-पार्क और पर्यटन स्थलों की आधारशिला रखी। पौधरोपण कार्यक्रम भारत भर के दस कोयला और लिग्नाइट समृद्ध राज्यों के 38 जिलों में 130 से अधिक स्थानों पर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से चलाया गया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का दुनिया पर असर पड़ा है और केवल हरियाली ही इस संकट का समाधान है। उन्होंने कहा, भारतीय विरासत का मुख्य मंत्र है कि हमें प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करना चाहिए न कि उनका दोहन करना चाहिए। हमने इस सिद्धांत की उपेक्षा की जिससे ओजोन के परत में क्षति



हुई और ओजोन छिद्र बने जिसके कारण वैश्विक तापमान बढ़ा और जलवायु परिवर्तन हो रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि इस समस्या का केवल एक समाधान है और उनमें से एक का वर्णन पुराणों में मिलता है कि वृक्ष मानवता के हितैषी हैं और केवल हरियाली ही लोगों को इस संकट से उबार सकती है। शाह ने कहा कि वृक्षों की कई प्रजातियां 100 से 150 वर्षों तक मानवता की सेवा करती हैं और पीपल उन वृक्षों में शामिल है जो सौ फीसदी ऑक्सीजन देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार विभिन्न कोयला क्षेत्रों में वनरोपण को बढ़ावा दे रही है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने खनन वाले इलाकों में विकास के लिए 39 हजार करोड़ रुपए की लागत से जिला खनिज कोष बनाया है और 35 हजार छोटी परियोजनाओं को पूरा किया गया है।

## विश्व भारती ने कांच मंदिर में मोबाइल व कैमरे पर रोक लगाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विश्व भारती विश्वविद्यालय ने प्रसिद्ध कांच मंदिर में साप्ताहिक उपासना के दौरान मोबाइल फोन तथा कैमरे ले जाने पर रोक लगा दी है। अधिकारियों ने बताया कि 21 जुलाई को जारी अधिसूचना में विश्वविद्यालय ने कहा कि 22 जुलाई से उपासना के दौरान मोबाइल और कैमरे की इजाजत नहीं होगी। अधिकारियों ने इस कदम के लिए कोई कारण नहीं बताया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के एक छात्र ने बताया कि 15 जुलाई को कांच मंदिर में कुलपति विद्युत चक्रवर्ती के भाषण के कुछ अंशों वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। मामले पर टिप्पणी के लिए कुलपति से संपर्क नहीं हो सका। विश्वविद्यालय के सूत्रों ने बताया कि यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि फोन कॉल और बातचीत से उपासना सत्र का माहौल बाधित न हो। उन्होंने बताया कि मोबाइल फोन और कैमरे पहले से विश्वविद्यालय के प्रदर्शनी हॉल में प्रतिबंधित हैं।

## 22 प्रतिशत स्कूलों की इमारतें पुरानी या जीर्ण-शीर्ण

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने एक रिपोर्ट में कहा है कि देश में लगभग 22 प्रतिशत स्कूल या तो पुरानी या जीर्ण-शीर्ण इमारतों से चल रहे हैं। रिपोर्ट सुरक्षा एवं सुरक्षित स्कूल माहौल 12 राज्यों में 26,071 स्कूलों के सर्वेक्षण पर आधारित है। एनसीपीसीआर ने यह सर्वेक्षण स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा की पड़ताल के मद्देनजर किया।

रिपोर्ट में कहा गया कि सर्वेक्षण में भारत के उत्तर, पश्चिम, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों को शामिल किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, हरियाणा और राजस्थान के अनेक जिले शामिल किए गए। ओडिशा, मिजोरम, उत्तराखंड, मेघालय, झारखंड और चंडीगढ़ के कुछ जिलों को भी इसमें शामिल किया गया। सर्वेक्षण में पता चला कि 22 प्रतिशत स्कूल पुरानी या जीर्ण-शीर्ण इमारतों से चल रहे हैं, जबकि 31

**● एनसीपीसीआर की रिपोर्ट में कहा गया**

प्रतिशत स्कूलों के ढांचे में दरारें आई हुई हैं। इसमें सामने आया कि 19 प्रतिशत स्कूल रेल पटरियों के पास हैं, जबकि एक प्रतिशत स्कूलों के नजदीक ही बच्चों की सुरक्षा के लिए सड़कों पर स्पीड ब्रेकर और जेब्रा क्रॉसिंग हैं। सर्वेक्षण में एक और महत्वपूर्ण बात पता चली कि 74 प्रतिशत स्कूलों में शौचालयों में पानी की व्यवस्था है, जबकि शेष स्कूलों में बच्चों को बाहर से पानी ले जाना पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया, यह खतरनाक स्थिति है। इससे छात्रों की स्वास्थ्य और शारीरिक सुरक्षा को खतरा है।


इसमें कहा गया कि केवल 49 प्रतिशत स्कूलों में दिव्यांगों के अनुकूल शौचालय हैं। सर्वेक्षण में पाया गया कि स्कूलों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता से केवल 57 प्रतिशत बच्चे संतुष्ट हैं।

## कोविड-19 की त्वरित जांच किट विकसित करने पर काम कर रही इजराइली टीम भारत आएगी

भाषा। नई दिल्ली

**इजराइल** ने बृहस्पतिवार को कहा कि कोविड-19 महामारी से संयुक्त रूप से लड़ने की कोशिश के तहत वह एक अनुसंधान टीम को एक विशेष विमान से भारत भेज रहा है। यह टीम इस रोग की जांच के लिए एक त्वरित जांच किट विकसित करने पर भारतीय वैज्ञानिकों के साथ काम कर रही है। यह किट 30 सेकेंड में परिणाम दे सकती है।

इजराइली दूतावास ने एक बयान में कहा कि आने वाले हफ्तों में इजरइल का विदेश, रक्षा और स्वास्थ्य मंत्रालय दोनों देशों के बीच एक अभूतपूर्व कोविड-19 रोधी सहयोग अभियान का नेतृत्व करेगा। बयान में कहा गया है, तेल अवीव से एक विशेष विमान के नई दिल्ली पहुंचने की योजना है। इसमें इजराइली रक्षा मंत्रालय की उच्च स्तर की अनुसंधान एवं विकास टीम आएगी, जो 30 सेकेंड के अंदर कोविड-19 का पता लगाने वाली जांच किट विकिसित करने के लिए भारत के मुख्य वैज्ञानिक के. विजय राघवन और



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ काम रही है। दूतावास ने कहा कि भारतीय विकास एवं उत्पादन क्षमताओं के साथ इजराइली प्रौद्योगिकी का समन्वय करने का उद्देश्य महामारी के बीच शीघ्रता से सामान्य जीवन बहाल करना है।

बयान में कहा गया कि इस विमान से मैकनिकल वेंटिलेटर आएंगे, जिसकी इजराइल सरकार ने भारत को निर्यात करने की विशेष अनुमति दी है। बयान में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी शुरू होने के बाद से इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन बार टेलीफोन पर बातचीत की है, जिसमें उन्हें वायरस से निपटने में परस्पर सहयोग का वादा किया और दोनों देशों के बीच संयुक्त प्रौद्योगिकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधन की प्रतिबद्धता जताई। बयान में कहा गया है कि भारत अभी 10 लाख से अधिक कोविड-19 के मामलों का सामना कर रहा है और भारत अपने अस्पतालों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी उपलब्ध करना चाहता है, ताकि वे देश की विशाल आबादी में बड़े पैमाने पर फैल सकने वाले संक्रमण से निपटने के लिए तैयार हो सकें।

बयान में कहा गया है कि तीन मंत्रालयों ने भारत भेजी जाने वाली इजराइली कंपनियों को चुना है। इससे निगरानी एवं उपचार प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराने में विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल इस देश तक अनूठी पहुंच की संभावना बनी है। प्रौद्योगिकी से रोगियों और स्वास्थ्यकर्मियों के बीच संपर्क घटेगा। इसमें कहा गया है कि भारत के बाजार में इसके विकास एवं उत्पादन क्षमताओं के दरवाजे खुलने से इन इजराइली प्रौद्योगिकी का कम लागत पर बड़े पैमाने पर उत्पादन होगा और जिसे भविष्य में संयुक्त रूप से तीसरे देश को भी बेचा जा सकेगा।

## पानी के रिसाव से गिरी हर की पौड़ी की दीवार : रिपोर्ट

**हरिद्वार।** उत्तरखंड में दो दिन पहले हर की पौडी पर सुरक्षा दीवार आकाशीय बिजली से नही बल्कि भूमिगत योजनाओं को लेकर अनियंत्रित खुदाई से पानी रिसने के कारण गिरी थी। मामले की जांच कर रही समिति ने अपनी रिपोर्ट में ऐसा कहा है। वहीं, गंगा सभा के अध्यक्ष प्रदीप झा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर दीवार गिरने के मामले मे कार्य करने वाली संस्था के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। मामले की जांच कर रही तीन सदस्य समिति ने हरिद्वार के जिलाधिकारी को बुधवार देर रात 10 बजे अपनी रिपोर्ट सौंप कर यह जानकारी दी कि दीवार भूमिगत बिजली लाइन और गैस पाइप लाइन को लेकर चल रही अनियंत्रित खुदाई के कारण गिरी। खुदाई को लेकर क्षेत्र के व्यापारी पहले से ही काफी नाराज और मुखर हैं जिनका कहना है कि मनमर्जी से हो रही खुदाई के कारण कई घरों व होटलों को खतरा पैदा हो गया है। खुदाई के बाद गड्ढों को ऐसे ही छोड़ दिया गया है जिससे बारिश का पानी रिसकर मकान व होटलों की नींव में समा रहा है।

## उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने तिलक, आजाद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

भाषा। नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दो महान सेनानियों बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद को बृहस्पतिवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। तिलक का जन्म 1856 में हुआ था, जबकि आजाद का जन्म 1906 में हुआ था।

प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा, भारत मां के दो वीर सपूतों-लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन। नायडू ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, आज, आओ इन वीर सपूतों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें और इस महान देश के लिए उनके सपने को पूरा करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए स्कूली किताबों में आदर्श राष्ट्रीय नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान,

**● पीएम ने ट्वीट में कहा, भारत मां के दो वीर सपूतों-लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और चंद्रशेखर आजाद को उनकी जन्म-जयंती पर शत-शत नमन**

देशभक्ति और शौर्य की कहानियों को शामिल करने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। नायडू ने कहा कि स्मृति कार्यक्रमों को कवर करने की जगह मीडिया को नियमित तौर पर उनकी कहानियों को रेखांकित करना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा, यद्यपि चंद्रशेखर आजाद 25 साल की उम्र में जल्द ही दुनिया से चले गए, लेकिन वह स्वतंत्रता संग्राम के सर्वाधिक प्रेरणास्रोत युवा नेताओं में से एक थे। वह एक मार्गदर्शक और विद्वान भी थे जिन्होंने कई स्वतंत्रता सेनानियों, खासकर भगत सिंह का मार्गदर्शन किया। नायडू ने तिलक के संबंध में कहा कि उन्होंने अपने दो साप्ताहिक अखबारों- मराठी में प्रकाशित केसरी और अंग्रेजी में प्रकाशित द मराठा के माध्यम से लोगों की राजनीतिक चेतना को जागृत करने का काम किया। उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया, उन्होंने (तिलक) इन प्रकाशनों के माध्यम से ब्रिटिश शासन की खुलकर आलोचना की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वह लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर उन्हें नमन करते हैं। सिंह ने कहा, वह एक सच्चे देशभक्त थे जिन्होंने स्वतंत्र भारत के विचार की परिकल्पना की। लोकमान्य तिलक एक महान व्यक्तित्व और महान विद्वान थे। भारत के स्वाधीनता संग्राम में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। रक्षा मंत्री ने चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें अमर क्रांतिकारी करार दिया।



बुलंदशहर में गुरुवार को एक आम के बाग में भैंस गाड़ी से आम ढोते मजदूर

## पेज एक का शेष

### सुप्रीम कोर्ट...

सकती। स्पीकर जोशी ने पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बुलाई गई पार्टी विधायक दल की दो बैठकों में शामिल नहीं होने पर पायलट समेत 19 बागियों को नोटिस भेजे थे। बागी विधायकों ने अदालत में तर्क दिया कि पार्टी छोड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है, वे लोग सिर्फ नेतृत्व परिवर्तन चाहते हैं। इस पर सिब्बल ने कहा कि बैठक में भाग नहीं लेने का उनका निर्णय, पार्टी की सदस्यता छोड़ने का सबूत है। विधानसभा अध्यक्ष का मामले में दखल के लिए सुप्रीम कोर्ट में जाना, कांग्रेस की इस चिता को दर्शाता है कि कानूनी लड़ाई में बागियों की जीत से गहलोत सरकार खतरे में पड़ सकती है। दो सौ सदस्यीय राजस्थान विधानसभा में गहलोत सरकार के पास बहुमत के जादुई आंकड़े 101 से केवल एक ही विधायक ज्यादा यानी 102 का संख्या बल है। राजस्थान हाई कोर्ट का फैसला यदि स्पीकर के पक्ष में जाता है यानी वे 19 बागियों को अयोग्य घोषित कर सकते हैं तब बहुमत का आंकड़ा घट जाने से, गहलोत सरकार शक्ति परीक्षण में बड़ी आसानी से विजय हासिल कर लेगी। लेकिन यदि कहीं यह केस बागी जीत जाते हैं और अयोग्यता का खतरा टल जाता है तब वे कांग्रेस सरकार के विरुद्ध वोट डाल सकेंगे। ऐसी स्थिति में गहलोत के लिए सत्ता में बने रह पाना कठिन हो जाएगा।

### सूबे में...

पांच बस्ती में 20, फिरोजाबाद में 9, संत कबीर नगर में 38, बिजनौर में 26, चंदौली में 42, बागपत में 18, मैनपुरी में 4, इटावा में 13, उन्नाव में 19, आज़मगढ़ में 9, शाहजहांपुर में 68, सुल्तानपुर में 34 सिद्धार्थनगर में 23, कन्नौज में 2 कुशीनगर में 13 महाराजगंज में 14 मऊ में 9 अमेठी में 14, फर्रुखाबाद में 5, सोनभद्र में 9, अमरोहा में 2, शामली में 22, मिर्जापुर में 9, गोंडा में 38, पीलीभीत ने 32, रायबरेली में 10, भदोही में 21, फ्तेहपुर में 10, कासगंज में 12, कौशांबी में 7, बदायूं में 7, लखीमपुर खीरी में 33, बहराइच में 10, जालौन में 6, एटा में 5, हाथरस में 4, प्रतापगढ़ में 14, औरैया में 28, बांदा में 19, महोबा में 21, हमीरपुर में 4, ललितपुर में 44, सीतापुर में 28, अंबेडकरनगर में 5, बलरामपुर में 3, कानपुर देहात में 2, चित्रकूट में 4, श्रावस्ती में एक कोरोनावायरस के संक्रमित मरीज पाए गए हैं।

### कोरोना जांच...

आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, पुलिस महानिदेशक हितेश सी. अवस्थी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद और सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जाधव के...

जुड़े सहायक दस्तावेजों के अभाव में पुनर्विचार याचिका दायर नहीं की जा सकती। पाकिस्तान ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि अपनी मौत की सजा के खिलाफ जाधव द्वारा एक पुनर्विचार याचिका दायर करने की अंतिम तारीख 20 जुलाई है। उन्हें यह सजा पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने सुनाई थी। भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी जाधव (50) को पाकिस्तान की एक सैन्य अदालत ने जासूसी एवं आतंकवाद के आरोप में अप्रैल 2017 में फांसी की सजा सुनाई थी। भारत ने जाधव को राजनयिक संपर्क मुहैया करने की इजाजत देने से पाकिस्तान के इनकार करने पर हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) का रुख किया था और उनकी मौत की सजा को चुनौती दी थी। आईसीजे ने जुलाई 2019 में कहा था कि पाकिस्तान को जाधव की दोषसिद्धित एवं सजा की अवश्य ही प्रभावी समीक्षा और पुनर्विचार करना चाहिए तथा बगैर विलंब किए भारत को उन्हें राजनयिक मदद उपलब्ध कराने दिया जाए।

### मुझे राजनीतिक...

बयान पर जोशी का हस्ताक्षर कराकर अदालत को प्रेषित कर सके। अब इस मामले में लालकृष्ण आडवाणी समेत सिर्फ तीन मुल्जिमों का बयान दर्ज होना बाकी है। 24 जुलाई को लालकृष्ण आडवाणी का बयान भी जरिए वीडियो कांफ्रेंसिंग से दर्ज किया जाएगा।

## देश में एक दिन में रिकॉर्ड 1,129 की मौत

**● कोरोना संक्रमण के 45,720 नए मामले**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में कोविड-19 के एक दिन में सर्वाधिक 45,720 नए मामले सामने आने के बाद बृहस्पतिवार को देश में संक्रमितों की कुल संख्या 12 लाख को पार कर गई। वहीं एक दिन में रिकॉर्ड 1,129 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 29,861 हो गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में तीन दिन के अंदर ही कोविड-19 के मामले 11 लाख से 12 लाख के पार पहुंच गए हैं।

मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में अब केविड-19 के 12,38,635 मामले हैं, जिनमें से 7,82,606 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। देश में अभी 4,26,167 लोगों का कोरोना वायरस का इलाज चल रहा है। देश में कोविड-19 के मरीजों के ठीक होने की दर अभी 63.18 प्रतिशत है। कुल पुष्ट मामलों में



विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार एक दिन में सामने आए 45,720 मामलों में से सबसे अधिक 10,576 मामले महाराष्ट्र में सामने आए। इसके बाद तमिलनाडु में 5,849, कर्नाटक में 4,764,उत्तर प्रदेश में 2,300, पश्चिम बंगाल में 2,291, तेलंगाना में 1,554, बिहार में 1,417, असम में 1,390, दिल्ली में 1,227, ओडिशा में 1,078, केरल में 1,038 और गुजरात में 1,020 मामले सामने आए।

यह आंकड़ा नए मामलों का करीब 75 प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 1,129 लोगों की मौत हुई है, उनमें से सबसे अधिक 518 लोग तमिलनाडु के थे। इसके बाद महाराष्ट्र में 280, आंध्र प्रदेश में 65, कर्नाटक में 55, पश्चिम बंगाल में 39, उत्तर प्रदेश में 34, दिल्ली में 29, गुजरात में 28, मध्य प्रदेश में 14, जम्मू-कश्मीर में 10, तेलंगाना और झारखंड में नौ-नौ, हरियाणा में आठ, असम, पंजाब तथा राजस्थान में छह-छह, ओडिशा में पांच, गोवा तथा उत्तराखंड में दो-दो, केरल, पुडुचेरी, त्रिपुरा और चंडीगढ़ में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।

देश में अभी तक कोविड-19 की 1.5 करोड़ से अधिक जांच हो चुकी है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार 22 जुलाई तक देश में 1,50,75,369 नमूनों की जांच की गई है, जिनमें से 3,50,823 नमूनों की जांच बुधवार को ही की गई। कोविड-19 से अभी तक 29,861 मरीजों की मौत के मामलों में महाराष्ट्र में सबसे अधिक 12,556 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद दिल्ली में 3,719 तमिलनाडु में 3,144, गुजरात में 2,224, कर्नाटक में 1,519, उत्तर प्रदेश में 1,263, पश्चिम बंगाल में 1,221, आंध्र प्रदेश में 823, मध्य प्रदेश में 770, राजस्थान में 583 और तेलंगाना में 372 लोगों की मौत हुई।

## इंटर ने ड्रॉ खेला, यूवेंटस के पास खिताब अपने नाम करने का मौका

**रोम।** इंटर मिलान ने बुधवार को फायोरेनटिना के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला जिससे यूवेंटस के पास गुरुवार को अपने रिकॉर्ड को बेहतर करने वाला लगातार नौवां सिरी एक खिताब जीतने का मौका होगा। इंटर की टीम हालांकि दुर्भाग्यशाली रही जब रोमेलू लुकाकू और एलेक्सिस सांचेज के शॉट गोल पोस्ट से टकरा गए। यूवेंटस की टीम अगर उडिनेसी में जीत दर्ज करती है तो अटलांटा पर नौ अंक की बढ़त बना लेगी जबकि तीन दौर का खेल बाकी रहेगा।

## लीवरपूल कप्तान बने हेंडरसन

**लीवरपूल।** जोर्डन हेंडरसन प्रीमियर लीग ट्रॉफी उठाने वाले लीवरपूल के पहले कप्तान बने लेकिन इस दौरान स्टेडियम में इस एतिहासिक लम्हे को देखने के लिए प्रशंसक मौजूद नही थे। एनफील्ड स्टेडियम का अधिकांश हिस्सा खाली था और जब स्टेडियम की छत से आतिशबाजी हुई तो हर जगह लाल धुआं छा गया।

## चैंपियन्स लीग के दो स्थानों के लिए तीन टीमें दौड़ में

**लीवरपूल।** चेल्सी को लीवरपूल के खिलाफ प्रीमियर लीग मैच में 3-5 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे चैंपियन्स लीग में जगह बनाने की दौड़ दिलचस्प हो गई है। रविवार को अंतिम दौर के मुकाबलों के दौरान यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता के लिए चार में से दो स्थान दांव पर लगे होंगे। चेल्सी की टीम अगर यूरोपा लीग के लिए क्वालीफाई करने की कोशिशों में जुटी वोल्वरहैम्पटन के खिलाफ ड्रॉ भी खेलती है तो शीर्ष चार में जगह पक्की करके चैंपियन्स लीग में जगह बना लेगी।

## कास्प्रोविज ने कार्यकारी निदेशक पद से इस्तीफा दिया

**मेलबर्न।** पूर्व तेज गेंदबाज माइकल कास्प्रोविज ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया के गैर कार्यकारी निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष अर्ल एडिंग्स ने यह जानकारी दी। संगठन को सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निदेशकों में से एक 48 साल के कास्प्रोविज ने पूर्व सीईओ केविन रोबर्ट्स के इस्तीफे के एक महीने बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया से नाता तोड़ लिया।

## आमिर को इंग्लैंड में टीम से जुड़ने के लिए हरी झंडी

**कराची।** पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को गुरुवार को कोरोना वायरस के लिए दूसरी जांच में नेगेटिव आने के बाद इंग्लैंड में राष्ट्रीय टीम से जुड़ने की मंजूरी मिल गई। आमिर केवल क्रिकेट के छोटे प्रारूप में ही खेलते हैं। पीसीबी आमिर और मालिशिए मोहम्मद इमरान को जल्द से जल्द इंग्लैंड भेजने का इंतजाम कर रहा है ताकि वे डर्बीशर में ट्रेनिंग शिविर में जुड़ सकें।

## बांग्लादेश का श्रीलंका दौरा हो सकता है अक्टूबर में

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश अपनी स्थगित की गई तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अक्टूबर में श्रीलंका का दौरा करने की योजना बना रहा है।

# आयोजकों को सरकार की मंजूरी का इंतजार

## आईपीएल 19 सितंबर से शुरू हो सकता है, फाइनल आठ नवंबर को : सूत्र

**नई दिल्ली।** बहु प्रतीक्षित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 19 सितंबर को संयुक्त अरब अमीरात में शुरू हो सकता है और इसका फाइनल आठ नवंबर को खेला जाएगा। बीसीसीआई के शीर्ष सूत्रों ने गुरुवार को पीटीआई को यह जानकारी दी। आईपीएल संचालन परिषद की अगले सप्ताह बैठक होगी जिसमें इसे अंतिम रूप देने के साथ कार्यक्रम को मंजूरी दी जाएगी। पता चला है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी योजना से फ्रेंचाइजी को अवगत करा दिया है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, पूरी संभावना है कि आईपीएल 19 सितंबर (शनिवार) को शुरू होगा और फाइनल आठ नवंबर (रविवार) को खेला जाएगा। इस तरह से यह 51 दिन तक चलेगा और यह फ्रेंचाइजी और प्रसारकों के अलावा अन्य हितधारकों के अनुकूल होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अक्टूबर नवंबर में होने वाली टी20 विश्व कप को स्थगित करने के फैसले के बाद आईपीएल का आयोजन संभव हो गया है।

**भाषा। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग की आठ फ्रेंचाइजी कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए बड़ी उत्सुकता से बीसीसीआई से मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) का इंतजार कर रही हैं और जब इसकी संचालन परिषद (जीसी) कुछ दिन में बैठक करेगी तो यह चर्चा का सबसे बड़ा मुद्दा होगा।

आईसीसी टी20 विश्व कप के स्थगित होने से बीसीसीआई संयुक्त अरब अमीरात में आईपीएल कराने की योजना बना रहा है और कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए टूर्नामेंट देश से बाहर करने को लेकर केंद्र सरकार को भेजे गए अनुरोध को हरी झंडी मिलने का इंतजार कर रहा है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर पीटीआई से कहा, एजेंडे में तीन सैद्धांतिक मुद्दे होंगे और जब भी संचालन परिषद की बैठक होती है, इन पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। ये मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं। पहला यूएई में आईपीएल आयोजित कराना, इसकी तारीखें, स्थल और मैच। सरकारी विभागों से जरूरी मंजूरी मिलने के बाद बीसीसीआई एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड को इसकी सूचना देगा। एक मशहूर फ्रेंचाइजी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, जहां तक मैं जानता हूं, वे टूर्नामेंट को संक्षिप्त नहीं कर रहे हैं। हमें पुराने प्रारूप के अनुसार सभी 60 मैच देखने को मिलेंगे जिसमें प्रत्एक टीम 14 मैच खेलेगी। टूर्नामेंट 44 से 48 दिन के बीच चलेगा, लेकिन बीसीसीआई कितने डबल हेडर देती है, यह इस पर निर्भर करेगा। मूल कार्यक्रम में केवल पांच डबल हेडर थे जो रविवार को आयोजित होते। लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में कुछ और भी हो सकते हैं।

## आईसीसी ने दो अन्य प्रतियोगिताएं स्थगित की

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कोविड-19 महामारी के कारण इस साल होने वाली अपनी दो अन्य क्वालीफाईंग प्रतियोगिताओं को भी गुरुवार को स्थगित कर दिया। आईसीसी ने सितंबर में नामीबिया में होने वाले पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग-2 सीरीज और तंजानिया में होने वाले अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप क्षेत्रीय क्वालीफायर डिवीजन दो को स्थगित किया है। आईसीसी के बयान के अनुसार नामीबिया में होने वाला विश्व कप लीग-2 सीरीज विश्व कप 2023 के क्वालीफिकेशन का हिस्सा था। इसमें नामीबिया, पापुआ न्यूगिनी और अमेरिका को हिस्सा लेना था। अंडर-19 विश्व कप क्षेत्रीय क्वालीफायर डिवीजन दो तंजानिया में सात से 14 अगस्त के बीच आयोजित किया जाना था जिसमें बोत्सवाना, कीनिया, मोजाम्बिक, रवांडा, सिएरा लियोन और मेजबान देश को भाग लेना था। उसकी प्राथमिकता अब भी खिलाड़ियों, कोच, अधिकारियों, प्रशंसकों और संपूर्ण क्रिकेट समुदाय की सुरक्षा है। आईसीसी की प्रतियोगिता प्रमुख क्रिस टेटले ने कहा, वर्तमान समय में अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों के साथ वैश्विक स्वास्थ्य चिंताएं महत्वपूर्ण है तथा कोविड-19 को लेकर सरकार और सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं की सलाह पर हमने अपने सदस्यों की सलाह पर दो अन्य क्वालीफाईंग प्रतियोगिताओं को स्थगित करने का फैसला किया।

## एनजेडसी आईपीएल में खेलने वाले अपने सभी खिलाड़ियों को एनओसी देगा

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अनुबंधित अपने सभी छह अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अनापत्ति प्रमाण पत्र देगा (एनओसी) लेकिन बोर्ड ने साथ ही कहा कि खिलाड़ियों को स्वास्थ्य सुरक्षा नियमों को लेकर स्वयं ही सतर्कता बरतनी होगी। आईपीएल में न्यूजीलैंड के जो छह खिलाड़ी खेलेंगे उनमें किंग्स इलेवन पंजाब के जिमी नीशाम, कोलकाता नाइट राइडर्स के लॉकी फर्ग्युसन, मुंबई इंडियन्स के मिशेल मैक्लेनाघन और ट्रेंट बोल्ट, सनराइजर्स हैदराबाद के केन विलियमसन और चेन्नई सुपरकिंग्स के मिशेल सेंटनर शामिल हैं। एनजेडसी के प्रवक्ता रिचर्ड बूक ने पीटीआई को ईमेल पर कहा, आईपीएल के संदर्भ में, एनजेडसी संबंधित खिलाड़ियों को एनओसी जारी कर रहा है और यह उन पर निर्भर करता है कि वे क्या फैसला करते हैं।

## स्थगित तोक्यो ओलंपिक की एक साल की उलटी गिनती फिर शुरू

**तोक्यो।** तोक्यो ओलंपिक की एक साल की उलटी गिनती फिर शुरू हो गई है लेकिन कोरोना वायरस महामारी को लेकर अनिश्चितता के बीच अधिकतर लोग जश्न मनाने के मूड में नहीं है। पिछले साल 24 जुलाई को तोक्यो ओलंपिक की पहली बार एक साल की उलटी गिनती शुरू हुई थी। कोरोना वायरस महामारी के कारण हालांकि इसके बाद इन खेलों के उद्घाटन की तारीख को एक साल के लिए स्थगित करके 23 जुलाई 2021 कर दिया गया। पिछले साल इस मौके पर तोक्यो में आतिशबाजी हुई थी और स्थानीय सेलीब्रिटी ने भव्य कार्यक्रम के दौरान ओलंपिक पदक पेश किए थे। इस बार हालांकि ऐसा कुछ नहीं हुआ। आयोजकों ने गुरुवार को प्रशंसकों की गैरमौजूदगी में नए राष्ट्रीय स्टेडियम में 15 मिनट के कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान एक वीडियो में अगले साल के उद्घाटन समारोह का प्रचार किया गया। ओलंपिक मशाल भी मार्च में जापान पहुंच गई थी और तब से इसे छिपाकर रखा गया है। क्योदो समाचार एजेंसी के कुछ दिन पहले कराए पोल से भी जापान की जनता के मूड का पता चलता है। इसके अनुसार 23.9 प्रतिशत लोगों ने ओलंपिक के आयोजन का समर्थन किया है जबकि 36.4 लोगों का कहना है कि ओलंपिक को फिर स्थगित कर देना चाहिए। इसके अलावा 33.7 लोगों का कहना है कि इन्हें रद्द कर दिया जाना चाहिए।

## हॉकी कप्तान मनप्रीत और रानी ने कहा, तोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने की राह पर





**नई दिल्ली।** पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और महिला टीम की कप्तान रानी की ओलंपिक को लेकर साझा करने के लिए अच्छी यादें नहीं हैं लेकिन दोनों का मानना है कि उनकी टीम ने पर्याप्त सबक सीख लिए हैं कि अगले साल होने वाले तोक्यो ओलंपिक को ऐतिहासिक सफलता की कहानी बना सकें। मनप्रीत की अगुआई वाली टीम के लिए पिछला एक साल काफी अच्छा रहा है और पुरुष टीम इस दौरान प्रदर्शन में निरंतरता लाते हुए ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में सफल रही जबकि एफआईएच प्रो लीग में पहली बार हिस्सा लेते हुए कुछ अच्छे नतीजे भी हासिल किए जिसमें नीदरलैंड, विश्व चैंपियन बेल्जियम और आस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत शामिल है। मनप्रीत ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, पिछले साल हमारी टीम ने जिस तरह प्रदर्शन किया उसे देखते हुए हमारे पास ओलंपिक में पदक जीतने का काफी अच्छा मौका है। एक टीम के रूप में विकास करने के लिए हमारे पास पर्याप्त समय है। हमें बस प्रक्रिया को जारी रखने पर ध्यान देना होगा और नतीजे अपने आप मिलेंगे। पुरुष टीम की तरह पिछला एक साल महिला टीम के लिए भी काफी अच्छा रहा जिसने कई टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन किया। महिला टीम ने एफआईएच महिला सुपर सीरीज हिरोशिमा 2019 का खिताब जीतने के अलावा जापान में ओलंपिक परीक्षण प्रतियोगिता और ओडिशा में एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर भी जीते। इसके अलावा टीम ने स्पेन, मलेशिया, कोरिया और इंग्लैंड के अपने दौरों पर भी जीत दर्ज की। हम हाल में शीर्ष टीमों के खिलाफ खेले और हमने दिखाया कि हमारी टीम में पदक जीतने और ओलंपिक में अपने देश को गौरवांवित करने की क्षमता है। हमारी टीम प्रत्एक टूर्नामेंट के साथ बेहतर हो रही है और अगले एक साल में निश्चित तौर पर हम अपने खेल में सुधार करेंगे। तोक्यो ओलंपिक की शुरुआत में अब ठीक एक साल का समय बचा है तब दोनों कप्तानों ने ओलंपिक के अपने अनुभव साझा किए। ओलंपिक में 2012 में पदार्पण करने वाले मनप्रीत ने कहा कि लंदन खेलों में भले ही टीम अंतिम स्थान पर रही लेकिन ए खेल उनके दिल में विशेष स्थान रखते हैं।

## भारतीय महिला टीम नहीं खेलेगी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने 24 सदस्यीय टीम घोषित की

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत में बढ़ते कोविड-19 मामलों को देखते हुए भले ही अपनी महिला टीम को इंग्लैंड का दौरा करने से रोक दिया हो लेकिन दक्षिण अफ्रीका की 24 सदस्यीय महिला टीम सितंबर में इस प्रस्तावित दौरे पर निश्चित रूप से जाएगी। राष्ट्रीय हाई परफोरमेंस टीम की सदस्य मार्च के बाद पहली बार प्रिटोरिया में एक साथ मिलकर ट्रेनिंग करेंगी। मार्च में कोविड-19 महामारी के कारण क्रिकेट को निलंबित करना पड़ा था जिससे खिलाड़ी अपने घर तक सीमित हो गए थे। भारतीय महिला टीम को भी त्रिकोणीय श्रृंखला (तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका) के लिए इंग्लैंड का दौरा करना था लेकिन अपने देश में स्वास्थ्य संकट के कारण उसने हटने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम ने अपना अंतिम मैच मार्च में आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप का सेमीफाइनल खेला था क्योंकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ जून में घरेलू श्रृंखला कोविड-19 के कारण स्थगित हो गई थी।

# कार्लसन से हारे आनंद



**भाषा। चेन्नई**

भारत के विश्वनाथन आनंद को दूसरे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा जो 150000 डॉलर इनामी चेस-24 लीजेंड्स आफ चेस आनलाइन टूर्नामेंट में उनकी लगातार दूसरी हार है। पूर्व विश्व चैंपियन आनंद ने बुधवार को बेस्ट आफ फोर मुकाबले की पहली तीन बाजियों में नॉर्वे के दिग्गज कार्लसन को बराबरी पर रोका लेकिन अंतिम बाजी गंवाकर मुकाबला 1.5-2.5 से गंवा दिया। भारतीय दिग्गज मैग्नस कार्लसन शतरंज टूर पर पहली बार हिस्सा ले रहा है। आनंद को पहले दौर में रूस के पीटर स्विडलर के खिलाफ भी इसी तरह अंतिम बाजी में हार के साथ शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

## भारतीय मिश्रित रिले टीम का एशियाड रजत अपग्रेड होकर स्वर्ण , राघवन को भी कांसा



**नई दिल्ली।** भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम का 2018 एशियाई खेलों का रजत पदक अब स्वर्ण पदक में बदल गया है क्योंकि बहरीन की विजेता टीम को उसके एक सदस्य के डोपिंग प्रतिबंधित होने से अयोग्य घोषित कर दिया गया। बहरीन ने चार गुणा 400 मिश्रित रिले फाइनल में पहला स्थान हासिल किया था लेकिन उसकी सदस्य केमी एडेकोया को एथलेटिक्स इंटीग्रीटी यूनिट (एआईयू) ने डोप परीक्षण में विफल होने के बाद चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। इसके अलावा एआईयू के एडेकोया के नतीजों को हटाने के बाद अनु राघवन का महिला 400 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में चौथा स्थान भी अपग्रेड कर दिया जिससे उन्हें कांस्य पदक मिल गया। एडेकोया ने यह रेस जीती थी। मोहम्मद अनस, एम आर पूवम्मा, हिमा दास और अरोकिया राजीव की भारतीय चौकड़ी ने 3:15:71 का समय निकाला था और वह बहरीन (3:11:89) से पीछे रही थी। अनु राघवन जकार्ता में हुई अंतिम रेस में 56.92 मिनट के समय से चौथे स्थान पर रही थीं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा कि एएफआई विश्व एथलेटिक्स वेबसाइट की रैंकिंग में यह बदलाव देखकर काफी खुश है।

**पूर्व विश्व चैंपियन धावक मननगोई डोपिंग मामले में निलंबित**

**मोनाको।** कीनिया के 1500 मीटर के पूर्व विश्व चैंपियन एलिजा मननगोइ को डोप परीक्षण के लिए उपलब्ध नही रहने के कारण गुरुवार को अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया।

# बढ़े मनोबल के साथ उतरेगा इंग्लैंड

- **बल्लेबाजी बनी वेस्टइंडीज की चिंता**
- **आज से तीसरा टेस्ट**

**भाषा। मैनचेस्टर**

करिश्माई बेन स्टोक्स के चमत्कारिक खेल से पिछले मैच में श्रृंखला बराबर करने वाला इंग्लैंड शुक्रवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे और निर्णायक टेस्ट मैच में तेज गेंदबाजी आक्रमण को लेकर बने असमंजस के बावजूद बढ़े मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगा।

वेस्टइंडीज के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की फार्म चिंता का विषय बनी है और ऐसे में दोनों टीमों की अंतिम एकादश में कुछ अहम बदलाव देखने को मिल सकते हैं। वेस्टइंडीज ने साउथम्पटन में पहला टेस्ट मैच चार विकेट से जीता था लेकिन इंग्लैंड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में ही जैव सुरक्षित वातावरण में खेले गए दूसरे मैच में 113 रन से जीत दर्ज करके तीन मैचों की श्रृंखला।-। से बराबर कराई। वेस्टइंडीज को अगर विजडन ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखनी है तो उसे तीसरे मैच को कम से कम ड्रा करवाना होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने पर जैसन होल्डर की टीम 1988 के बाद इंग्लैंड की धरती पर श्रृंखला जीतने वाली पहली कैरेबियाई टीम बन जाएगी। पहले दोनों मैच बारिश से प्रभावित रहे और मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार तीसरे मैच पर भी खराब मौसम का असर पड़ सकता है। दूसरे टेस्ट मैच में बारिश के कारण तीसरे दिन का खेल नहीं हो पाया था। इसके बावजूद अगर इंग्लैंड जीत दर्ज करने में सफल रहा तो उसमें स्टोक्स और गेंदबाजों का अहम योगदान रहा। स्टोक्स ने इस मैच में 176 और नाबाद 78 रन की पारियां खेली और तीन विकेट भी लिए लेकिन इंग्लैंड की रोटेशन की नीति के बावजूद उन्हें विश्राम नहीं दिया जाएगा। इंग्लैंड में मैच की पूर्व संध्या पर अपनी 14 सदस्ईय टीम घोषित करके साफ कर दिया कि वह बल्लेबाजी क्रम में कोई बदलाव नहीं करेगा लेकिन गेंदबाजों का चयन अब भी उसके लिए सरदर्द बना हुआ है। जोफ्रा आर्चर, जेम्स एंडरसन और मार्क वुड को भी 14 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। पच्चीस वर्षीय आर्चर को कोविड-19 जैव सुरक्षित प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के लिए दूसरे टेस्ट मैच की टीम से बाहर कर दिया गया था।

## आर्चर, एंडरसन और वुड की तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में वापसी



**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर, जेम्स एंडरसन और मार्क वुड को वेस्टइंडीज के खिलाफ शुक्रवार से ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए गुरुवार को अपनी 14 सदस्ईय टीम में शामिल किया। पच्चीस वर्षीय आर्चर को कोविड-19 जैव सुरक्षित प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के लिए दूसरे टेस्ट मैच की टीम से बाहर कर दिया गया था। उन पर जुर्माना भी लगाया गया था। एंडरसन और वुड को उस मैच में विश्राम दिया गया था। आर्चर, एंडरसन और वुड को हालांकि इंग्लैंड की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए स्टुअर्ट ब्रॉड, क्रिस वोक्स और सैम कुर्रन से प्रतिस्पर्धा करनी होगी। तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड किस तेज गेंदबाजी आक्रमण के साथ उतरता है यह देखना दिलचस्प होगा क्योंकि ब्रॉड, कुर्रन और वोक्स ने दूसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन करके जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लैड ने हालांकि बल्लेबाजी लाइन अप में कोई बदलाव नही किया है। खराब फार्म में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को इस तरह से एक और मौका दिया गया है।

## मदर डेयरी का पैक्ड उत्पाद श्रृंखला का विस्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

भारत के प्रमुख दूध और दूध उत्पादों के ब्रांड मदर डेयरी ने दिल्ली एनसीआर में पारंपरिक दूध-आधारित मिठाइयों की अपनी रेंज का विस्तार किया है। मदर डेयरी की पारंपरिक दूध-आधारित मिठाइयों की पोर्टफोलियो में अब 5 उत्पाद उपलब्ध हैं। प्रसिद्ध मिल्क केक और ऑरेंज मावा बर्फी के पोर्टफोलियो को लॉकडाउन अवधि के दौरान फ्रोजन रसमलाई के साथ मजबूत किया गया है। इसके अलावा, कंपनी ने पैक्ड गुलाब जामुन और रसगुल्ला को फिर से लॉन्च किया है, जो पूरी तरह से सार्वजनिक मांग से प्रेरित है। यह उत्पाद प्रमुख ई-कॉमर्स चैनलों के साथ लगभग 1500 कंपनी के एक्सक्लूसिव आउटलेट्स पर भी उपलब्ध है।

## केन्द्र ने राज्य सरकारों से एनएफएसए के तहत दृष्टिहीन लोगों को इस सुविधा के दायरे में लाने को कहा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय खाद्य मंत्री राम विलास पासवान ने बृहस्पतिवार को राज्यों को निर्देश दिया कि अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) के लाभार्थियों के दायरे में दृष्टिबाधित लोगों को भी लाएं तथा ऐसे प्रत्एक परिवार को 35 किलोग्राम खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित करें। यह निर्देश, दिल्ली उच्च न्यायालय के एक आदेश के बादजारी किया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि दृष्टिबाधित लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत एएवाई श्रेणी के दायरे से बाहर रखा गया है।

## अमेजन खोलेगी 10 नए पूर्ति भंडारगृह

**नई दिल्ली।** ई-वाणिज्य कंपनी अमेजन इंडिया ने अपनी प्राइम डे सेल से पहले भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए दिल्ली, मुंबई, पटना इत्यादि शहरों में 10 नए फुलफिलमेंट सेंटर (पूर्ति- भंडारगृह) खोलने की घोषणा की है। साथ ही अपनी सात मौजूदा भंडारण इमारतों में क्षमता विस्तार किया है।

## विप्रो 6.8 करोड़ यूरो में करेगी 4सी का अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी विप्रो 6.8 करोड़ यूरो (करीब 589 करोड़ रुपए) में 4सी का अधिग्रहण करेगी। 4सी ब्रिटेन, यूरोप और पश्चिमी एशिया में क्लाउड सॉफ्टवेयर कंपनी सेल्सफोर्स सहभागिता करने वाली कंपनियों में से एक है। शेयर बाजार को दी जानकारी में विप्रो ने कहा कि इस सौदे को चालू तिमाही के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

## रिलायंस दुनिया की 48वीं सबसे मूल्यवान कंपनी

**नई दिल्ली।** अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 13 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंचने के साथ वह दुनिया की 48वीं सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। रिलायंस इंडस्ट्रीज कच्चा तेल, रिफाइनरी, पेट्रो रसायन, खुदरा और दूरसंचार क्षेत्र में काम करने वाली देश की प्रमुख कंपनी है। शेयर बाजार के आंकड़ों के हिसाब से दुनियाभर में बाजार मूल्यांकन के हिसाब से रिलायंस 48वीं सबसे मूल्यवान कंपनी है। इस श्रेणी में ।,700 अरब डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ सऊदी अरामको दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी है।

# जीएसटी, आयकर से राजस्व संग्रह उत्साहवर्धक

- **आर्थिक वापसी के मिल रहे संकेत : वित्त सचिव**

**भाषा। नई दिल्ली**

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में करों से राजस्व संग्रह उत्साहजनक है और इससे इस बात के संकेत मिलते हैं कि अर्थव्यवस्था लॉकडाउन लागू करते समय के अनुमान की तुलना में तेजी से वापसी कर रही है। वित्त व राजस्व सचिव अजय भूषण पांडेय ने बृहस्पतिवार को यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग आयकर रिटर्न दाखिल करते समय फॉर्म 26 एएस के माध्यम से सभी वित्तीय लेनदेन के आंकड़े उपलब्ध कराकर करदाताओं के बीच स्व-अनुपालन पर अमल कराना चाहता है। उन्होंने कहा कि जून में जमा हुआ 91 हजार करोड़ रुपए का माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का लगभग 70 प्रतिशत मई में हुए लेनदेन से वसूल हुआ है। उन्होंने उद्योगमंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा, जून के लिए, वर्तमान रुझानों के अनुसार, हमारे पास कुछ निश्चित संकेत हैं कि कितने लोगों ने अब तक भुगतान किया है, और साथ ही ई-वे बिल ... ट्रकों की आवाजाही ... ए सभी चीजें उत्साहजनक संकेत दे रही हैं मार्च में लॉकडाउन शुरू होने के बाद जो अनुमान लगाया जा रहा था, उसके मुकाबले अर्थव्यवस्था जल्द ही वापसी कर रही है।


इसके अलावा, अग्रिम कर और टीडीएस के माध्यम से, आयकर संग्रह अप्रैल-जून तिमाही में पिछले वर्ष की समान अवधि का लगभग 80 प्रतिशत रहा। पांडेय ने कहा, ए दो आंकड़े जीएसटी और आयकर उत्साहजनक हैं और हमें कुछ आशा भी देते हैं कि जहां भी संभव हो रहा है, व्यवसाय शुरू हो रहे हैं। लेकिन आतिथ्य, शिक्षा, पर्यटन जैसे कुछ क्षेत्र हैं, जो कठिनाई का सामना कर रहे हैं। सरकार ने मई में संशोधित फॉर्म 26 एएस को अधिसूचित किया था, जिसमें करदाताओं के उच्च मूल्य वाले वित्तीय लेनदेन जैसे कि नकद जमा या निकासी, एक वित्तीय वर्ष के दौरान संपत्ति की खरीद जैसी अतिरिक्त जानकारियां हैं। यह स्वैच्छिक अनुपालन सुनिश्चित करता है और आईटी रिटर्न की ई-फाइलिंग को आसान बनाता है।

## वित्त मंत्री ने केंद्रीय लोक उपक्रमों के पूंजी व्यय योजना की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को इस्पात और रेलवे समेत ढांचागत क्षेत्र से संबद्ध मंत्रालयों के सार्वजनिक उपक्रमों के पूंजी व्यय योजना की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में वित्त मंत्री ने कोविड-19 के कारण उत्पन्न चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 2020-21 के पूंजी व्यय योजना क्रियान्वित करने को कहा। केंद्रीय लोक उपक्रमों (सीपीएसई) के साथ यह दूसरी समीक्षा बैठक थी। इससे पहले, इस महीने की शुरूआत में वित्त मंत्री ने 23 सीपीएसई के प्रमुखों के साथ पूंजी व्यय को लेकर समीक्षा बैठक की थी। आधिकारिक बयान के अनुसार पूंजी व्यय की समीक्षा को लेकर डिजिटल माध्यम से हुई बैठक में नागर विमानन और इस्पात मंत्रालयों के सचिवों, रेलवे बोर्ड चेयरमैन (सीआरबी) के साथ इन मंत्रालयों से संबद्ध सात सीपीएसई के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बैठक में शामिल हुए। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए इन केंद्रीय लोक उपक्रमों का कुल पूंजी व्यय लक्ष्य 24,663 करोड़ रुपए है।


## बीस क्षेत्रों में वैश्विक आपूर्तिकर्ता बन सकता है भारत : गोयल



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने 20 ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जिनमें भारत वैश्विक आपूर्तिकर्ता बन सकता है। साथ ही घरेलू मांग को भी पूरा कर सकता है। इस मामले में उद्योग मंडल फिक्की और अन्य सहयोगी संगठन सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उद्योग मंडल फिक्की के वेबिनार को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा, हमने पहले 12 क्षेत्रों की और अब आठ और की पहचान की है। इस तरह अब हमारे पास 20 ऐसे क्षेत्र हैं जहां भारत ना सिर्फ घरेलू मांग को पूरा कर सकता है। बल्कि विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकता है और वैश्विक आपूर्तिकर्ता बन सकता है। इन क्षेत्रों पर फिक्की एवं अन्य संगठन सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ए क्षेत्र खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती, कृषि-रसायन, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिकी मशीनरी, फर्नीचर, चर्म उद्योग, वाहन कलपुर्जे और कपड़ा हैं। उन्होंने कहा कि कुशल बढ़ई और कारीगर होने के बावजूद भारत फर्नीचर का आयात करता है।

# सेंसेक्स 38,000 अंक के पार

**भाषा। मुंबई**



शेयर बाजारों में एक दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को बढ़त का सिलसिला फिर कायम हुआ और सेंसेक्स 269 अंक चढ़ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जिससे बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 268.95 अंक या 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38,140.47 अंक पर बंद हुआ। सुस्त शुरुआत के बाद बाजार ने दोपहर के कारोबार में रफ्तार पकड़ी। पांच मार्च के बाद सेंसेक्स पहली बार 38,000 अंक के स्तर के पार बंद हुआ है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 82.85 अंक या 0.74 प्रतिशत के लाभ के साथ 11,215.45 अंक पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब 2.82 प्रतिशत चढ़कर अपने रिकॉर्ड स्तर 2,060.65 रुपए पर बंद हुआ। सेंसेक्स की बढ़त में सबसे अधिक योगदान रिलायंस का रहा। इस तरह की खबरें हैं कि अमेजन की रिलायंस की खुदरा इकाई में हिस्सेदारी के अधिग्रहण की योजना है। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, आईटीसी और कोटक बैंक के शेयर भी 3.28 प्रतिशत तक के लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और एलएंडटी के शेयर 3.80 प्रतिशत तक टूट गए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख से घरेलू बाजार लाभ के साथ बंद हुए।

## रुपया उतार चढ़ा के बीच प्रति डालर 74.75 पर अपरिवर्तित

**मुंबई।** अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव को लेकर ऊर्जा चिंताओं के बीच अंतरबैंक विदेशी विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए में शुरूआती लाभ लुप्त हो गया और यह 74.75 रुपए प्रति डॉलर के पिछले दिन के स्तर पर बंद हुआ। रुपया सुबह प्रति डालर 74.65 पर मजबूती के साथ खुला, लेकिन इसने शुरूआती लाभ गंवा दिया। अंत में विनिमय दर 74.75 रुपए प्रति डॉलर के पिछले स्तर पर टिकी।

## कच्चे तेल के प्रसंस्करण में वृद्धि जारी, जून महीने में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** घरेलू रिफाइनरियो ने जून महीने में ईंधन बनाने को लेकर कच्चे तेल के प्रसंस्करण में निरंतर बढ़ोतरी जारी रखी और पिछले महीने के मुकाबले इसमें 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह लॉकडाउन पाबंदियों में ढील के बाद आर्थिक गतिविधियों में तेजी को बताता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के बृहस्पतिवार को जारी आंकड़े के अनुसार करीब दो दर्जन रिफाइनरियो ने अप्रैल में लॉकडाउन के कारण मांग कम होने से परिचालन दर कम कर 30 से 40 प्रतिशत कर दी थी।

## शेयरखान मनीफ्लिक्स लॉन्च

**लखनऊ।** शेयरखान एजुकेशन ने देश में वित्तीय शिक्षा में डिजिटल क्रांति लाने हेतु अपना पहला एडुटेनमेंट प्लेटफॉर्म - मनीफ्लिक्स लॉन्च किया। डिजिटल के अच्छे जानकार मिलेनियल्स और कम जानकार मिलेनियल्स मिलेनियल्स दोनों को ही, यह प्लेटफार्म मनोरंजक तरीके से फइनेंशियल मॉड्युल्स उपलब्ध करायेगा, जिसका उद्देश्य दर्शकों को रोचक तरीके से जोड़े रखना है। मनोरंजन और कहानी-किस्सों के जरिए शिक्षा उपलब्ध कराना पूरी तरह से कोई नई संकल्पना नहीं है।

## फ्लिपकार्ट ने वॉलमार्ट इंडिया का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली, बेंगलुरू।** फ्लिपकार्ट समूह ने बृहस्पिवार को देश के 650 अरब डॉलर के थोक कारोबार बाजार में उतरने के लिए नए डिजिटल बाजार फ्लिपकार्ट होलसेल शुरू करने की घोषणा की। साथ ही कंपनी ने वॉलमार्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी भी खरीदी है। वॉलमार्ट इंडिया देश में बेस्ट प्राइस नाम से थोक दुकानों का परिचालन करती है। अभी इसके देशभर में 28 स्टोर हैं। फ्लिपकार्ट की ओर से यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब कंपनी ने हाल ही में वॉलमार्ट के नेतृत्व वाले निवेशकों के समूह से 1.2 अरब डॉलर का निवेश जुटाया है।

# चीन से निपटने के लिए भारत, जापान और दक्षिण कोरिया के साथ काम करेगा अमेरिका : सांसद

● शिकागो के भारत बराय ने कहा कि चीन की अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं के कारण अमेरिका और भारत में कई मध्यम और लघु इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों को नुकसान हुआ है

**भाषा।** वाशिंगटन

**नई दिल्ली** को स्थाई तौर पर वाशिंगटन का रणनीतिक रक्षा साझेदार बनाने को लेकर कानून लाने वाले एक शीर्ष अमेरिकी सांसद ने कहा कि चीन की निगरानी के खतरे से निपटने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ मिलकर काम करेगा। खुफिया मामलों पर सीनेट की स्थाई चयन समिति के अध्यक्ष डेमोक्रेटिक सीनेटर मार्क वार्नर ने अमेरिका भारत सुरक्षा परिषद के सदस्यों के साथ बातचीत में कहा कि चीन उसके देश में व्यापार कर रही अमेरिकी कंपनियों के लिए बड़ी समस्या बनकर उभरा है और बौद्धिक संपदा की चोरी चिंता का बड़ा विषय है। सीनेट में इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष वार्नर ने कहा कि उन्होंने भारत को स्थाई रूप से रणनीतिक रक्षा साझेदार बनाने के लिए नेशनल डिफेंस ऑथोराइजेशन एक्ट (एनडीएए) में एक संशोधन का प्रस्ताव रखा था। बीजिंग के साथ कारोबार कर रहे संगठनों के हर पहलू पर चीन द्वारा निगरानी रखने पर गंभीर चिंता जताते हुए वार्नर ने कहा कि अमेरिका चीन के खतरे से निपटने के लिए भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों के साथ काम करेगा।अमेरिका-भारत सुरक्षा परिषद में प्रतिष्ठित भारतीय-अमेरिकी रमेश कपूर ने कहा कि मौजूदा परिस्थिति को देखते हुए सभी विनिर्माण ईकाइयों को अमेरिका वापस लाना ठीक होगा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में श्रम के कारण लागत और अन्य मुद्दे हैं वहां चीन में मौजूद अमेरिकी कंपनियों को भारत स्थानांतरित करना बेहतर होगा।

शिकागो के भारत बराय ने कहा कि चीन की अनुचित व्यापार प्रक्रियाओं के कारण अमेरिका और भारत में कई मध्यम और लघु इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों को नुकसान हुआ है। कोटी कृष्णा ने कहा कि उन्होंने पहले चीन के साथ काफी कारोबार किया और उन्हें हमेशा अपना पैसा वापस मिलने को लेकर चिंता रहती थी और वह खुश हैं कि अब उन्होंने उस देश के साथ कारोबार बंद कर दिया है। कृष्णा ने कहा कि अमेरिका और भारत के लिए लंबे समय तक चलने वाली रक्षा साझेदारी को स्थापित करने का यह सही वक्त है।

## 'अमेरिका में चीन के और वाणिज्य दूतावासों को बंद किया जा सकता है'

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका में चीन के और राजनयिक मिशनों को बंद करने की संभावना से इनकार नहीं किया। उनका यह बयान तब आया है जब कुछ घंटे पहले वाशिंगटन ने अमेरिका की बौद्धिक संपदा और निजी सूचना की रक्षा करने के लिए ह्यूस्टन में बीजिंग के वाणिज्य दूतावास को बंद करने का आदेश दिया।ट्रंप प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार चीन की आक्रामक गतिविधियों को लेकर दोनों देशों के बीच बढ़ते विवाद के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। बीजिंग की आक्रामक गतिविधियों के कारण वाशिंगटन को कड़े कदम उठाने पड़े जिनमें ह्यूस्टन में वाणिज्य दूतावास को बंद करना शामिल हैं।अमेरिका में चीन के पांच वाणिज्य दूतावासों में से एक को बंद करने से तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने यह कदम तब उठाया है जब न्याय विभाग ने कहा कि चीन की सरकार के साथ काम कर रहे हैकरों ने कोरोना वायरस के टीकों का विकास कर रही कंपनियों को निशाना बनाया और करोड़ों डॉलर की बौद्धिक संपदा और दुनियाभर में कंपनियों की व्यापार संबंधी खुफिया जानकारियां चुराई।ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, जहां तक और दूतावासों को बंद करने का सवाल है तो यह हमेशा संभव है।उन्होंने ह्यूस्टन में चीन के वाणिज्य दूतावास में आग लगने की खबरों का जिक्र किया।उन्होंने कहा, आपने देखा क्या चल रहा है। हमें लगा कि हमने जिसे बंद किया था वहां आग लगी है और हर किसी ने कहा कि आग लगी है, आग लगी। मुझे लगता है कि वे दस्तावेज जला रहे थे।

## चीन को एक खतरे के रूप में देखते हैं ट्रंप : निक्की हेली

**भाषा।** वाशिंगटन



**रिपब्लिकन नेता** एवं भारतीय अमेरिकी निक्की हेली ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीन को एक खतरे के रूप में देखते हैं और वह नवम्बर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप को पुन: निर्वाचित कराने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी।

अमेरिका भारत व्यवसाय परिषद (यूएसआईबीसी) द्वारा आयोजित वार्षिक भारत विचार शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए हेली ने बुधवार को कहा कि चीन द्वारा अमेरिका के लिए पेश किया जा रहा खतरा नवम्बर के राष्ट्रपति चुनाव का एक प्रमुख मुद्दा होगा। हेली ने दो दिवसीय कार्यक्रम के आखिरी सत्र में एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे लगता है कि (चीन से सुरक्षा खतरा) एक मुद्दा (चुनावों में) होगा।

मुझे लगता है कि आपके पास राष्ट्रपति ट्रम्प हैं जो चीन को एक खतरे के रूप में देखते हैं। हेली ने कहा, मेरा मानना है कि अपके पास जो बाइडेन (डेमोक्रेट के संभावित उम्मीदवार) भी हैं, जिनका कहना है कि चीन कोई समस्या नहीं है और जो चीन पर यात्रा प्रतिबंध के खिलाफ थे और जब वह ओबामा प्रशासन का हिस्सा थे तब भी उन्हें चीन कोई खतरा नहीं लग रहा था। इसलिए मुझे लगता है कि अगले चुनाव में यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा होने वाला है।

हेली ने 2024 में उनके राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि अभी से उसके बारे में सोचना सही नहीं।इस शिखर सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने भी संबोधित किया था।

## 'चीन के साथ सीमा विवाद पर भारत के साथ जबरदस्त सहयोग बनाए हुए है अमेरिका'

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिका के शीर्ष राजदूत ने कहा कि ट्रंप प्रशासन ने चीन के साथ हालिया सीमा विवाद पर भारत के साथ करीबी संपर्क और जबरदस्त सहयोग बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से पिछले छह महीने अभूतपूर्व रहे हैं।गौरतलब है कि भारत और चीन की सेनाओं के बीच पांच मई से पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा के कई इलाकों पर गतिरोध चल रहा है। हालात पिछले महीने तब बिगड़ गए जब गलवान घाटी में झड़प में भारत के 20 सैन्यकर्मी शहीद हो गए।भारत में अमेरिका के राजदूत केन जस्टर ने अमेरिका भारत व्यवसाय परिषद (यूएसआईबीसी) द्वारा आयोजित वार्षिक भारत विचार शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बुधवार को कहा, अभी के लिए हम भारत की उत्तरी सीमा पर स्थिति को देख रहे हैं जिसमें चीन ने न केवल पश्चिमी सेक्टर बल्कि मध्य और पूर्व में भी विवाद पैदा किए। इन स्थितियों में हमने अपने भारतीय समकक्षों से करीबी संपर्क बनाए रखा और स्पष्ट तौर पर कहूं तो जबरदस्त सहयोग भी बनाए रखा। अमेरिकी राजदूत की यह टिप्पणी तब आई है जब दो दिन पहले अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने क्षेत्र में चीनी सेना की आक्रामक गतिविधियों को अस्थिर करने वाला बताया।एस्पर ने यह भी कहा कि अमेरिका वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच हालात पर बहुत करीबी नजर रख रहा है।जस्टर ने कहा, हमने राष्ट्रपति की भारत यात्रा के बाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच कई बातचीतों को देखा है। विदेश मंत्री ने कई बार विदेश मंत्री जयशंकर से बात की है। मुझे लगता है कि यह वास्तव में उनके साथ संबंधों को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि उप विदेश मंत्री स्टीफन बीगन ने न केवल विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला के साथ बात की बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कई समकक्षों से बात की।जस्टर ने कहा कि दोनों देशों के बीच मंत्री स्तर की कई बातचीत हुई जिनमें वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि रॉबर्ट लाइटहिजर और वाणिज्य मंत्री विल्बर रॉस के साथ बातचीत शामिल है।

## क्विक न्यूज

### बाइडेन ने ट्रम्प को बताया देश का पहला नस्लवादी राष्ट्रपति



**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवम्बर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार जो बाइडेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को देश का पहला नस्लवादी राष्ट्रपति बताया है।सेवा कर्मचारी अंतरराष्ट्रीय संघ द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन कार्यक्रम मे उन्होंने यह बयान दिया।कार्यक्रम के दौरान जब एक व्यक्ति ने कोरोना वायरस को लेकर नस्लवाद और राष्ट्रपति के इसे चीनी वायरस बताने के संदर्भ मे शिकायत की तो बाइडेन ने ट्रम्प की आलोचना की और नस्लवाद फैलाने के लिए उन पर निशाना साधा।पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा, वह जिस तरह से लोगों से उनके रंग, उनके राष्ट्र को देखकर व्यवहार करते है, यह दुखद है। उन्होंने कहा, किसी भी राष्ट्रपति ने कभी ऐसा नही किया। कभी नही। किसी रिपब्लिकन राष्ट्रपति ने भी ऐसा नही किया। किसी डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति ने भी नही। हमारे यहां नस्लवादी लोग है और वे रहे है उन्होंने राष्ट्रपति बनने की भी कोशिश की। वह पहले है जो बन पाए। बाइडेन ने कहा कि ट्रम्प नस्लवाद का इस्तेमाल वैश्विक महामारी से निपटने की नाकामियो को छुपाने के लिए कर रहे है।

### पाकिस्तान में कोविड-19 के 1,763 नए मामले सामने आए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के।,763 मामले सामने आए जिसके बाद देश मे संक्रमण के कुल मामलो की संख्या बढ़कर 2,69,191 हो गई। पिछले 24 घंटो मे इस संक्रमण के कारण 32 और मरीजो की मौत हो गई।स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। संक्रमण के कुल मामलो मे से 213,175 मरीज ठीक हो चुके है और इस महामारी से 5,709 मरीजो की मौत हो चुकी है। मंत्रालय के अनुसार सिंध मे संक्रमण के।,15,213 मामले, पंजाब मे 91,129, खैबर पख्तूनख्वा मे 32,753, इस्लामाबाद मे 14,722, बलूचिस्तान मे 11,517, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर मे।,961 और गिलगित बल्तिस्तान मे।,896 मामले सामने आ चुके है। मंत्रालय ने कहा कि प्राधिकारियो ने पिछले चौबीस घंटे मे 22,408 नमूनो की कोरोना वायरस जांच की और अब तक कुल।,799,290 नमूनो की जांच की जा चुकी है।

### जापान में कोरोना वायरस के 366 नए मामले आए सामने

**तोक्यो।** जापान मे कोरोना वायरस के 366 नए मरीज सामने आए है। साथ ही चार दिन का सप्ताहांत शुरू होने पर कई लोग पर्यटन संवर्धन अभियान पर निकले है जबकि इससे वायरस के और फैलने की आशंका है।महामारी आपात के समापन पर मई के आखिर तक यहां कोविड-19 के मामलो मे गिरावट आई थी लेकिन जून के आखिर से मामले बढ़ने लगे और जुलाई के पहले तीन सप्ताह मे ए बढ़कर तीन गुणा हो गए। अभी तक देश मे कोरोना वायरस के 10,420 सत्यापित मामले सामने आ चुके है जिनमें से 327 मरीजो की जान जा चुकी है।तोक्यो के गवर्नर युरिको कोइके ने स्थानीय लोगो से सप्ताहांत पर यथासंभव घरो मे ही रहने और शहर से बाहर गैर जरूरी यात्राओ पर नही जाने का आह्वान किया है। हालांकि प्रधानमंत्री शिंजो आबे की सरकार गो टू पर्यटन संवर्धन अभियान पर आगे बढ़ चुकी हे जिससे फिलहाल तोक्यो को अलग रखा गया है।

### कोविड-19 के मामले बढ़ने के मद्देनजर ट्रंप ने की मदद की घोषणा

**वाशिंगटन।** कोविड-19 के मामले बढ़ने से नर्सिंग होम मे मरीजो की मौत की आशंकाओ के मद्देनजर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने महामारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य केंद्रो को पांच अरब डॉलर की मदद देने की घोषणा की है। यह कदम राष्ट्रपति पद के चुनाव मे डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार जो बाइडेन द्वारा पारिवारिक देखभाल योजना की घोषणा के बाद उठाया गया है। बाइडेन की योजना का उद्देश्य बुजुर्गो के लिए संस्थागत देखभाल के विकल्पो का विस्तार करना और सब्सिडी देना है। ट्रंप और बाइडेन आगामी राष्ट्रपति चुनावो मे देश के वरिष्ठ नागरिको का समर्थन और वोट पाने का प्रयास कर रहे है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस मे कहा, मै हर वरिष्ठ नागरिक को मदद और उम्मीद का संदेश देना चाहता हूं। उन्होंने कहा, आशा की किरण दिखनी शुरू हो गई है और हम जल्द ही सफल हो जाएंगे। बुधवार को घोषित पांच अरब डॉलर की निधि उस पैकेज का हिस्सा है जिसमे नर्सिंग होम के कर्मियो की जांच, कोविड-19 के बढ़ते मामलो के मद्देनजर सुविधाओ की साप्ताहिक सूची और नर्सिंग होम को अतिरिक्त प्रशिक्षण और समर्थन देना शामिल है।

## अफगान सरकार के हवाई हमले में कम से कम 14 लोगों की मौत : प्रत्यक्षदर्शी

**एपी।** काबुल

● इस हमले में अपने परिवार के तीन सदस्यों को खोने वाली प्रत्यक्षदर्शी नूर रहमती ने बताया कि हेरात के अद्रास्कन जिले में जेल से रिहा हुए तालिबान के एक पूर्व लड़ाके का स्वागत करने के लिए सैकड़ों लोग एकत्रित हुए थे जब एक हवाई जहाज ने लोगों पर हमला किया

**अफगानिस्तान** के पश्चिमी हेरात प्रांत में सरकार के हवाई हमले में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई, जिनमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस हमले में अपने परिवार के तीन सदस्यों को खोने वाली प्रत्यक्षदर्शी नूर रहमती ने बताया कि हेरात के अद्रास्कन जिले में जेल से रिहा हुए तालिबान के एक पूर्व लड़ाके का स्वागत करने के लिए सैकड़ों लोग एकत्रित हुए थे जब एक हवाई जहाज ने लोगों पर हमला किया।सरकारी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि एक दिन पहले हुए हवाई हमले की जांच की जा रही है।

अमेरिका और तालिबान के बीच हुए शांति समझौते के दूसरे और अहम चरण के तहत अंतर अफगान वार्ता आगे बढ़ाने के मकसद से कैदियों की रिहाई के तौर पर गुलाम नबी को रिहा किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जब यह हमला हुआ तब जिले के बुजुर्ग और शुभचिंतक नबी का स्वागत करने के लिए पहुंचे थे। हमले में नबी का नौ साल का बेटा भी घायल हो गया।अमेरिका के शांति दूत जलमी खलीलजाद ने ट्वीट कर हिंसा की निंदा की और सरकार की जांच का स्वागत किया।खलीलजाद ने कहा, हेरात में तस्वीरों और प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से यह लगता है कि अफगान हवाई हमले में बच्चों समेत कई नागरिकों की मौत हुई है। हम इस हमले की निंदा और जांच का समर्थन करते हैं। तालिबान ने शांति समझौते के तहत रिहा किए जा रहे अपने कैदियों पर हमले की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया है। इस समझौते के तहत सरकार देशभर की जेलों में तालिबान के 5,000 कैदियों को रिहा करेगी और इसके बदले में तालिबान।,000 सरकारी कर्मियों को रिहा करेगा।तालिबान ने बयान जारी कर रिहा होने वाले कैदियों के खिलाफ हिंसा को लेकर चेतावनी दी। उसने कहा कि इससे फरवरी में हुआ समझौता कमतर होगा।बयान में कहा गया है, ऐसे कृत्यों से हाल ही में रिहा हुए और सामान्य जिंदगी जीने की इच्छा रखने वाले कैदी फिर से दुश्मन के खिलाफ हथियार उठाने को विवश हो सकते हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी अब्दुल खलीक ने कहा, ये पीड़ित तालिबान के नहीं हैं। वे सिर्फ घर लौट रहे अपने एक रिश्तेदार से मिलना चाहते थे। खलीक का भाई अब्दुल्ला इस हमले में घायल हो गया।

## पूर्वोत्तर नाइजीरिया में इस्लामिक चरमपंथियों ने पांच सहायता कर्मियों की हत्या की

**मैदुगुड़ी।** इस्लामिक चरमपंथियों ने पिछले महीने पूर्वोत्तर नाइजीरिया से अगवा किए गए पांच सहायता कर्मियों की हत्या का एक वीडियो जारी किया है। इन सहायताकर्मियों का अपहरण उस वक्त हुआ था जब बोको हराम से अलग होकर बने एक समूह ने अंतरराष्ट्रीय सहायता समूहों और सेना की मदद करने वाले नाइजीरियाई लोगों को निशाना बनाने की चेतावनी दी थी। नाइजीरिया के राष्ट्रपति मुहम्मदू बुहारी ने एक बयान जारी कर मृतकों की पहचान देश के स्टेट इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी , इंटरनेशनल चैरटीज़ एक्शन एगेंस्ट हंगर , रिच इंटरनेशनल एंड इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी के सदस्यों के तौर पर की है। बुहारी ने संकल्प किया कि उनकी सरकार दोषियों को न्याय के दायरे में लाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि सहायता कर्मी जब मोनगुनो और राजधानी मैदुगुड़ी के बीच एक मुख्य सड़क से गुजर रहे थे तभी उनका अपहरण किया गया था।



बैंकॉक के मकासन प्रीस्कूल में भोजन के बाद एक नियमित रूप से आराम करते बच्चे। गौरतलब है कि स्कूलों को फिर से खोल दिया गया है जो मार्च के मध्य से बंद थे

## अमेरिकी सदन ने कैपिटोल से दासता के प्रतीकों को हटाने वाला विधेयक किया पारित

**एपी।** वाशिंगटन

● अब यह विधेयक रिपब्लिकन के नियंत्रण वाली सीनेट में जाएगा

**अमेरिका की** प्रतिनिधि सभा ने यूएस कैपिटोल से रॉबर्ट ई ली और दासता के प्रतीक वाली अन्य प्रतिमाओं को हटाने वाले विधेयक को पारित कर दिया है।

इन प्रतिमाओं में मुख्य न्यायाधीश रोगर बी टैनी की आवक्ष प्रतिमा भी शामिल हैं। 1857 में ड्रेड स्कॉट मामले में फैसला देने वाले न्यायाधीश ने कहा था कि अफ्रीकी अमेरिकी नागरिक नहीं हो सकते। इसके अलावा इस विधेयक में दासता के प्रतीक वाले अधिकारियों को सम्मानित करने वाली कम से कम दस प्रतिमाओं को हटाने का प्रावधान है। सदन में बहुमत के नेता स्टेनी होयर ने सदन में मतदान से पहले कहा, राजद्रोह, गुलामी, अलगाववाद और श्वेत वर्चस्ववाद के बचावकर्ताओं का आजादी के इस मंदिर में कोई स्थान नहीं है। सदन ने 113 के मुकाबले 305 मतों से यह विधेयक पारित कर दिया। अब यह विधेयक रिपब्लिकन के नियंत्रण वाली सीनेट में जाएगा। अगर यह विधेयक दोनों सदनों में पारित हो जाता है तो इस पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की जरूरत पड़ेगी और डोनाल्ड ट्रंप ने देश में कहीं भी ऐतिहासिक प्रतिमाओं को हटाने का विरोध किया है। ट्रंप ने मिनियापोलिस में जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में मौत के बाद नस्लीय अन्याय और पुलिस अत्याचारों को लेकर हुए प्रदर्शनों के दौरान प्रतिमाओं को गिराने वाले लोगों की कड़ी निंदा की थी।

## यूएनजीए सत्र के लिए 75 वर्ष में पहली बार न्यूयॉर्क नहीं जाएंगे विभिन्न देशों के नेता

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** ने कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर महासभा सत्र सितंबर में पूरी तरह से ऑनलाइन आयोजित करने का फैसला किया है और 75 वर्ष के इतिहास में पहली बार विभिन्न देशों के नेता सत्र में शामिल होने न्यूयॉर्क नहीं जाएंगे बल्कि रिकॉर्ड किए गए अपने वीडियो वक्तव्य भेजेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा का 75वां सत्र 15 सितंबर को शुरु होगी।सत्र की शुरुआत में आम चर्चा आयोजित की जाती है जो आम तौर पर एक सप्ताह तक चलती है। इसमें संघ के 193 सदस्य देशों के नेता दुनिया को संबोधित करते हैं। महासभा ने बुधवार को यह निर्णय लिया कि प्रत्एक सदस्य देश, पर्यवेक्षक देश और यूरोपीय संघ अपने राष्ट्राध्यक्ष, उपराष्ट्रपति, युवराज या राजकुमारी, शासन प्रमुख, मंत्री या उपमंत्री के बयान का रिकॉर्ड किया हुआ वीडियो भेजेंगे जिसे संयुक्त राष्ट्र के 75वें वर्षगांठ सत्र में काम चर्चा के दौरान असेंबली हाल में उनके प्रतिनिधियों के परिचय के बाद प्रसारित किया जाएगा।

महासभा ने कोरोना वायरस महामारी से बिगड़े हालात को लेकर चिंता जताई और संयुक्त राष्ट्र परिसर में बैठक के लिए सीमाबद्धता की सिफारिश को रेखांकित किया क्योंकि एहतियाती कदम कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम के लिए हैं।

संगठन के 75 वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब विश्व नेता न्यूयार्क में एकत्र नहीं हो पाएंगे। संयुक्त राष्ट्र की 75 वीं वर्षगांठ मनाने के लिए महासभा की बैठक 21 सितंबर से शुरु होगी महासभा के 75 वें सत्र की आम चर्चा 22 सितंबर से शुरू होगी।

## डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद कर रहे क्षमा प्रदान करने की राष्ट्रपति की शक्ति पर रोक लगाने का प्रयास

**एपी।** वाशिंगटन

**डेमोक्रेटिक सांसद** बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास मौजूद क्षमा प्रदान करने की शक्ति पर रोक लगाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा मित्रों और परिवार के सदस्यों को माफी देने तथा राष्ट्रपतियों के खुद को क्षमा प्रदान करने जैसे कदमों को हतोत्साहित करने के लिए दो विधेयक पेश किए हैं।हालांकि, विधेयकों के रिपब्लिकन नीत सीनेट में पारित होने की संभावना नहीं है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों का कहना है कि यह कदम इसलिए आवश्यक है क्योंकि ट्रंप ने लंबे समय तक अपने विश्वासपात्र रहे रोगर स्टोन सहित अपने सहयोगियों की मदद के लिए क्षमा प्रदान करने की शक्ति का दुरुपयोग किया है ट्रंप ने रूस से संबंधित जांच के मामले में इस महीने स्टोन की सजा में कमी कर दी थी जिसे डेमोक्रेट्स ने न्यायिक प्रक्रिया में दखल करार दिया है। प्रतिनिधि सभा की न्यायिक समिति दो विधेयकों और उस संशोधन पर मतदान करेगी जिनमें ट्रंप या भविष्य के राष्ट्रपतियों को क्षमा प्रदान करने की शक्ति का दुरुपयोग करने से रोकने की बात कही गई है।

## वैज्ञानिकों ने पता लगाया, कोरोना वायरस किस तरह बदल रहा है रूप

**भाषा।** लंदन

**अध्ययन**

**वैज्ञानिकों ने** एक नए अध्ययन में पता लगाया है कि नए कोरोना वायरस का कुछ उत्परिवर्तन मानव की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रणाली से संबंधित उस प्रोटीन से दिशा-निर्देशित होता है जो इसे कमजोर करने में सहायक है, लेकिन वायरस इसके खिलाफ फिर उठ खड़ा होता है।

यह खोज कोविड-19 के खात्मे के लिए नए टीके तैयार करने में मददगार हो सकती है। ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ के एलन राइस सहित अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि जब सभी जीवधारी उत्परिवर्तन (रूप में बदलाव) करते हैं तो यह प्रक्रिया सामान्य तौर पर आकस्मिक होती है।

अध्ययन में कहा गया है कि लेकिन कोरोना वायरस के मामले में हो सकता है कि उत्परिवर्तन की प्रक्रिया आकस्मिक न हो तथा मानव इसे कमजोर करने के लिए रक्षा तंत्र के रूप में उत्परिवर्तित कर रहे हैं।

नव-कोरोना वायरस सार्स-कोव-2 से संबंधित अध्ययन पत्रिका मॉलीक्यूलर बॉयलॉजी एंड इवोल्यूशन में प्रकाशित हुआ है। वैज्ञानिकों ने विश्वभर से 15,000 से अधिक वायरस जीनोम का आकलन किया तथा 6,000 से अधिक उत्परिवर्तनों की पहचान की।

यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ के मिलनर सेंटर फॉर इवोल्यून के निदेशक लॉरेंस हर्स्ट ने कहा, हम वायरस का उत्परिवर्तन कर इसपर हमला कर रहे हैं।

अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि उद्विकास के क्रम में प्राकृतिक चयन या योग्यतम की जीत के सिद्धांत के तहत कोरोना वायरस उत्परिवर्तन प्रक्रिया के खिलाफ फिर उठ खड़ा होता है। यह खोज कोविड-19 के खिलाफ नए टीके बनाने में मददगार हो सकती है।

# 'फिल्म इंडस्ट्री में टिकने के लिए धैर्य और लगन आवश्यक है'

**रंगरसिया और पृथ्वी वल्लभ जैसे शोज़ के माध्यम से पहचान बनाने वाले अभिनेता आशीष शर्मा से उनके कॅरियर, वर्तमान में दंगल टीवी पर चलने वाले उनके शो चंद्रगुप्त मौर्य की शूटिंग के उनके अनुभवों सहित अन्य विषयों पर बात की पायनियर संवाददाता मुस्बा हाशमी ने। प्रस्तुत हैं साक्षात्कार के प्रमुख अंश-**

> आज मैं प्रसन्न हूं और मुझे किसी प्रकार का पछतावा नहीं है। आज मैं इस स्थिति में हूं कि मैं जो चाहता हूं कर सकता हूं और वो भूमिका चुन सकता हूं जो मैं करना चाहता हूं। बीते सालों के दौरान मैंने कई अच्छी कंटेंट वाले शोज़ में काम किया है और कुछ अच्छे शोज़ का हिस्सा भी बना हूं।



**■ दंगल टीवी की सीरीज़ चंद्रगुप्त मौर्य के सेट पर हुए अनुभवों के बारे में कुछ बताइये...**

ये वास्तव में मेरे कॅरियर का दूसरा ही शो है लेकिन सही बताऊं तो ये एक अत्यंत अद्भुत शो है। शो की मेरे पास अनंत स्मृतियां हैं क्योंकि इसके माध्यम से मेरे कई अच्छे मित्र बने हैं और इन सबसे अधिक मैं इस सीरीज़ के सेट पर ही अपनी पत्नी अर्चना से पहली बार मिला था। मैं बड़ौदा के सागर स्टूडियो में चंद्रगुप्त मौर्य के सेट पर सीन कर रहा था। अर्चना भी समीप के ही दूसरे स्थान पर एक अन्य शो की शूटिंग के विषय में आई हुई थी। हमारी कॉटेज भी पास पास ही थीं। मैं ग्रीक स्कर्ट में घूम रहा था कि मुझे उसने पहली बार देखा। बस यहीं से हमारी कहानी प्रारंभ हो गई। इसके बाद हमारी शूटिंग मुंबई में स्थानांतरित हो गई और संयोग से वो भी मुंबई आ गई। हम धीरे धीरे मित्र बनते चले गए और सबकुछ सही रहा और अंततः हमारा विवाह हो गया। कई बार सोचता हूं तो ये सब नियति के अनुसार हुआ सा लगता है।

**■ क्या आपको ये भूमिका लेते समय किसी प्रकार का संशय था?**

ऐसी बात नहीं है। बल्कि मैं उनके द्वारा मुझे रोल ऑफर करने से पहले से ही इसे करना चाहता था। जब चंद्रगुपत मौर्य की युवावस्था वाली कहानी चल रही थी तब मैं एक अन्य शो 'गुनाहों का देवता' में काम कर रहा था जो उन दिनों 'ऑन एअर' था। जिस प्रकार से इसके बारे में रिसर्च और शूट किया गया था उसे देखकर मैं उनकी टीम से बहुत प्रभावित था। ये अपने समय से बहुत आगे था। मैं इसकी कहानी से भलीभांति परिचित था क्योंकि मैंने चंद्रगुप्त मौर्य के संबंध में काफी पढ़ रखा था अतः इस रोल को लेने के संदर्भ में मुझे किसी प्रकार की आशंका आदि नहीं थी।

**■ अभी तक की गई भूमिकाओं में से आपको कौन सी प्रिय है?**

कह सकता हूं कि ये रंगरसिया में रुद्र की भूमिका ही होगी। इसके अलावा पृथ्वी वल्लभ में मैं पृथ्वी बना था वो रोल भी बहुत अच्छा था।

**■ आपको किस प्रकार के रोल आकर्षित करते हैं?**

कहानियां मुझे आकर्षित करती हैं क्योंकि रोल तो कहानियों का ही हिस्सा होते हैं। मेरे लिए कहानी का महत्व सबसे अधिक है। इसके बाद नंबर आता है कि इस कहानी में मैं क्या कर रहा हूं। मैं सदैव से ही कहानी को देखता हूं और फिर किस प्रकार से मैं उस कहानी का हिस्सा बनता हूं, ये देखता हूं। तभी मैं किसी रोल को स्वीकार करता हूं।

**■ इंडस्ट्री में आपको इतने दिन हो गए आपको यहां से कोई सीख मिली?**

इसमें मेरे लिए सीख यही है कि ये इंडस्ट्री है ही नहीं। ये तो एक कार्यस्थल है और यहां आपको सबकुछ अपने आप, अकेले करना होता है। ऐसे में यदि आपको यहां स्थायी रूप से टिकना है तो आपको ह्रदय और मस्तिष्क से अत्यंत कठोर होना होता है। इसके लिए आपको धैर्य और लगन की आवश्यकता होती है। यहां मैं अपनी कला के साथ साथ अपने व्यक्तित्व की दृष्टि से भी परिपक्व हुआ हूं। समय बीतने के साथ ही मैं पहले से अधिक शांत और संतुलित हुआ हूं। मैं अब स्वयं को उद्देश्यपरक दृष्टिकोण से देखने लगा हूं। मेरा मानना है कि आप अभिनेता के साथ ही आप एक व्यक्ति के रूप में भी विकसित होते जाते हैं। ये दोनों ही बातें आपसे में जुड़ी हैं।

**■ क्या आप सदा से अभिनय के क्षेत्र में ही आना चाहते थे?**

नहीं ऐसा नहीं था। मेरा मानना है कि मैंने अपने पत्ते सही ढंग से खेले। आज मैं प्रसन्न हूं और मुझे किसी प्रकार का पछतावा नहीं है। आज मैं इस स्थिति में हूं कि मैं जो चाहता हूं कर सकता हूं और वो भूमिका चुन सकता हूं जो मैं करना चाहता हूं। बीते सालों के दौरान मैंने कई अच्छी कंटेंट वाले शोज़ में काम किया है और कुछ अच्छे शोज़ का हिस्सा भी बना हूं।

**■ क्या आपके पास कोई शो है जिसपर बात चल रही हो?**

वर्तमान में तो सभी प्रकार की पाइपलाइन ब्लॉक हैं। जब ये खुल जाएगा तभी कोई बता पाएगा कि उसे क्या काम मिल रहा है। लॉकडाउन के दौरान मुझे कुछ अच्छे विचार आए हैं। मेरे पास कुछ वेब सीरीज़ हैं जिनमें कुछ ही दिनों में शूटिंग प्रारंभ हो जाएगी। इसके अलावा यदि भविष्य में मुझे किसी आमजन का रोल मिलेगा तो उसे करने में मुझे हार्दिक संतुष्टि मिलेगी। सामान्य स्थितियां आते ही मैं आपको अपने प्रोजेक्ट्स के बारे में बताने में समर्थ हो सकूंगा।

# उत्तराखंड में एफटीआई की तरह का संस्थान चाहते हैं विशाल भारद्वाज

भाषा। देहरादून



**फिल्म** निर्माता-निर्देशक विशाल भारद्वाज ने पिछले दिनों उत्तराखंड से लोगों को फिल्म जगत की ओर आकर्षित करने के लिए फिल्म एजुकेशन की ओर ध्यान देने तथा फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीटयूट की तर्ज पर एक संस्थान खोले जाने का सुझाव दिया। पत्नी रेखा के साथ यहां मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से मुलाकात के दौरान भारद्वाज ने कहा कि उत्तराखंड का प्राकृतिक सौंदर्य एवं देवभूमि का स्वरूप राज्य फिल्म निर्माण के लिए फिल्म निर्माताओं एवं अभिनेताओं को आकर्षित कर रहा है। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्मकार ने कहा कि राज्य से फिल्म के क्षेत्र में लोगों को लाने के लिए फिल्म एजुकेशन की ओर ध्यान देना जरूरी है।

इस संबंध में उन्होंने उत्तराखंड में भी एफटीआई की तर्ज पर कोई इंस्टीट्यूट खोले जाने का सुझाव दिया। भारद्वाज ने कहा कि फिल्म जगत में कार्य करने के प्रति लोगों का रुझान बढाने के लिए राज्य में किसी विश्वविद्यालय में फिल्म निर्माण तथा फिल्मों से संबंधित जानकारियों के लिए कक्षाएं शुरू की जा सकती हैं जिसके आने वाले समय में काफी सकारात्मक परिणाम होंगे। उन्होंने उत्तराखंड में फिल्म महोत्सव कराने का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री रावत ने भारद्वाज को बताया कि फिल्मकारों की सुविधा के लिए प्रदेश में एक फिल्म नीति बनाई गई है जिसे मसूरी फिल्म कान्क्लेव में आए सुझावों के आधार पर संशोधित कर जल्द ही प्रस्तुत किया जाएगा।

उन्होंने विश्वविद्यालय में फिल्म निर्माण एवं इससे जुडे अन्य पहलुओं से संबधित कक्षाएं शुरू करने को अच्छा सुझाव बताते हुए कहा कि दून विश्वविद्यालय में इसके लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे और कुछ फैकल्टी की नियुक्ति के साथ ही फिल्म जगत के अनुभवी लोगों का सहयोग लिया जाएगा। रावत ने कहा कि कोविड-19 की वजह से अभी राज्य में फिल्म महोत्सव के आयोजन को असंभव बताते हुए कहा कि कोविड का प्रभाव खत्म होने के बाद इस पर विचार किया जाएगा।

## पंजाब में शुरू हो सकती है शूटिंग

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने मुख्य सचिव को कोविड-19 महामारी के बीच फिल्मों, गानों और शो की शूटिंग के लिए दिशानिर्देश तैयार करने का बुधवार को निर्देश दिया। सरकार की एक विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री का यह निर्देश बुधवार को यहां कैबिनेट की एक बैठक के तुरंत बाद तीन पंजाबी गायकों, अभिनेताओं द्वारा एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उनके समक्ष अपनी बात रखे जाने के बाद आया। रूपिंदर सिंह गिप्पी ग्रेवाल, रंजीत बावा और गुरपीत घुग्गी ने इस ओर ध्यान आकृष्ट किया कि भले ही मुख्यमंत्री ने पिछले महीने राज्य में शूटिंग फिर से शुरू करने की घोषणा कर दी थी, लेकिन स्पष्ट रूप से परिभाषित दिशानिर्देश नहीं होने से उनके लिए काम फिर से शुरू करना मुश्किल हो रहा है। उनका काम लॉकडाउन अवधि के दौरान पूरी तरह से बंद रहा है। विज्ञप्ति के अनुसार उनकी चिंताओं को संज्ञान में लेते हुए सिंह ने मुख्य सचिव विनी महाजन को जल्द से जल्द दिशा निर्देश तैयार करने का निर्देश दिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शूटिंग कोविड-19 प्रोटोकॉल के अनुपालन के साथ सुचारू रूप से जल्द से जल्द शुरू हो सके।

## 65 वर्ष से ऊपर के कलाकारों को मिल सकती है राहत

भाषा। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने फिल्म और टीवी कार्यक्रमों के सेट पर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को आने की अनुमति नहीं देने के मामले में महाराष्ट्र सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि इस उम्र से अधिक के शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति गरिमामय जीवन कैसे बिता पाएंगे अगर उन्हें बाहर निकलने और आजीविका हासिल करने की इजाजत ही नहीं दी जाएगी।

न्यायमूर्ति एस जे कथावाला और न्यायमूर्ति आर आई छागला की खंड पीठ ने प्रमोद पांडे की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को ये टिप्पणियां की जिसमें राज्य सरकार द्वारा 30 मई, 2020 को जारी दिशा-निर्देशों को चुनौती दी गई है। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि 65 वर्ष से अधिक वायु वाले किसी भी कास्ट या क्रू सदस्य को शूटिंग के दौरान फिल्म या टीवी सेट पर आने की अनुमति नहीं होगी। 70 वर्ष के याचिकाकर्ता ने कहा कि वह चार दशक से टीवी सीरियल और फिल्मों में छोटी भूमिकाएं निभा रहे हैं और उनके पास आय का कोई दूसरा स्रोत नहीं है।

उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि वह शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं। इसके बावजूद उन्हें स्टूडियो तक जाने और शूटिंग में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी जा रही है। उच्च न्यायालय ने सरकार से कहा कि छोटे किरदार निभाने वाले कलाकारों को स्टूडियो जाना पड़ता है और दो वक्त की रोटी कमाने के लिए काम मांगना पड़ता है। कोई भी निर्देशक या निर्माता उनकी भूमिका फेसटाइम, जूम या स्काइप से शूट नहीं करने वाला है।

अदालत ने कहा, राज्य सरकार को एक हलफनामे में बताना होगा कि 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र का कोई भी शारीरिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति सम्मानित जीवन कैसे जिएगा अगर उसे आजीविका के लिए बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। पीठ ने कहा कि सरकार को हलफनामे में यह भी बताना होगा कि इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते वक्त क्या किसी तरह के डेटा या सांख्यिकी पर विचार किया गया था।

अदालत ने कहा कि यह भी स्पष्ट करना होगा कि क्या ट्रेन या बस या विमान से सफर करने वाले 65 वर्ष के अधिक उम्र के लोगों के लिए भी यही नियम है, क्या दुकान या निजी दफ्तरों में काम करने वाले इस उम्र के लोगों के लिए इस तरह का कोई नियम है। अदालत ने मामले में अगली सुनवाई 24 जुलाई को निर्धारित की है।

# शंघाई फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर सम्मान की बात : प्रकाश झा



**गोआ** में आयोजित 50वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया में प्रीमियर करने के बाद प्रकाश झा की राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'परीक्षा- द फाइनल टेस्ट' अब शंघाई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अपना अंतर्राष्ट्रीय प्रीमियर (एसआईएफएफ) करेगी।

पूर्व में जून में संपन्न होने वाले फेस्टिवल एसआईएफएफ को कोविड-19 के कारण स्थगित कर दिया गया था। अब ये 25 जुलाई से 1 अगस्त के बीच शंघाई में संपन्न होगा।

इसमें प्रियका बोस, आदिल हुसैन, संजय सूरी और बाल कलाकार शुभम झा जैसे कलाकार काम कर रहे हैं। इसके बाद फिल्म यूके में संपन्न होने वाले लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल (एलआईएफएफ) में भी प्रीमियर करेगी।


फिल्म में सच्ची घटनाओं से प्रेरित होकर शिक्षा प्रणाली पर गंभीर टिप्पणियां की गई हैं। आजकल अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तो धनी वर्ग का एकाधिकार बन चुकी है। सामान्य जनता के लिए ये उपलब्ध ही नहीं है। समाज में विभाजन का ये एक प्रमुख कारण है।

एक आईपीएस अधिकारी श्री अभयानंद, जो बिहार के पूर्व डीजीपी थे, के वास्तविक अनुभवों पर आधारित ये कहानी निर्धनों के लिए एक आशा की किरण जैसी है जो अधिक अवसर दिये जाने की योग्यता रखते हैं।

एसआईएफएफमें प्रीमियर के बारे में बात करते हुए झा ने कहा, 'हमारी फिल्म 'परीक्षा' के लिए ये सम्मान की बात है कि इसका प्रीमियर दक्षिण एशिया के सबसे बड़े और गौरवशाली फिल्म फेस्टिवल में किया जाएगा। प्रसन्नता की बात ये है कि फेस्टिवल भौतिक रूप से संपन्न होगा और हमारी फिल्म वहां थियेटर में प्रदर्शित की जाएगी।'

# फर्जी खबर : अमिताभ ने कोविड-19 की रिपोर्ट निगेटिव आने से इंकार किया

भाषा। मुंबई



**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन ने बृहस्पतिवार को इन रिपोर्टों से इनकार किया कि कोरोना वायरस की उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई है और इस बारे में खबरों को पूरी तरह झूठा करार दिया।

सोशल मीडिया पर आई इस तरह की रिपोर्टों को 77 वर्षीय अभिनेता ने तुरंत खारिज कर दिया। वह 11 जुलाई से ही अपने 44 वर्षीयअभिनेता पुत्र अभिषेक के साथ नानावती अस्पताल में भर्ती हैं।

अमिताभ ने ट्विटर पर लिखा, यह खबर असत्य, गैर जिम्मेदाराना, फर्जी और पूरी तरह झूठ है। उन्होंने इसके साथ एक टीवी समाचार चैनल का वीडियो क्लीप भी साझा किया। महानगर के अस्पताल में पिता-पुत्र के 14 दिनों का पृथक-वास पूरा होने का समय नजदीक आते देख इस तरह की खबरें आने लगीं। पिता-पुत्र के संक्रमित पाए जाने के एक दिन बाद बच्चन की पुत्रवधू ऐश्वर्या राय बच्चन (46) और उनकी आठ वर्ष की बेटी आराध्या बच्चन भी कोविड-19 से संक्रमित पाए गए।

संक्रमित पाए जाने के करीब एक हफ्ते बाद ऐश्वर्या और आराध्या को पिछले शुक्रवार को नानावती अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चन अकसर अपने स्वास्थ्य के बारे में सोशल मीडिया पर जानकारी देते हैं।

## सुशांत सिंह राजपूत की मौत पर विद्या बालन ने कहा

# हमारा अटकलें लगाने का कोई हक नहीं बनता



भाषा। नई दिल्ली

**अभिनेत्री** विद्या बालन का कहना है कि सुशांत सिंह राजपूत की विरासत का सम्मान करने का एक ही तरीका है कि हम चुप रहें क्योंकि वह अपना पक्ष रखने के लिए हमारे बीच नहीं है। काय पो छे , एमएस धोनी : द अनटोल्ड स्टोरी , छिछोरे जैसी फिल्में करने वाले 34 वर्षीय राजपूत का शव 14 जून को उनके मुंबई के बांद्रा स्थित अपार्टमेंट से मिला था। शुरुआती जांच में मुंबई पुलिस ने बताया कि उन्हें मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। राजपूत की मौत के साथ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर शुरू हुई चर्चा अब फिल्म जगत में आरोप-प्रत्यारोप और छींटाकशी के स्तर पर आ गई है।

इस संबंध में बालन का कहना है कि यह बहुत दुखद है कि राजपूत जैसे विलक्षण व्यक्ति ने ऐसा रास्ता चुना। 41 वर्षीय अभिनेत्री ने पीटीआई-भाषा को बताया, मुझे लगता है कि अगर किसी ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने का निर्णय किया और न ही इसका कारण स्पष्ट किया। ऐसे में हमारा कोई हक नहीं बनता कि हम अटकलें लगाएं और उस व्यक्ति के चुनाव का अपमान करें, विशेष रूप से तब जब वह अपनी बात रखने के लिए यहां नहीं है। उन्होंने एक रास्ता चुना, वह बहुत दुखद है, क्योंकि वह विलक्षण थे। वहीं, मुंबई में निर्देशक शेखर कपूर ने कहा है कि अगर उनकी फिल्म पानी कभी पूरी हुई तो वह उसे राजपूत को समर्पित करेंगे। यश राज फिल्म के बैनर तले प्रस्तावित इस फिल्म में राजपूत महत्वपूर्ण भूमिका में थे।

# 'दिग्गज अभिनेताओं के साथ काम करना प्रेरणादायी अनुभव'



**अभिनेत्री** वाणी कपूर को इस बात की प्रसन्नता है कि उन्हें ऋतिक रोशन, रणबीर कपूर और अक्षय कुमार जैसे अभिनेताओं के साथ काम करने का अवसर मिल रहा है। ऋतिक के साथ वो वॉर में काम कर चुकी हैं, शमशेरा फिल्म में वो रणबीर कपूर के साथ जोड़ी बनाने जा रही हैं। इसके अलावा फिल्म बेल बॉटम में वो अक्षय के साथ काम करती दिखाई देंगी। वो इन फिल्मों की धैर्यपूर्वक प्रतीक्षा कर रही हैं।

वाणी ने बताया, 'मेरी प्रसन्नता की कोई सीमा नहीं है क्योकि मुझे इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेताओं के साथ काम करने का अवसर मिल रहा है। मैं ऋतिक, रणबीर और अक्षय की सदा से ही फैन रही हूं। मुझे उनकी सभी फिल्में अच्छी लगती रही हैं अतः कहा जा सकता है कि ये मेरे लिए सपने के सच होने जैसा अनुभव है।'

इन अभिनेताओं की विविध अभिनय शैलियों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'इनमें से हर कोई अद्भुत कलाकार है और उनकी शैलियां भी अलग हैं। ऋतिक प्रतिभाशाली हैं और अपना काम पूरी लगन से करने के लिए जाने जाते हैं उनकी इसी बात से लोगों को प्रेरणा मिलती है। रणबीर अभिनय को सहजता से लेते हैं और शांत हैं ये बात उनकी फिल्मों में साफ झलकती है। जबकि अक्षय तो अद्भुत कलाकार हैं ही और ये बात पूरी इंडस्ट्री को पता है कि वो श्रेष्ठ कलाकार हैं। फिल्मों में उनका योगदान और उनकी उपस्थिति की अनदेखी नहीं की जा सकती।' वाणी मानती हैं कि भूमिकाओं के अंतर के कारण इन सभी कलाकारों के साथ उनकी अलग अलग केमिस्ट्री दिखेगी। उन्होंने बताया, 'इन सभी अभिनेताओं के साथ मेरे अलग समीकरण हैं। लेकिन इन सभी से मुझे बेहतर कलाकार बनने की प्रेरणा मिलती है ताकि मैं उनकी प्रदर्शन के समकक्ष आ सकूं।'

# कोरोना के आठ नये मरीज मिले,एक्टिव सौ के पार




● जिला महिला अस्पताल में 3, मिश्रिख में दो, शहर के पूर्णागिरीनगर, नैमिष रेउसा में एक-एक मामला

संवाददाता। सीतापुर

**जिले** में कोरोना का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है, गुरूवार को 8 नए मामले मिले है, इनमें जिला महिला अस्पताल में 3, मिश्रिख में दो, शहर के पूर्णागिरीनगर, नैमिष, रेउसा का एक–एक संक्रमित शामिल है। इसके साथ ही कुल मरीजों की संख्या 190 व एक्टिव केसों की संख्या 100 का आकड़ा पार कर गई है। जबकि एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। सीएमओ डा. आलोक वर्मा ने बताया कि कुल 351 सैंपल जांच के लिए केजीएमयू भेजे गए है। जिनकी रिपोर्ट का इंतजार है। जिले में कोरोना से बचाव के लिए सभी प्रबंध पूरे है, चार कोविड केयर अस्पताल बनाए गए है, गंभीर मरीजों को हरदोई भेजा जा रहा है।

## क्वारंटीन सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण

अब न तो मरीजों को दवा का संकट होगा और न ही रोटी गोदाम स्थित क्वारंटीन सेंटर में भर्ती संदिग्ध कोरोना मरीजों को परेशानी उठानी पड़ेगी। डीएम अखिलेश तिवारी एसडीएम सदर अमित भट्ट व इओ नगर पालिका सीतापुर जीपी पाण्डेय को साथ लेकर रोटीगोदाम स्थित क्वारंटीन सेंटर का निरीक्षण किया और जिम्मेदारों को व्यवस्थाएं दुरूस्त करने का निर्देश दिया। डीएम ने दवाओं का संकट दूर करने के लिए हॉटस्पॉट होने के चलते बंद चल रहे ग्रीकगंज के मेडिकल स्टोर भी खुलवा दिए। डीएम ने एलवन हॉस्पिटल का भी जायजा लिया।


सीतापुर-निरीक्षण करते डीएम अखिलेश तिवारी पायनियर

## कोरोना से अजय, धर्मेन्द्र ने जीती जंग

**कोरोना** के बढ़ते मरीजों की आ रही खबरो के बीच अच्छी खबर भी आयी है, सीतापुर के अटरिया स्थित कोविड अस्पताल हिन्द इंस्ट्रीट्यूट ऑफमेडिकल सांइसेस में भर्ती सीतापुर के होलीनगर के धर्मेन्द्र पुत्र स्व. शिवप्रताप नाग व रामकोट के अमीननगर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र जयराम ने कोरोना से जंग जीत ली है। इसी के साथ चिकित्सा अधीक्षक रवि सिन्हा, प्रधानाचार्य डा. शकील अहमद, उप चिकित्सा अधीक्षक डा. सुधीर राम, नोडल अधिकारी डा. रवि पचौरी, आर्थो चिकित्सक डा. दिवाकर विक्रम सिंह ने प्रशिस्त पत्र व बुके देकर उत्साहवर्धन करके घर रवाना कर दिया।


सीतापुर-सम्मानित हुए कोरोना मरीज

## हत्या के प्रयास में 10 वर्ष का कारावास, 15 हजार जुर्माना

संवाददाता। सीतापुर

**हत्या** के प्रयास मामले में जिल जज द्वारा आरोपी को 10 वर्ष का कारावास, 15 हजार जुर्माने की सजा सुनाई गई है। अभियोजन के अनुसार 1 अगस्त 2017 को खैराबाद थाना इलाके के मोहल्ला कमालसरांय निवासी विनोद ने एफआईआर में बताया था कि मोहल्ले का रहने वाला रामू उसके भाई पंकज को काम के बहाने बुला ले गया था और नेवादा के पास बाइक से उतार दिया था विरोध करने पर रामू ने चाकू से पंकज को घायल कर दिया था। जिसकी पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता प्रशांत शुक्ला एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आफन हसन ने की थी। जिलाजज कुलदीप कुमार द्वितीय ने दोषी पाते राजू को 10 वर्ष का कठोर कारावास और 15 हजार जुर्माने की सजा से दंडित किया है।

## सर्पदंश से महिला की मौत

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**कोतवाली** क्षेत्र लहरपुर में एक महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। मोहल्ला छावनी निवासी हंसरुन जहां (40) पत्नी तौकीन घर में थी सर्पदंश का शिकार हुई आनन–फानन में उसे सीएचसी लहरपुर फिर जिला अस्पताल सीतापुर लाया गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

## ...और जब ट्रैक्टर पर सवार होकर निकले कोतवाल



लहरपुर-हमेशा आपने पुलिस को पैदल मार्च, घुडसवारी, बाइक, जीप और लग्जरी गाड़ियों से पुलिसिंग करते देखा होगा। लेकिन हम आपको समस्या का निस्तारण करने के लिए ट्रैक्टर वाली पुलिस से रुबरु कराते हैं। मामला लहरपुर के रतौली गांव का है जहां के निवासी सोनेलाल द्विवेदी को कुछ दबंगों से जान से मारने की धमकी मिल रही थी, मौके पर लहरपुर कोतवाल ओपी राय को पहुंचना था लेकिन मार्ग पर इतना जलभराव था कि वहां पुलिस जीप नहीं जा सकती थी। समस्या का निवारण करने के लिए ओपी राय टैक्टर से ही निकल पड़े और मौके पर पहुंच समस्या निपटा दी।अब ट्रैक्टर पर कोतवाल का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।

## कफन ओढ़कर किया जागरूक...


सीतापुर-यह नजारा लालबाग चौराहे का है, यहां शहर निवासी विमल किशोर ने जनमानस को कोरोना के बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए कफन ओढ़कर लापरवाही न बरतने का संदेश दिया। पायनियर

## बाढ़ को लेकर सतर्क रहें निगरानी समितियां : विनय पाठक

● एडीएम की समीक्षा बैठक में गायब मिले रामपुर मथुरा पशु चिकित्साधिकारी

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर

**ग्राम** निगरानी समितियां प्रभावित क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करें। प्रशासन बाढ़ को लेकर पूरी तरह से सतर्क है और हम हर स्थिति पर नजर रख रहे हैं। प्रधानों को कोई अगर समस्या है तो वह बता सकते हैं। यह बात तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी विनय पाठक ने अधिकारियों और प्रधानों के साथ बाढ़ क्षेत्र की समीक्षा करते हुए कही। उन्होने ग्राम प्रधानों से एक–एक कर समस्याएँ और क्षेत्र की स्थिति के बारे में जानकारी ली। अखरी प्रधान प्रतिनिधि देवराज तिवारी ने नदी से होने वाली भूमि कटान की समस्या रखी और कहा कि अगर समय रहते काम नहीं हुआ तो 190 परिवार बेघर हो जाएंगे। एक्सईन सिंचाई बीएन गुप्त ने एडीएम को प्रोजेक्ट मंजूर न होने का हवाला दिया। जवाब से संतुश्ट न होने पर एडीएम ने प्रोजेक्ट छोड़कर प्राथमिकता से बाढ़ राहत से काम कराने के निर्देश दिये। अंगरौरा प्रधान ओमप्रकाष तिवारी ने बीते वर्शों से बंधे पर रह रहे कटान पीड़ित परिवारों को आवास और आवासीय भूमि दिलाने की बात कही। एडीएम ने रामपुर मथुरा सीएचसी से आये डाक्टर लक्ष्मीनरायन वैश्य को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में पानी से कई रोग फैलते हैं। इससे हर सम्भव निपटने के लिये अपनी तैयारी दुरूस्त रखें। सुर्जनपुर प्रधान राममनोरथ अवस्थी ने बताया कि राषन कार्डों में प्रधानों को शमिल नहीं किया गया है। कोटेदारों के हाथ में राशन कार्डों की व्यवस्था है। पात्रों का नाम काट दिया जाता है। न तो सप्लाई इंस्पेक्टर सुन रहे है और न ही उच्चाधिकारी जबकि ग्रामीण शिकायत प्रधानों से करते हैं। पूरी तरह से व्यवस्था में गडबड़ी की जा रही है। जिस पर एडीएम ने डीएसओ को निर्देश दिये कि शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाये। ग्राम प्रधानों ने एडीएम से शिकायत की कि क्षेत्र में पशुओं का टीकाकरण नहीं हो रहा है। जिस पर एडीएम से पशु चिकित्साधिकारी को तलब किया किन्तु वह उपस्थित नहीं थे। उन्होने जिला मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आरपी यादव से एडीएम ने कहा कि रामपुर मथुरा पशु चिकित्साधिकारी बैठकों में नहीं आते वह काम में भी लापरवाही कर रहे हैं। सीवीओ आरपी यादव ने बताया कि प्रधानों से बात कर उनकी शिकायतें सुनी जायेगी। रामपुर मथुरा पषु डाक्टर के खिलाफ जांच करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जल्द से जल्द बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में टीकाकरण का काम निपटाया जायेगा। इस दौरान डीडीओ राकेश पाण्डेय, डीएसओ संजय कुमार, एसडीएम गिरीश झा, तहसीलदार अशोक कुमार, नायब तहसीलदार प्रीती सिंह, सीओ अखण्ड प्रताप सिंह, बीडीओ ए.के. चौरसिया, प्रधान हरेराम यादव, रामविजय, महेन्द्र, रमेष चन्द्र, सुधेन्द्र तिवारी आदि उपस्थित रहे।


महमूदाबाद-बैठक को सम्बोधित करते एडीएम विनय पाठक पायनियर

## शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**महमूदाबाद सीतापुर।** बेसिक शिक्षा विभाग गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए बेहतर माहौल बनाने हेतु प्रयत्नशील है।कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते विद्यालय बन्द हैं।पठन–पाठन का कार्य बहुत ही कठिन हो गया है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाकर उन्हें ऑनलाइन शिक्षा दी जा रही है वहीं शिक्षकों को पढ़ाई के बेहतर तौर–तरीके सिखाने के लिए उन्हें ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह के प्रेरक उद्बोधन के साथ शुरू हुए प्रशिक्षण में एआरपी पीयूष वर्मा,दिनेश कुमार,विजय प्रताप सिंह व सन्दर्भदाता सतीश यदुवंशी ने आधारशिला,ध्यानाकर्षण व शिक्षण संग्रह मॉड्यूल के आधार पर शिक्षण के गुर सिखाए।प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर उमेश वर्मा,विजय सोनकर और अर्चना वर्मा ने अपने विचार रखे।

## क्विक न्यूज

### चन्द्रशेखर आजाद की मनाई जयंती



**सीतापुर।** आजाद हिन्द भगत संगठन के कार्यकर्ताओं ने कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए चन्द्र शेखर आजाद की जयंती मनाई। कार्यकर्ताओं ने आजाद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और प्रसाद बांटा। सूरज सिंह ने बताया कि आजाद ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी। कार्यक्रम में अभिमन्यु हिन्दू, सौरभ, आयुष, ऋषभ, अंकित, प्रभात, दीपांशु, अंशुल, राकेश आदि मौजूद रहे।

### दो स्थानों पर चोरों का धावा

**थानगांव/ सेवता सीतापुर।** चोरों का आतंक लगातार जिले में बढ़ता जा रहा है। थानागांव इलाके के गांव ठकुरनपुरवा मजरा सीपतपुर निवासी घनश्याम पुत्र छेदीसिंह का परिवार रात सो रहा था। तभी घर के पीछे से बांस लगाकर चोर घर के अंदर दाखिल हो गए और करीब 20 किलो मेंथा ऑयल, 6 हजार रुपये की नकदी समेत 40 हजार रुपये का सामान लेकर फरार हो गए। वहीं थाना रेउसा क्षेत्र मे गांव सिकौहा निवासी लक्ष्मण त्रिवेदी पुत्र विजय कुमार की दुकान से चोरों ने नकब लगाकर 5 हजार नकदी समेत करीब 30 हजार का माल पार कर दिया। दोनों मामलों के केस दर्ज किया गया है।

### झूला डालते समय पेड़ से गिरा वृद्ध, मौत

**तंबौर सीतापुर।** थाना तंबौर क्षेत्र के सिकरोहर कला गाँव निवासी 63 वर्षीय भन्ते पुत्र उमराव की मौत उस समय हो गई जब वह बरगद के पेड़ पर चढ़कर झूला डाल रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक वह नशे में थे जिसके कारण वह गिरे और उनकी मौत हो गई।

### माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** मूल अभिलेखों के सत्यापन का मुद्दा गरमाता जा रहा है। शिक्षक किसी कीमत पर सत्यापन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय जाना नहीं चाहते हैं। गुरूवार को माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के शिक्षकों ने उजागर लाल इण्टर कॉलेज में प्रदर्षन किया। शिक्षक नेता आरपी मिश्र ने बताया कि प्रदेश के अन्य जनपदों में विद्यालयों में ही अभिलेखों का सत्यापन किया जा रहा है। सिर्फसीतापुर में ही जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में सत्यापन कराए जाने की व्यवस्था चल रही है। षिक्षक इस व्यवस्था को बर्दाष्त नहीं करेंगे। प्रदर्शन में दीन मोहम्मद रिजवी, मनोहर लाल शुक्ल, सुशील पाण्डेय, अनुराग दीक्षित, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांग समेत दो किशोरियों के साथ दुष्कर्म

**सीतापुर।** गुरुवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों दो नाबालिक किशोरियों के साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदातें सामने आईं। सकरन/सांडा संवाददाता के अनुसार बुधवार देर शाम थाना सकरन क्षेत्र में शौच के लिए खेत गई 14 वर्षीय किशोरी के साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मामला दो संप्रदायों का होने के चलते गांव में तनाव व्याप्त हो गया। मोहलिया गांव में बुधवार की शाम को करीब 7 बजे खेत में शौच के लिए गई 14 वर्षीय किशोरी बालिका को पहले से ही घात लगाकर बैठे खलील पुत्र सलीम जबरन अपने खेत में खींचा और दुष्कर्म किया। किशोरी की चीख-पुकार सुनकर पीड़िता का बड़ा भाई मौके पर पहुंचा तब तक आरोपी फरार हो चुका था परिजनों द्वारा सकरन पुलिस को सूचना दी गई सकरन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है वही किशोरी बालिका को डॉक्टरी परीक्षण हेतु भेजा गया है मामला दो संप्रदायों का होने के चलते एसपी आरपी सिंह भी मौके पर पहुंचे गांव में किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सिधौली संवाददाता के अनुसार सिधौली क्षेत्र के भगवानपुर निवासी रोहित पुत्र लच्छिमन द्वारा गांव की ही एक नाबालिक दिव्यांग के साथ दुराचार किया जब वह शौच के लिए गई थी। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी को दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। केस दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

### खुशहाली सेवा संस्थान ने बांटे मास्क

**सीतापुर।** खुशहाली सेवा संस्थान और आजाद सेना ने शहर में मास्क, फेस शिल्ड व सैनिटाइजर बांटकर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती मनाई। दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं ने शहर का भ्रमण करके गरीबों को 1 फेस शिल्ड, दो मास्क एक साबुन और एक सैनिटाइजर दिया। आजाद सेना के सचिव आकाश मिश्रा ने बताया कि वितरण आगे भी जारी रहेगा। भ्रमण के दौरान अनिल द्विवेदी, अमित अग्निहोत्री, सिद्धार्थ पांडे, आशीष मिश्रा, प्रशान्त गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## अन्नपूर्णा ने किया समाजसेवियों का सम्मान

**सीतापुर।** अन्नपूर्णा सेवा संस्थान की ओर से समाजसेवी संगठनों व समाजसेवियों का सम्मान किया गया। संस्थान के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने सन्त निरंकारी मिशन के महावीर प्रसाद, अशोक कश्यप, गिरीश जसवानी, विवेक कुमार गुप्ता, ज्ञान प्रकाश, शुभम कश्यप, राहुल राठौर, गुरदीप राजपूत, राजकुमार, रामदीन राठौर व दीपक कनौजिया और दया फाउन्डेशन के अजय मिश्रा, अनूप विश्कर्मा, सुनील तिवारी, परवेज अंसारी, अभिषेक रस्तोगी, विजय मिश्र, राज बघेल, आदेश रस्तोगी, राजन गुप्ता, सौरभ मिश्रा, वैभव कुशवाहा व अरिंदम दास को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान सीमा बाजपेई, विकास सेठ, मंजर यासीन, यासीन इब्ने उमर, नवीन श्रीवास्तव, पवन कश्यप आदि मौजूद रहे।

## नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव, उपाध्यक्ष बने धीरेश कश्यप

● शहर कांग्रेस कमेटी का हुआ गठन




**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने पार्टी का कुनबा बढ़ाना शुरू कर दिया है। उनके व सीतापुर के प्रभारी कुमुद गंगवार के अनुमोदन पर सीतापुर शहर कांग्रेस कमेटी गठन कर दिया गया है। संतोष भार्गव अध्यक्ष, राज किशोर वर्मा कोषाध्यक्ष, अनुज सिंह चौहान, धीरेश कश्यप, डा. रिचा मिश्रा व शाहवेज मुख्तार उपाध्यक्ष, निर्मला चौधरी, डा. उपदेश गुप्ता, आशुतोष बाजपेई व रूप किशोर सेठ महासचिव, प्रदीप रावत, प्रवीण सिंह, सुरेश भारती, जहीर खां, पियूश मिश्रा, रामविलास बोस, नोमान अंसारी, अमित भार्गव, इमरान अली व मनोज श्रीवास्तव सचिव बनाए गए हैं। पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, एआईसीसी व पीसीसी के पदाधिकारियों को विषेश आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामलाल राही, पूर्व सांसद कैसर जहाँ, पूर्व विधायक हरीश बाजपेई व रामगोपाल मिश्रा, अध्यक्ष नगर पालिका परिशद लहरपुर जासमीर अंसारी, सुरेश गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित, षमीना षफीक, योगेन्द्र सिंह, कय्यूम अंसारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## विद्यालयों के प्रबंधकों का हुआ सम्मान


सीतापुर-सम्मानित होते विद्यालय प्रबंधक पायनियर

**सीतापुर।** कोरानाकाल में अभिभावकों को राहत देने वाले विद्यालयों के प्रबंधकों को अभिभावकों ने सम्मानित किया है। लोहरबाग के एक गेस्ट हाउस में आयोजित समारोह में न्यू नेशनल मांटेसरी स्कूल के रामचंद्र गुप्ता, प्रिया डे पब्लिक स्कूल के नीरज दीक्षित, हैप्पी वर्ल्ड चिल्ड्रेन स्कूल के अमर किशोर सक्सेना, फातिमा मांटेसरी स्कूल के सैयद शहंशाह जैदी, दयाल पब्लिक स्कूल के आलोक वर्मा और शिवराज सिंह महाविद्यालय धोंधी के राघवेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गोविंद सहाय गुप्ता, मनोज भार्गव, रितेश कपूर, अम्बुज शुक्ल, अंशुल पांडेय, आशीष त्रिवेदी, नियाज हुसैन, अनूप मिश्र, धीरेंद्र शुक्ल, प्रदीप रावत, शिव कुमार, पवन शुक्ल, कमल त्रिवेदी, अंगद गुप्ता, द्रोण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बाराबंकी के टॉप 10 लिस्टेड शातिर के साथ पांच धरे गए

●पहचान छुपाकर बड़ी वारदात को अंजाम देने की भी तैयारी में था, 25 हजार का ईनामी रामपाल अटरिया और रामपुरकलां में की थी लूट

संवाददाता। महमूदाबाद/पहला सीतापुर


महमूदाबाद-खुलासा करते सीओ पायनियर

**सीतापुर,** बाराबंकी, लखनऊ जनपदों में लूट, हत्या, चोरी जैसी वारदातों को अंजाम देने वाला शातिर अपराधी बुधवार को महमूदाबाद पुलिस के हत्थे चढ़ गया। सीओ महमूदाबाद अखण्ड प्रताप सिंह ने बताया कि महमूदाबाद कोतवाल अनिल पाण्डेय को बुधवार की रात करीब नौ बजे मुखबिर से मिली जिस पर उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, सिपाही रामजीपाल, शिवबहादुर, परवेज, सुनील ने रामपुर मथुरा रोड स्थित नूरपुर पुल से रामपाल उर्फ पाले पुत्र हिमांचल निवासी ग्राम जड़ासर थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी उसके साथी विकास सिंह पुत्र लल्लू निवासी मुमताजपुर थाना रामपुर कलां को 20 ग्राम स्मैके व एक तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया। रामपाल बाराबंकी जिले का टॉप टेन लिस्टड़ अपराधी है। उस पर सीतापुर में 4 तथा लखनऊ में 4 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी विकास पर रामपुर कलां थाने में 4, महमूदाबाद कोतवाली में एक मुकदमा पंजीकृत है। अटरिया और रामपुरकलां थाना क्षेत्र में भी रामपाल ने लूट की वारदातों को अंजाम दिया। अटरिया में महिला से लूट के बाद एसपी सीतापुर द्वारा रामपाल पर 25 हजार रूपये का इनाम रखा गया था। मई महीने में रामपुर कलां के हसनापुर गांव में लूट की वारदात को भी रामपाल ने अंजाम दिया था। रामपाल महमूदाबाद क्षेत्र में गुमनाम तरीके से रह रहा था और क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में था। वहीं रामपुरकलां थानाध्यक्ष संजीव कुमार की टीम ने हसनापुर गांव में हुई लूट में तीन और लुटेरों जसकरन पुत्र रामचंद्र, बन्ना उर्फ रामबरन निवासीगण मुमताजपुर रामपुरकलां, गंगाराम पुत्र देशराज नि. हसनापुर रामपुरकलां को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की।

## जावेद बने नगर अध्यक्ष

**तंबौर सीतापुर ।** सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति से जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव ने जावेद नेता को सपा का तंबौर नगर अध्यक्ष नियुक्त किया ।नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर सपाइयों ने हर्ष व्यक्त किया है ।गुरुवार को पूर्व मंत्री मुख्तार अनीस के आवास पर समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया और मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष कुल्लन खां, इश्तियाक खां, दानिश खां, रियाज्जुद्दीन ,ब्रजमोहन, अकरम, हाजी सुभान अली, दिलशाद खां आदि लोग मौजूद रहे ।

## प्रा.वि. हजरतपुर में बच्चों को बांटी खाद्य सामग्री


सीतापुर-सरकार के आदेशानुसार बेहटा ब्लाक के हजरतपुर प्रा.वि. में बच्चों को गेहूँ और चावल व ईशा खां कोटेदार के द्वारा मास्क, सैनेटाइजर भी वितरित किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सज्जन वर्मा, प्रधान शकुन्तला देवी, बेचे लाल, सुनीत श्रीवास्तव संजय कुमार गौतम, भंडारी उपेन्द्र श्रीवास्तव, बबलू श्रीवास्तव प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष जगदीश कुमार, प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र राजवंशी आदि मौजूद रहे। पायनियर

# खीरी जिले में दस और कोरोना पॉजिटिव मिले

● कुल केस हुए 338

● 253 हुए स्वस्थ, 69 का इलाज जारी

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**जिले में आज** 338 कोरोना टेस्ट रिपोर्ट प्राप्त हुईं। इनमें आठ और लोग पाजिटिव पाए गए। प्राइवेट लैब से दो पाजिटिव रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं।
दो पाजिटिव महिलाएं फूलबेहड़ ब्लाक के ग्राम बसहा माफी की निवासी है जिसमें एक अस्थमा से ग्रसित है। तीसरा पाजिटिव केस ब्लाक पसगवां के ग्राम पिपरी अजीज का है। चौथा व्यक्ति मोहम्मदी तहसील के ग्राम बेनी राजापुर का निवासी है। यह नगर पालिका परिषद मोहम्मदी में कार्यरत है। पांचवीं महिला तहसील पलिया के मोहल्ला सुभाष नगर के निवासी है। जिन्हें सांस लेने में दिक्कत है। यह संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से पाजिटिव हुई थीं। वर्तमान में यह अपोलो मेडिक्स हास्पिटल लखनऊ में एडमिट है। छठा केस विकासखंड कुंभी थाना हैदराबाद के ग्राम बिल्हारी का है। इस बालक का आरएमएल हास्पिटल लखनऊ में उपचार चल रहा है। सातवीं पाजिटिव बालिका व आठवां पाजिटिव बालक बरबर के निवासी हैं। नवां पाजिटिव व्यक्ति जिला मुख्यालय के कंपनी बाग का निवासी है जबकि 10वां पाजिटिव व्यक्ति नगर पंचायत बरबर का निवासी है। जिले में 253 पाजिटिव केस हो गए हैं। हउपचार के बाद 184 रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में 69 एक्टिव पाजिटिव केस हैं।

## महिला ने दी ससुरालियों के खिलाफ तहरीर

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना नीमगांव के अमेठी गांव की निवासी हलीमा खातून पुत्री फिदा हुसैन ने कोतवाली गोला में तहरीर देकर बताया कि मार्च 2020 में उसके पिता ने बाइक व अन्य दान-दहेज देकर गढ़ी निवासी उस्मानुल हक पुत्र अब्दुल हक के साथ निकाह किया था। इसके बावजूद कार को लेकर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। सास रशीदा, जेठ कमरुल, जेठानी आसमा मारपीट करते है और ससुर अब्दुल हक उस पर बुरी नजर रखता है। बाद में उसे घर से भी निकाल दिया है। उसने न्याय की गुहार लगाई है।

## शिक्षकों ने भेजी समस्याएं

**गोला गोकर्णनाथ।** गुरुवार को स्ववित्तपोषित स्कूलों के शिक्षकों ने डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर समस्याएं बताते हुए निराकरण की मांग की और सुझाव प्रस्तुत किए। गुरुवार को स्ववित्तपोषित विद्यालय संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने डीएम को समस्याएं बताते हुए कहा कि पांच माह से स्कूल, कालेज बंद हैं। विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था व आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। स्ववित्तपोषित स्कूलों के शिक्षकों के सामने आर्थिक संकट आ गया है। शिक्षकों ने सुझाव रखा कि शासन की गाइड लाइन में ट्यूशन पैटर्न पर कक्षावार आफ लाइन क्लास शुरू करने की व्यवस्था की जा सकती है। जिससे विद्यार्थियों की शिक्षा कम प्रभावित होगी। शैक्षिक सत्र शून्य कर दिया जाए जिससे कार्यरत शिक्षक कोई दूसरा जीविका का विकल्प तलाश सकें। छह सूत्रीय ज्ञापन में स्कूलों का विद्युत बिल, जलकर, गृहकर माफ करने, आन लाइन शिक्षा व्यवस्था के अतिरिक्त दूसरा विकल्प तलाश करने, विगत सरकारों में स्थगित की गई। क्षतिपूर्ति व्यवस्था पुन: लागू करने व निजी स्कूलों के शिक्षकों का जीविकोपार्जन के लिए सरकारी कार्यों में सहयोग लेकर आर्थिक संकट से उबारने की मांग की।

## पीड़ित अनुदेशक पर ही हो गई एफआईआर



**बेहजम-खीरी।** बीते दिवस ब्लाक संसाधन केंद्र पर तैनात अनुदेशक व शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के बीच जमकर हुई मारपीट के मामले में घायल अनुदेशक शिवाकांत तिवारी ने नीमगांव पुलिस को तहरीर देकर आरोपी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं नीमगांव पुलिस आरोपियों के पक्ष से पीड़ित के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही कर आरोपियों को बचाने में जुटी है। वहीं राजनैतिक हस्तक्षेप के बाद अनुदेशक की भी एनसीआर दर्ज कर नीमगांव पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया। खंड शिक्षा अधिकारी विनोद गौतम ने पीड़ित शिवाकांत तिवारी को ही शिक्षक संघ के नेताओं के दबाव के आगे नतमस्तक होकर उसे अपने मूल विद्यालय भेजने की कागजी कार्रवाई कर मामले को शांत करने का प्रयास किया। इस घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी शिक्षक संघ के नेताओं के द्वारा कार्यालय में खुली गुंडई के साथ अनुदेशक को जमकर मारा-पीटा गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उसी के ऊपर खंड शिक्षा अधिकारी ने विभागीय कार्रवाई कर उसे मूल विद्यालय भेजकर अपना दामन साफ किया। आरोपी शिक्षकों के पाले में खड़े होकर खंड शिक्षा अधिकारी उन्हीं का बचाव करते दिखाई दे रहे हैं। एक तरफा कार्रवाई से शिक्षकों व अनुदेशकों सहित पीड़ित काफी आक्रोषित है। इस घटना में अनुदेशक शिवाकांत तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपी शिक्षक संघ के पदाधिकारी के अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ , शिक्षक करुरेंद्र तिवारी व अभिषेक शुक्ला के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने व अभद्रता कर जान से मार देने की धमकी देते हुए मारपीट का आरोप लगाया है। खंड शिक्षा अधिकारी विनोद गौतम ने बताया कि मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी जा चुकी है। दिशा-निर्देश के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। मारपीट के बाद अनुदेशक को उनके मूल विद्यालय में भेज दिया गया है।

## ईनामी पशु चोर गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को कई मुकदमों में वांछित चल रहे 15 हजार के इनामिया पशु चोर को कमना के पास जंगल से दबोच लिया। गुरुवार को उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत बुधवार को ईसानगर प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह की अगुवाई में गठित टीम ने ग्राम कमना रायपुर के जंगल में अपना ठिकाना बनाये 15000 रुपये के इनामिया पशु चोर प्रताप पुत्र केदारी निवासी टापरपुरवा मजरा हसनापुर को दबोच लिया। जामा तलाशी में उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस सहित कुछ दिन पहले ठकुरनपुरवा से चोरी हुई एक भैंस व उसका पड़वा बरामद हुआ। गुरुवार को कागजी कार्रवाई पूरी कर जेल भेज दिया गया।

## घायल मिले युवक की इलाज के दौरान मौत



**ओयल-खीरी।** चौकी क्षेत्र के गांव अंतर्गत बीती 18 जुलाई की रात एक युवक संदिग्धावस्था में बाग के समीप गंभीर रुप से घायल मिला था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। घायल युवक की हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर ले गये जहां उसकी बीती देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खीरी की रिपोर्टिंग पुलिस चौकी ओयल के ग्राम खानपुरगुरेला निवासी इंद्रेश कुमार गौतम (28) पुत्र दयाशंकर बीती 18 जुलाई की रात्रि लगभग 9-10 बजे सिंकन्दरपुर गांव के पश्चिम स्थित आम की बाग के पास बीचोबीच रोड पर गंभीर रुप से घायलावस्था में मिला था। उसे परिजनों ने तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत में सुधार न होने पर उसे लखीमपुर के ही वरदान हास्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां भी घायल युवक की हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे 19 जुलाई को लखनऊ के एक ट्रामा सेंटर ले गये। जहां युवक की बीती रात करीब 10 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को परीक्षण हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## अजय सिंह हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष मनोनीत



**मैगलगंज-खीरी।** मैगलगंज थाना क्षेत्र के रहजनिया में हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर जिले के हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष को मनोनीत किया गया। इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी के प्रांतीय अध्यक्ष प्रमोद बाजपेई व प्रभारी लखीमपुर राकेश सिंह द्वारा रहजनिया निवासी अजय सिंह को जिलाध्यक्ष के पद पर हिंदुओं का मान सम्मान बढ़ाने व संगठन को मजबूत करने के लिए मनोनीत कर मनोनयन पत्र सौंपा गया। इस मौके पर हिंदू युवा वाहिनी के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेश राजपूत, दिवाकर सिंह, अंकित त्रिवेदी, विपिन गुप्ता, अनिल सिंह, पंकज गुप्ता व रंगी सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के फोन नम्बर जारी

**लखीमपुर-खीरी।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने जिला मुख्यालय पर सीएमओ कार्यालय के निकट एएनएम सेंटर में एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया गया है। जिला प्रशासन ने आमजन के लिए कोरोना के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए फोन नम्बर 7269039586, 7269039587, 7269039532 व 7269039540 जारी किये गये हैं।
उन्होंने बताया कि कोरोना से संबंधित किसी भी जानकारी उपलब्ध कराने एवं समस्या के निस्तारण हेतु दिये गये फोन नम्बरों पर जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं।

# नई वेबसाइट पर करें छात्रवृत्ति का आवेदन

**लखीमपुर-खीरी।** डीआईओएस डा. आरके जायसवाल ने जनपद की समस्त शिक्षण संस्थानों, छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को सूचित करते हुए बताया कि छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति की वेबसाइट scholarship.up.nic.in के स्थान पर scholarship.up.gov.in परिवतर्तित किया गया है। अत: छात्रवृत्ति की नई वेबसाइट पर निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ही अग्रिम कार्यवाही करने एवं कराने का कष्ट करें।

# डीएम-एसपी ने किया सेंटर का निरीक्षण

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**गुरूवार को** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह व पुलिस अधीक्षक पूनम ने जिला मुख्यालय पर सीएमओ कार्यालय के निकट एएनएम सेंटर में स्थापित 'एकीकृत कोविड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर' का औचक निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में स्थापित कोविड हेल्प डेस्क पर पल्स आक्सीमीटर एवं थर्मल स्केनर के संबंध में संबंधित से आवश्यक जानकारी हासिल की। इसके उपरांत उन्होने कंट्रोल रूम में ड्यूटी कर रहे लोगों से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से सौपें गये दायित्वों का निवर्हन करने के निर्देश दिये। इसके उपरांत डीएम-एसपी ने 'एकीकृत कोविड कमांड एण्ड कंट्रोल सेंटर' के सभागार में वहां तैनात चिकित्साधिकारियों से कंट्रोल रूम के संचालन के संबंध में आवश्यक जानकारी हासिल की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना संक्रमण काफी तेजी से बढ़ रहा है।

जिसमें कोविड धमात्मक प्रकरण सामने आने पर तत्काल कांटेक्ट ट्रेसिंग किये जाने तथा प्रत्येक कोविड पाजीटिव व्यक्ति के लिए घर वालों और बाहर सम्पर्कों को मिलाकर कम से कम 08-10 सम्पर्कों को चिन्हित करनते हुए उनकी सैम्पलिंग करवायी जाने समेत अन्य कार्यवाहियों में इस कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की बड़ी भूमिका है। बैठक में उन्होंने प्रतिदिन डोर टू डोर सर्वे करने वाली सर्विलान्स टीम की कार्ययोजना, इनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रगति, टेस्टिंग की स्ट्रेटजी एवं क्रियान्वयन, किसी व्यक्ति के धनात्मक होने पर कोविड अस्पताल पहुंचाना, कोविड केयर सेन्टर की व्यवस्था की अनुश्रवण, मरीजो से रैण्डम आधार पर फीडबैक लेने, केंद्रीकृत व्यवस्था के तहत एम्बुलेंस की सेवा का सुचारू रूप से संचालन, सप्ताहांत में जनपद में सेनेटाइजेशन के विशेष अभियान का अनुश्रवण, कोविड समर्पित इकाइयों में एडमीशन एवं डिस्चार्ज का रियल टाइम अनुश्रवण, कोविड समर्पित चिकित्सा इकाईयों में साफ-सफाई व्यवस्था की अनुश्रवणए होम आइसोलेशन जैसे अहम बिन्दुओं पर विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरपी दीक्षित, डा. अश्वनी, डा. वीसी पंत, डा. संतोष चक व डा. पूनम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### विवाहिता की मौत पर लगाया हत्या का आरोप

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की फांसी लगने से मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। पति और ससुरालिए फरार बताए जाते हैं। फरीदपुर थाना क्षेत्र के मीरधान मोहल्ला निवासी 27 वर्षीय गुलजरीन पत्नी रईस अहमद की लाश फतेहगंज पूर्वी निवासी उसके मायके वालों को कल शाम को ससुराल में जमीन पर मिली। मृतका की गर्दन में चोट के निशान थे। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के चाचा रफीक अहमद ने पति और ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बताया। कि 3 साल पूर्व विवाह के बाद से ही गुल जरीन को उसके पति और ससुरालिय कम दहेज लाने के लिए परेशान करते थे और अक्सर मारपीट करते थे। बीती रात उन्होंने गुल जरीन की पिटाई के बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। और लाश को फांसी पर लटका दिया। घटना की सूचना मायके वालों को नहीं दी। गांव में रहने वाले रिश्तेदारों ने उन्हें सूचना दी। तब वह उसकी ससुराल पहुंचे। लेकिन तब तक लाश को उन्होंने फांसी से उतार लिया और और घर से फरार हो गए। घटना की शिकायत मायके वालों ने पुलिस से कर दी। जो मौके पर पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर फरार पति और ससुरालियों की तलाश शुरू कर दी।

### फसली बीमा नहीं चाहते है तो लिखित में दें

**बरेली ।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद बरेली के सभी किसान भाइयों को अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में परिवर्तन करते हुए सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक कर दी गयी है। फसली ऋण (केसीसी) लेने वाले ऋणी किसान यदि अपनी फसलों का बीमा नहीं कराना चाहते हैं। तो उस बैंक शाखा पर जहां से उनको फसली ऋण व केसीसी की सुविधा प्राप्त हुई है। उस शाखा में जा कर लिखित रूप से उपलब्ध करा दें कि ''मुझे अपनी फसलों का बीमा नहीं कराना है''। यदि आप ऐसा लिख कर नहीं देते है तो ऐसी स्थिति में किसानों के खाते से फसल बीमा प्रीमियम का पैसा काट लिया जायेगा। जनपद बरेली के लिए खरीफमें आच्छादित फसलें धान, तिल, बाजरा, उर्द एवं मिर्च केवल (नवाबगंज 01 ब्लाक) के लिए है।

# जयंती पर याद किये गये शहीद चन्द्रशेखर आजाद



क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती पर पुष्प अर्पित करते अधिवक्ता

संवाददाता। ललितपुर

**महान क्रान्तिकारी** चन्द्रशेखर आजाद की जयंती पर गुरूवार को जिला बार भवन में उनकी महान क्रान्तिकारी विरासत को याद करते हुए उनकी तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत चन्द्रशेखर आजाद की तस्वीर पर माला-फूल अर्पित कर उनके महान क्रान्तिकारी व्यक्तित्व को याद किया गया। इसके बाद आजाद की विरासत और आज की चुनौतियां विषय पर चर्चा भी की गई। जिला बार संघ के अध्यक्ष श्रीप्रकाश चौबे ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद क्रान्तिधारा के सशक्त हस्ताक्षर रहे। आजाद एक महान देशभक्त क्रान्तिकारी थे। समाज में समता के लिए संघर्षरत रहे और जलियावाला बाग कांड के बाद कांग्रेस की ओर से मुंह मोड़कर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के साथ गरमदल की राजनीती से जुड़े। एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि आजाद के क्रांति के विचार और आदर्श आज भी हमारा आह्वान कर रहे है और पूंजीवादी कट्टर साम्प्रदायिक होती दुनिया में समाजवाद धर्मनिरपेक्षता की स्थापना और वंचितों के अधिकारों के लिए लड़ाई-लड़ने की जरुरत है। जल जंगल जमींन के सवाल पहले से भी ज्यादा जटिल हुए है, पूँजीवादी आर्थिकी ने शोषण के नए-नए तरीके खोज निकाले है। ऐसे में हमारे सामने आजादी के नायकों के पुण्य स्मरण, आदर्श और सिद्धांत ही एकमात्र विकल्प बचता है। आजादी के आंदोलन को याद करते हुए हमे महान चरित्रों से सीखते हुए अपनी ऊर्जा को देश समाज के निर्माण में लगाना होगा। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला बार संघ के महामंत्री हरिराम राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अध्यक्ष श्रीप्रकाश चौबे, त्रिलोकी बिलगैया, हरिराम राजपूत, एड.अंकित जैन,

## बाल गंगाधर तिलक जयंती पर विशेष

## गीता रहस्य लिखकर तिलक ने नींद में डूबी जनता को जगा दिया : प्रो.शर्मा

**ललितपुर।** बाल गंगाधर तिलक की जयन्ती पर आयोजित परिचर्चा में बोलते हुए नेहरू महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो.भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि स्वराज्य हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है। उसको हम लेकर ही रहेंगे का पराधीन भारत में शंखनाद करने वाले, अर्जी-एप्लीकेशन की कागजी मीनारें खड़ी करके अंग्रेजों के आगे अपना दुखड़ा रो-रो के प्रकट करने वाली ठंडी आराम कुर्सियों और सुनहरी पगडण्डियों वाली राजनीति को किनारे करते हुए तत्कालीन कांग्रेस के गरम दल के नेता बालगंगाधर तिलक ही प्रथम जननायक थे, जिन्होंने संघर्ष को जेल के सींखचों से जोड़कर जंगे आजादी को नये तेवर प्रदान किए। माण्डलै जेल में एक बंदी के रूप में लिखा गया उनका अमर ग्रन्थ गीता रहस्य जन- मुक्ति का खुला घोषणा पत्र सिद्ध हुआ है। उन्होंने इस ग्रन्थ की भूमिका में लिखा श्रीश्री शायजनात्मने अर्थात इसे मैं जनता जनार्दन को समर्पित करता हूँ। तत्कालीन प्रख्यात विद्वान, जिन्होंने 40 साल तक संस्कृत में पारंगति हासिल की मैक्समूलर ने अंग्रेजों को कड़ी फटकार लगाई कि तिलक जैसे विद्वान को तुरंत जेल से रिहा करो। आम जनता को अंग्रेजों के विरुद्ध जुझारु संघर्ष का उन्होंने इंजन बना दिया था। 1908 में भारतीय जनमत के प्रबल विरोध के बाबजूद समाचार अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तार करके अंग्रेजों ने 6 साल के कठोर कारावास की सजा दी, जिसके विरोध में बम्बई की जनता ने लगातार 6 दिन तक हड़ताल जारी रखी। तब तत्कालीन सोवियत संघ के राष्ट्राध्यक्ष लेनिन ने लिखा था, ब्रिटिश गीदड़ों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के जननायक तिलक को सुनायी कुख्यात सजा के खिलाफ न केवल बम्बई में अपितु विश्व की स्वतंत्र जनता में इतना जबरदस्त उबाल आ गया था कि उन्होंने सावधान किया कि भारत में अंग्रेजी शासन के दिन अब गिने चुने ही रह गये।

# शाहजहांपुरे में मिले 32 और कोरोना संक्रमित

● जिले में 538 कोरोना पॉजिटिव मरीज

संवाददाता। शाहजहांपुर

**जिले में गुरूवार** को अलग अलग ब्लाकों में 32कोरोना संक्रमण से संक्रमित पाए गए इसके साथ ही बुधवार रात को तहसील जलालाबाद के गांव भुड़िया का रहने वाले एक कोरोना संक्रमित मरीज की मृत्यु हो गई इसके साथ जिले में अब दो कोरोना से संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया गुरूवार जिले के ब्लाकों में 32 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले है उन्होने बताया जनपद में अब तक कुल 538 कोरोना पॉजिटिव मरीज है जिसमें से 294 मरीज भर्ती है तथा 242 मरीजो को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है इसके साथ जिले में अबतक दो कोरोना संक्रमण से संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है जिला अधिकारी ने बताया जिले में अब कोरोना के मरीज घरों में आइसोलेट हो सकते है उन्होंने कहा जिन मरीजों के घरों में सैपरेट बाथरूम है उनको घरो में क्वार्टीन किया जा सकता है इसके साथ ही अधिग्रहित होटल कोविड केयर सेंटर एलवन प्लस में आइसोलेट किया जाएगा उन्होंने कहा सभी मरीज दस दिन तक आइसोलेट रहेंगे इस दौरान होटल का बिल मरीजो के द्वारा ही भुगतान किया जाएगा मुख्य चिकित्साधिकारी गुरूवार को जिले में 250 मरीजों का सैम्पल लिया गया उन्होंने जानकारी देते हुए बताया जिले में अबतक 17774 लोगो का सैम्पल लिया गया है

**कई ब्लाकों में कोरोना संकरण से संक्रमित मरीज मिलने के बाद सेनेटाइजेशन:** जिला अधिकारी के आदेश पर ढाई सौ मीटर के दायरे में आने वाले क्षेत्र को सील कर सेनेटाइज किया गया । एरिया को सील कर लोगो को घरों से निकलने से मना किया गया है।इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगो का स्वास्थ्य चेकअप कर डाटा तैयार किया जिले में 15 ब्लाकों में 14 ब्लाक में कोरोना संक्रमित मरीजों मिलने से स्वास्थ्य विभाग की मुश्किलों में इजाफा हुआ है । अब केवलएसिधौली ए ब्लाक में कोरोना संक्रमित न पाए जाने से इस ब्लाक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व पुलिस तथा बाशिंदे कोरोना के संक्रमण न पाए जाने से कुछ राहत महसूस कर रहे है स्वास्थ्य विभाग की टीम इन ब्लाकों में आ रहे मजदूरों की जानकारी लेकर उनके सिम्टम पर पैनी नजर बनाए है

## कोविड अस्पताल से मरीज हुए फरार, एक लौटा दूसरे की तलाश जारी

**शाहजहांपुर।** जिले के कोविड अस्पताल बी एस पब्लिक स्कूल से कोरोना संक्रमण से संक्रमित दो मरीज अस्पताल से फरार हो गए स इस खबर की सूचना मिलते ही स्वाद विभाग में हड़कंप मच गया आनन-फानन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया । पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर संबंधित मरीजों के संबंध में जानकारी हासिल कर एक मरीज को पकड़ने में कामयाबी हासिल की । जबकि दूसरा मरीज पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सकता । मिली जानकारी के अनुसार थाना कांट के अंतर्गत बी एस पब्लिक स्कूल कोबिड अस्पताल में भर्ती 152 कोरोना संक्रमित मरीजों में से थाना काट के ग्राम मोहनपुर का एक मरीज अपने साथी ग्राम चौपाल निवासी दूसरे संक्रमित मरीज के साथ अस्पताल से फरार हो गया । अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों के साथ पुलिस अधिकारियों को दी । पुलिस ने सुराग रसी करते हुए कोरोना संक्रमण से संक्रमित एक मरीज को पकड़ने में सफलता पाई जबकि फरार दूसरा मरीज पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कांट थाना क्षेत्र के रहने वाले दो करोना पॉजिटिव मरीजों को बी एस पब्लिक स्कूल कोविड अस्पताल में आइसोलेट किया गया था उनका उपचार जारी था । अस्पताल प्रशासन ने सूचना दी कि दोनों मरीज मौका पाकर अस्पताल से फरार हो गए जिसके बाद तलाश की गई एक मरीज को पकड़ कर आइसोलेट किया गया है जबकि दूसरे फरार मरीज की तलाश जारी है इस संबंध में थाना कांठ में फरार हुए दोनों मरीजों के विरुद्ध महामारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया हैइस संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कोविड अस्पताल में भर्ती 152 मरीजों को आइसोलेट कर उपचार किया जा रहा है सभी मरीज उपचार के दौरान परिसर में एक दूसरे से मिलते हैं फरार हुए दोनों मरीज एक प्लान के तहत अस्पताल से गायब हो गए जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने कोरोना संक्रमण से संक्रमित एक मरीज को पकड़ कर दोबारा आइसोलेट कराया जबकि दूसरा मरीज अभी फरार है पुलिस उसकी तलाश कर रही है जल्दी उसको भी कोबि अस्पताल बी एस पब्लिक स्कूल में आइसोलेट किया जाएगा।

# सत्ता पक्ष के विधायक का पुलिस आफिस में हाई वोल्टेज ड्रामा

● भाजपा विधायक ने थाना निगोही पुलिस पर चोरी के मामले में निर्दोषों पर जुल्म करने का आरोप लगाया

संवाददाता। शाहजहांपुर

**भाजपा के तिलहर** विधानसभा क्षेत्र से विधायक रोशनलाल वर्मा ने गुरूवार को पुलिस आफिस में हंगामा किया इस हंगामे के दौरान भाजपा विधायक ने थाना निगोही पुलिस पर चोरी के मामले निर्दोषों पर जुल्म करने का आरोप लगाया इस दौरान विधायक ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर पर आरोप लगाते हुए कहा, कि अपर पुलिस अधीक्षक सिटी ने वार्ता के दौरान उनसे कहा, कि तुम लोगों की वजह से बिकरू कांड होता है इस मौके पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन मौके पर पहुंचे विधायक से घटना की जानकारी हासिल करने के बाद निगोही थाने में तैनात एक सबइंसपेक्टर को लाइन हाजिर कर बमुश्किल विधायक शांत कराया गया थाना निगोही पुलिस 14 जुलाई को हुई चोरी के मामले में 3 लोगों को पूछताछ के लिए उठाया था। परिजनों ने विधायक को सुचना दी जिसके बाद विधायक रोशलाल ने वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को ममले से अवगत कराया थाना प्रभारी राजेश कुमार ने युवकों को छोड़ना दिया पुलिस की गिरफ्त से छूटे युवकों ने पुलिस की पिटाई कि कहानी विधयक को सुनाई जिसके बाद गुरुवार को विधायक रोशनलाल वर्मा एसपी ऑफिस पहुंचे, जहां एसपी सिटी से उन्होंने शिकायत दर्ज कराई और कहा कि निर्दोष लोगों को पुलिस पकड़ रही है यह गलत बात है। इस पर विधायक का कहना था कि एसपी सिटी ने उन्हें जवाब दिया कि आप जैसे लोगों की वजह से बिकरू कांड होता है, मुख्यमंत्री का आदेश है हम किसी भी अपराधी को छोड़ नहीं सकते हैं जेल जरूर भेजेंगे। इस दौरान विधायक व अपर पुलिस अधीक्षक ने हुई हॉट टॉक के बाद विधायक ने कहा युवकों की निर्मम पिटाई कि शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे, इस दौरान एसपी सिटी, एडीएम प्रशासन ने विधायक को शांत कराया इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि विधायक रोशनलाल वर्मा ने चोरी के मामले में निर्दोष लोगो को पकड़कर पीटेजाने का मामला संज्ञान में लाया है इस मामले में एक सबइंस्पेक्टर के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की गई है इसके साथ ही जाँच कर मामले की सत्यता का पता लगाया जाएगा

# एंबुलेंस पायलट को पीटकर तीन मंजिल से नीचे फेंका, मरणासन्न

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**मामूली** वाद-विवाद के चलते नशेड़ी युवकों ने बीती रात एंबुलेंस पायलट को पीट.पीट कर मरणासन्न करने के बाद तीन मंजिला सरकारी आवास से नीचे फेंक दिया। गंभीर हालत में उसका डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद सैफई रेफर किया गया है। नाराज 108 व 102 एंबुलेंस चालकों व ईएमटी ने डीएम आवास का घेराव कर प्रदेश व्यापी हड़ताल कर दी। जिलाधिकारी के निर्देश पर आननफानन में दोषियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत हुआ। नगर मजिस्ट्रेट समेत सीओ सिटी, शहर कोतवाल सहित सभी चैकी प्रभारियों ने समझा.बुझा कर आज दोपहर चालकों की हड़ताल खत्म कराकर दोषियों के विरू; कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

पुलिस को दी गई तहरीर में अतुल कुमार ने कहा कि बीती गुरुवार की रात करीब साढ़े दस बजे डयूटी खत्म करने के बाद 108 पायलट लोहिया अस्पताल कैंपस स्थित हॉस्टल में थे। कैंपस में रहने वाले युवराज, पंकज पुत्र एमके सिंह, अमन कटियार, पवन द्विवेदी व उनके कई साथियों ने परिसर में शराब के नशे में हंगामा कर दिया। पायलट आदेश कुमार के साथ गालीगलौज कर कहा कि यहां पर कोरोना फैला रहे हो। बाहर जाओ कल से कोई एंबुलेंस नहीं चलेगी। इसके बाद सरिया निकालकर उग्र रूप में सरकारी एंबुलेंस तोड़नी शुरू कर दी।

● गुस्साए 108 व 102 एंबुलेंस चालकों ने की प्रदेश व्यापी हड़ताल, सिटी मजिस्ट्रेट ने कराई खत्म

● लोहिया अस्पताल कैंपस में हुई तोड़फोड़, एंबुलेंस समेत कई गड़ियां क्षतिग्रस्त


घायल पायलट

शोरगुल सुनकर अंदर हॉस्टल में ईएमटी प्रमोद कुमार, राजीव कुमार, मोहित कुमार आदि बाहर निकल आये और युवराज व उनके साथियों को रोकने का प्रयास किया तो हाथों में तमंचे लहराते हुए कहा कि आज लाशें बिछी होंगी। यह देख वह लोग अंदर आये तो दबंगों ने सरेआम मार.पीट शुरू कर दी। इसी बीच उनका साथी आदेश कुमार युवराज व उनके साथियों के हाथ लग गया। जिसे घसीट कर वह लोग अपने पिता एमके सिंह लिपिक के नाम आवंटित आवास में ले गये और आदेश को जान से मारने की नीयत से आवास की छत पर ले जाकर तीन मंजिल से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों सहित उनके अज्ञात साथियों के विरू; कड़ी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

## कलयुगी पुत्र ने ईट से ताबड़तोड़ प्रहार कर मां को मौत के घाट उतारा

**घाटमपुर।** बीती शांम कोतवाली की पुलिस चौकी जाजपुर क्षेत्र के गांव किरांव में एक कलयुगी पुत्र ने ईट से कूट-कूट कर माँ को मार डाला, माँ को मौत के घाट उतारने के बाद हत्यारे पुत्र को खून से सनी ईट लेकर भागते समय गांव वालों ने पकड. कर पहले जमकर पीटा और बाद मे पुलिस को सौंप दिया। गांव निवासी प्रहलाद सिंह तोमर का पुत्र कल्ली उर्फ बिजय प्रताप अपराधी प्रवत्ति और नशेबाज है और इसी के चलते पत्नी और पिता से नही पटती, बुद्यवार देर शांम बिजय प्रताप नशे में धुत होकर घर पहुंचा और किसी बात को लेकर 52 वर्षीय माँ सुनीता से भीड़ गया। पिता प्रहलाद ने पुलिस को बताया कि बिवाद बढ़ने के बाद हत्यारे पुत्र ने ईट से ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया और खून सनी ईट लेकर भागने लगा कि गांव वालों उसे पकड़ कर पीटा और पुलिस को सूचना देकर उसके हवाले कर दिया। गुरुवार सुबह फोरेंसिक टीम मौके पर पंहुची और साक्ष जुटाये, पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है। जाजपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि पति की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर हत्यारे को जेल भेज दिया गया है।

# जेल से बाहर आये सक्रिय अपराधियों की जमानत होगी निरस्त: आईजी

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**आईजी** नें गुरुवार को मोहम्मदाबाद कोतवाली का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने कड़े निर्देश भी दिये कि जो अपराधी जमानत पर बाहर आ गये है और दोबारा अपराध में सक्रिय है उनकी जमानत निरस्त करायी जाये। कोतवाली पंहुचने पर उन्होंने विभिन्न आपराधिक अभिलेख चेक किये। कोतवाली के टॉप-10 अपराधियों पर कार्यवाही के निर्देश दिये। जो एक वर्ष के दौरान अपराध हुए है उनके बर्कआउट के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिये कि वह एलर्ट रहे और अपराधियों पर पैनी नजर रखें। जिससे कानपुर विकास दुबे जैसी वारदात को मौका ना मिले। उन्होंने कहा कि जो अपराधी जमानत पर आ गयें है उन पर नजर रखी जाए यदि वह दोबारा अपराध में सक्रिय है तो उनकी जमानत निरस्त करायी जाये।

### करथिया के सुभाष की पुत्री गौरी को दिये उपहार



बीते दिनों करथिया गाँव में शातिर सुभाष नें गांव के बच्चों को बंधक बनाया था। लेकिन पुलिस के एनकाउंटर में वह ढेर हो गया था। उसकी मासूम पुत्री गौरी को उपहार के साथ ही एक बंद लिफाफा भी दिया जिसमे नकदी थी। आईजी नें गौरी की देखभाल कर रहीं शहर कोतवाली के मोहल्ला कछियाना निवासी गौरी की बुआ को फोन नम्बर दिया और किसी समस्या के आने पर उन्हें फोन करने की सलाह दी। एसपी डॉ. अनिल कुमार मिश्रा, सीओ मोहम्मदाबाद सोहराब आलम आदि रहे।

## निजी अस्पताल में महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा



संवाददाता। इटावा

**जनपद में** आज ऐसा ही मामला थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत आईटीआई चौराहा के पास निजी हॉस्पिटल में 22 वर्षीय दीप्ति की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही से इलाज़ करने का आरोप लगाया। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में खूब हंगामा काटा। अस्पताल के स्टाफ ने हंगामे को बढ़ता देख पुलिस को फोन कर दिया वहां पर हंगामे को शांत पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद करवा पाया। मृतक महिला के पति हरेंद्र कुमार निवासी थाना बकेबर ग्राम भवानीपुर ने बताया कि उसकी बाइक का नेशनल हाईवे पर एक्सिडेंट हुआ था। जिससे उसकी पत्नी घायल हो गई थी। उसके बाद प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल में पहुँचें वहां से उसकी पत्नी को सैफई रेफर कर दिया गया था। लेकिन उन लोगों ने निजी अस्पताल हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। जहाँ आज चिकित्सक की लापरवाही से दीप्ती की मौत हो गई। वहीं डॉक्टर ने बताया कि मरीज को आज सुबह ही रेफर कर दिया गया था। उसकी मौत रास्ते में हुई है।

## दो दिन के लिए बन्द किया गया विकास भवन, होगा सेनिटाइजेशन

● बंदोबस्त अधिकारी के कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद उठाया गया कदम



**अंबेडकरनगर।** कलेक्ट्रेट में कार्यरत बंदोबस्त अधिकारी के कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद जहां कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय को सील कर दिया गया है वहीं कचेहरी मार्ग पर स्थित आफीसर्स हास्टल एवं विकास भवन को भी सील कर दिया गया है। जिला विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि बन्दोबस्त अधिकारी आफीसर्स हास्टल में ही रहते थे। इसलिए आफीसर्स हास्टल में रहने वाले अधिकारियों व उनके परिजनों की सैम्पलिंग करायी जा रही है। आफीसर्स हास्टल में रहने वाले ज्यादातर अधिकारी विकास भवन में ही तैनात हैं। इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से विकास भवन को भी दो दिन के लिए सील किया गया है। विकास भवन का सेनिटाइजेशन कराने के बाद ही उसे आम जनता के लिए खोला जायेगा। गुरूवार को अचानक विकास भवन को बन्द किये जाने से लोगों में अफरा-तफरी मच गई तथा यह चर्चा आम हो गई कि क्या विकास भवन में भी कोरोना का संक्रमण दस्तक दे चुका है। विकास भवन को बन्द किये जाने के कारण वहां पर संचालित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में भी कामकाज ठप रहा।

## किसान सभा ने उमरसेड़ा में किया जोरदार प्रदर्शन




**इटावा, भर्थना।** उत्तर.प्रदेश किसान सभा ने भाजपा सरकार से नरेगा में सभी बालिगों को 200 दिन काम व सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और श्रमिक कानून में बदलाव वापस लेनेए 6 माह तक सभी पात्रों को 10 किलो निशुल्क अनाज देने आदि की मांगों को लेकर ग्राम ऊमरसेडा में पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही सरकार द्वारा किसानों की समस्याओं की अनदेखी पर रोक लगाने की मांग की है। किसान सभा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज जब देश मे कोरोना में तेजी से फैल रहा है। तब केन्द्र व प्रदेश की सरकारें जनता व खासकर किसान मजदूर के स्वास्थ्य की पूरी तरह अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पूँजीपतियों के इशारे पर काम कर रही है। सरकार से सार्वजनिक सम्पत्तियों के निजीकरण को तत्काल रद्द करने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान आपेन्द्र कुमार, दुदुर्गविजय सिंह, शिवराम सिंह, मलखान सिंह, बुद्ध प्रकाश, राम प्रकाश यादव, राकेश, भूरे, राजू, नीरज, रजनीश, राम कृष्ण, कल्लू आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### रिश्वत लेने वाला चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर, सिपाही निलंबित

**फर्रुखाबाद।** मकान पर कब्जा दिलाने के लिए रिश्वत लेनें के मामले का आडियो वायरल होंने के बाद एसपी डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा नें चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया। जबकि सिपाही को सस्पेंड किया गया है। थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम कोला निवासी रविन्द्र नें गाँव में एक जमीन खरीदी थी। जिस पर कब्जा लेनें के लिए अचरा चौकी इंचार्ज अच्छेलाल पाल और तत्कालीन मेरापुर में तैनात रहे सिपाही राजनारायण ने 24 हजार रूपये रिश्वत के रूप में ले लिए और कब्जा कराने का वायदा किया । लेकिन बाद में सिपाही राजनरायण का थाना शमसाबाद में तबादला हो गया । कब्जा ना होंने पर रविन्द्र नें अपने पैसे वापस मांगे लेकिन दोनों आना आनाकानी करने लगे। रविन्द्र नें दोनों के साथ हुई बातचीत का आडियों वायरल कर दिया। एसपी डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा नें आडियों वायरल होने की जाँच करायी जिसमे सत्यता मिलने पर एसपी नें सिपाही हेडकांस्टेबल राजनारायण को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके साथ ही अचरा चौकी इंचार्ज अच्छे लाल पाल को लाइन हाजिर कर दिया।

### ट्रांसफर के बाद भी बाबू ने घेरे हैं कई आवास

**फर्रुखाबाद।** करीब सात माह पूर्व एमके सिंह स्थानान्तरण के बाद भी लम्बे समय से अपने नाम आवंटित आवास सहित कैंपस के कई आवासों पर बाबू एमके सिंह का अवैध कब्जा है। दबंगई का आलम यह है कि बीते दिनों जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह द्वारा पारित आदेश के बावजूद एमपी सिंह ने आवास खाली नहीं किये।

### बोले नगर मजिस्ट्रेट-हटेंगे सरकारी आवास से कब्जे

**फर्रुखाबाद।** नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्या ने आज यहां ईएमटी पायलट को भरोसा दिया कि शीघ्र ही सरकारी आवासों को खाली कराया जायेगा। जिन लोगों के गैर जनपद स्थानान्तरण हो चुके हैं वह यहां नहीं रहेंगे। आलाधिकारियों ने कैंपस में एमपी सिंह के आवास पर पहुंच उन्हें वहां जमकर फ्टकार लगाई और शीघ्र आवास खाली करने के निर्देश दिये।

### पुलिस के साथ की गई अभद्रता

**फर्रुखाबाद।** लोहिया कैंपस में बीती रात दबंगों द्वारा केवल पायलट और ईएमटी के साथ ही मार.पीट नहीं हुई बल्कि मौके पर पहुंचे सब इंस्पेक्टर और पुलिसकर्मियों के संग भी गालीगलौज हुआ। सूचना पाकर पहुंचे एंबुलेंस जिला प्रभारी ईएमई अजय कुमार, पायलट संजीव, सतीश, भंवरपाल, सूरज, लक्ष्मण सिंह, लोकेश, अजीत, विकास,ए शिशिर के संग भी गालीगलौज किया गया। इन लोगों ने मामले में विरोध दर्ज किया। घटना के सम्बन्ध में मिली तहरीर के आधार पर पुलिस नें धारा 147, 148, 149, 323, 504, 427, 307, 392, 188, 269, 270 व महामारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

### डीएम की सूझ-बूझ से टली प्रदेश व्यापी हड़ताल

**फर्रुखाबाद।** सरकारी एंबुलेंस पायटल संग हुई दर्दनाक और बेरहम घटना के मामले में जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की बेहतर सूझ.बूझ और पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल मिश्र सहित नगर मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य व शहर कोतवाल वेदप्रकाश पाण्डे की तत्परता से कोरोना काल में ईएमटी व पायलट की प्रदेश व्यापी हड़ताल टल गई। वहीं आननफानन में पुलिस द्वारा पांच दबंगों को गिरफ्तार करने से नाराज पायलटों में शांति की लहर दौड़ गई। जिला प्रशासन ने ईएमटी व पायलटों को आश्वस्त किया कि उनके साथी के हमलावरों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल इकदिल की कमेटी का पुनर्गठन

**इटावा, इकदिल।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अनन्त प्रताप अग्रवालए जिला मंत्री सदाशिव श्रीवास्तव के नेतृत्व में 2012 से इकदिल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष के पद पर मोहम्मद यूनुस अंसारी व्यापारियों की मदद करते आ रहे थे। वहीं व्यापारियों ने इकदिल व्यापार मंडल का पुनर्गठन किया। इस दौरान व्यापारियों के द्वारा मोहम्मद यूनुस अंसारी को इकदिल का एक बार फिर से नगर अध्यक्ष बनाया गया। वीरेंद्र सिंह राणा को महामंत्री बनाया गया। इस बैठक में मोहम्मद अबरार हुसैन, बालकृष्ण गुप्ता, शिवेंद्र मिश्रा, श्आलोक दुबे, इंद्रकुमार राणा, पीके सोनी, शेखर गुप्ता, कृष्ण शंखवार, अरविंद तिवारी, सत्यनारायण राठौर, रामनाथ राजपूत को सिविल कमेटी की कार्यकारिणी में शामिल किया गया। इस दौरान नगर के समस्त व्यापारी मौजूद रहे।

### कस्बें में व्यापार मंडल का हुआ गठन

**इटावा, ताखा।** कस्बा ऊसराहार में आज व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष चौहान ने कस्बा में व्यापार मंडल का गठन किया। कस्बा के रवि प्रताप सिंह वर्मा के प्रतिष्ठान पर कस्बा के व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा संगठन को मजबूती से खड़ा करने की अपील की। कस्बा ऊसराहार व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि चक पिंकल गुप्ता को महामंत्री आनंद गुप्ता को कोषाध्यक्ष और युवा व्यापार मंडल का अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह वर्मा कुलदीप राठौर को महामंत्री गौतम वर्मा को कोषाध्यक्ष सुनील यादव को मीडिया प्रभारी मनोनीति किया। इस मौके पर कस्बा के व्यापारी राज कुमार शाक्य राहुल राज सिंह राजीव गुप्ता आदि तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

### रात में दुकानदार से लूट की सूचना पर दौड़ी पुलिस

**फर्रुखाबाद।** बीती रात लूट की झूठी सूचना पर पुलिस मौके पर दौड़ी। लूट से जादा पुलिस को जिले में आईजी की मौजूदगी का डर सता रहा था। लेकिन पुलिस की पड़ताल में लूट की सूचना झूठी पायी गयी। जनपद कन्नौज के छिबरामऊ आवास विकास निवासी जितेन्द्र पुत्र राजाराम की थाना जहानगंज के महमदपुर में ऊधन सिंह के मकान में पशु आहार की दुकान है। बीती रात लगभग 9रू30 बजे डायल 112 को सूचना मिली कि जितेन्द्र की नकदी बहोरिकपुर के निकट अपाचे सबार बदमाशों ने लूट ली है। सूचना मिलने पर डायल 112, सीओ मोहम्मदाबाद सोहराब आलम, स्वाट टीम प्रभारी दिनेश गौतम, थानाध्यक्ष पूनम जादौन आदि मौके पर पंहुची। जितेन्द्र के अनुसार लगभग 90 हजार की नकदी, मोबाइल और दुकान के अभिलेख लूटे गये। लेकिन पुलिस के अनुसार लूट की सूचना फर्जी है।

### पॉजिटिव रिपोर्ट आते ही घाटमपुर सीएचसी से भाग निकला संक्रमित

**घाटमपुर।** यमुना तटवर्ती गांव लहुरीमऊ में निर्माणाधीन पावर प्लॉट में कोरोना वायरस पॉव पसार दिया है, गुरुवार को भी जाँच में एक बिहारी मजदूर कोरोना संक्रमित पाया गया, जो पॉजिटिव रिपोर्ट आते ही सीएचसी से भाग निकला। चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि संक्रमित पाये गये मजदूर के अस्पताल से भाग जाने की सूचना थाना सजेती और पावर प्लांट के अधिकारियों को दे दी गयी है। चिकित्साधीक्षक के मुताविक आज गुरुवार को 52 लोगों की सैम्पलिंग हुई। जबकि पतारा ब्लाक गांव जंहगीराबाद में एक महिला और एक पुरुष संक्रमित पाये गये जबकि बुद्यवार की जाँच में भी एक गर्भवती महिला संक्रमित पायी गयी थी। पतारा ब्लाक के ही गांव लालपुर में एक महिला पॉजिटि पायी गयी। पताारा सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा. नीरज सचान ने बताया कि संक्रमित पाये गये सभी को कोरोना अस्पताल इलाज के लिये भेजा गया है।

## बारिश में क्षतिग्रस्त हुई ढकरा पुलिया पर मरम्मत कार्य शुरू




खबर का असर

**इटावा, चकरनगर।** लखना सिंडौस मार्ग पर धसकी पुलिया का विभाग द्वारा संज्ञान लेते हुए मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसमें जेसीबी मशीनए ट्रैक्टर और एक सैकड़ा श्रमिकों से बोरियां भरकर युद्ध स्तर पर कार्य कराया जा रहा है। रविवार को क्षेत्र में हुई मूसलाधार बारिश से लखना सिडौंस मार्ग की ढकरा पुलिया बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसकी खबर पायनियर ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग ने उक्त मामले का संज्ञान लेते हुए गुरुवार को करीब एक सैकड़ा श्रमिक लगाकर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। जिसमें एक जेसीबी मशीन लगाकर ट्रेक्टरों से मिट्टी लाई जा रही है और इस मिट्टी को श्रमिक बोरियों में भरकर नीचे से खाई पाटते हुए ऊपर की ओर ला रहे हैं। जिससे कि मिट्टी का कटान कम से कम हो सके और यातायात भी प्रभावित न हो।

### समाजवादी आहवान पत्र जनजागरण कार्यक्रम आयोजित

**अंबेडकरनगर।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी आह्वान पत्र जन जागरण कार्यक्रम जहांगीरगंज ब्लॉक में चलाया गया । कार्यक्रम को झंडा दिखाकर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामसकल यादव एवं समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष भीमलाल कनौजिया के नेतृत्व में कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलापंचायत सदस्य जितेंद्र निषाद, प्रद्युम्न यादव बबलू ,जहांगीरगंज प्रमुख धर्मराज यादव विद्या सिंह भारती पूर्व प्रत्याशी संगीता कनौजिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजीत यादव व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी गंगा शंकर साहू अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जगन्नाथ कनौजिया बसंत यादव विनोद प्रजापति नसीम बच्चू लाल सोनकर विनोद यादव दयाशंकर यादव आकाश प्रजापति राम मिलन यादव पप्पू साहनी बलराम यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कोरोना से जंग जीत कर लौटे डॉ. योगेश एलानी का स्वागत



**इटावा, जसवंतनगर।** कोरोना से जंग जीतकर घर लौटे ड़ा. योगेश एलानी का पालिकाध्यक्ष सहित स्थानीय चिकित्सा टीम ने पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। इस अवसर ड़ा. ने कहा कोरोना से जीतना है कि खानपान में सुधार करें और नियमित व्यायाम करें। गत 5 जुलाई को जसवंतनगर में स्थित सिंधी मेडिकल संचालक एमबीबीएस डॉ. योगेश एलानी का एहतियातन के तौर पर कोविड-19 संक्रमित जांच के लिए सैम्पल भेजा था जिसमें उनकी कोरोना प्रथम रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। जिन्हें स्थानीय प्रशासन ने इलाज को सीएचसी में स्थित कोविड-19 एल 1 अस्पताल जसवंतनगर में भेजा था। उपचार के बाद पुन: जांच रिपोर्ट में कोरोना निगेटिव निकलने पर प्रशासन ने उसे वापस घर भेज दिया। नगर के स्टेशन रोड नदी पुल समीप सिंघी मेडिकल व हाउस पहुंचते ही स्वस्थ हुए ड़ा योगेश एलानी का चेयरमैन सुनील कुमार जौली व स्थानीय चिकित्सा टीम व इष्टमित्रों ने पुष्पमालाओं व तालियों की गड़गड़ाहट के बीच जोरदार स्वागत किया गया।

## विक्रम जोशी हत्या मामला: पत्रकारों ने सीबीआई जांच की भी मांग उठाई



● पत्रकार विक्रम जोशी के मामले में प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ ने सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन की जनपद इकाई के जिलाध्यक्ष संदीप कटियार के अगुवायी में गाजियाबाद के पत्रकार विक्रम जोशी की गोली मारकर हत्या करने केसंबध में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी मानवेद्र सिंह को सौंपा गया।

दिये गये ज्ञापन पत्र में कहा गया हैकि सोमवार की रात बदमाशों ने गाजियाबाद में हमारे एक पत्रकार साथी विक्रम जोशी की सरेआम गोली मार दी थी, क्योंकि उन्होंने 16 जुलाई को भांजी के साथ हुई छेड़छाड़ की शिकायत की थी। बुधवार की सुबह घायल पत्रकार ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हुए इस जघन्य अपराध की घोर निंदा करता है और मांग करता है की दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। शमशाबाद कंपिल नबाबगंज कमालगंज राजेपुर मे पत्रकारो ने प्रिण्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया एसोसिएशन के बैनर तले ज्ञापन सौपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय सिंह, जिला अध्यक्ष संदीप कटियार महामंत्री अनिल प्रजापति, राजू भारती ,विनोद श्रीवास्तव ,हर्ष वर्मा ,अरविंद शर्मा, आदि सहित करीब आधा सैकड़ा पत्रकार मौजूद रहे।

## व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य बने शुभम अग्रहरि

● प्रदेश सरकार ने सौंपा महत्वपूर्ण दायित्व

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**प्रदेश की** औद्योगिक विकास को गति देने, आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने हेतु व उद्यमी की समस्या व सुरक्षा को मद्दे नजर रखते हुए भाजपा ने घोषणा पत्र में व्यापारियों के लिए आयोग बनाने का वादा किया था। उसी क्रम में मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशन में व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। गठन के उपरांत उसका विस्तार करते हुए शुभम् अग्रहरि को प्रदेश सरकार ने बोर्ड का सदस्य नामित किया है जो अम्बेडकर नगर में होने वाली त्रिस्तरीय बैठक में जैसे उद्योग बंधु , व्यापर बन्धु , व प्रस्तर 2 में बोर्ड के प्रतिनिधि के तौर पर सम्मलित होंगे। जिला अधिकारी का दायित्व होगा कि वह कृत कार्यवाही का कार्यवृत व निस्तारण सहित प्रतिमाह सदस्य को भेजना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिला अधिकारी ,पुलिस अधीक्षक , मुख्य चिकित्सा अधिकरी, ऊर्जा विभाग के वरिष्ठम अधिकरी , व अन्य संबंधित विभाग के वरिष्ठतम अधिकारी उपस्थित रहेंगे।



### बाल्यकाल से रहे हैं स्वंयसेवक

विद्यार्थी जीवन मे विद्यार्थी परिषद में कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने के उपरान्त उन्होंने विद्यार्थी परषिद से मुक्त होकर 2010 में भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्या ली। उन्हें प्रथम दायित्व के रूप में युवा मोर्चा के अकबरपुर अम्बेडकर नगर के महामंत्री के रूप कार्य करने का अवसर मिला। तत्पश्चात वह 2013 में प्रदेश की अवध क्षेत्र की टीम में युवा मोर्चा के क्षेत्रीय मन्त्री रहे। फैजाबाद , बलरामपुर जैसे जनपद में उन्होंने प्रभारी के रूप में कार्य किया। 2019 के चुनाव में युवा मोर्चा का लोकसभा संयोजक बनाया गया वह व्यापरी संगठन के युवा जिलाध्यक्ष के रूप में लगातार चार वर्ष से कार्यरत हैं। बोर्ड का सदस्य नामित किये जाने पर भाजपा नेता अवधेश द्विवेदी, डॉ0 रजनीश सिंह, युवा मोर्चा के मीडिया प्रभारी आदित्य दूबे,विधायक संजू देवी, नगर पालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता, मनोज गुप्ता, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मोदनवाल, गोविन्द अग्रवाल, डॉ0 आनन्द बहल, अनिल अग्रहरि आदि ने बधाई दी है।

### युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने किया शुभम का स्वागत

भारतीय जनता युवा मोर्चा पूर्व क्षेत्रीय मंत्री व युवा व्यापार मंडल जिलाअध्यक्ष शुभम अग्रहरि को व्यापारी कल्याण बोर्ड का सदस्य नामित किया गया । इसकी खबर मिलते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह व्याप्त है। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास मोदनवाल ने बधाई उनके आवास पर भेट कर माला पहनाकर बधाई दिया । जिला अध्यक्ष विकास मोदनवाल ने बताया जनपद से व्यापारी कल्याण बोर्ड सदस्य नामित होने से जिले के व्यापारियों का नेतृत्व व समस्या शासन तक पहुंचाने के लिए अग्रसर रहेंगे व आवाज बनकर खड़े होंगे इस दौरान युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार दुबे, संदीप अग्रहरि, राजेंद्र सिंह, आलोक सिंह, महेन्द्र प्रताप वर्मा, संध्या सैनी, मोतीलाल यादव, अनुज, मनीष गौतम, चंद्र प्रकाश, रमेश, चन्देश निषाद ,महेन्द्र जायसवाल सहित अन्य लोगों ने भी बधाई दिया ।

# मौदहा में पालीथिन को लेकर दुकानों पर छापे, जुर्माना वसूला

संवाददाता। मौदहा, हमीरपुर

**मौदहा** में आज दोपहर जिला पूर्ति अधिकारी सहित नगरपालिका की टीम ने एक किराने की दुकान सहित आसपास की चायपान की दुकानों में छापेमारी की जहाँ उन्होंने किराने की दुकान में प्रतिबंधित पालीथीन पाये जाने का दावा करते हुए दुकान मालिक पर जुर्माना लगाया है। मौदहा कस्बे में आज अचानक जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादवए उनके सहयोगी नंदलाल तथा नगरपालिका के ईओ मनोज वर्मा की टीम ने यहाँ के मलीकुंआ चौराहा स्थित धर्मेंद्र किराना स्टोर में छापेमारी की है।टीम का दावा है कि इस दुकान में बड़ी मात्रा में प्रतिबंध पालीथीन के साथ ही अन्य दूषित खाद्य पदार्थ प्राप्त हुआ है।

पालीथीन मिलने पर नगरपालिका टीम द्वारा दुकानदार मालिक के ऊपर दस हजार रुपये का जुर्माना किया गया है जबकि खाद्य टीम द्वारा यहाँ से बरामद स्वीट सुपारी तथा कचरी का सैम्पल भरा गया है खाद्य टीम द्वारा इस दुकानदार पर लगाई गई जुर्माना की रकम की जानकारी नहीं हो सकी है।इस दुकान के आसपास खुली चायपान की दुकानों पर भी टीम ने खाद्य पदार्थों की चेकिंग की है और इन्हें हिदायत दी है। मलीकुंआ में छापेमारी की सूचना मिलते ही कस्बे के अन्य दुकानदार अपनी दुकान के सटर गिरा कर चलते बने हैं। हालांकि धर्मेंद्र किराना स्टोर में छापेमारी के बाद नगरपालिका टीम ने कंटेन्मेंट क्षेत्र के वसीम गारमेंट्स में भी छापेमारी की और यहाँ पर प्रतिबंधित पालीथीन मिलने पर इस दुकानदार पर दश हजार जुर्माना लगाया है। टीम ने थाना चौराहा और बाजार की दुकानों में छापेमारी का प्रयास किया लेकिन आज बृहस्पतिवार की बंदी के चलते अधिकांश दुकानें बंद थी जिन दुकानदारों ने सुबह से अपनी दुकानें खोल रखी थीं उन्होंने खाद्य टीम की छापेमारी की सूचना मिलते ही दुकानों के सटर गिरा दिये थे।

मजे की बात तो यह है कि कंटेन्मेंट जोन के बाहर बड़ा चौराहा से मलीकुंआ के बीच में पड़ने वाली दर्जनों दुकानें आज सुबह से ही खुली रही हैं और जिला पूर्ति अधिकारी की टीम इसी रास्ते से होकर मलीकुंआ चौराहा पहुंची लेकिन रास्ते की सभी दुकानों की अनदेखी करना कहीं न कहीं इस टीम पर सवालिया निशान जरूर लगाते हैं। हलांकि कस्बे में इस बात की चर्चा है कि यहाँ के ज्यादातर दुकानदार खाद्य विभाग में सुविधा शुल्क भेजते हैं इस लिए इनको अभय बरदान मिला रहता है।तथा जो दुकानदार इस सिस्टम से बाहर रहते हैं उनको छापेमारी का शिकार बनना पड़ता है।

# हेड मास्टर ने एसडीएम से की लेखपाल की शिकायत

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**विकासखंड** क्षेत्र के बहरेला स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधान अध्यापिका ने लेखपाल पर अभद्र व्यवहार करने की शिकायत उपजिला अधिकारी से की है। मौदहा विकासखंड क्षेत्र के गांव रोहारी से लगा मौजा बहरेला स्थित प्राथमिक विद्यालय में ही इसके पहले भी लेखपाल अवध नरेश साहू ने महिला प्रधानाध्यापिका से अभद्र व्यवहार किया था जिसको लेकर शिक्षक संघ ने तहसीलदार रामानुज शुक्ला से फोन व मौखिक तौर पर उसके अभद्र व्यवहार को लेकर अवगत कराया था और तहसीलदार ने भी जांच कर कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया था। लेकिन कई माह बीत जाने के बाद विभागीय साठगांठ के चलते कोई कार्यवाही नहीं कि गई।

बावजूद इसके लेखपाल अवधनरेश साहू ने उसी विद्यालय की महिला प्रधानाध्यापिका से भूमि स्वामित्व योजना की बैठक के दौरान ग्राम वासियों के समक्ष बदसलूकी करते हुए अभद्रता पूर्वक व्यवहार किया। पहले भी लेखपाल द्वारा विद्यालय पहुंचकर महिला प्रधानाअध्यापिका को अकेला देख अनैतिक वार्तालाप किया व अभद्रता की थी।

प्रधानाध्यापिका ने लेखपाल द्वारा गलत हरकतों को देखते हुए ग्राम वासियों को बुला लिया था जिसकी सूचना मंगलवार 22 जुलाई को खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उप जिला अधिकारी को लिखित तौर पर शिकायती पत्र भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है। इतना ही मौजूदा लेखपाल द्वारा बीते कुछ माह पूर्व रोहारी स्थित प्राथमिक विद्यालय में भी प्रधानाचार्य सहित रसोइयों के पद पर नियुक्त महिलाओं से भी अभद्र व्यवहार व अनैतिक बातचीत की थी।

## योजनाओं की धीमी प्रगति पर उद्यान निदेशक खफा

**बांदा।** लखनऊ से आए उद्यान निदेशक डॉ. एसबी शर्मा ने बुधवार को यहां उद्यान अधिकारियों के साथ बैठक की। योजनाओं की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय में लक्ष्य पूरा करें। इस दौरान उन्होंने तिदवारा गांव में मुख्यमंत्री फलोद्यान योजना के तहत रोपित बागवानी का निरीक्षण किया। यहीं पर अमरूद की बागवानी का शुभारंभ भी किया। उद्यान निदेशक डॉएसबी शर्मा बुधवार को यहां सुबह 11 बजे पहुंचे। उन्होंने उप निदेशक उद्यान कार्यालय में डीडी भैरम सिंह व जिला उद्यान अधिकारी परवेज खां सहित चारों जिलों के उद्यान अधिकारियों के साथ योजनाओं की समीक्षा। औद्यानिक मिशन योजना व प्रधानमंत्री सिचाई योजना में धीमी प्रगति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के कार्यों पर जोर दिया। कहा कि मनरेगा के सहयोग से किसानों के यहां ज्यादा से ज्यादा बागवानी लगवाएं। ताकि उनकी आर्थिक आय में बढ़ोत्तरी हो सके।

## क्विक न्यूज

### आधा सैकड़ा से अधिक लोगों के लिए गए सैंपल

**चौडगरा (फतेहपुर)।** जनपद में बढ़ रहे कोविड-19 के संक्रमण की गति दिन प्रतिदिन तेज रफ्तार पकड़ती जा रही है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की बढती संख्या नें जिला प्रशासन के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। जहाँ शासन की पहल पर कोविड-19 की टेस्टिंग जांच की गति की रफ्तार को तेज किया गया। बुधवार को पीएचसी गोपालगंज में सर्दी, खांसी, जुकाम से पीडित, लोगों को प्राथमिकता के आधार पर कोविड-19 की जांच का सैंपल लिया गया। पचास से अधिक लोगों नें अपनी जाँच कराई। पीएचसी प्रभारी डॉ0 अरुण द्विवेदी ने बताया कि टेस्टिंग जांच की गति को तेज किया गया है। प्राथमिकता के आधार पर सभी का स्वेच्छा से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। आगे आने वाले समय में जांच की गति को और बढ़ाया जाएगा। जिससे सभी का परीक्षण किया जा सके जिससे आशंका और शंकाओं पर विराम लगाया जा सके। किसी को इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है। दो गज की दूरी, मास्क ही सुरक्षा है यही हमारा बचाव है।

### बेगारी करने से किया मना तो दबंगों ने की मारपीट

**हरदोई गूजर (जालौन)।** ग्राम अकोढ़ी निवासी अल्पसंख्यक मजदूर सद्दाम खां अपने खेत की रखवाली करने के लिये जा रहा था तभी रास्ते में उसे रोकते हुये अजय और तेज सिंह ने अपने खेत पर काम करने को कहा लेकिन उसके द्वारा मना करने पर वह क्रोधित हो गये और उसकी मारपीट करते हुये घसीटते हुये ले गये जहां बबूल के पेड़ से बांध दिया था। उक्त घटना 18 जुलाई की रात साढ़े नौ बजे की बतायी जा रही है। बाद में पीड़ित मजदूर ने मामले की सूचना तत्काल 112 नंबर पर दी तो पुलिस मौके पर आती इसके पहले ही दोनों हमलावर जानमाल की धमकियां देते हुये मौके से भाग जाने में सफल हो गये। पीड़ित मजदूर ने एट थाना पुलिस ने हमलावरों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### निर्माणाधीन भवन से गिरकर राजमिस्त्री की मौत

**बांदा।** निर्माणाधीन भवन का ढोला खोलते समय बल्ली खिसकने से राजमिस्त्री की नीचे गिरकर मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कनवारा निवासी 55 वर्षीय राजमिस्त्री चुन्नीलाल ने 13 दिन पहले अपने घर की छत बनाई थी। बुधवार सुबह वह छत का ढोला खोल रहा था। अचानक ढोला में बंधी बल्ली नीचे खिसक गई। राजमिस्त्री संतुलन बिगड़ने पर छत से नीचे आरसीसी सड़क में गिर गया। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो वह गंभीर रूप से लहूलुहान मिले। उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। पुत्र जगमोहन व अन्य स्वजनों ने बताया कि उसके तीन बेटे व दो बेटियां हैं। वह राजमिस्त्री का कार्य करके किसी तरह स्वजनों का भरण.पोषण करता था।

### सर्पदंश से किसान की मौत

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम दुरईमाफी निवासी 50 वर्षीय जगतराम अपनी ढाई बीघा जमीन में कृषि कार्य करता था। बुधवार सुबह वह घर से धान की बेड़ की रखवाली करने खेत गया था। वहां चारपाई पर सोते समय बांयी ओर कान में सांप ने डस लिया। परिजनों ने झाड़ फूंक कराया। इस बीच उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### डेढ़ किलो गाँजा सहित पकड़ा

**बिवाँर (हमीरपुर)।** पुलिस ने कस्बा निवासी देवीदयाल उर्फदिल्ली पुत्र कालीदीन वर्मा को डेढ़ किलो गाँजा सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।बताया कि पुलिस गश्त के दौरान आरोपी बाँधुर रोड़ पर आरामशीन के पास संदिग्ध हालत में खड़ा था एतलाशी करने पर उसके पास गाँजा निकला।

### किसानों को निःशुल्क वितरित किये मक्के का बीज

**फतेहपुर।** शिव इंटरनेशनल फाउंडेशन के द्वारा मलवा विकास खंड के सर्वोदय इंटर कॉलेज गोपालगंज में बायर कंपनी का मक्के का बीज किसानों को निःशुल्क वितरित किया। इस मौके पर फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी अभिजीत पटेल व सचिव अभिषेक पटेल, प्रधानाचार्य जवाहर सिंह रठौर, शिक्षक सर्वेश पटेल आदि मौजूद रहे।

### आज कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी साध्वी

**फतेहपुर।** सांसद एवं केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कल समय साढे ग्यारह बजें कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी भवन में ग्रामीण विकास मंत्रालय की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हिस्सा लेंगी। शिव प्रताप सिंह जिला मंत्री भाजपा/प्रवक्ता सांसद कार्यालय ने बताया कि लगभग 3 बजे वे पीडब्ल्यूडी डाकबंगला आबूनगर में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी।

### फतेहपुर में आज चार और लोग कोरोना पॉजिटिव

**फतेहपुर।** जनपद में आज फिर चार और कोरोना संक्रमित मिले। डीएम संजीव सिंह द्वारा देर शाम जारी विज्ञप्ति में आज पॉजिटिव पाए गए चार व्यक्तियों में दो स्वास्थ्य कर्मी व हुसैनगंज गैस एजेंसी का डिलीवरी मैन शामिल हैं। जनपद में कुल एक्टिव केस बढ़कर तिरासी हो गये हैं। जबकि कुल संक्रमितो का आँकड़ा बढ़कर तीन सौ तेरह हो गया हैं। राहत की बात यह है कि इस दौरान दो सौ तेईस मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। सात संक्रमितो की इस दौरान मौत हो चुकी हैं।

### वकील के हमलावरों की गिरफ्तारी न होने पर होगा आन्दोलन

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमराज सिंह ने अधिवक्ता सभागार में बैठक कर बांदा संघ के सदस्य अमितराज सिंह पर हुए जानलेवा हमला के हमलावरों की गिरफ्तारी न होने पर आन्दोलन की धमकी दी है। गुरुवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमराज सिंह ने कहा कि राजकुमार पाल एड को मानिकपुर के कुछ लोगों ने जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस अधीक्षक को पत्र देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। वाहन हेलमेट के नाम पर अधिवक्ताओं का उत्पीडन किया जाता है। छोटेलाल निषाद एड को शान्तिभंग की धारा में चालान कर दिया गया है। एसआई शिवपूजन ने हथकडी बांधकर एसडीएम न्यायालय में पेश किया है। एसआई शिवपूजन के खिलाफ जल्द कार्यवाही की जाये। कोरोना काल में राजस्व व चकबन्दी न्यायालयों में बहस को अधिवक्ताओं पर दबाव बनाया जाता है। पक्षकारों की गैरहाजिरी में एकपक्षीय कार्यवाही की जाती है। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देश हैं कि न्यायालयों में बहस को दबाव न बनाया जाये। जिला बार एसोसिएशन के निर्णय पर संमुचित कार्यवाही की जाये।

### प्रधान-सचिव पर भाजपा नेत्री ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**चित्रकूट।** भाजपा जिला महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष श्रीमती मनोरमा सिंह ने जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में मऊ ब्लाक के मनकुंवार गांव के प्रधान व पंचायत मित्र तथा सचिव मिलीभगत कर विकास कार्यों में घोर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये हैं। गुरुवार को मनोरमा सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि मनकुंवार गांव के प्रधान आदि मनरेगा के कार्यों में फर्जी बिल बाउचर बनाकर भुगतान कर रहे हैं। कार्यों का मौके पर अता-पता नहीं है। फर्जी मजदूरों के जाबकार्ड बनाकर धनराशि निकालकर बंदरबांट कर रहे हैं। स्वच्छ शौचालय अपात्रों को दिये हैं। पूर्व में बनाये शौचालयों की रंगाई-पुताई की है। शौचालय निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया है। आवास मंजूरी में तमाम लोगों से धनराशि मांगी जा रही है। अपात्रों को आवास दिये जा रहे हैं। आवास बनवाने में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जाता रहा है।

# बांदा के संक्रमित इलाकों में धड़ल्ले से चल रही हैं दुकानें

**बांदा।** शहर में कंटेंमेंट जोन में पुलिस प्रशासन लापरवाही बरत रहा है। शहर के कालीदेवी मंदिर (बाबूलाल चौराहा) के निकट करीब दस मरीज कोरोना संक्रमित मिलने से यहां हॉट स्पाट एरिया घोषित किया गया है। लेकिन जहां पर कोरोना संक्रमित मिले हैं वहां से 50 मीटर की दूरी पर किराना से लेकर चाय.पान की दुकानें खुल रही हैं। प्राइवेट वाहनों का जमवाड़ा लग रहा है। बगल में अलीगंज पुलिस चौकी है लेकिन पुलिस कर्मी को यह खुली दुकानें नजर नहीं आती हैं। संक्रमण बढ़ने का खतरा नजर आ रहा है।

चित्रकूटधाम मंडल के आयुक्त गौरव दयाल व पुलिस उप महानिरीक्षक दीपक कुमार ने दो दिन पूर्व अधिकारियों के साथ बैठक कर इस संबंध में सख्त चेतावनी दी थी। कोरोना संक्रमण बढ़ने पर चिता भी जाहिर की थी। साथ ही कंटेनमेंट जोन में जिला स्तरीय अधिकारी की ड्यूटी लगाने को भी कहा था। लेकिन उच्चाधिकारियों के यह निर्देश दरकिनार हैं। अलीगंज स्थित काली देवी मंदिर के पास 10 पॉजिटिव केस पाए जाने से इसे कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। ऐसे ही डीएम व स्वराज कॉलोनी में भी हॉट स्पाट बनाया गया है। जिला मुख्यालय में इस समय 13 हॉट स्पाट क्षेत्र हैं। यहां नियमों की धज्जियां उड़ रही हैं। बाबूलाल चौराहा ;अलीगंजद्ध में कंटेनमेंट जोन में किराना व चाय.पान की दुकानें खुल रही हैं। यहां बिना मास्क व सैनिटाइजर के भीड़ जुट रही है। पूरे दिन यहां खरीदारी होती है। बाबूलाल चौराहे में कोरोना पॉजिटिव युवक के मकान से 50 मीटर की दूरी पर अवैध बस व टैक्सी स्टैंड भी संचालित हो रहा है। यहां भी पुलिस कर्मियों के संरक्षण में सवारियों की भीड़ जुटाई जा रही है। फल ठेला वाले बिना मास्क के ही कंटेनमेंट जोन में बिक्री कर रहे हैं।

## प्रसव पीड़िता व बैंक गार्ड समेत मिले तीन कोरोना संक्रमित

**हमीरपुर।** जिले में कोरोना संक्रमितों के मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा। गुरुवार को जिले में एक प्रसव पीड़िता समेत तीन लोग कोरोना संक्रमित पाए गए है। मुख्यालय के एक मोहल्ला निवासी प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला को परिजन गुरुवार दोपहर जिला महिला अस्पताल लेकर आए। जिस पर शासनादेश के तहत प्रसव पूर्व महिला की ट्रू.नेट मशीन से कोरोना जांच कराई गई। जिसमें उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव निकली। आनन फानन महिला चिकित्सालय से उसे कानपुर के लिए रेफर किया गया। वहीं मौदहा के अरतरा गांव निवासी 40 वर्षीय महिला जुकाम बुखार से पीड़ित थी। जिसका इलाज कराने वह गुरुवार को मौदहा सीएचसी पहुंची। जिसके लक्षण देख चिकित्सकों ने उसका कोरोना जांच को एंटीजन टेस्ट कराया। जिसमें महिला पॉजिटिव निकली। जिसके बाद उसे बांदा एल वन हॉस्पिटल भेजा गया है। वहीं सुमेरपुर स्थित इंडियन बैंक का गार्ड भी कराए गए एंटीजन टेस्ट में कोरोना संक्रमित मिला है। सीएमओ डॉ. आरके सचान ने बताया कि प्रसव पीड़िता के कोरोना पॉजिटिव निकलने के कारण उसे कानपुर रेफर किया गया है। वहीं मौदहा में पॉजिटिव निकली महिला व सुमेरपुर के बैंक कर्मी को बांदा भेजा गया है। इसके अलावा संक्रमितों के संपर्क में आने वालों के सैंपल लिए जा रहे है।

# जनता से सद्व्यवहार कर गोपनीय सूचनाएं जुटाएं: मुख्य चिकित्साधिकारी

● लंबित विवेचनाएं समय से करें पूरा

**जालौन ( उरई )।** लंबित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करे तथा अपराध रोकने के लिए सक्रिय अपराधियों पर पैनी नजर रखे यह बात गुरुवार को सी ओ सुबोध गौतम ने कोतवाली के निरीक्षण के दौरान यह निर्देश दिए।

गुरुवार को अपरान्ह सीओ सुबोध गौतम ने कोतवाली का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि अपराध को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जाये तथा लोगों से व्यवहार अच्छा रखें जिससे लोग सूचना देने से परहेज न करें तथा गोपनीय सूचनाओं पर आवश्यक कार्रवाई जरूर करें। सबसे पहले उन्होंने कोतवाली की साफ सफाई देखी। इसके बाद कोतवाली का भोजनालय व बंदी गृह को देखा तथा बरसात के मौसम में सफाई को और अच्छी करने के निर्देश दिए। माल खाने का निरीक्षण करते समय शस्त्रों का रखरखाव देखा उन्हें खुलवाया। कोतवाली के रिकॉर्ड रूम का



निरीक्षण करते सीओ सुबोध गौतम।

निरीक्षण किया। सी ओ ने कोतवाली की लम्बित 122 विवेचनाओं का निस्तारण गुण दोष के आधार पर शीघ्र कराने के निर्देश दिए। महिला व बाल अपराध के आई टी की लम्बित विवेचनाओं को प्राथमिकता पर निस्तारित करें। कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा ने सी ओ से लौना मार्ग तथा श्रीबाराहीं देवी मेला मैदान की ओर टूटी पड़ी बाउण्ड्री के बनबाने की मांग की है। इस मौके पर कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा, एस एस आई आनंद कुमार, संजीव दीक्षित, मुकेश कुमार, देशराज यादव, सचिन शुक्ला समेत कोतवाली व चौकी का पुलिस स्टाफउपस्थिति था।

## कोरोना की दस्तक के बाद भी नगरवासी बरत रहे लापरवाही

**जालौन ( उरई )।** नगर में कोरोना की दस्तक के बाद भी लोग बेपरवाह दिख रहे हैं तथा संक्रमण के रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा उठाये गये कदमों में साथ नहीं दे रहे हैं। सोमवार को नगर में कोरोना बम फूटा था तथा नगर 7 लोग संक्रमित मिले थे। प्राइवेट बैंक कर्मचारी के संक्रमित होने के बाद प्रशासन ने हाट स्पाट घोषित कर काशीनाथ में गली बंद कर दी थी। प्रशासन द्वारा बास बल्ली लगाकर गली को बंद कराया गया था। महेश कुमार स्वर्णकार अधिवक्ता के घर के सामने तिराहे पर तथा ओमप्रकाश श्रीवास्तव अधिवक्ता के मकान के तिराहे पर बास बल्ली लगा कर व्यापारिक प्रतिष्ठानों के लोगों के आवागमन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था। प्रशासन द्वारा लगाई गई बांस बल्ली को अराजक तत्व महेश स्वर्णकार तिराहे की चुरा ले गये जबकि ओम प्रकाश श्रीवास्तव के घर के पास लगी बल्ली को जमीन पर गिराकर लोग ऊपर से निकल रहे हैं जिससे बुधवार को आवागमन शुरू हो गया।

# थाना परिसर में सिपाही की मौत से हड़कंप

● परिजनों ने साथी पुलिस कर्मियों पर लगाया हत्या का आरोप



थाना परिसर में रोती बिलखती महिलाएं।

**कदौरा ( जालौन )।** कदौरा थाने में तैनात सिपाही रमेश चन्द्र यादव की संदिग्ध मौत से जहां एक तरफ पुलिस महकमे में हड़कम्प मच गया वहीं दूसरी तरफ परिजन एव रिश्तेदारों को जैसे ही घटना की सूचना मिली तो आनन फानन मौके पर पहुंचे। रिश्तेदारों ने घटना को हत्या कर शव को लटका कर आत्महत्या का रूप देने का आरोप साथी पुलिस कर्मियों पर लगाते हुए हंगामा काटा जिससे 15 घण्टे तक शव को फंदे से उतरने नहीं दिया आखिर शाम 4 बजे एसपी के समझाने के बाद परिजन माने और शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए इस मौके पर एसपी ने किसी अनहोनी की आशंका के चलते जनपद के अधिकांश थाने की फोर्स को मौके पर बुला लिया।

कदौरा थाने में तैनात सिपाही रमेश चन्द्र की आत्महत्या के मामले की जानकारी जैसे ही साथी पुलिस कर्मीयो को मिली तो हर कोई सन्न रह गया क्यों कि मृतक सिपाही मिलनसार होने के साथ साथ अपने अपने आप मे मस्त रहता था बताया जाता है कि कुछ दिनों से वो डिप्रेशन का भी शिकार हो गया था जिससे थाने में उनकी मनमाफिक ड्यूटी लगाई जाती थी। जैसे ही थाने में मौजूद सिपाही की मौत की खबर उनके परिजनों व रिश्तेदारों को लगी तो आसपास के रिश्तेदार सुबह 10 बजे से ही थाने में आना शुरू हो गया और रिश्तेदारों ने शव को देखा तो संदिग्ध अवस्था मे देख कर उन्होंने शव को फंदे से उतारने के लिए कदौरा पुलिस को मना कर दिया जिस पर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने घटना की जानकारी एसपी सहित आलाधिकारियों को दी मौके पर एसपी डॉ. सतीश कुमार सहित जिले के आलाधिकारी मौके पर पहुचे और परिजनों को समझाने का प्रयास करने लगे लेकिन परिजन कोई भी बात सुनने को राजी नहीं थे उनका आरोप था कि किसी साथी पुलिस कर्मियों ने मिलकर उनकी हत्या करके शव को फंदे पर लटकाया है आखिरकार 15 घण्टे बाद एसपी ने परिजनों ने निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही का आश्वासन देते हुए शाम 4 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर एलआईसी के बाबू को बेहोश कर लूट लिया

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** एक प्राइवेट वाहन में कानपुर से महोबा जा रहे एल आई सी ऑफिस में कार्यरत बाबू को थाना सुमेरपुर क्षेत्र की सीमा में चंद्रपुरवा गेट के पास वाहन के ड्राइवर द्वारा बेहोश कर लूट लिया और उसे सड़क पर उतार कर फरार हो गया ष्टबेहोश बाबू रात में एक दो पहिया वाहन से इगोहटा तक पहुंचा और रात भर बेहोशी हालत में पड़ा रहा ष्ट सुबह जब होश आया तो लोगों को घटना से अवगत कराया।

कानपुर निवासी धीरेन्द्र सिंह पुत्र रामनरेश सिंह ने इगोहटा में दुकानदारों को बताया कि वह महोबा एल आई सी ऑफिस में बाबू के पद पर कार्यरत हैं ष्टबुधवार को वह कानपुर से महोबा जाने के लिए सड़क पर खड़ा हुआ था द्यतभी वहां से मारुति गुजरी तो ड्राइवर ने महोबा जाने की बात कहकर उसे बैठा लिया जब गाड़ी सुमेरपुर व इगोहटा के बीच चंद्रपुरवा गेट के पास पहुंची तो ड्राइवर द्वारा विशेष आग्रह कर उसे ठंडा पिला दिया तो वह बेहोश हो गया ष्टतभी ड्राइवर उसके पास से 3500 सौ रुपए और मोबाइल छीन कर फरार हो गया ष्टउसके बाद एक बाइक निकली तो उसको रोक कर उसमे वह बैठ गया उसने उसे इगोहटा में उतार दिया ष्टवहीं पर वह बेहोशी हालत में रात भर पड़ा रहा ष्ट इगोहटा के लोगों ने बताया कि इतनी घटना बताने के बाद वह बाबू जिसे पूर्ण रूप से होश नहीं था वह बस स्टॉप से शौच के लिए निकल गया था इसके बाद बस द्वारा महोबा गया या कानपुर लौट गया कुछ भी पता नहीं चल पाया था ष्टलोगों ने बताया कि उसने यह भी बताया था कि गाड़ी कोरियां परास कानपुर की थी जिसके मालिक का नाम गजेंद्र सिंह है ष्टगाड़ी कौन चला रहा था गाड़ी मालिक का नाम जो ड्राइवर द्वारा दिया गया वह सही है या गलत यह भी उसे मालूम नहीं है, समाचार लिखे जाने तक थाना सुमेरपुर में पीड़ित द्वारा तहरीर नहीं दी गई थी।

# हुसैनगंज का होटल मालिक जांच में मिला कोरोना पॉजीटिव



हुसैनगंज कस्बे की बंद की गई दुकानें

**हुसैनगंज ( फतेहपुर )।** कल बुधवार को कस्बे के चौराहा स्थित इंडेन गैस एजेंसी का डिलीवरी मैन के कोरोना पॉजीटिव निकालने के बाद से से आज कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाकर तीन दर्जन से अधिक संदिग्धों की जांच की गई। एक युवक पॉजीटिव पाया गया। बतातें हैं कि कस्बे के चौराहा स्थित गैस एजेंसी का डिलीवरी मैन के कोरोना पॉजीटिव मिलने के बाद हड़कंप मचा था। प्रशासन ने डिलीवरी मैन के संपर्क में आने वाले लोगों की जांच कराई थी। डिलीवरी मैन के अलावा कोई भी संक्रमित नहीं पाया गया। आज फिर हुसैनगंज कस्बे के सीएचसी में शिविर लगाकर भिटौरा से आई जांच टीम ने डिलीवरी मैन के संपर्क में आने वाले 37 लोगों की जांच की, जिसमें चौराहे के एक प्रतिष्ठित होटल का मालिक पॉजीटिव पाया गया।

कस्बे में कोरोना पॉजीटिव मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. कमलेश कुमार ने बताया की इसी तरह कल गुरुवार को भी डिलीवरी मैन के संपर्क में आने वाले संदिग्धों की जांच की जाएगी। उधर जिला प्रशासन ने कस्बे के मुख्य चौराहे के डलमऊ, छिउलहा, फतेहपुर व असनी रोड के बीओबी तक की सभी दुकानों को बंद करा कर कैंटोनमेंट एरिया घोषित किया है। पुलिस ने सभी तरह की दुकानों को बंद करा दिया है।

# फतेहपुर में कोरोना संक्रमण को लेकर लोग खुद बन रहे खतरों के खिलाड़ी

**फतेहपुर।** जिले में कोरोना संक्रमण को लेकर लोग खतरों के खिलाड़ी बन रहे हैं। हर दिन निकलने वाले कोरोना मरीजों से बेपरवाह जनपद वासियों की कार्यशैली में कोई भी अंतर नहीं आ रहा है। जिला प्रशासन बिगड़ती जा रही व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने के लिए हाथ पैर मारे जा रहा है लेकिन जिस तरह से कोरोना अपना विकराल रूप धारण करता जा रहा है और एक के बाद एक संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है। संक्रमण की भयावहता का अंदाजा सहसा लग जाना चाहिए। इतना ही नहीं प्रयागराज में कोरोना मरीजों के लिए बनाए गए अस्पताल फुल हो गए हैं और अब जिले में ही एक हजार मरीजों के इलाज की व्यवस्था की जिला प्रशासन ने तैयारियां की है।

डीएम संजीव सिंह व उनकी टीम द्वारा कोरोना संक्रमण को कम करने एवं लोगों को इससे बचाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन जनपदवासियों की बेपरवाही, उदासीनता, मनमानी, संवेदनहीनता किसी से छिपी नहीं है। जिले की 29 लाख की आबादी में ज्यादातर कोरोना वायरस के मरीज शहरी व कस्बाई क्षेत्रों के हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहरियों ने संक्रमण को बढ़ाने में अपना कितना योगदान दिया है! बार-बार कहने के बावजूद लोगों की मनमानी व बेपरवाही बंद नहीं हो रही है। खुलेआम लोग घूम रहे हैं, पार्टियां कर रहे हैं और नियम कायदों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इतना सब करने वाले हमारे आपके बीच के लोग प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर उंगली उठाते हैं!

क्या यह हमारे लिए आत्मचिंतन का विषय नहीं है? सड़कों पर जो लोग बेलौस अंदाज में निकल रहे हैं। आखिर वह लोग हैं कौन हमें इसे समझना होगा! वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना की जंग को विकसित देश नहीं जीत पा रहे हैं। हम तो उन हालातों में रह रहे हैं जहां आज भी लोग बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा की मूलभूत जरूरतों से संघर्ष कर रहे हैं। इस महामारी से बचने के लिए एक ही मूलमंत्र है कि हम एकजुट हों, अपने उत्तरदायित्व को समझें, बेवजह घरों के बाहर ना निकलें, घर से निकलने पर मास्क लगाएं व मुंह ढक कर निकलें, सामाजिक दूरी का पालन करें तथा साफ-सफाई का घर व बाहर ध्यान रखें! तभी इस महामारी से बचा जा सकेगा।

अन्यथा हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जाएंगे मरीजों की संख्या बढ़ती जाएगी और वह समय दूर नहीं रहेगा जब मौत के आगोश में भी जाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। अभी भी समय है! हम सचेत हों और शासन-प्रशासन के नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें। यहां यह कहना भी जरूरी है कि सरकारी व्यवस्थाओं में सुधार की भी बड़ी गुंजाइश है। स्वास्थ्य महकमा अपने उत्तरदायित्वों का सही निर्वहन नहीं कर रहा है। पर्याप्त साफसफाई नहीं हो पा रही है। हॉट स्पॉट क्षेत्रों में लोगों से और सख्ती की जरूरत है। वहीं घर-घर सर्वे वाली टीमें बिना जांच के ही स्टीकर लगाकर अपने काम की इतिश्री कर रही हैं। सभी को अपने अपने उत्तरदायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन जिम्मेदारी से करना होगा।

# टॉपटेन अपराधियों के क्रियाकलापों पर रखी जाए कड़ी नजर: एसपी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने पहाड़ी थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया। उन्होंने थाना पहाड़ी व राजापुर के विवचकों का अर्दली रुम किया। एसपी ने हलका प्रभारियों से टॉपटेन अपराधियों के बारे में पूंछकर कड़े निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने पहाड़ी कस्बे में पुलिस के साथ पैदल गश्त कर जनता को सुरक्षा का एहसास कराया। कोरोना महामारी के मद्देनजर लोगों से लॉकडाउन नियमों का पालन करने की अपील की। थाना पहाड़ी में पहाड़ी व राजापुर के विवेचकों का अर्दली रुम कर विवेचनाओं की समीक्षा की। विवेचनाओं के जल्द निस्तारण को निर्देश दिये। वांछितों की गिरफ्तारी को विशेष अभियान चलाने को कहा।

पुलिस अधीक्षक ने हलका प्रभारियों से हलके के टॉपटेन अपराधियों के बारे में पूंछकर कड़े निर्देश देते हुए कहा कि टॉपटेन



निर्देश देते एसपी अंकित मित्तल।

अपराधियों के बारे में पूरी जानकारी रखें। टॉपटेन अपराधी के क्रियाकलापों पर कड़ी नजर रखी जाये। थाने के टॉपटेन अपराधियों की गिरफ्तारी कर निरोधात्मक कार्यवाही कर उनकी जमानत निरस्तीकरण की आख्या देने के निर्देश दिये। मुकदमों की प्रभावी पैरवी एवं गवाहों की समय से गवाही करवाने के निर्देश दिये। उच्चाधिकारियों एवं आईजीआरएस से मिले लम्बित पत्रों के निस्तारण के निर्देश दिये।

## डीएम को जिला अस्पताल में मिलीं भारी अव्यवस्थाएं

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में साफ-सफाई सही ढंग से न मिलने पर सीएमएस डॉ आरके गुप्ता को निर्देश दिये कि सफाई सही ढंग से करायें। जिला अस्पताल में मिली टूटी-फूटी कुर्सियों को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। गुरुवार को जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने जिला अस्पताल में मरीजों से दवा की उपलब्धता तथा मरीजों को भोजन मिलने की जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि भोजन दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने डॉक्टरों से पूंछा कि कितने मरीजों को देखा है। डॉक्टरों को निर्देश दिये कि सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार के मरीज मिलें तो शत-प्रतिशत नमूनें लें। सीएमओ से कहा कि जो लोग जांच के लिए आ रहे हैं। कर्मचारियों को लगाकर लोगों की अल्ट्रासाउंड व एक्सरे आदि की जांच करायें। निरीक्षण दौरान वार्ड ब्वाय व स्टाफनर्स के ड्रेस में न मिलने पर ड्रेस पहनने के कड़े निर्देश दिये। पोषण पुर्नवास केन्द्र की व्यवस्था ठीक न होने पर प्रभारी दीक्षा सिंह के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश सीएमओ को दिये।

# आयुक्त ने हॉटस्पॉट व कोविड कंट्रोल रूम का लिया जायजा

● **साफ-सफाई व्यवस्था ठीक रखने के दिये निर्देश**

संवाददाता। गोंडा

**नवागत** मण्डलायुक्त एसवीएस रंगाराव ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद औचक निरीक्षण प्रारम्भ कर दिए हैं। गुरूवार को आयुक्त ने कोविड-19 को लेकर जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबन्धों को देखने के लिए नगर क्षेत्र में कोरोना मरीज मिलने के उपरान्त बनाए गए कन्टेनमेन्ट जोन महारानीगंज, दयानन्द नगर चौराहा व चौक क्षेत्र सहित कलेक्ट्रेट में संचालित एकीकृत कमान्ड कोविड कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त साफ-सफाई की व्यवस्था से असंतुष्ट दिखे तथा नगर पालिका के अधिकारियों को चौबीस घन्टे की मोहलत देते हुए चेतावनी दी है कि सभी कन्टेनमेन्ट जोन में समुचित सफाई के साथ ही ब्लीचिंग व चूने का छिड़काव कराने के साथ ही सैनीटाइजेशन कराया जाय। इसके अलावा पूरे नगर क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जाय अन्यथा जिम्मेदार अधिकारी को निश्चित ही दण्डित किया जाएगा। औचक निरीक्षण के दौरान आयुक्त सबसे पहले मोहल्ला महारानीगंज बड़गांव हॉट स्पॉट पहुंचे। वहां पर गन्दगी देखकर आयुक्त ने नगर पालिका के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई तथा निर्देश दिए कि 24 जुलाई की सुबह तक सभी कन्टेनमेन्ट जोन एरिया में समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित हो जाए। इसके बाद आयुक्त दयानन्द नगर तथा चौक बाजार में बनाए गए कन्टेनमेन्ट एरिया का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां भी चूना आदि का छिड़काव न मिलने पर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त की तथा सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि वे रोजाना सुबह 7 बजे तक सभी कन्टेनमेन्ट एरिया का निरीक्षण कर साफ-सफाई देख लिया करें। हॉट स्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण करने के उपरान्त आयुक्त सीधे कलेक्ट्रेट में संचालित एकीकृत कोविड-19 कमान्ड कन्ट्रोल रूम पहुंचे। वहां पर उन्होंने कन्ट्रोल रूम के प्रभारी सीआरओ आर0आर0 प्रजापति से कांटैक्ट ट्रैसिंग, सर्विलान्स, शिकायत रजिस्टर तथा शिकायत निस्तारण की स्थिति, फीडबैक रजिस्टर आदि का अवलोकन करते हुए विधिवत पूछताछ की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कान्टैक्ट ट्रैसिंग के कार्य में और अधिक तेजी लाई जाय तथा सर्विलान्स का कार्य शासन के निर्देशानुसार कराया जाय। उन्होंने सर्विलान्स टीम प्रभारी एसीएमओ डा0 देवराज को निर्देश दिए कि कोरोना मरीज मिलने के बाद तत्काल उसकी कान्टैक्ट ट्रैसिंग शुरू की जाय तथा घर-घर जाकर सैम्पलिंग करने वाली सर्विलान्स टीम निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोविड कमान्ड कन्ट्रोल रूम, एम्बुलेन्स, पूल व्यवस्था, सफाईकर्मियों द्वारा की गई सफाई की क्रास चेकिंग की निगरानी के साथ ही साथ पूरी टीम भावना के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें जिससे शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित हो सके। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि कोरोना मरीज मिलने के बाद विगत एक हफ्ते के दरम्यान सम्बन्धित मरीज से मिलने वाले लोग स्वयं अपनी जांच कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि लोगों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित किया जाय तथा मास्क न लगाने वाले तथा इधर-उधर थूकने वाले लोगों पर जुर्माना भी लगाया जाय। इसके लिए उन्होंने व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम राकेश सिंह, सीआरओ आर0आर0 प्रजापति, सिटी मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी, एसडीएम कुलदीप सिंह, सर्विलान्स टीम प्रभारी डा0 देवराज व डा0 फारूख सगीर, एनएमए विनोद कुमार गुप्ता, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## गलत रिपोर्ट भेजने पर होगी कठोर कार्रवाई : रंगाराव

● **कोविड-19 की तैयारियों का भी किया मुआयना**

**गोंडा।** नवागत आयुक्त एस0वी0एस0 रंगाराव ने कोविड-19 महामारी के दृष्टिगत बचाव के लिए मण्डल के जनपदों में की गई तैयारियों व व्यवस्थाओं तथा शासन को भेजी जाने वाली सूचनाओं से सम्बन्धित आयोजित समीक्षा बैठक में मण्डल के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे सभी तैयारियों व व्यवस्थाओं आदि से सम्बन्धित सूचनाएं सही-सही व जिम्मेदारी के साथ प्रेषित करना सुनिश्चित करें। गलत रिपोर्ट पाए जाने पर सम्बन्धित का दायित्व निर्धारित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। बैठक में आयुक्त ने कहा कि मण्डल के सभी जनपदों में आवश्यकतानुसार बेडों की तैयारी व मानक अनुरूप स्टाफकी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित रहे ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में कोई कठिनाई न आने पावे। उन्होंने बैठक में मण्डल के सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने जनपदों के हॉट स्पाट्स की संख्या, अब तक व रोजाना लिए गए सैम्पल्स की संख्या, लिए गए सैम्पल्स के सापेक्ष प्राप्त रिपोर्ट, एक्टिव कोरोना मरीजों की संख्या, ठीक हुए मरीजों की संख्या तथा कोरोना से अब तक हुई मृत्यु आदि का सही डाटा कलर ग्राफिक्स के माध्यम से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें ताकि आंकड़ों में पूर्णतः स्पष्टता रहे। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए हैं कि मण्डल के सभी जनपदों में जिला स्तर पर स्थापित एकीकृत कोविड कमाण्ड कन्ट्रोल रूम शासन के निर्देशानुसार पूरी तरह व्यवस्थित ढंग से संचालित किए जाएं। बैठक में अपर आयुक्त न्यायिक/मण्डल के नोडल अधिकारी कमलेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के मण्डलीय समन्वयक व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# पत्रकार की हत्या मामले में मीडिया कर्मियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

● **सुरक्षा कानून बनाने व एक करोड़ मुआवजा देने की मांग**

संवाददाता। सुलतानपुर



एसडीएम सदर को ज्ञापन सौंपते पत्रकार

**पत्रकारों** पर रोजाना हमले हो रहे हैं। प्रदेश के सीएम कोई एक्शन नही ले रहे हैं। अब हर हाल में पत्रकार सुरक्षा कानून देश के पीएम व यूपी के सीएम को बनाना ही होगा। साथ ही पत्रकार विक्रम जोशी की हत्या मामले में पुलिस की बर्खास्तगी व परिवार को एक करोड़ रुपया पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग पत्रकारों ने की है। गुरुवार को एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी व यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रतन दीक्षित के आवाहन पर उपजा के जिलाध्यक्ष अनिल द्विवेदी की अगुवाई में एसडीएम सदर रामजीलाल को पत्रकारों ने मांगो का पुलिंदा सौंपा। पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार विक्रम जोशी की हत्या में स्थानीय पुलिस की संलिप्तता हैं। ऐसे पुलिस कर्मियों को बर्खास्त करने, परिजन को एक करोड़ को मुआवजा देने के साथ साथ पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाई जाय। इसके साथ ही मीडिया कर्मियों ने देश के पीएम व यूपी के सीएम से पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालो में संरक्षक मनोराम पांडेय, अनिल द्विवेदी, पंकज पांडेय, उपाध्यक्ष अनुराग द्विवेदी, आशुतोष मिश्र, बृजेश श्रीवास्तव, भगवान शर्मा, सुरेश अग्रहरि, धर्मेंद्र सोनी आदि शामिल रहे।

# जयंती पर याद आए क्रान्तिकारी चंद्रशेखर आजाद

● **आजाद समाज सेवा समिति ने दी श्रद्धांजलि**

संवाददाता। सुलतानपुर



चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि देते पदाधिकारी पायनियर

**वीर** सपूत अमर शहीद क्रन्तिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर जिले सामाजिक संगठन आजाद समाज सेवा समिति ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कोरोना महामारी से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष पालन किया गया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बस स्टेशन स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए देश भक्ति के जोरदार नारों के साथ देश को आजाद कराने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा क्रांन्तिकारी शहीद चंद्र शेखर अजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को हुआ और मात्र 24 साल सात माह चार दिन की जिंदगी में देश को आजादी का मतलब समझा कर देश को आजाद कराने में महत्पूर्ण भूमिका अदा की। आज देश के युवाओ को आजाद जैसे क्रान्तिकारियो के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। संस्था महामंत्री सराफत्त खान ने कहा की संस्था द्वारा आजाद जयंती के अवसर पर आज प्रभात फेरी व रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना था परन्तु कोरोना महामारी में शहर के हॉट स्पॉट बन जाने के कारण कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। इस अवसर पर निजाम खान प्रवक्ता, श्याम नाराण पाण्डेय, दिलीप सिंह, मकसूद अंसारी, शैलेश वर्मा, बब्बन गाजी, अनिल मिश्र, अरविन्द यादव आदि लोग सामिल हुए।

## आठ लोग मिले कोरोना पॉजिटिव, हॉटस्पॉट बना गांव

**करनैलगंज-गोंडा।** तहसील क्षेत्र के नगर से सटा गांव अब हॉटस्पॉट बन गया है। जहां एक ही परिवार के 8 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। एक सप्ताह पूर्व करनैलगंज नगर से सटे सकरौरा ग्रामीण के मजरा छतई पुरवा में एक महिला पॉजिटिव पाई गई। उसके बाद 2 दिन पूर्व उसके परिवार की एक 18 वर्षीय युवती की पॉजिटिव रिपोर्ट आई। युवती की पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में उसके पूरे परिवार की सैंपलिंग कराई थी। जिसकी रिपोर्ट बुधवार शाम को प्राप्त हुई। जिसमें उसी के परिवार के आठ सदस्यों की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई है। एक साथ 8 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और एक बार फिर लोग सहम गए हैं। हालांकि रिपोर्ट पॉजिटिव होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी को गोंडा को भी लेवल वन में शिफ्ट कर दिया है और उनके कांटेक्ट ट्रेसिंग का काम भी शुरू कर दिया है।

## क्विक न्यूज

### एनटीपीसी परिसर में भी कोरोना ने दी दस्तक वरिष्ठ प्रबन्धक की रिपोर्ट भी आयी पॉजिटिव

**ऊंचाहार, रायबरेली।** एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में भी कोरोना ने दस्तक दे दिया है। मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय में तैनात वरिष्ठ प्रबन्धक की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है। उसके बाद पूरे सयंत्र क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। ऊंचाहार परियोजना में हाल ही में औरैया परियोजना से स्थानांतरित होकर आए वरिष्ठ प्रबन्धक की रिपोर्ट बुधवार की शाम को पॉजिटिव आयी है। ऊंचाहार परियोजना में मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय मे तैनात वरिष्ठ प्रबन्धक का परिवार एनटीपीसी की औरैया परियोजना मे रह रहा है। तीन दिन पहले वह ऊंचाहार से औरैया गए थे औरैया में ही उन्होंने अपनी जांच कराई जिसकी रिपोर्ट बुधवार की शाम को आयी है रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद ऊंचाहार और औरैया परियोजना में हड़कंप मच गया है उनका औरैया में ही इलाज चल रहा है उनके परिवार को औरैया में ही क्वारंटाइन किया गया है यही नहीं ऊंचाहार परियोजना में प्रशासनिक भवन को सील भी कर दिया गया है उनके संपर्क मे आए एनटीपीसी के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की भी जांच कराई जा रही है ऊंचाहार में निवास के दौरान वरिष्ठ प्रबन्धक एनटीपीसी के अतिथि गृह में रहते थे जिसको लेकर भी बड़ी सतर्कता बरती जा रही है द्य खास बात यह है कि हाल ही मे एडीजी कानून व्यवस्था आनंद कुमार, पुलिस विभाग की नोडल अधिकारी पीसी मीना भी एनटीपीसी के अतिथि गृह में रुके हुए थे उनके साथ जिले के कई पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। अब जब एक अधिकारी की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है तो हर तरफहड़कंप मचा हुआ है।

### गुर्दा रोग व फालिज अटैक से प्रधान की मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव शुकुरूल्लापुर निवासी मौजूदा ग्राम प्रधान रन बहादुर सिंह 54 वर्ष पुत्र संतबख्स सिंह गुर्दा रोग व फालिस अटैक होने से हालत एकाएक बिगड़ने पर उनको परिजनों के द्वारा सीएचसी में भर्ती करवाया गया जहां पर रन बहादुर का जब तक उपचार होता तब तक उनकी मौत हो गई थी। मृतक प्रधान के मौत के बावत बीडीओ ने बताया कि मृतक गांव में विकास कार्य न रूकने पाएगा जिसमे तीन सदस्यीय टीम गठित करके कमेटी गठित जल्द करवा दिया जाएगा। विकास कार्य जारी रहेगा

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कबीर बाबा चौराहा के निकट दो बाइकों सवार युवकों को टक्कर मार दिया जिसमे एक की हालत गंभीर होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताते चले कि कोतवाली के अन्तर्गत लखनऊ से प्रयागराज मार्ग पर वेद प्रकाश सिंह 35वर्ष निवासी कजुहा,गाजीपुर,अंकित 45वर्ष सिंह निवासी बेरनो,गाजीपुर व दूसरी बाइक सवार मोहित 25वर्ष,मनीष 22वर्ष निवासी गण इकछनिया थाना भदोखर को कार चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। जिसमे चारों घायलो को प्राइवेट संसाधन से सीएचसी मे स्थानीय लोगों के द्वारा भर्ती करवाया गया।जिसमे अंकित सिंह की हालत बेहद गंभीर होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### बीस हजार रुपए छीनकर तीन युवक फरार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव रामचन्द्रपुर निवासी सतेन्द्र कुमार पुत्र सरोज कुमार ने कोतवाली में तहरीर दिया है कि मैं अपने मोटर साइकिल से चड़रई चौराहा से अपने घर 15 जुलाई को आने के दौरान गांव पलऊ का पुरवा के निकट बाइक सवार तीन युवकों ने मुझे रोककर मारपीट करके 20 हजार रूपए छीनकर फरार हो गए। जिसमें सत्येंद्र कुमार ने द्वारा दिए गए तहरीर में एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ दिया है। कोतवाल पंकज तिवारी ने बताया कि जांच करने के बाद विधिक कार्यवाही किया जाएगा।

### नाली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**शिवगढ़-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पहुरावां मजरे बहादुर नगर में जल निकास की नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में शुरू हुई कहासुनी एवं गाली गलौज मारपीट तब्दील हो गई। जिसमें एक पक्ष से मायादेवी पत्नी जगजीवन ने शिवगढ़ थाने में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बरसात के पानी के निकास को लेकर गांव के अजय कुमार, हरिश्चंद्र, धर्मू, रामनेवाज उनके दरवाजे सुबह 8 बजे आए और गाली गलौज करते हुए पीड़िता मायादेवी और उनके पुत्र अखिलेश कुमार, मिथिलेश कुमार पर लाठी-डंडों से हमला कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घायलों को मेडिकल के लिए भेज दिया है। शिवगढ़ थाना थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# अलग-अलग वारदातों में तीन लोगों की मौत

● **पुरानी रंजिश में युवक को गोलियों से किया छलनी**

● **घटना की जांच में जुटे अधिकारी**

संवाददाता। सुलतानपुर

**जिले** के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई घटनाओं में जहां एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई, वहीं एक युवक को पीट-पीटकर मार डालने का आरोप लगा है, वही एक नागा साधु की लाश पेड़ से लटकती मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। गुरुवार की सुबह दोस्तपुर के मुरैनी गांव में एक युवक की लाश मिली है। उसे पुरानी रंजिश में गोलियों से छलनी कर दिया गया। अखण्डनगर के कुन्दा भैरवपुर गांव में एक युवक की लाश खेत मे पड़ी मिली। बताया जाता है कि उसे आशनाई के चक्कर मे लाठियों से पीट कर मारा गया है। चांदा में एक मन्दिर परिसर के एक नागा साधु का शव पेड़ की डाल पर लटकता मिला है। प्रकरणों में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सोनू पुत्र महाबीर की गांव के बाहर खेत में लाश ग्रामीणों ने देखा। उसके गले मे रस्सी का फंद्दा व शरीर पर लाठियों से पीट पीट कर मारने के निशान हैं। पुलिस का भी मानना है कि आशनाई के चक्कर मे ही घटना की गई है। छतौना गांव में पत्ता बीर बाबा मंदिर परिसर में छोटू सत्येंद्र बीर बाबा का शव देख लोग दंग रह गए। वह काफी दिनों से यहां रहकर पूजा पाठ किया करते थे। बाहर से आये थे कोई हिमांचल तो कोई अयोध्या से आना बता रहा है। बताया जाता है कि बीते 15 मार्च को पहाड़पुर रायपट्टी निवासी आरोपीगण रामसहाय, जयमंगल, राजमंगल, अंकित सिंह, अम्बे सिंह, अमन सिंह, पप्पू सिंह के खिलाफनामजद व उनके अज्ञात साथियों के विरुद्ध 395 भादवि की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था। वह मुकदमा मृतक हरिप्रसाद की मां कैलाशा देवी पत्नी रामबदल ने दर्ज कराया था। इस घटना के पूर्व होली के त्यौहार पर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था, जिसके सम्बन्ध में भी आरोपियों पर 323, 506 भादवि सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप है कि इन्हीं कारणों से आरोपीगण रंजिश रख रहे थे। डकैती की मामले में किसी की गिरफ्तारी नही हुई। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने भी आरोपियों पर कार्यवाही के बजाय उनके प्रभाव में धाराओं में खेल किया। यही नहीं, अपराधियों को स्थानीय पुलिस का संरक्षण भी मिलता रहा। लगातार मिल रही धमकी की शिकायतो पर भी पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया। शायद इसी का नतीजा रहा जो आज मनबढ़ आरोपियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला। घटना स्थल पर पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क के किनारे मिली युवक की लाश

**कूरेभार सुलतानपुर।** कूरेभार थाना क्षेत्र के मायंग से कुड़वार मार्ग पर औदहा गांव के पास में सुबह ग्रामीणों ने एक युवक की लाश देखी जिसकी जिसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस तफ्तीश कर रही है। घटना के अनुसार औदहा गांव के पास ग्रामीण जब शौच के लिए गए तो सड़क किनारे एक युवक की लाश पड़ी देखी। सूचना पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मृतक की शिनाख्त अशोक कुमार सुत राम लगन सिंह थाना कुड़वार के नवागांव रूप में हुई। ग्राम वासियों ने बताया कि युवक कल शाम को घर से निकला था जिसकी सुबह यहां पर लाश मिली। ग्रामीणों का कहना है कि युवक शराब पीने का आदी था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इस बाबत थाना प्रभारी मनबोध तिवारी ने बताया प्रथम दृष्टया युवक की मौत अत्यधिक शराब पीने के कारण हुई है।

# बुजुर्ग की गला रेत कर हत्या

**गोंडा।** बुधवार की देर रात्रि कोतवाली करनैलगंज के चकरौत बंगला बाजार में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की गला काटकर हत्या करके एक पूजा स्थल पर उसका सिर चढ़ाने की घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। अभी कुछ दिन पहले ही यहीं पर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। कुछ ही समय में दो दो हत्याओं को लेकर यहां के लोगों में रोष व्याप्त है।

घटना बुधवार की रात की है चकरौत के बंगला बाजार निवासी बाबूराम 60 वर्ष अपने घर के सामने छप्पर में सोए हुए थे। वहीं से कुछ ही दूरी पर स्थित उदय प्रताप 25 वर्ष का घर बताया जाता है। परिजनों के अनुसार रात में उदय प्रताप ने गड़ासे (बांका) से हमला करके बाबूराम का सर धड़ से अलग कर दिया। और सर को ले जाकर अपने घर के सामने स्थित नीम के पेड़ (पूजा स्थल) के नीचे रख दिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों ने शोरगुल करते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल राजनाथ सिंह, सीओ कृपाशंकर कनौजिया व एसपी राजकरन नैयर सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। गांव वालों ने बताया जाता है की हत्या करने वाला युवक व उसके परिजन अर्ध विक्षिप्त हैं। पुलिस का कहना है कि हत्या तंत्र-मंत्र के चक्कर में की गई है यह जांच का विषय है। मृतक परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। घटना के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव व कटे हुए सर को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया है। गांव में क्यूआरटी पुलिस टीम व कोतवाली पुलिस सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। गांव वालों ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले ही यही पर पीट-पीटकर एक युवक की भी हत्या कर दी गई थी। जिसके चलते यहां पर पुलिस बल की दिन-रात ड्यूटी भी रहती है। फिर भी हत्या जैसे जघन्य अपराध को अंजाम दे दिया गया।

## कांग्रेस के पदाधिकारियों ने पत्रकार को दी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर।** पार्टी हाई कमान के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गाजियाबाद में पत्रकार विक्रम जोशी की हत्या के विरोध में उनकी आत्मा को शांति के लिए दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही सरकार से मांग की गई की पत्रकार जोशी के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दें और आर्थिक मदद करें। जिससे परिवार का भरण पोषण हो सके। इस अवसर पर तेज बहादुर पाठक, लाल पद्माकर सिंह, नफीस फारुकी, बलराम तिवारी, विजयपाल पूर्व प्रमुख, प्रभात पाल आदि लोग सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी क्रम में युवा कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने भी बुधवार की देर शाम अपने गांव में समर्थकों के साथ मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर रउफअहमद, सुशील मिश्रा, हीरालाल निषाद, मोहन यादव, ननकु गुत्ता, गोकुल यादव,समीम अहमद, महावीर तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# संपत्ति हड़पने को लेकर पत्नी ने करा दी हत्या

● **मृतक के भाई ने लगाया भाभी पर साजिश रचने का आरोप**

संवाददाता। रायबरेली

**विगत** 18 जून को अमरूद के पेड़ में रसूल पुत्र नथऊ का शव लटकता मिला था। इस मामले को लेकर अब पेचीदा मोड़ आ गया है मामला पूरी तरह से संपत्ति विवाद से लग रहा है तो मृतक के भाई उभम पुत्र स्वर्गीय नथऊ निवासी ग्राम दाउदनगर थाना मिल एरिया ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उसकी कथित भाभी ने अपने आशिक सहयोगी से मिलकर उसके भाई रसूल पुत्र नथऊ की हत्या दिनांक 18 जून को समय लगभग 8:00 बजे रात को उसकी हत्या कर उसे अमरूद के पेड़ से लटका दिया था अन्य परिवारीजन बहन के यहां शादी कार्यक्रम था वह उसने गए थे।

मृत्यु की सूचना पर सभी लोग भागकर घर आए तो सारी घटना को देखा और इसकी सूचना गांव वालों के द्वारा पुलिस को दी गई थी पुलिस को सूचना के बाद लगभग 2 घंटे बाद मौके पर पुलिस आई जिस समय वह लोग बहन के यहां शादी में जा रहे थे उस समय पति पत्नी दोनों घर पर थे। घटना के बाद जब लोगों ने संगीता की खोजबीन जारी किया तो पता चला कि वह घर से गायब है जिससे परिजनों को मृतक की पत्नी के विरुद्ध आशंका और अधिक बढ़ गई। मृतक के भाई ने कहा कि उसे पूर्ण रुप से विश्वास है कि यदि प्रति पक्ष संगीता से सख्ती से पूछताछ और साक्ष्य संकलन के माध्यम से पूछताछ की जाए तो सारी सच्चाई सामने आ जाए। मृतक के भाई का कहना है कि परिवार के बार-बार कहने के बाद भी स्थानीय थाना पुलिस विपक्षी से मिलीभगत से उसे बचाने में लगी है इस घटना को पुलिस आत्महत्या में परिवर्तित करने के प्रयास में है जबकि वास्तविकता में उसके भाई की हत्या हुई है। क्योंकि उसके भाई के नाम पर जमीन सड़क किनारे थी जो बेशकीमती है लालच बस उसकी भाभी ने उसके भाई का कत्ल करा डाला। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद प्रथम सूचना हेतु स्थानीय थाना गया जहां पर सूचना दिया थाने में सही घटना बताई गई पर पीड़ित की उचित f.प.त. नहीं लिखी गई। पीड़ित ने एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक रायबरेली को रजिस्ट्री डाक के जरिए भेजा परंतु कोई कार्यवाही नहीं हुई। ऐसे मामले बताते हैं रायबरेली में किस तरह से हत्याकांड ओं पर पर्दा डाला जाता है और उन्हें आत्महत्या के रूप में बदल कर फाइल बंद कर दी जाती है। लोगों को न्याय ना मिल पाना बड़ी दुश्मन है या सिस्टम का फ्लोर ही है कि जिस आस्था के साथ लोग पुलिस और व्यवस्था पर विश्वास करते हैं उन्हें उससे असफलता ही मिलती है। अब देखना होगा पुलिस अपनी जांच कैसे आगे बढ़ाती है और किन बिंदुओं को पकड़ती है और मामला कहां पर पहुंचता है।

## विकासखंड मुख्यालय में कार्यरत तीन और लोग हुए कोरोना पॉजिटिव

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली

**पहले** कंप्यूटर ऑपरेटर मनरेगा की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आई, उसके बाद आज यानी 23 जुलाई 2020 को जब स्वास्थ्य विभाग की टीमें विकासखंड मुख्यालय कोरोना टेस्ट को पहुंची, तो 25 लोगों के लिए गए सैंपल में 3 ब्लॉक कर्मी और कोरोना पॉजिटिव निकले, जिससे ब्लॉक कर्मियों सहित समूचे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ब्लॉक मुख्यालय में तीन नए कोरोना मामले सामने आने से प्रशासन सहित क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं महराजगंज सीएचसी के प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर भावेश यादव ने बताया कि, एंटीजन किट द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर आज 25 लोगों की सैंपलिंग की गई थी। जिनमें तीन ब्लाक कर्मचारियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बृहस्पतिवार को ब्लॉक मुख्यालय पर तीन और लोगों की कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद भी, अभी तक ब्लॉक मुख्यालय को सील नहीं किया गया है, जिससे कस्बा सहित क्षेत्र के लोगों में दहशत व्याप्त है।

# डोर-टू-डोर जांच, क्षेत्रों में साफ-सफाई, फॉगिंग व सेनेटाइजेशन कार्य निरंतर करते रहें: डीएम

संवाददाता। रायबरेली

**जिलाधिकारी** शुभ्रा सक्सेना ने कोविड-19 कोरोना वायरस संक्रमण की प्रभावी रोकथाम एवं उपचार हेतु आवश्यक बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों में संक्रमण के प्रकरण सामने आ रहे हैं वहां डोर-टू-डोर सर्वे कराकर जिन व्यक्तियों में पाजिटिव सिम्टम्स आ रहे हैं उन्हें एल-1 एवं एल-2 टाइप के अस्पताल में भर्ती कराना सुनिश्चित किया जाए। टेस्टिंग के कार्यो को निरन्तर युद्ध स्तर पर किया जाये। सर्विलास टीम, टेस्टिंग कोविड एवं नन कोविड अस्पतालों का प्रबन्धन, एम्बुलेस सेवा का प्रबन्धन मरीजो को भर्ती कराने एवं डिस्चार्ज करने का प्रबंधन अस्पतालों के लिए लाजिस्टिक का प्रबंधन इत्यादि कराना अत्यंत आवश्यक है। एल-1 एल-2 अस्पताल में खाली पड़े बेड की सीमक्षा करते हुए तत्काल कार्य योजना तैयार करें। डोर-टू-डोर सर्वे के कार्य हेतु प्रत्येक वार्ड में नगर निकायो माध्यम से पल्स आक्सीमीटर, इंफ्रारेड थर्मामीटर एवं सैनिटाइजर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नर्सिग होम एसोसिएशन की शाखा में वार्ता कर यह सुनिश्चित किया जाये कि मरीज के कोविड के लक्षण आते ही वे तत्काल इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल रूम 0535-2203320, 2203214 व स्वास्थ्य विभाग के नम्बर 0535-2208145, 2701701, 2701702, 2701703 पर सम्पर्क कर सूचना दें जनपद में यदि कोई व्यक्ति बिना मास्क का दिखाई दे तो तत्काल कड़ाई कार्यवाही की जाये। सभी तिराहा, चौराहों एवं बाजारों में पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से बचाव के तरीकों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराकर लोगों को जागरूक करा जाये। शासन की मंशा के अनुरूप संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत समस्त शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग मशीन से साफ-सफाई, एण्टीलार्वा का छिड़काव सुनिश्चित करते हुए प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को इससे बचाव हेतु सभी जानकारी दी जाये। उन्होंने कहा कि लोगों को इन भयानक महामारी से बचाव हेतु निरंतर जागरूक किया जाए। जनपद में इस व्यापक महामारी के दृष्टिगत सभी इमरजेंसी सुविधाए सुचारू रूप से संचालित होना चाहिए। सोशल डिस्टेसिंग के माध्यम से कार्य करे तथा मास्क का प्रयोग अवश्य करे एवं अनावश्यक रूप से कही पर भीड़-भाड़ का जमावड़ा न होने दें। शनिवार एवं रविवार को पूर्व की भांति स्वच्छता, संचारी रोग नियंत्रण अभियान के रूप में रहेगा। जिन क्षेत्रो में कंटेनमेट जोन में विभिन्न गतिविधियों को प्रतिबन्धित रखे जाने के प्रावधानों का सख्ती से पालन कराया जाए। इसके साथ ही कंटेमेट जाने में लोगों को आवश्यक सामग्री की उपलब्धता में कोई असुविधान न हो। विभिन्न कार्यालयों, संस्थाओं आदि में स्थापित कोविड हेल्प डेस्क के सुचारू संचालन किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# तीस हजार लोग पिएंगे आयुष काढ़ा

### 15 अगस्त तक सरकारी खर्चे पर प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ावा देने सम्बन्धी काढ़ा पिलाओ अभियान चलेगाःडीएम

**संवाददाता।** सोनभद्र



**मानव** जीवन अनमोल है, इसे बचाए रखना बेहद जरूरी है। नोवेल कोरोना वायरस कोविड-19 का संक्रमण उम्र दराज बुजुर्ग नागरिकों में ज्यादा संभावना है। लिहाजा 60 वर्ष के ऊपर वाले बुजुर्ग व बीमारियों से ग्रस्त जिले के चिन्हांकित 30 हजार नागरिकों को संक्रमण से बचाने के लिए सर्विलांस टीम ग्राम प्रधान व सचिव के माध्यम से आयुष काढ़ा सरकारी खर्चे पर पिलाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत बृहस्पतिवार को प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी परिसर में गांव के चिन्हांकित बुजुर्गों को आयुष काढ़ा पिलाकर बुजुर्गों का प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हुए उन्हें बीमारियों से बचाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी टीम भावना के साथ लगकर जिले के सभी चिन्हांकित गांवों के नागरिकों को आयुर्वेद विभाग के संस्तुति के आधार पर उत्कृष्ट प्रतिरोधात्मक काढ़ा को पिलाने की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उक्त निर्देश जिलाधिकारी एस. राजलिंगम सोनभद्र जिले में अभिनव पहल के तहत आयुष विभाग की संस्तुति पर तुलसी, सोठ, दालचीनी, काली मिर्च, लौंग, हल्दी व गिलोय को गुण के साथ पानी में तैयार कराकर प्राथमिक विद्यालय लोढ़ी परिसर में स्थानीय चिन्हांकित बुजुर्गों को प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने के निमित्त काढ़ा पिलाते हुए कहीं। इस मौके पर जिलाधिकारी अलावा पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, मुख्य चिक्तिसाधिकारी डॉ. एसके उपाध्याय आदि ने मौजूद बुजुर्गों को काढ़ा पिलाया। जिलाधिकारी ने नागरिकों से अपील किया कि पारंपरिक विधा अपनायें, रोग प्रतिरोधात्मक शक्ति बढ़ाते हुए कोरोना को हराएं।

उन्होंने कहा कि आयुष काढ़ा प्रतिरोधात्मक क्षमता को बढ़ाता है, जिन नागरिकों में प्रतिरोधात्मक शक्ति कमजोर होती है, उनमें ही कोरोना संक्रमण का खतरा ज्यादा होता है। जिलाधिकारी ने बताया कि आयुष विभाग के संस्तुति पर ग्राम पंचायत के मद से यानी सरकारी खर्चे पर एक साथ 50 चिन्हांकित उम्रदराज व गंभीर रूप से बीमार नागरिकों को आयुष काढ़ा बनाने के लिए तुलसी-250 ग्राम, सोठ-125 ग्राम, दालचीनी-125 ग्राम, काली मिर्च-65 ग्राम, लौंग-65 ग्राम, हल्दी-125 ग्राम व गिलोय गुरूछ-250 ग्राम व जरूरत के मुताबिक गुण 10 लीटर पानी में उबालने पकाने पर जब पानी पांच लीटर बाकी रह जाता है तो बाकी आयुष काढ़ा के रूप में बचे पांच लीटर अमृत समान प्रतिरोधात्मक काढ़ा को 100-100 ग्राम प्रति चिन्हांकित व्यक्ति को पिलाने के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है।

15 अगस्त तक सरकारी खर्चे पर प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ावा देने सम्बन्धी काढ़ा पिलाओ अभियान चलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के चिकित्साधिकारियों, सभी खण्ड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारियों को आदेशित किया गया है कि वे सर्विलांस टीम ग्राम प्रधान व सचिव के माध्यम से आयुष काढ़ा तैयार कराकर नियमित रूप से चिन्हांकित लोगों को उपलब्ध कराएं।

# खैर वक्फ के पूर्व मुतव्वली के खिलाफ गबन का केस

### वर्तमान मुतवल्ली ने दर्ज कराया मुकदमा

**संवाददाता।** बस्ती

**अबुल** खैर वक्फ संख्या 38 के बेशुमार दौलत का मुखिया बनने को लेकर पिछले कई महीनों से दो कथित समाजसेवियों में विवाद चल रहा है। मामला अब पुलिस तक पहुंच गया है। वर्तमान मुतवल्ली होने का दावा करने वाले मोहम्मद अकरम ने डीड के मुताबिक मुतवल्ली बताने वाले हमीदुल्लाह खां के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने, वक्फ की संपत्तियों का गबन और आपराधिक हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकार कहते हैं कि अगर आरोप साबित हो जाता है, तो हमीदुल्लाह को तीन साल तक की सजा हो सकती है। हांलाकि मामला हाईकोर्ट में लंबित है, निर्णय 23 को आने वाला था, मगर लाकडाउन के कारण अब इसे 28 जुलाई के लिए टाल दिया गया। मुकदमा एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ।

एसपी को लिखे पत्र में मो. अकरम ने कहा गया है कि उप्र सुन्नी सेंटल बोर्ड, हाईकोर्ट और सहायक सर्वे वक्फ जिला अल्पसंख्यक अधिकारी के आदेष पर उसे अबुल खैर वक्फ संख्या 38 का मुतवल्ली नियुक्ति किया गया। कहा कि डीएम और जिला अल्पसंख्यक अधिकारी के लिखने के बाद भी पूर्व मुतवल्ली हमीदुल्लाह खां द्वारा परिसंपत्तियों संबंधी कोई अभिलेख नहीं दिया गया। दुकान और मकानों से प्राप्त होने वाले किराए जो कि लाखों में है, उसका भी हिसाब-किताब नहीं दे रहे है। बैंक स्टेटमेंट तक नहीं दिया। मुतवल्ली तक का प्रभार नहीं दिया गया। जबकि इसके लिए डीएम की ओर से उन्हें पूर्व मुतवल्ली के खिलाफ 17 जून 20 को एफआईआर दर्ज कराने का आदेश हुआ। मुतवल्ली ना होने के बावजूद यह अपने आपको मुतवल्ली जाहिर करते है। इतना ही नहीं वक्फ की संपत्ति पर खुद कब्जा जमाए बैठें है। जब इनसे से हिसाब-किताब और प्रभार देने को कहा तो इन्होंने अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर दिखाते हुए जान से मारने की धमकी दी। कहा गया कि इनके द्वारा लाखों रुपये का गबन भी किया गया।

# एन 95 मास्क का इस्तेमाल कर रहे तो हो जाएं सावधान

**संवाददाता।** सोनभद्र

**यदि** आप एन 95 मास्क का प्रयोग कर रहे हैं तो सावधान हो जाएं। केंद्र सरकार ने बड़ी संख्या में कोविड-19 से बचने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे एन 95 मास्क का इस्तेमाल रोकने के लिए कहा है क्योंकि यह कोविड-19 में फायदा नहीं बल्कि नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके लिए केंद्र सरकार ने नई एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके उपाध्याय ने बताया कि केंद्र के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशक ने सभी राज्यों के स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिवों तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य विभाग के राज्य निदेशको को पत्र लिखकर आम जनता द्वारा प्रयोग किए जा रहे एन95 मास्क को रोकने के निर्देश दिए है। उन्होंने जनता को कपड़े से बने मास्क को लगाने की सलाह दी है ।पत्र में महानिदेशक ने कहा है कि एन 95 खास परिस्थितियों में अस्पताल के डॉक्टरों के लिए या फिर प्रदूषण से बचाव के लिए लगाए जाते हैं जबकि कोविड-19 में फिल्टर वाले एन 95 मास्क फायदा कम नुकसान ज्यादा कर सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति कोविड-19 संक्रमण से संक्रमित है और वह फिल्टर वाला मास्क लगाता है तो उसकी सांस में मौजूद वायरस फिल्टर यानी रेस्पिरेटर के जरिए बाहर निकल सकता है जो दूसरों को संक्रमण फैला सकता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बाजार में एन 95 मास्क की बिक्री हो रही है ऐसे में लोग इस मास्क का इस्तेमाल करने के बजाय कपड़े के मास्क का ही प्रयोग करें। कपड़े से बने मास्क से संक्रमण कम फैलता है। और खुद भी संक्रमित होने का खतरा कम होता है।

### 30 को आनलाइन रोजगार मेले का होगा आयोजन

**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के प्रवासी श्रमिकों एवं बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, सोनभद्र द्वारा 30 जुलाई को आनलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्र की स्कोर्पिक्स इण्डिया में बिजनेश सर्पोट एग्जीक्यूटीव, आईटी सर्पोट एग्जीक्यूटीव, कम्प्यूटर ऑपरेटर, वेब डेवलपर आदि कल्याणी सोलर पावर में मल्टीटास्किंग एग्जीक्यूटीव, सोलर एग्जीक्यूटीव, आईटी वर्कर आदि एवं एक्यूप्रेशर हेल्टा केयर सिस्टम में एरिया सेल्स मैनेजर, फिल्ड कोआर्डिनेटर आदि पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थी सेवायोजन की वेबसाइट पर जाकर आनलाइन आवेदन एवं भर्ती सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# खाद व बीज की दुकानें खुलने से किसानों को मिली बड़ी राहत

**संवाददाता।** घोरावल(सोनभद्र)



**किसानों** के हित को ध्यान रखते हुए नगर की खाद बीज की दुकानों को खोलने का निर्देश दिया गया। जिसके क्रम में बुधवार को इस निर्णय का किसानों नें स्वागत किया और इसका असर भी देखा गया। मंगलवार की शाम को नगर पंचायत कार्यालय पर उपजिलाधिकारी जैनेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सोशल डिस्टेनसिंग का पालन करते हुए एक आवश्यक बैठक की गयी। जिसमें नगर के व्यापारी और किसान समेत अन्य लोग मौजूद रहे। इन दिनों खेतों में धान रोपाई का कार्य चल रहा है जिसमें खाद बीज की आवश्यता जोरों पर होती है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि खाद बीज की दुकानें कड़ाई से सोशल डिस्टेनसिंग का पालन करते हुए खोली जाएंगी। बताया गया कि बैंकों के बंद होने से लोगों को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। बैंकों को भी खोले जाने की बात उपजिलाधिकारी द्वारा की गयी। इसके पूर्व नगर में 14 दिनों के लाकडाऊन के बाद पुनः प्रशासन द्वारा आगे 24 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। जिसमें दो दिन सफाई वाले जोड़ दिए जाएं तो आगामी 26 जुलाई तक नगर में लाकडाऊन कर दिया गया है। बैठक में मौके पर सीओ राम आशीष यादव कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह व कस्बा चौकी प्रभारी दूधनाथ दुबे नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार, अधिशासी अधिकारी चैतन्य कुमार तिवारी समेत व्यापारी व नगर पंचायत के सभासद उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी व एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

**संवाददाता।** मीरजापुर

जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल व पुलिस अधीक्षक डा. धर्मवीर सिंह द्वारा दोपहर लगभग दो बजे के पूरे दलबल के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रत्येक बैरकों को देखा गया तथा मेस, करागार परिसर, कारागार के चिकित्सालय आदि का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान कोविड-19 के दौरान कोरोना वायरस के बढते संक्रमण के रोथाम व बचाव के दृष्टिगत साफ-सफाई रखने, प्रत्येक कैदी को मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने के बारे में जानकारी दी गयी तथा कोरोना संक्रमण से बचाव व सावधानी हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु जेल अधीक्षक को दिया गयां। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगरए के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहे।

# गृहमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया इको पार्क का शिलान्यास

**संवाददाता।** सोनभद्र



**कोयला** मंत्रालय द्वारा आयोजित वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ गृह मंत्री अमित शाह ने किया। वैश्विक महामारी के दृष्टिगत यह कार्यक्रम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अमित शाह ने इलेक्ट्रोनिक माध्यम से एनसीएल के बीना इको पार्क का शिलान्यास किया तथा एक दिन में 150 स्थानों पर छह लाख से अधिक पौधों के रोपण तथा पांच लाख से अधिक पौधों के वितरण के लिए कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया को शुभकामनाएं दी। इस दौरान एनसीएल की बीना परियोजना में जिस इको पार्क का शिलान्यास किया गया उसका अनुमानित क्षेत्र लगभग 70000 वर्ग मीटर हैं तथा यहां स्थित जलाशय की क्षमता लगभग 210000 घन मीटर की है। एनसीएल में गत 23 जुलाई को वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत करीब 80 एकड़ भूमि में 80 हज़ार से अधिक पौधों का रोपण तथा 20 हजार से अधिक फलदार पौधों का वितरण किया गया। एनसीएल परिक्षेत्र के पर्यावरण, परिस्थितिकी तंत्र, क्षेत्रीय फ्लोरा एवं फौना के संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए परंपरागत पौधों का रोपण हुआ है वृक्षारोपण अभियान के दौरान वितरित किए जाने वाले फलदार पौधों में मुख्यत: आम, अनार, नींबू, आंवला, पपीता, अमरूद, केला, जामुन, कटहल इत्यादि प्रमुख रहे। गौरतलब है कि एनसीएल ने अभी तक ओबी डंप और मैदानी क्षेत्रों में कुल 5854 हेक्टेयर भूमि पर कुल 2.43 करोड़ से अधिक पेड़ लगाए गए हैं। एनसीएल प्रबंधन ने पूरे कार्यक्रम का संचालन सोशल डिस्टेन्सिंग के नियमों के अनुपालन के साथ सुनिश्चित किया। एनसीएल मुख्यालय में एनसीएल के सीएमडी प्रभात कुमार सिन्हा, सीधी दूसिंगरौली की सांसद रीति पाठक, एनसीएल के निदेशक तकनीकी संचालन गुणाधर पांडेय, निदेशक कार्मिक बिमलेन्दु कुमार, निदेशक तकनीकी परियोजना एवं योजना डा. अनिन्दय सिन्हा, निदेशक वित्त राम नारायण दुबे, श्रमिक एवं अधिकारी संघ के पदाधिकारी, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति इस पुनीत कार्य के साक्षी बने।

# तीन पॉजिटिव मरीजों की खोज बनी स्वास्थ्य महकमे के लिए चुनौती

### सर्विलांस सेल ने मरीजों की खोज के लिए पुलिस से मांगी मदद

### पहचान पत्र न लिए जाने की खामियों का उठाया लाभ

**संवाददाता।** बस्ती

**जिले** में कोरोना संक्रमण का गंभीर खतरा खड़ा हो गया है। कोरोना जांच के लिए सैम्पल देने वाले अनेक ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं। जहां ट्रूनेट मशीन से कोविड-19 जांच के लिए छदम् नाम पता, मोबाइल नम्बर लिखवाकर सैम्पल दिया। रिपोर्ट नेगेटिव आने के चलते स्वास्थ्य महकमा ने भी ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब तीन के सेम्पल पाजिटिव आने के बाद उनकी खोजबीन शुरू हुई तो वे ढूढे से नहीं मिल रहे हैं। दूसरों के नाम पर जांच करा तीन पाजिटिव मरीज गायब हो गए हैं। अब उनकी खोज करना चुनौती बनी हुई है। खतरा इस बात का है कि पाजिटिव आने के बावजूद फर्जी नाम, पता, मोबाइल नम्बर पर जांच कराने वाले न जाने कितने लोगों के सम्पर्क में आए होंगे। यदि इनके सम्पर्क में आए लोग संक्रमण की चपेट में आए होंगे। बिना पहचान पत्र लिए ट्रूनेट मशीन से जांच के लिए सेम्पल लेने के मामले में जिम्मेदार भी कटघरे में है। यदि जिम्मेंदारों ने जांच प्रक्रिया के दौरान सावधानी बरती होती, उनके पहचान पत्र का मिलान कर वास्तविक नाम, पता, मोबाइल नम्बर भरा गया होता तो शायद आज उनकी ट्रेसिंग के लिए भटकना न पड़ता।

अब जबकि तीन की रिपोर्ट पाजिटिव आ गई तो उनकी खोज होने लगी। जब उनका सैम्पल के दौरान दिया गया नाम, पता, मोबाइल नंबर व अन्य सभी विवरण खंगाला गया तो वह पूरी तरह फर्जी निकला। सेम्पल के लिए लिए गए विवरण से जब उनकी पहचान नहीं हो पाई तो सर्विलांस सेल ने इसकी सूचना पुलिस को दी। अब सर्विलांस सेल ने तीन पाजिटिव मिले मरीजों को खोजने के लिए पुलिस का सहारा लिया है। बावजूद इसके अभी तीनो पाजिटिव पाए गए मरीजों का पता नहीं चल पाया है। पाजिटिव पाए गए मरीजों में दो महिला एक पुरूष शामिल हैं। इनमें से एक महिला ने जिला अस्पताल और एक महिला, एक पुरुष ने मेडिकल कालेज में अपनी जांच कराई थी। इस मामले में डीएम आशुतोष निरंजन ने गंभीरता से लिया है। ट्रूनेट मशीन से होने वाली जांच में आधार कार्ड या फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया है। जिससे कि कोई भी जांच सैम्पल देने के दौरान अपनी पहचान न छिपा पाए और रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद उसे ट्रेस कर कोविड-19 मरीजों के लिए बने अस्पताल में भर्ती कराया जा सके। जिला अस्पताल में यह जांच नि:शुल्क है जबकि मेडिकल कालेज में जांच के लिए 15 सौ रुपये शुल्क जमा कराया जाता है। फिलहाल तीन की जांच रिपोर्ट पाजिटिव आने और उनका पता न चल पाने के चलते कोरोना वायरस के प्रति जिम्मेंदारों की सजगता और गंभीरता पर सवाल उठ रहा है।

## कंटेंमेंट जोन की संख्या 71 तक पहुंची

**बस्ती।** जिले में 15 नए कंटेनमेंट जोन घोषित किए गए है। इसे लेकर कंटेंनमेंट जोन की संख्या 71 पहुंच गई है। जो कंटेनमेंट जोन घोषित किए गए है उन स्थानों पर एक-एक कोरोना पाजिटिव केस मिला है। इन सभी जगहों के आस-पास 250 मीटर दायरे को सील कर दिया गया है। डीएम आशुतोष निरंजन ने बताया कि हर्रैया के महादेवरी, वार्ड मोतीनगर, भिउरा, मरही, पिकौरा, भानपुर के कल्याणपुर मझौआ खजुरी, बेलभरिया मझौआमीर, शहर के आवास विकास कालोनी, जामडीह, पुरानी बस्ती के नई बाजार, हथियागढ, कोडरा पाण्डेय, बहादुरपुर के नगर, मुण्डेरवा के बोदवल बाजार, वाल्टरगंज के करहापुर को कन्टेनमेंट जोन बनाया गया है। इससे पूर्व छावनी क्षेत्र का नगराबदली थरवापुर शंकरपुर, पूरेहेमराज, खम्हरिया, घिरौली बाबू ,पैकौलिया का सौरपुर, कोतवाली का विषुनपुरवा, सिविल लाईन, सुपेलवा, पुरानी बस्ती का पाण्डेय बाजार,, वाल्टरगंज का श्रीपालपुर, जगदीषपुर, हर्रैया का गौर, रघुनाथपुर, कठवतिया साउडीह, कलवारी का रूद्रपुर, मनवा, दुबौलिया का पदमापुर, मुण्डेरवा का कबरहाडीहवा, भानपुर का कॉटेखैरा, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय भानपुर, शहर के बभनगावां,मंगल बाजार, तहसील हरैया का गोविंदपारा, कार्यालय नगर पंचायत, जिवधरपुर, वार्ड नंबर-1 अंबेडकर नगर, नाथपुर टूटी भीटी मिश्र, कप्तानगंज का जसईपुर, परिवारपुर ओझागंज, फरेंदासेंगर महुआलखनपुर, बिहरा, खजुरिया मिश्र, पैकोलिया का चांदा बुजुर्ग, रघुनाथपुर, छावनी का प्रतापपुर मनगवां ,घिरौली बाबू समेत 56 कंटेंमेंट जोन घोषित किए गए हैं। इस क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालय कार्यालय बंद रहेंगे, किसी भी प्रकार की सार्वजनिक भीड़ पर प्रतिबंध लगाते हुए सभी व्यापारिक संस्थान प्रतिष्ठान, वाणिज्यिक, निजी, औद्योगिक प्रतिष्ठान, सभी धार्मिक स्थल बंद रहेंगे। सभी प्रकार के सामाजिक, राजनीतिक, खेल, मनोरंजन, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, धार्मिक कार्य एवं समारोह प्रतिबंधित रहेंगे। शहरी क्षेत्र में नगर पालिका तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायती राज विभाग साफ-सफाई के लिए प्रतिदिन सफाई कर्मी भेजेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुचारू रूप से कंटेनमेंट लिस्टिंग,डोर-टू-डोर सर्वे किया जाएगा।

### कोरोना जांच के बाद घूमता रहा कांस्टेबल मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने के एक आरक्षी ने कोरोना की जांच कराई लेकिन नियमानुसार क्वारंटीन होने की जगह वह थाना परिसर में घूमता रहा। इसे गंभीर मानते हुए और रोग को फैलाने का कारण मानते हुए एसओ दिनेश कुमार सरोज ने कांस्टेबल अरविन्द यादव के विरूद्ध आपदा प्रबन्धन और महामारी अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। गया है।

## क्विक न्यूज

### जंयती पर याद किये गये आजद व तिलक

**सोनभद्र।** करारी स्थित शहीद स्थल प्रबंध ट्रस्ट की तत्वावधान में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद व लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई गई। करारी स्थित शहीद स्थल पर बीर सपूतों को माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार व मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के निदेशक अजय शेखर की अध्यक्षता में आनलाइन कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे वरिष्ठ साहित्यकार रामनाथ शिवेन्द्र शहीद स्थल प्रबंध ट्रष्ट के निदेशक प्रदुम्न तिवारी, अशोक तिवारी, सिद्धिनाथ पाण्डेय, जयराम सोनी, दिलीप सिंह दीपक, डॉ राम नरेश पाल, रणजीत सिंह, कवित्री जयश्री रॉय, दयान्द दयालु, यथार्थ विष्णु, आनन्द पाण्डेय, ठाकुर कुशवाहा, वेदमणी तिवारी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### दो के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

घोरावल ( **सोनभद्र** )। घोरावल थाना अन्तर्गत बर्दिया गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट में दो व्यक्ति घायल हो गए। बर्दिया गांव निवासी भगवान दास ने बृहस्पतिवार को कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि पुराने विवाद के चलते जितेंद्र तथा सोनू पुत्रगण जोखन द्वारा लाठी डंडों से उसे और उसकी पत्नी लीलावती को मारा पीटा गया। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घोरावल पुलिस द्वारा घायल भगवान दास (35 वर्ष) तथा लीलावती (30 वर्ष) का उपचार तथा मेडिकल परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया गया। इस सम्बंध में भगवानदास की तहरीर पर आरोपी जितेंद्र तथा सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### दो बच्चों की मृत्यु पर अनुप्रिया ने जताया दुख

**मीरजापुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अनुप्रिया पटेल ने जनपद के गुरूसण्डी क्षेत्र में एक गढ्ढे में दो बच्चों यदेव नारायण यादव (12 साल) सतीश कुमार यादव (आठ साल) की डूबकर हुई मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया किया और शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। अपना दल (एस) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य आशीष पटेल ने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि इस तरह की घटना की बार-बार पुनरावृत्ति न हो।

### युवक ने रस्सी से लटककर दी जान

मुसाफिरखाना ( **अमेठी** )। कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद गांव में बुधवार की सुबह एक युवक ने रस्सी से लटक कर जान दी। पिता की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज। कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद गांव में बुधवार की सुबह हलीम (25 वर्ष) ने घर के बाहर लगे टीन शेड की बल्ली से रस्सी के सहारे लटक कर जान दे दी। कुछ देर उसकी परिजनों को जैसे ही घटना की जानकारी हुई घर में कोहराम मच गया। पिता सलामत उल्ला ने घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### पुलिस के हत्थे चढ़े ईनामी हत्यारोपी

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। उदयपुर पुलिस ने बीते वर्ष एक अगस्त को थाना क्षेत्र के कुम्भीआइमा गांव में आदिल हत्याकांड के आरोपी आशीष सिंह पखनपुर तथा मुबारक पुर के मान सिंह उर्फसौरभ को हिरासत में ले लिया। उदयपुर पुलिस के मुताबिक मान सिंह के पास से एक अदद तमंचा तथा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक वांछित दोनों आरोपियों पर एसपी द्वारा 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

जगदीशपुर ( **अमेठी** )। संदिग्ध परिस्थितियों में स्कूल के सामने झाड़ी में युवक शव मिला। कमरौली थाना क्षेत्र के रोड़ नम्बर दो पर स्थित क्रिश्चियन स्कूल के सामने झाड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात युवक का शव मिला । स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और पुलिस मामले की जाँच पड़ताल कर रही है ।इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष संदीप राय ने बताया कि शव लगभग एक सप्ताह पूर्व लग रहा है जिसे पीएम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा हो पाएगा ।फिर भी जांच पड़ताल की जा रही है ।

### दुकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

मसौली ( **बाराबंकी** )। सफदरगंज चौराहे पर एक फुटवियर दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नकदी समेत हजारों की चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। लखनऊ अयोध्या हाईवे स्थित सफ्दरगंज चौराहे पर पुलिस पिकेट से दो सौ मीटर की दूरी पर अंशु फुटवियर की दुकान का मंगलवार की देर रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर 15 जोड़ी जूते, छह जोड़ी बनियान व अन्य सामान सहित गल्ले में रखे 600 रुपये की नगदी चोरी कर ले गए। बुधवार की सुबह जब आसपास के लोगों से फुटवियर दुकान के मालिक सुरेन्द्र कुमार को घटना की जानकारी हुई।

### घायल पैरोकार की इलाज के दौरान मौत

मसौली ( **बाराबंकी** )। वुधवार की देर शाम सफ्दरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उधौली के निकट हुई दुर्घटना में घायल टिकैतनगर थाने के पैरोकार की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। मृतक पैरोकार वर्ष 2016 के आरक्षी व घाटमपुर कानपुर का निवासी था। विदित हो कि कल देर शाम न्यायालय कार्य के बाद थाना टिकैतनगर में तैनात पैरोकार आरक्षी सुनील कुमार अपनी बॉइक से दरियाबाद थाने की महिला आरक्षी के साथ वापस जा रहे थे कि अयोध्या. लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित उधौली चौराहे के निकट अचानक सांड़ के आ जाने से मोटरसाइकिल टकरा गयी, जिसमे पैरोकार सुनील कुमार पुत्र रमेश चंद्र निवासी घाटमपुर जनपद कानपुर नगर गम्भीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए आइकॉन अस्पताल लखनऊ में भर्ती कराया गया। जहां रात्रि में इलाज के दौरान मौत हो गयी। दुर्घटना के दौरान बॉइक पर सवार दरियाबाद थाने में तैनात महिला आरक्षी मंजू यादव को भी मामूली चोटें आई है।

### जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

फतेहपुर ( **बाराबंकी** )। मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र अंतर्गत जहरीले जीव जंतु के काटने से एक युवक की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम रिछली मे विकास कुमार पुत्र छोटेलाल (23 वर्ष) अपने घर के कमरे में लेटा हुआ था। बीती रात जहरीले किसी जीव जंतु ने काट लिया। जिसकी जानकारी सुबह परिजनों को हुई। परिजन आनन फानन इलाज हेतु सीएससी सूरतगंज ले गए। जहां पर डाक्टरों ने विकास कुमार को मृत घोषित कर दिया।

### मनीष जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव नियुक्त

**मिर्जापुर।** कांग्रेस पार्टी ने गुरूवार को छात्र संघ के महासचिव रह चुके मनीष दूबे को जिला कमेटी का सचिव मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन ऐसे समय किया गया है जब कि पूर्व जिलाध्यक्ष माता प्रसाद दूबे के निधन से जिला मर्माहत है। बधाई देने वालों में पूर्व एमएलसी राजेश पति त्रिपाठी पूर्व एमएलए ललितेश पति त्रिपाठी पूर्व एमएलए भगौती प्रसाद चौधरी पूर्व महासचिव और प्रवक्ता आशुतोष दूबे कमलेश दूबे, राजेन्द्र शुक्ला, विजय दूबे, राजेश यादव, जनार्दन सिंह, धीरेन्द्र मिश्रा, राम सिंह एडवोकेट, विधि सिंह, राजेश नारायण तिवारी, राजधर दूबे, अन्जनी नन्दन पाण्डेय, विजय दूबे, आसिफखां आदि शामिल हैं।

### राख लदी ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतरी

बीजपुर ( **सोनभद्र** )। स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा नेमना मे बीजपुर रेनुकूट मार्ग पर गुरुवार की सुबह चेतवा चढ़ाई पर राख लदी हुई एक ट्रक के सड़क के किनारे अनियंत्रित होकर उतर गई। दुर्घटना में चालक व खलासी बाल बाल बच गए। जानकारी के अनुसार ट्रक स्थानीय एनटीपीसी स्टेशन से राख लादकर वाराणसी के लिए जा रही थी। राख लदी ट्रक ओवरलोड होने के कारण चेतवा चढ़ाई पर अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे उतर गई। संयोग अच्छा ही था कि सड़क के बगल में गढ्ढा था नहीं तो ट्रक को खाई में गिरने से कोई नहीं रोक पाता।

## ऑनलाइन रोजगार मेला 29 जुलाई को

**देवरिया।** जिला सेवायोजन अधिकारी वकील अहमद अंसारी ने बताया है कि निजी क्षेत्र की विधिक सेक्टरों की कंपनियों द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया के तत्वावधान में 29 जुलाई को पूर्वाह्न 10रू30 बजे से घर बैठे ऑनलाइन रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार के इच्छुक प्रतिभागियों को जिला सेवायोजन कार्यालय देवरिया आने की आवश्यकता नहीं है, कंपनी के एच0आर0 द्वारा आवेदक बेरोजगार के मोबाइल नंबर से ही घर बैठे साक्षात्कार लिया जाएगा एवं उसका चयन किया जाएगा। आवेदन अपने यूजर आई0डी0 के माध्यम से सेवायोजन विभाग के वेबपोर्टल एसईडब्लुवाईओ जेएएन.यूपी .एनआईसी पर अपनी योग्यता के अनुरूप कंपनी आवेदन करना होगा।

## तमन्चे के साथ गिरफ्तार

**देवरिया ।** थाना बनकटा पुलिस द्वारा एक अदद देशी तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस साथ 01अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया बुधवार को उ0नि0 रमेश सिंह मय हमराही देखभाल क्षेत्र, रोकथाम अपराध, तालाश वांछित अभियुक्त हेतु क्षेत्र मे भ्रमणशील थे, कि मुखबिर की सूचना पर एकडंगा चौराहे से एक अभियुक्त को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता राजू चौरसिया पुत्र रामाजी चौरसिया सा0 सोहनपुर थाना बनकटा, देवरिया बताया। उक्त अभियुक्त थाना बनकटा के टापटेन अपराधियों में से एक था, जिसे थाना बनकटा पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 01अदद नाजायज देशी तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। बरामद एक अदद देशी तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस को कब्जे में लेते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुये थाना बनकटा पुलिस द्वारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही किया गया।

## छह गोवंशीय पशु के साथ तीन गिरफ्तार

**देवरिया ।** थाना खुखुन्दू पुलिस द्वारा एक अदद पीकप वाहन व 6 राशि गोवंशीय पशुओं के साथ 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, थानाध्यक्ष श्यामसुन्दर मय हमराही देखभाल क्षेत्र, रोकथाम अपराध, तालाश वांछित अभियुक्त हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील थे, कि मुखबिर की सूचना पर मकुनही चौराहे से एक पीकप वाहन सं- यूपी-52 एटी-0207 के साथ तीन व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर उनके द्वारा अपना नाम व पता ,धर्मेन्द्र शर्मा पुत्र सुन्नर शर्मा सा व थाना खुखुन्दू देवरिया। सद्दाम अंसारी पुत्र मो. सुफ ी सा व थाना खुखुन्दू, देवरिया। जमुना यादव पुत्र अज्ञात सा चकसराय बदलदास थाना कोतवाली, देवरिया बताया। वाहन की सघन चेकिंग की गई जिसमें से 6 राशि गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक लादा गया था। बरामद 6 राशि गोवंशीय पशुओं को कब्जे में लेते हुये अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध थाना खुखुन्दू पुलिस द्वारा 3,5,8 गोवध निवारण अधि व 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## अंतिम वर्ष की परीक्षा 17 अगस्त से प्रस्तावित

**जौनपुर ।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय सत्र 2019.20 की अवशेष परीक्षाओं को कराने के संदर्भ में परीक्षा समिति की बैठक बुधवार को कुलपति सभागार में की गई। बैठक का संचालन करते हुए परीक्षा नियंत्रक श्री व्यास नारायण सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा भेजे गए शासनादेश के विकल्पों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में शासनादेश के बिंदु 7;1द्ध और बिंदु8 ;1द्ध को छोड़कर सभी विकल्पों को आम सहमति से लागू करने का निर्णय लिया गया। परीक्षा नियंत्रक ने कहा कि जो परीक्षाएं हो चुकी है उनके मूल्यांकन के लिए एक समिति बनाई जाएगी। साथ ही अवशेष परीक्षाओं के परीक्षा केंद्र पूर्व निर्धारित ही रहेंगे। 6 अगस्त से होने वाली परीक्षा की तिथि बढ़ाकर 17 अगस्त प्रस्तावित की गई। बैठक में प्रोअविनाश पार्थिडकर, प्रो राम नारायण,डॉ राजकुमार सोनी; कार्यकारी संकाय अध्यक्ष,डॉ वशिष्ठ यति, डॉ रणविजय सिंह, डर. बाल गोविंद सिंह,डॉ सविता भारद्वाज, डॉण् ओम प्रकाश सिंह, डॉ विजय कुमार सिंहए डॉ राहुल सिंह समेत सभी संकाय अध्यक्ष और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## आजाद की मनाई जयंती

**मुग़लसराय-चन्दौली ।** शहर कांग्रेस कमेटी के कालीमहाल स्थित पार्टी कैम्प कार्यालय चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती मनाई गयी।इस दौरान उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की गयी उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए निवर्तमान शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कि क्रांतिकारी आजाद का जन?म 23 जुलाई को उत?तर प्रदेश के उन?नाव जिले के बदरका गांव में 1906 में हुआ था अपनी भारत मां को अंग्रेजों के जुल्म से आजाद कराने के लिए मुस्कुराते हुए जान लुटाने वालों में से एक थे।कार्यक्रम में दयाराम पटेल,विजय कुमार गुप्त, फ़ैयाज़ अंसारी,मनोज पांडेय,शैलेंद्र कुमारएदीपक गुप्ता,राजेश कुमारएरोहित आदि लोग थे।

# भाजपा ने मनाई अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती



**संवाददाता।** देवरिया

**अंग्रेजों** के खिलाफ आजादी की लड़ाई के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर आचार्य व्यास मिश्र स्मृति देवरिया महोत्सव समिति द्वारा पोस्टमार्टम चौराहे पर स्थित चन्द्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने 'भारत मां के अमर सपूत चंद्रशेखर आजाद को याद करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद जी से अंग्रेजी हुकूमत थर-थर कांपती थी, उन्होंने कहा था कि ष्मैं आजाद था, आजाद हूं, आजाद रहूंगाष् और वो सच में अपनी अंतिम सांसों तक आजाद रहे. उनके राष्ट्रप्रेम ने देश के लाखों युवाओं के हृदय में स्वाधीनता की लौ जलाई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधान संघ के जिलाअध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में हजारों-लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान न्योछावर किया, जिसमे चन्द्रशेखर आजाद जी ने भी भारत माँ को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दिया, इनका बलिदान युगों युगों तक याद रखा जाएगा।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय उपाध्याय ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद जी की जीवनी से आज भी देश के युवा प्रेरणा लेते हैं. मध्य प्रदेश में 23 जुलाई 1906 को चन्द्रशेखर आजाद का जन्म हुआ, करीब 14 साल की उम्र में वो आंदोलनों से जुड़ गए. उसी वक्त उन्हें जेल भी जाना पड़ा और उसके बाद अंग्रेजों को हमेशा ही चंद्रशेखर आजाद खटकते रहे. आजाद ने ठानी थी कि कोई अंग्रेज उन्हें कभी जिंदा नहीं पकड़ पाएगा और ऐसा ही हुआ, अंतिम समय मे उन्होंने अल्फ्रेड पार्क (चन्द्रशेखर आजाद पार्क) प्रयागराज में अंग्रेजो से घिर जाने के बाद अपनी ही बंदूक की गोली से अपने प्राणों की आहुति दे दी।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करके उनको याद किया। कार्यक्रम के अंत मे संस्था के रितेश कुमार शर्मा ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो के पूर्व जिलाअध्यक्ष अजय कुमार उपाध्याय, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा ,भाजपा पूर्व जिला मंत्री चंद्र प्रकाश सिंह, धनुषधारी मणि त्रिपाठी, अम्बिकेश पांडेय , समिति के अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र, रितेश कुमार शर्मा, राजू मिश्र उपस्थित रहे।

आजाद हिंद सेना वाहिनी ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की मनाई जयंती देवरिया । आजाद हिंद सेना वाहिनी द्वारा पोस्टमार्टम चौराहे पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा को साफ सफाई कर माल्यार्पण कियावही इनकी प्रेरण पर चलने का संकल्प लिया । गुरूवार को अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए आजाद हिंद सेना वाहिनी के संस्थापक ऋषि कुमार पांडे ने कहा कि अमर शहीद की जयंती आजाद हिंद सेना वाहिनी द्वारा बनाई जाती है सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए आजाद जी की जयंती आयोजित की गई इस दौरान अशोक मालवीय अभिषेक चौरसिया ने कहा कि उनके प्रेरणा युवाओं को लेनी चाहिए जो देश की आजादी में अपना सर्वस्व निछावर कर दिया उस देश को सही मुकाम पर पहुंचाना युवाओं के कंधों पर है इस दौरान मुकेश बैरागी सत्यनारायण सिंह ने प्रशासन द्वारा की गई उपेक्षा पर प्रश्न उत्तर आया इस अवसर पर अशोक गौड़ अकाश वर्मा अरविंद तिवारी विनोद शर्मा रत्नेश सिंह पवन शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# देवरिया में पूर्व विधायक सहित 29 पॉजिटिव

**संवाददाता।** देवरिया

**देवरिया** में पूर्व विधायक और सिपाहियों समेत 29 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसमें जिला अस्पताल के पूर्व क्वालिटी मैनेजर भी शामिल हैं। जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या 732 हो गई हैं। संक्रमितों के कार्यालय में आवाजाही की वजह से सीएमओ कार्यालय को सैनिटाइज कराया गया। 421 लोग स्वस्थ्य होकर घर जा चुके है। एक्टिव केस की संख्या 264 बताया जा रहा है। अभी तक सात लोगों की मौत हो चुकी हैं।वही दैनिक जागरण के पत्रकार सौरभ मिश्र भी शामिल है । पुलिस लाइन के चार सिपाहियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। सैंपल देने के बाद तीनों सिपाही कई बार सीएमओ कार्यालय रिपोर्ट जानने के लिए गए थे और कर्मचारियों के साथ काफी देर तक बैठकर बातचीत भी किए। सदर के पूर्व विधायक की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। पार्टी के कई जनप्रतिनिधियों एवं व्यापारियों के साथ इनका उठना-बैठना रहा है। इनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद संपर्क में रहने वाले लोगों में दहशत है। जिला अस्पताल के तत्कालीन क्वालिटी मैनेजर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। फिलहाल इनकी तैनाती गोरखपुर जिला अस्पताल में है। यह सलेमपुर कस्बा में एक दांत का अस्पताल चलाते हैं। अस्पताल पर आने वाले लोगों को स्वास्थ्य महकमा ट्रेस करने में जुटा है

भटनी थाने का एक सिपाही कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। वह क्वारंटीन सेंटर से थाने पर आया था। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उसे इलाज के लिए देवरिया भेजा गया। थाने को सैनिटाइज कराया जा रहा है। एसओ समेत सभी कर्मियों की सैंपल जांच में भेजी जाएगी। वहीं थाने को सील कर कार्यालय में जाने पर मना किया गया है। पॉजिटिव युवक अवकाश पर घर गया था। ड्यूटी पर लौटने पर उसे क्वारंटीन किया गया था। वहीं उसका सैंपल भी जांच में गया था। पॉजिटिव आने पर थाने और नगर में किराए पर रह रहे सिपाही के सम्पर्क में आने वाले लोगों की जांच कराई जाएगी। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. एनपी सिंह ने बताया कि पॉजिटिव सिपाही को इलाज के लिए भेजा गया है।

## व्यापारी के परिवार के चार सदस्य पाए गए संक्रमित, एक की जाचुकी है जान

**जौनपुर ।** आज फिर कोरोना का विस्फोट हुआ है आज आये रिपोर्ट में एक प्रतिष्ठित व्यापारी के परिवार के चार लोग समेत 19 लोग कोविड .19 के मरीज पाए गए है ए इसमे विकास भवन में स्थित यूबीआई का एक कर्मचारी भी शामिल है ।डीएम दिनेश कुमार सिंह के अनुसार आज 19 लोगो की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है ।मालूम हो कि केराकत कस्बे के मोतीचंद्र एण्ड सन्स के मालिक कैलाश चंद्र की तबियत खराब होने पर 16 जुलाई को बीएचयू में ले जाया गया ए वहां पर इलाज के साथ कोविड का नमूना लेकर उन्हें घर भेज दिया गया ए 17 जुलाई को उनका घर पर ही निधन हो गया । 21 तारीख को मृतक का रिपोर्ट पॉजिटिव आने से स्वास्थ्य विभाग व व्यापारी के परिवार में कोहराम मच गया । उसके बाद व्यापारी के परिवार व उनके दुकान पर काम करने वालो समेत 30 लोगो का सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजा गया था आज टेस्ट में चार लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आयी है ।

इसके अलावा यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया विकास भवन शाखा का एक कर्मचारी भी संक्रमित हुआ है ।

## ट्रेसिंग के आधार पर 60 की सैंपलिंग



धानापुर-चन्दौली। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षेत्र के हेतमपुर और खडान गांव में ट्रेसिंग के आधार पर कोरोना जांच के लिए सैंपलिंग किया गया। ज्ञात हो कि पूर्व में इन गांवों में कोरोना के मरीज मिले थे । जिसको देखते हुए गांव के उन सभी लोगों का सैंपलिंग कराया गया जिसमें कोई भी लक्षण जुखामए खासी और बुखार का दिखाई देता था। चिकित्साधीक्षक डॉ जेपी गुप्ता ने बताया कि कोरोना संक्रमित मरीजों के मिलने जुलने वालों एवं उनके परिवार सहित आसपास के लोगों का सैंपलिंग कराया गया है जिसमे हेतमपुर में 51 तथा खडान में 9 लोगों का सैंपलिंग हुआ है। पूरे क्षेत्र में स्वाथ्य कर्मियों द्वारा थर्मल स्कैनिंग किया जा रहा है जहम जरूरत समझ मे आ रहा है वहां सैंपलिंग भी किया जा रहा

## फरसंड मोहनपुर मांटी गांव हुआ हॉट पॉट

**सकलडीहा-चन्दौली।** कोविड 19 का प्रकोप थमने का नाम नही ले रहा है। लगातार कोरोना के बढ़ते प्रभाव को लेकर अधिकारी दिन रात परेशान है। बुधवार की देर रात आयी रिपोर्ट में विकास खंड का 35 वर्षीय युवक कोरोना पाजीटिव निकला। इसकी खबर लगते ही गांव में खलबली मच गया। मौक पर पहुंचे नोडल अधिकारी ने गांव को हॉट स्पॉट कराते हुए सील कराया। इस दौरान सचिव को शीध्र ही गांव को सेनेटराइज कराने व डोर टू डोर खाद्यान मुहैया कराने का निर्देश दिया। लापरवाही बरतने पर शासन को रिपोर्ट भेजने की चेतावनी दिया।फरसंड मोहनपुर मांटीगांव का एक 35 वर्षीय युवक वाराणसी के एक निजी कम्पनी में काम करता है। लॉक डाउन के बावजूद भी प्रतिदिन वाराणसी से अप डाउन करता था। तबीयत खराब होने पर जिला अस्पताल में जांच कराया था। जांच रिपोर्ट पाजीटिव आने पर गांव में खलबली मच गया। डीएम के निर्देश पर गांव को हॉट स्पॉट घोषित करते हुए गांव को सील कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा सचिव को कर्मचारियों के माध्यम से डोर टू डोर सेनेटराइज कराने का निर्देश दिया। चेताया कि हॉट स्पॉट एरिया में किसी प्रकार की लापरवाही या शिकायत मिलने पर शासन को रिपोर्ट भेजा जायेगा। इस बाबत नोडल अधिकारी एई मुसाखाड़ सुरेश कुमार ने बताया कि गांव में युवक की रिपोर्ट आने पर गांव को हॉट स्पॉट कर दिया गया है।

## 22 कोरोना मरीजों का घर लौटने पर किया स्वागत

**मुग़लसराय-चन्दौली ।** नगर के वार्ड नम्बर 25 मैनाताली के सभासद राजेश जायसवाल सहित लगभग 24 कोरोना के पेशेंट गत 17 जुलाई को अस्पताल गये थे वही दिन गुरुवार को लगभग 22 कोरोना के पेशेंट सभासद सहित घर वापसी पर ढोल नगाड़ा व माला पहना कर जोरदार स्वागत व अभिनन्दन किया गया।सभासद की पत्नी अंजना जायसवाल पूर्व सभासद ने सभी को टीका लगाकर माला पहनाकर आरती उतार कर स्वागत व अभिनंदन किया। ततपश्चात क्षेत्रीय लोगो ने छत पर से फूलों की वर्षा कर तालिया बजाकर उनका स्वागत करते हुए सभी का हौसला बढ़ाया अभी कुछ लोगो का अस्पताल में इलाज चल रहा है डॉक्टर ने सभी पेशेंट को नियमानुसार खान पान लेने व एक हफ्ते के लिए घर में ही रहने लिए कहा है।

## कांग्रेस की नई कमेटी घोषित

**जौनपुर।** कांग्रेस पार्टी की बहुप्रतिक्षित जिला कमेटी की लिस्ट गुरूवार को आ गयी। नये कमेटी में बरिष्ठ नेताओ को दरकिनार करते हुए युवाओ को तरजीह दिया गया है। प्रदेश कार्यालय से आयी सूची में सभी वर्गो को जोड़ने व हर क्षेत्र में पहुंचने के लिए भारी भरकम कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें पांच उपाध्यक्षए नौ महासचिवए एक कोषाध्यक्ष और 27 लोगो को सचिव की जिम्मेदारी सौपी गयी है। इस नयी कार्यकारणी की जिला अध्यक्ष फैसल हसन तबरेज ने पार्टी कार्यालय पर विधिवत घोषणा की उपाध्यक्ष पद पर: राकेश मिश्रा,विशाल सिंह, हुकुम,विकास तिवारी, सुरेन्द्र वीर विक्रम बहादुर सिंह ,ीता चौरसिया,.धर्मेन्द्र निषाद को कोषाध्यक्ष,महासचिव पद परराजेश गौतम,.इंद्रमणी दुबे,हीरालाल पाल, आजम जैदी.उस्मान अली.राजकुमार निषाद.नीरज राय, डॉ प्रमोद सिंह, श्रीमती नीलम साहू, जिला सचिव पद पर,शव मिश्रा,.रविशंकर शुक्ला,ज्ञानेश सिंह, महेंद्र बेलवंशी, विकास अस्थाना, प्रवीण सिंह पिंटू, देवेंद्र मिश्रा, हासिम अली शाह आलम,संतोष गिरी, जयप्रकाश तिवारी, संजय सिंह चौहान, सत्यव्रत उपाध्याय,. प्रतिभा गौतम, प्रेमचंद्र यादव,राजीव निषाद, शैलेंद्र सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता,विजय प्रजापति, शिव शंकर सरोज, श्रीमती मंजू बनवासी, इंद्रजीत गौतम, सुरेश गौड़, राजकुमार शर्मा,. रोहित यादव,राजेश विश्वकर्मा एवं27. राजकुमार गुप्ता

# सौहार्द व शांति के साथ घरों में मनाएं बकरीद का पर्व : ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई संभ्रांत नागरिकों की बैठक

**संवाददाता।** मऊ



जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में बकरीद के त्योहार को लेकर शांति समित की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुआ। इस दौरान बकरीद पर्व को सौहार्द एवं शांति के साथ अपने-अपने घरों में मनाए जाने की अपील किया गया।

शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि बकरीद का त्योहार आप सभी लोग अपने-अपने घरों में ही एक निश्चित दूरी का पालन करते हुए मनाए।

साथ ही साथ अपने परिवार के बच्चों एवं सभी सदस्यों को कोरोना वायरस के बारे में अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करते हुए जागरुक करें। साथ ही परिवारिजनों को बेवजह घर से बाहर न जाने दिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सड़को एवं गलियों में भीड़ किसी भी कीमत पर एकत्र न होने दिया जाए। बताया गया कि कोरोना वायरस से बचने के लिए निश्चित दूरी बनाये रखना ही इसका एक उचित उपाय है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि सावन के सोमवार में किसी भी मंदिर में भीड़ देखने को नहीं मिली है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मॉस्क को लेकर और ज्यादा सख्ती बढ़ेगी तथा मॉस्क न लगाने वाले से जुर्माना भी वसूल किया जाएगा। क्योंकि मॉस्क न लगाने से अगले व्यक्ति को संक्रमित होने का खतरा हमेशा बना रहता है। कार्यक्रम का संचालन राजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत पूर्व सांसद सालिम अंसारी, नगर पालिका अध्यक्ष तैय्यब पालकी, अबूजर अंसारी, अबू फैसल, पंकज उपाध्यक्ष, दिनेश भारती, संजय वर्मा, लालजी वर्मा पूर्व अध्यक्ष भाजपा मोहम्मदाबाद गोहना, मौलाना खुर्शीद, फखरे आलम, इम्तियाज, भरत लाल राही, श्रीनिवास राय, कुरैशी साहब, प्रदीप

## डीएम के आदेश पर नगर क्षेत्र में सशर्त खुलीं दुकानें

**मऊ।** जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के निर्देश पर गुरुवार को सड़क के बायी पटरी तरफकी दुकानें सशर्त खुला। सड़क पटरी के बायी तरफकी दुकानें खुलने के बाद दुकानदारों ने काफी राहत की सांस लिया। वहीं दूसरी तरफसशर्त दुकानें खुलने के बाद बाजार में थोड़ी बहुत चहल-पहल भी दिखाई दिया। नगर क्षेत्र में दुकानें खुलने के साथ ही जिला प्रशासन द्वारा नियमों का सख्ती के साथ पालन भी कराया गया। जिले में कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा नगर क्षेत्र में 6 जुलाई से 20 जुलाई तक लॉक डाउन घोषित कर दिया गया था। लॉक डाउन के कारण नगर क्षेत्र की दुकानें पूरी तरह से बंद चल रहा था। लम्बे समय तक दुकानें बंद रहने के कारण दुकानदार काफी परेशान हो गए थे। साथ ही साथ दुकानदारों को काफी लम्बा आर्थिक क्षति भी उठाना पड़ा था। लेकिन इस बीच जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बुधवार की देर शाम को नगर क्षेत्र की दुकानों को गुरुवार से सशर्त खोलने का आदेश जारी कर दिया। दुकानों के सशर्त खुलने का आदेश जारी होते ही दुकानदारों ने काफी राहत की सांस लिया। जिलाधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने नगर क्षेत्र की दुकानों को सुबह 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक ही खोलने का आदेश जारी किया। जिलाधिकारी के आदेश के तहत गुरुवार को सशर्त नगर क्षेत्र की दुकानें दुकानदारों द्वारा खोला गया। इस दौरान सभी दुकानों पर मॉस्क व सेनेटाइजर की भी व्यवस्था किया गया था। साथ ही साथ सोशल डिस्टेसिंग का भी दुकानदारों द्वारा काफी सख्ती के साथ पालन कराया जाता रहा। नगर क्षेत्र में दुकानें खुलने के साथ ही दुकानदारों ने काफी राहत महसूस किया। उधर नगर क्षेत्र में दुकानें खुलने के साथ ही बाजार में थोड़ा चहल-पहल भी दिखाई दिया। लोग अपनी आवश्यकता के अनुसार बाजार में सामानों की खरीददारी करते हुए देखे गए।

## क्विक न्यूज

## दामिनी एप को करें अपलोड

### आकाशीय बिजली गिरने की 40 मिनट पूर्व ही मिल जायेगी जानकारी : जिलाधिकारी



**देवरिया।** जिलाधिकारी अमित किशोर ने आकाशीय बिजली से बचाव हेतु संचालित दामिनी एप को अपलोड किये जाने की अपेक्षा सभी से की है। उन्होने कहा है कि इस एप से बिजली गिरने की जानकारी 40 मिनट पूर्व ही मिलेगी। उन्होने कहा कि सभी लोग इस एप से जुडे व अपनी जानमाल की रक्षा आकाशीय बिजली से इसके माध्यम से करें। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा दामिनी एप संचालित की गयी है, जो 20 किलोमीटर के दायरे में आकाशीय बिजली की जानकारी 40 मिनट पूर्व ही दे देगी, जिससे लोग सचेत हो जायेगें और अपनी जान को बचा सकेगें। इस एप में जनसामान्य की सुविधा के लिये क्षेत्रीय भाषाओं सहित अन्त भाषायें भी सम्मिलित है,जो आसानी से लोगो तक संदेश पहुँचाने में उपयोगी होता है।

## सभी अधिकारी पदनाम से दो दिन के अन्दर बनाएं ट्विटर एकाउन्ट : डीएम

**देवरिया।** जिलाधिकारी अमित किशोर ने सभी जिला स्तरीय, तहसील एवं ब्लाक स्तरीय सभी अधिकारियों को अपने पदनाम से ट्वीटर एकाउन्ट सृजित किये जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि इस कार्य को वे प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करते हुए दो दिन के अन्दर अपने ट्वीटर आईडी को ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजीव कुमार मिश्रा को अनिवार्य रुप से उनके ई-मेल आईडी ईडीएमडीईओआरआईए एड दा रिड जीएर्मएआएल पर उपलब्ध करायेगें। इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता नही बरतने हेतु आगाह भी किया है। जिलाधिकारी श्री किशोर ने कहा है कि संचालित योजनाओं एवं विभागीय उपलब्धियों की जानकारी लोगो तक पहुँचे तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो, इसके लिये सभी अधिकारियों का ट्वीटर एकाउन्ट होना बहुत ही जरुरी है। ट्वीटर एकाउन्ट के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को उन्हे निस्तारण हेतु अग्रसारित किया जायेगा, ताकि त्वरित रुप से उसका समाधान हो सके। उन्होने इस परिप्रेक्ष्य में तैयार ट्वीटर आई0डी0 की सूचना ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर की ई-मेल आई0डी0 पर अनिवार्य रुप से सुलभ कराये जाने के निर्देश सभी जिला स्तरीय, उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों, सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक को दिया है।

## तेज रफ्तार मैजिक ने किसान को रौंदा गुस्साई भीड़ ने सड़क पर लगाया जाम

**देवरिया ।** तरकुलवां में हुए सड़क हादसे में एक किसान की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोगों ने देवरिया-कसया मार्ग को जाम कर दिया। ये लोग मौके पर डीएम-एसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे। तरकुलवां थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर के रहने वाले अमरीश दूबे(38) पुत्र स्व प्रेमल दूबे गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे चौराहे पर किराना का सामान लाने गए थे। वापस लौटते समय घर के सामने ही देवरिया की तरफसे कसया जा रही तेज रफ्तार मैजिक ने उन्हें रौंद दिया। इस हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद गाड़ी छोड़कर चालक फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आक्रोशित लोगों ने लक्ष्मीपुर चौराहे पर ही देवरिया-कसया मार्ग जाम कर दिया। इससे आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। चौकी इंचार्ज कविंद्र प्रताप सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया तो लोग और आक्रोशित हो गए और पुलिसकर्मियों से भी नोकझोंक करने लगे। आक्रोशित भीड़ मौके पर डीएम और एसपी को बुलाने की मांग कर रही थी। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही अमरीश दूबे के घर में कोहराम मच गया। पत्नी वंदना देवी का रो रोकर बुरा हाल है। अमरीश की एक बेटी कुसुम (15) व दो बेटे अभिषेक (12) और पंकज (10) हैं। पूरे परिवार की जिम्मेदारी अमरीश के कंधे पर ही थी। परिजनों की चीख से मौके पर मौजूद लोगों की ऑखे भर जा रही थी।

## क्यों नहीं मिली पूर्व सांसद धनंजय को जमानत

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अपहरण व रंगदारी के मामले में धनंजय के सहयोगी विक्रम सिंह की जमानत अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने मंजूर कर लिया। जमानत के समय वादी अभिनव सिंघल का मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान का हवाला दिया गया जिसमें वादी एफआई आर में कहे गए कथनों से मुकर गया है और कहा कि आरोपियों ने न तो उसका अपहरण कराया न ही रंगदारी मांगी और न कोई धमकी दी गई ।इसी आधार पर कोर्ट ने जमानत दे दिया। धनंजय सिंह को भी इसी कोर्ट से जमानत मिल गई होती यदि वादी का घटना से मुकरने का हलफनामा सीजेएम कोर्ट की बजाय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की कोर्ट में दिया गया होता और कोर्ट के माध्यम से विवेचक के पास भेजा गया होता तब विवेचक वादी का धारा 164 का कलमबंद बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष कराते और यहीं से जमानत हो जाती।

जैसा कि विक्रम के मामले में किया गया लेकिन धनंजय के प्रकरण में यह प्रक्रिया नहीं अपनाई जा सकी और जमानत निरस्त हो गई ।धनंजय की हाई कोर्ट में जमानत पर सुनवाई 27 जुलाई को है ।10 मई 2020 को नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल ने अपहरण व रंगदारी की एफ आई आर धनंजय व विक्रम के खिलाफ दर्ज कराया था तब से दोनों जेल में है। जमानत के बाद विक्रम अब रिहा हो जाएगा।

## सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की हुई बैठक

**धानापुर-चन्दौली।** समाजवादी पार्टी की सैयदराजा विधानसभा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की आवश्यक बैठक गुरूवार को विधानसभा अध्यक्ष नईमूल हक खान के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को अगले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारी करने का आह्वान किया गया। पार्टी के विकासपरक कार्यों और नीतियों को घर घर पहुचाने के लिए रणनीति बनाई गई। अध्यक्षता कर रहे नाईमुल हक खान ने कहा कि पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान बराबर है ए प्रदेश में चहुमुखी विकास के लिए एक बार फिर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लेना होगा। बैठक में जमील अहमद को सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का पुनः जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। इस मौके पर मन्नान अहमदए खुर्शीद आलमए हाजी एकलाख खांए सहरे आलम खांए दिलशाद खांए इसरारूल हकए मंजूर आलमए हाजी बिसमिल्ला इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## गोकशी की घटना पर लगेगा रासुका

**मऊ।** बकरीद पर्व के दौरान पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सख्ती के साथ चेतावनी देते हुए कहा कि गोकशी की घटना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर क्षेत्र में कहीं पर भी गोकशी की घटना हुई तो उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई तत्काल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त किसी भी जगह पर सामूहिक कुर्बानी, सामूहिक पूजा एवं कोई भी सामूहिक कार्यक्रम नहीं होगा। साथ ही साथ कोई धार्मिक जुलूस नहीं लगेगा तथा कोई ऐसा कार्यक्रम नहीं होगा जिसमें 5 लोगों से ज्यादा लोग उपस्थित हो। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो 112 नंबर पर संपर्क करें पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहेगी।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 24 जुलाई 2020



# बिना मास्क वाले लोगों को किसी प्रकार का सामान ना बेचें: डीएम

संवाददाता। प्रतापगढ़



**जिलाधिकारी** डा. रूपेश कुमार ने जनपद के समस्त व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि नोवेल कोरोना वायरस से होने वाली बीमारी को महामारी घोषित किया जा चुका है। इस बीमारी का अभी तक कोई प्रभावशाली उपचार उपलब्ध नही हुआ है। ऐसी स्थिति में उचित सावधानी एवं संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क से बचाव द्वारा ही इस बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। चिकित्सीय विशेषज्ञों द्वारा कोविड-19 से रोकथाम व बचाव हेतु प्रत्येक व्यक्ति को फेस कवर (मास्क) पहनना आवश्यक बताया गया है। अत: ऐपिडेमिक एक्ट 1897 एवं उप्र एपिडेमिक डिजीज (कोविड-19) विनियमावली 2020 के संगत प्राविधानों के अन्तर्गत नियमावली के लागू रहने की अवधि में एतद्द्वारा प्रदेश में प्रत्येक व्यक्ति को घर से बाहर सार्वजनिक स्थलों में निकलते समय फेस कवर (मास्क) पहनना अनिवार्य किया गया है। जिलाधिकारी ने इसके सम्बन्ध में सभी व्यापारिक, प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों/स्वामियों से कहा है कि बिना मास्क वाले व्यक्ति को किसी प्रकार का विक्रय न करें एवं दुकान या प्रतिष्ठान के अन्दर बैठे लोग भी मास्क लगा कर बैठे। जिलाधिकारी ने सभी को यह भी अवगत कराया है कि बिना फेस कवर के घर से बाहर सार्वजनिक स्थलों पर जाना एपिडेमिक एक्ट 1897 एवं उप्र एपिडेमिक डिजीज (कोविड-19) विनियमावली 2020 का उल्लंघन माना जाएगा और तद्नुसार विधिक कार्यवाही व अर्थदण्ड के भी प्राविधान किए गये है। मॉस्क न लगाये जाने पर सम्बन्धित से 500 रूपये के अर्थदण्ड की वसूली की जाएगी।

## अब ड्रोन कैमरे से होगी कंटेनमेंट जोन की निगरानी: डीएम

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने बताया कि कोविड-19 कोरोना वायरस के संक्रमण के नियंत्रण हेतु जनपद में कंटेनमेंट जोन की अब ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की जाएगी। उन्होंने बताया कि कंटेनमेंट जोन के अंदर लॉकडाउन से संबंधित जो गाइडलाइन जारी की गई है उसका लोगों द्वारा पालन किया जा रहा है या नहीं किया जा रहा है इसकी जानकारी ड्रोन कैमरे के माध्यम से ली जाएगी साथ ही जो लोग लॉकडाउन का उल्लंघन करते पाए जाएंगे उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज अमेठी में बने कंटेनमेंट जोन की ड्रोन कैमरा के माध्यम से निगरानी की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कोविड-19 का संक्रमण बहुत तेजी से फैल रहा है जिसके दृष्टिगत कंटेनमेंट जोन के अंदर ड्रोन कैमरे के माध्यम से कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# एक साल के बच्चों को नि:शुल्क लगेगी पीसीवी वैक्सीन : जिलाधिकारी

### पीसीवी वैक्सीन कार्यशाला का किया शुभारम्भ

संवाददाता। प्रतापगढ़

जिलाधिकारी डा. रूपेश कुमार ने मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय के सभागार में पीसीवी (न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन) वैक्सीन की दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वैक्सीन एक अगस्त तक जनपद में आ जाएगी। इस वैक्सीन के सम्बन्ध में जनपद स्तर, ब्लाक स्तर में प्रशिक्षण के उपरान्त आठ अगस्त से जिले में सत्रों पर एक वर्ष के छोटे बच्चों को तीन डोज में दी जायेगी। प्रथम डोज बच्चे के डेढ़ माह पूर्ण करने पर, द्वितीय डोज साढ़े तीन माह एवं तृतीय बूस्टर डोज नौ माह के बच्चों को दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि छोटे बच्चों के मृत्यु का कारण निमोनिया है। वर्ष 2015 के अनुमान के अनुसार भारत में 1000 नवजात शिशुओं में से सात बच्चों की निमोनिया से मृत्यु हो जाती थी जिसका मुख्य कारण स्टेप्टोकोकस निमोनिया होता था। पीसीवी वैक्सीन (न्यूमोकोकल कॉन्जुगेट वैक्सीन) न्यूमोकोकस वैक्टीरिया से होने वाली निमोनिया एवं अन्य बीमारियों से बचाव का सबसे कारगर तरीका है। इस वैक्सीन के इस्तेमाल से बच्चों में निमोनिया की बीमारी एवं बाल मृत्युदर में काफी कमी आएगी। पीसीवी वैक्सीन काफी महेंगी है जो अभी तक प्राइवेट चिकित्सकों के पास ही उपलब्ध थी जिसे भारत सरकार द्वारा अब से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान मुफ्त में उपलब्ध करायी जायेगी। पूर्व के चरणों 2017 में उत्तर प्रदेश के 19 जिलों में यह वैक्सीन प्रारम्भ की जा चुकी है।

## क्विक न्यूज

### असलहा लहराने वाले 11 आरोपी पकड़े

फतेहपुर (**बाराबंकी**)। खेत मे भैस चले जाने पर हुई मारपीट में असलहा लहराने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध मुखबिर की सूचना पर मो. पुर खाला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनकी निशानदेही पर तीन तमंचे व जिन्दा कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्तों को जेल रवाना कर दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आरएस गौतम ने बताया कि बीते 20 जुलाई को पुत्तीलाल की भैस अनन्तराम के खेत में चली गयी थी। इसी बात को लेकर दो पक्षों मे लाठी-डण्डों से मारपीट हो गयी थी तथा जान से मारने की नियत से एक दूसरे के ऊपर तमंचे से फायर की गयी थी। अभियुक्त ननकुन्ने की निशानदेही पर एक अदद तमंचा 12 बोर, दो अदद खोखा कारतूस 12 बोर, एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया है।

### युवक का दो दिन बाद मिला शव

फतेहपुर (**बाराबंकी**)। गुरसेल गांव के पास शारदा नहर में छलांग लगाने वाले युवक का शव दो दिन बाद बृहस्पतिवार को नहर के पानी मे उतराता हुआ मिला। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुरसेल निवासी जावेद को किडनी की गंभीर बीमारी थी। लखनऊ में उसका इलाज चल रहा था। मंगलवार को शाम जावेद अपने मामा के साथ वापस लौट रहा था, इस दौरान गुरसेल के नहर पुल पर जावेद ने रेलिंग पर चढ़कर नहर में छलांग लगा दी थी। बृहस्पतिवार को जावेद का शव नहर के पानी मे उतराता हुआ मिला। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकाला।

### रेलवे पुलिस ने पकड़े तीन टिकट दलाल

जगदीशपुर (**अमेठी**)। चल रही शिकायत पर रेलवे पुलिस व सीआईबी की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर तीन टिकट दलाल को धर दबोचा जिनके खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा के अंतर्गत मुकदमा दर्जकर जेल भेजा गया है। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के निहालगढ़ रेलवे स्टेशन पर टिकट दलालों की शिकायत के बाद रेलवे आरपीएफ के इंसपेक्टर शत्रुहन सिंह व रेलवे सीआईबी के जसवंत सिंह ने छापेमारी कर मुख्य पर्वेक्षक रमेश यादव , लल्लन पाठक निवासी कस्बा निहालगढ़ व दिनेश तिवारी भगवानदीन का पुरवा को टिकट की कालाबाजारी करते हुए गिरफ्तार किया। जिनकी तलाशी के दौरान इनके पास से छह टिकट लखनऊ-दिल्ली व लखनऊ-अहमदाबाद साथ ही कुछ नगदी तत्काल फार्म आदि बरामद किया है। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर शत्रुहन सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ 143 रेलवे के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया है ।

### बैंककर्मियों की मनमानी से परेशान आमजन

शुकुल बाजार (**अमेठी**)। बैंक ऑफबड़ौदा शाखा शुकुल बाजार कर्मचारियों की मनमानी के चलते आम जनता की अंगुली हमेशा ही इस बैंक पर उठती रही है। स्टाफ द्वारा खाताधारकों के साथ सही व्यवहार नहीं किया जा रहा है जिससे खाताधारक परेशान है। शिकायत भी करते हैं परंतु कोई कार्रवाई इन कर्मचारियों पर नहीं होती। जिससे पूरी तरह मनमाने ढंग से काम कर खाताधारकों को लगातार परेशान किया जा रहा है। शाखा परिसर में बगल में लगा एटीएम महीने में दो.चार दिन छोड़कर कभी नहीं चला है । जहां एक ओर पूरा देश कोरोना महामारी के चलते बीमारी से जूझ रहा है वही इस शाखा में तैनात कर्मचारी पूरी तरह नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं । बगैर मास्क पहने ही कार्य करते दिखाई पड़ रहे हैं । शाखा परिसर के बाहर लगी ग्राहकों की भीड़ देखकर आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि यहां पर किस तरह से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जा रहा है।

### तीन के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ जमीनी विवाद को लेकर हत्या के प्रयास तथा मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के देवापुर चौखड़ निवासी अयोध्या प्रसाद वर्मा ने दी गयी तहरीर में कहा है कि गांव के इन्द्रेश की पत्नी सुनीता तथा अमर बहादुर वर्मा व पिंकी ने बीती बाइस जुलाई को 12 बजे दिन वर्मा नगर के समीप इनहन मोड़ पर खेत में धावा बोलकर उसे तथा परिवार के लोगों को मारापीटा। आरोपियों ने लाठी डंडे व कुल्हाड़ी से लैस होकर पीड़ित की मॉ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे चुटहिल उसकी मॉ मौके पर बेहोश हो गयी। आरोपियों ने उसकी बहन को भी मारपीटकर जख्मी कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुधवार की रात अमर बहादुर वर्मा समेत तीन के खिला फहत्या के प्रयास व जांनलेवा धमकी का केस दर्ज किया है।

### चोरों ने लाखों रुपये की नगदी उड़ाए

मसौली (**बाराबंकी**)। बीती रात्रि सफ्दरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उधौली में अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नगदी सहित कीमती जेवरातों को साफ कर दिया पीड़ितो ने पुलिस में चोरी की तहरीर दी है। बुधवार की देर रात्रि उधौली निवासी बकरा व्यवसायी मुनव्वर पुत्र मो. शकूर सुबह जब जगे तो देखा बकरे आदि खरीदने के लिए रखे दो लाख की नगदी सहित सोने की झुमकी, पांच जोड़ी चांदी की पायल, सोने की दो अंगूठी, मंगलसूत्र सहित अन्य कीमती सामान उठा ले गये। इसके अलावा चोरों ने उधौली गांव के ही रविप्रकाश कौशल पुत्र हरिनारायण के घर में दस्तक देकर सात हजार की नगदी सहित सोने का मंगलसूत्र एव चैन को गायब कर दिया। इसी तरह गांव के अन्य दो घरो में चोरों ने असफल चोरी का प्रयास किया।

### प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार

**सुल्तानपुर**। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना में अफसरों की लापरवाही और भ्रष्टाचार के दीमक ने खोखला कर दिया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना से बनी इसौली से पारा बाजार, बल्दीराय होते हुए देवरा मार्ग पर ग्रामीणों को सुगम भरी राह के सपने को चकनाचूर कर दिया। सुविधाजनक सफर को दर्द भरे सफर में तब्दील कर दिया है।

# बेवजह बाहर विल्कुल भी ना निकलें: जयराम

### ग्रामीणों को मास्क व सेनेटाइजर का वितरण किया गया

संवाददाता। प्रतापगढ़

**विकास** खण्ड मंगरौरा अन्तर्गत ग्राम सभा कोहंडौर स्थित पूरे लोकई में कोविड -19 को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए आयोजित किया गया। इस दौरान समाज सेवी जयराम द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को मास्क व सेनेटाइजर का वितरण किया गया।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि कोविड-19 जैसी महामारी से बचाव के लिए हम सबको जागरूक होना होगा और यदि आवश्यक न हो तो बाहर विल्कुल भी न जायं। जितना हो सके अपने सभी कामों को घर से ही करने का प्रयास करें। इस अवसर पर उपस्थित पैनल एडवोकेट अरविन्द कुमार शुक्ल ने कहा कि व्यक्ति को इस बीमारी यदि बचना है तो सबसे पहले स्वंय को सुरक्षित व स्वस्थ रखे और अपने इम्युनिटी सिस्टम को बढ़ाने के लिए केवल ताजा व गर्म भोजन करें तथा योगा व प्राणायाम नित्य अपने घर पर ही करें। इस अवसर पर उपस्थित पैरा लीगल वालंटियर युगेश तिवारी ने कहा कि अगर हम सभी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सरकार व चिकित्सकों को दिये जा रहे सुझावों पर अमल करें तब हम इस बीमारी से निजात पा सकते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवक मंगल दल कोहंडौर अध्यक्ष सुमित शुक्ल, सुजित शुक्ल,अंकित दूबे, अतुल दूबे, सौरभ दूबे, ऋषभ दूबे, विशेष शुक्ला, आशुतोष दूबे, मनीष जयसवाल, आनन्द जयसवाल समेंत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पुष्टाहार से शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा प्राप्त होती है: गौरव

**बाराबंकी**। पुष्टाहार से शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा प्राप्त होती है। महिलाओं व बच्चों को पुष्टाहार से बहुत मदत मिलती है। उक्त विचार आज जैदपुर विधानसभा के अन्तर्गत विकास खण्ड मसौली के प्रतापगंज व बंकी ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम मजीठा में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए डोर-टू-डोर वितरण करने के पश्चात जैदपुर विधायक गौरव कुमार रावत ने व्यक्त किये।

श्री रावत ने आज अपनी विधानसभा के अन्तर्गत ग्राम प्रतापगंज व मजीठा में बाल विकास परियोजना अधिकारी व आगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ डोर-ट-डोर जानकर गर्भवती महिलाओं व बच्चों को पुष्टाहार का वितरण कराया। उक्त अवसर पर प्रधान जगतनरायण, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, ब्लाक अध्यक्ष पिन्कू सैनी आदि मौजूद थे।

# गरीब व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर मिले पूरा लाभ: सीडीओ

### सीडीओ ने ग्रामसभाओं में संचालित विकास से सम्बन्धित योजनाओं की ग्राम प्रधानों के साथ की समीक्षा

संवाददाता। प्रतापगढ़



**मुख्य** विकास अधिकारी डा. अमित पाल शर्मा ने ग्रामसभाओं में संचालित विकास से सम्बन्धित योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में ब्लाक सदर के ग्राम प्रधान बड़नपुर, लक्ष्मणपुर के ग्राम प्रधान देवली, मानधाता के ग्राम प्रधान गुडरू व सहेरूवा, सण्ड़वा चन्द्रिका के ग्राम प्रधान भवानीपुर, बाबा बेलखरनाथ धाम के ग्राम प्रधान मरूआन तथा विकास खण्ड शिवगढ़ के ग्राम प्रधान पाण्डेयतारा के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया जाए और समाज के गरीब, असहाय, वृद्ध व्यक्तियों को विकास से सम्बन्धित संचालित योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाए। उन्होने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अन्तर्गत अवशेष शौचालय, प्रधानमंत्री आवास एवं मुख्यमंत्री आवास, आंगनबाड़ी भवन, सामुदायिक शौचालय, पंचायत भवन आदि निर्माण से सम्बन्धित कार्यो में तेजी लायी जाये। मनरेगा योजना के अन्तर्गत 60-40 का अनुपात कायम रखते हुये कार्य कराए जाए। ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारी रोस्टर के अनुसार सफाई का कार्य सम्पादित करें, प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों हेतु पुस्तकालय, किचेन गार्डेन आदि का निर्माण कराया जाए। ग्रामसभाओं में तालाबों में यदि अवैध तरीके से कब्जा हो तो उसे कब्जामुक्त कराते हुए सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाए।

# गुण्डा टैक्स की वसूली पर सीएम से गुहार

### व्यापार मंडल व संयुक्त अधिवक्ता संघ ने दर्ज कराईं ऑनलाइन शिकायतें

### लालगंज बचाओ संघर्ष अभियान ने भी बैठक कर दहशतगर्दी के खिलाफ किया संघर्ष का ऐलान

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**स्थानीय** लालगंज नगर पंचायत में व्यापारियों से मकानों के पुर्ननिर्माण में गुण्डा टैक्स की वसूली को लेकर गुरूवार को भी व्यापारियों तथा वकीलों में आक्रोश का माहौल देखा गया। पीड़ित व्यापारी अरुण कौशल , राजीव कौशल तथा राजेश कौशल व चौक निवासी मो. आरिफ एवं इसरार अहमद तथा मो. रजा ने मुख्यमंत्री के शिकायत पोर्टल के साथ प्रदेश के पुलिस महानिदेशक समेत अफसरों को आनलाइन शिकायत भेजकर कालाकाकर के भुवन्यु सिंह द्वारा गुण्डा टैक्स की मांग को लेकर इंसाफ की गुहार लगाई है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष उदय शंकर दुबे तथा संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश ने भी सीएम को ज्ञापन भेजकर बाजार में गुण्डा टैक्स की रोकथाम के लिए सरकार से कार्यवाही की मांग उठाई है। वही नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने डीएम को पत्र लिखकर टाउन एरिया में अराजकता का माहौल समाप्त कराये जाने का अनुरोध किया है। इधर लालगंज बचाओं संघर्ष अभियान की सोशल डिस्टैंसिंग के बीच हुई बैठक में बाजार के सैकड़ों साल पुराने मकानों को जबरिया किराये का मकान बताये जाने की साजिश पर आक्रोश जताते हुए व्यापारियों तथा नगर के लोगों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी संघर्ष का एलान किया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के महामंत्री एवं सभासद रमेश कौशल व संचालन अभियान के संयोजक विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर राजा शुक्ला, रामलखन जायसवाल, एबादुर्रहमान, राहुल सिंह, सुनील सिंह, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, सभासद रमेश जायसवाल, सभासद रावेन्द्र मिश्र, सभासद पप्पू जायसवाल, जय कौशल, देवी प्रसाद मिश्र, कुंवर रवीन्द्र सिंह, श्रवण मोदनवाल, घनश्याम सर्वरिया आदि रहे। इधर एसडीएम बीके प्रसाद ने तहसीलदार की आख्या समेत बुधवार को व्यापारियों तथा वकीलों द्वारा सौपे गये ज्ञापन को डीएम को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया है।

### व्यापारियों का उत्पीड़न प्रशासन के लिए बन सकता है सिरदर्द

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। लालगंज टाउन एरिया की बाजार में व्यापारियों के उत्पीड़न का मामला कोरोना महामारी में प्रशासन के लिए गले की फांस बन सकता है। प्रशासन ने समय रहते यदि समस्या का समाधान करने में थोड़ी भी चूक की तो बाजार के लोगों का आक्रोश प्रशासनिक सिर दर्द को बढ़ाने वाला होने की आशंका समस्या का विकराल रूप ले सकता है। आरोपी पक्ष के द्वारा पुराने मकान के मालिकों को किरायेदार ठहराये जाने की बात सामने आने पर लोग इस दलील की तीखी चर्चा करते देखे गये। के अध्यापकों द्वारा भी व्यापारियों को धौस में लिए जाने से यहां की शांति व्यवस्था को प्रभावित करने में लोगों की नजर में यह आग में घी डालना ही हो सकता है।

# जालसाज महिला सहित तीन पर दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मुकदमा

संवाददाता। हैदरगढ़ (बाराबंकी)

**प्राइवेट** संस्था को सरकारी संस्था बताकर जालसाजी कर फर्जी राशन की दुकान का लाइसेंस देकर ठगी करने वाली महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ कोठी पुलिस ने धोखाधड़ी सहित अन्य गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। ठगी का शिकार हुए कोठी थाना क्षेत्र के डफरापुर निवासी पीड़ित अनूप कुमार पुत्र राम सरन ने कोठी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दुर्गा बख्श सिंह वूमेन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा सुनीता सिंह अपनी प्राइवेट संस्था को सरकारी संस्था बताकर सस्ते गल्ले की दुकान का लाइसेंस उसे देने के नाम पर उससे डेढ़ लाख की ठगी की। पीड़ित ने आगे बताया कि संस्था की अध्यक्षा सुनीता सिंह पत्नी राज करन सिंह निवासी खमनखेड़ा कोतवाली हैदरगढ़ व शुशील सिंह पुत्र जगदेव सिंह निवासी बड़ेला कोतवाली रामसनेहीघाट द्वारा उसके साथ जालसाजी करते हुए 15 जुलाई 2019 को राशन वितरण हेतु लाइसेंस प्रदान करने के एवज में एक लाख 15 हजार लिये गए जिसकी रशीद शुशील सिंह द्वारा हस्ताक्षरित करके दी गई। रजिस्ट्रेशन शुल्क की शेष राशि उसने 35 हजार रुपये 24 जुलाई 2019 को फिर दिए। अनूप कुमार ने जिसके बाद राशन वितरण के लिए लाइसेंस व नियुक्ति पत्र देने का दबाव बनाया तो उपरोक्त संस्था की अध्यक्षा द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। लेकिन इसके पश्चात उसे न राशन दिया गया और न वेतन। बाद में पता चला कि कूटरचित दस्तावेजों के सहारे तैयार किया फर्जी नियुक्त उसे पकड़ा दिया गया है।

# चंद्रशेखर आजाद के जीवन से लें प्रेरणा: तिवारी

### आजादी के महानायक की जयंती मनी

संवाददाता। प्रतापगढ़



**आजादी** के महानायक अमर सपूत चंद्रशेखर आजाद की जयंती ब्रह्मदेव साहित्य समाज के तत्वाधान में नगर से सटे ग्रामसभा पूरे ईश्वर नाथ स्थित शिव मंदिर शिवाला पर समाजसेवी रामचंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यवाहक प्रभारी परमानंद मिश्र के द्वारा अमर सपूत शेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर शुरू किया गया।

इस मौके पर परमानंद मिश्र ने कहा कि यह नर केसरी भारत मां की बेदी पर बलिदान का फूल बनकर चढ़ गया। इन्होंने आदम्य साहस का परिचय देकर अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी रामचंद्र उपाध्याय ने कहा कि आजाद ने भारत देश को स्वाधीनता का मुकुट बनाने में जो योगदान दिया वह स्मरणीय रहेगा। इस मौके पर संजय पांडेय ने कहा कि वीर क्रांतिकारी पुरुष की जीवन गाथा नव युवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम के कड़ी को आगे बढ़ाते हुए साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी ने पढ़ा- जगरानी के लाला का सब काम बड़ा शैतानी था। गांव भावरा की माटी का लाल बड़ा तूफानी था। इसी के साथ ही उन्होंने आजाद की पंक्तिया पढ़ते हुए कहा कि शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले ,वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा। इस मौके पर महान समाज सुधारक बाल गंगाधर तिलक की जयंती पर उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम सभा के पूर्व प्रधान रहे पंडित शीतला प्रसाद शुक्ला उर्फ मुरली के आकस्मिक निधन पर लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में अमर सपूत चंद्र शेखर आजाद को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से धीरेंद्र शुक्ला, राजेश्वर, प्रीतम ,पिंटू ,दुर्गेश ,कल्लू, बबलू, रवि शंकर, बृजेंद्र, राजेश आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसी क्रम में ब्रह्मदेव जागरण मंच की ओर से अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में संगठन के जिला अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र नारायण तिवारी ने कहा कि चन्द्र शेखर आजाद के जीवन से हमें एक प्रेरणा मिलती है कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करना भी कम होगा उन्होंने नई पीढ़ी को चन्द्र शेखर आजाद के जीवन से प्रेरणा लेने का आवाहन किया । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पंडित श्री नारायण शुक्ला ने कहा कि हम लोगों को अपने महापुरुषों के बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से पं. घनश्याम शुक्ला एडवोकेट, प. विनय कुमार मिश्रा, पं. जय प्रकाश मिश्रा, पं. धरणीधर त्रिपाठी, पं. अभिनव शुक्ला आदि रहे।

## न्याय न मिलने पर शिक्षक ने दी आत्मदाह की चेतावनी

**सुलतानपुर**। विभागीय व्यवस्था से तंग आकर प्रधानाध्यापक ने शुक्रवार को बीआरसी जयसिंहपुर पर आत्मदाह की धमकी भरा पत्र खंड शिक्षा अधिकारी को दिया। पत्र मिलने से बाद शिक्षा महकमें में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक शांति प्रकाश उपाध्यक्ष प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय निषाद बस्ती बहाउद्दीनपुर शिक्षा क्षेत्र जयसिंहपुर ने 21 जून को पत्र के माध्यम से विभाग में फैले अव्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए एक पत्र बीईओ को दिया। उन्होंने कहा है कि जितेंद्र कुमार सिंह संकुल प्रभारी गूरेगांव व सुधीर सिंह कंप्यूटर आपरेटर से तंग आ गया हूं। 24 जून को बीईओ द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण का जबाव दूंगा, यदि सुधार नहीं हुआ तो बीआरसी पर आत्मदाह कर लूंगा। हालांकि शांति प्रकाश उपाध्याय ने बताया कि अभी पत्र दिया हूं। पंकज सिंह बीईओ से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन बात नहीं हो पाई। पत्र मिलने के बाद से शिक्षा महकमे में हड़कंप मच गया है।

# सेमरौता हैदरगढ़ मार्ग का चौड़ीकरण कार्य हुआ शुरू

### चौदह माह पूर्व चुनावी नुक्कड़ सभा में विधायक ने स्मृति के सामने रखी थी समस्या

संवाददाता। तिलोई (अमेठी)



विगत दो मई 2019 को सिंहपुर क्षेत्र के कुकहा रामपुर स्थित जागृति इंटर कालेज में चुनावी नुक्कड़ सभा में स्मृति ईरानी के सम्मुख तिलोई विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने स्मृति ईरानी के समक्ष हैदरगढ़ सेमरौता मार्ग के चौड़ी करण व टिकरी माइनर में टेल तक पानी पहुंचाने की मांग रखी थी और उसी समय स्मृति ईरानी ने विजयी होने पर इन दोनों मूलभूत समस्याओं पर अमल का आश्वासन दिया था। विजयी होने के तुरंत बाद तिलोई विधायक ने उन्हें अपना वादा याद दिलाते हुए दोनों समस्याओं पर अपनी पैरवी शुरू कर दी थी जिसका परिणाम रहा कि रबी फसल के सीजन से टिकरी माइनर में पानी आना शुरू हो गया था और चुनाव के चौदह माह बाद आज तिलोई विधायक ने नारियल तोड़कर मार्ग के चौड़ीकरण की शुरुवात करायी। इस अवसर पर तिलोई विधायक ने कहा कि विरले नेता होते हैं जो चुनाव में किये गए वादों पर खरे उतरते हैं उनमें हमारी सांसद बधाई की पात्र हैं। विधायक ने कहा कि प्रथम चरण में हैदरगढ़ सेमरौता मार्ग पर सोलह किमी में 12 करोड़ 41लाख 91हजार की लागत से मार्ग की सात मीटर चौड़ाई पूरी की जाएगी तत्पश्चात पूरा मार्ग एक साथ बनेगा। इसके पूर्व मार्ग चौड़ीकरण का निरीक्षण करने पहुंचे तिलोई विधायक से सेमरौतावासियों ने प्रसाद भी बंटवाया।